लिङ्गधारण चन्द्रिका

श्री नन्दिकेश्वर शिवाचार्य विरचिता

सम्पादकः
पं.
व्रजवल्लभद्विवेदः

शैवभारती भवनम्
जङ्गमवाडीमठः, वाराणसी

शिवधर्मग्रन्थमालायाः ३१तमं पुष्पम्

लिङ्गधारणचन्द्रिका

श्रीनन्दिकेश्वरविरचिता

म. म. प. श्रीशिवकुमारशास्त्रिकृतया शरन्नामिकया व्याख्यया
स्वामिशिवानन्दनिबद्धेन भाषानुवादेन च संवलिता

सम्पादकः
प० व्रजवल्लभद्विवेदः
शास्त्रचूडामणिविद्वान्
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये
सांख्ययोगतन्त्रागमविभागाध्यक्षचर आचार्यश्च

प्रकाशकः
कार्यदर्शी, शैवभारतीभवनम्
जङ्गमवाडीमठः, वाराणसी

वि०.सं० २०४४]   १९८८ ई०   [श० सं० १९०९

LINGA DHARANA CHANDRIKA — By Nandikeshwar Shivacharya with "Sharat" Commentary in Sanskrit by M. M. Pt. Shivakumar Shastri and a Hindi translation by Swami Shivananda. Edited by Pt. Vrajavallabha Dwivedi and Published by The Secretary, Shaivabharati, Bhavanam, Jangamawadimath, Varanasi-221001 (India)

Second Edition, 1988, 1000 Copies.

द्वितीयं संस्करणम्
१००० प्रतिकृतयः

मूल्यम् रूप्यकाणि : ५५.०० ग्रन्थालयसंस्करणम् ।
३५.०० छात्रसंस्करणम् ।

□

मुद्रकः
रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स
कमच्छा, वाराणसी ।

श्रीजगद्गुरुर्विश्वाराध्यो विजयतेतराम्

काशीज्ञानसिंहासनाधीश्वराणां श्री १००८ जगद्गुरु-
विश्वेश्वरशिवाचार्यमहास्वामिनां

शुभाशीर्वचनम्

– × –

वेदसिद्धान्तयोरैक्यमेकार्थप्रतिपादनात् ।
प्रामाण्यं सदृशं ज्ञेयं पण्डितैरेतयोः सदा ॥
(सि॰ शि॰ ५.१३)

इति सिद्धान्तशिखामणेर्वचनानुसारेण वीरशैवसिद्धान्ते निगमागमयोरुभयोरपि समानरूपेण समादरोऽस्ति। अस्मत्प्राचीनाचार्यैः सर्वैरपि स्वकीयग्रन्थेषु वैदिकमन्त्राण्यागमवचनानि च तत्र तत्र प्रमाणरूपेणोदाहृतानि दरीदृश्यन्ते। अत एव वीरशैवसिद्धान्तस्तान्त्रिक-वैदिकसिद्धान्त इत्याख्यायते।

प्रधानेषु वीरशैवीयधर्मग्रन्थेष्वन्यतमोऽयं लिङ्गधारणचन्द्रिका-ग्रन्थः। कर्णाटकप्रदेशीयैर्विद्वद्वरेण्यैः श्रीमद्भिर्नन्दिकेश्वरशिवाचार्यैर्विरचितोऽयं वर्तते। प्रमोदस्यायं विषयो यन्नन्दिकेश्वरशिवाचार्यः ख्रि॰ श॰ १५ तमशताब्द्यां विद्याध्ययनार्थं जङ्गमवाडीमठस्य श्रीविश्वाराध्यगुरुकुलमधिवसन्नासीदिति। सम्भाव्यते तदानीमेवानेन ग्रन्थोऽयं विनिर्मित इति।

दुरूहस्यास्य ग्रन्थस्याध्ययनाध्यापनं व्याख्यां विना न सुचारु स्यादिति मत्वा एतत्पीठपरम्परायां ८१तमपीठाधीश्वरा अस्मत्परमगुरवः श्री १००८ जगद्गुरुराजेश्वरशिवाचार्यमहास्वामिनस्तदानीन्तनविद्वद्वरेण्यैर्महामहोपाध्याय-विरुदाङ्कितैः पण्डितप्रकाण्डैर्विश्वनाथस्यापरावतारभूतैः श्रीमद्भिः शिवकुमार-शास्त्रिमहाभागैः शरन्नामिकां संस्कृतव्याख्यां निर्माप्य ख्रि॰ श॰ १९०५ तमेऽब्देऽस्य प्रथममुद्रणं कारितवन्तः।

अस्मद्गुरुपरम्परायामियं वार्ता कर्णपरम्परया श्रूयते यद् अस्मद्गुरुवर्यैः श्रीराजेश्वरमहास्वामिभिः साकं श्रीशिवकुमारशास्त्रिमहाभागानां मधुरः सम्बन्ध आसीत्। वारं वारं श्रीशास्त्रिमहाभागा मठे आहूता भवन्ति स्म। एकदा श्रीशास्त्रिमहाभागा व्याधिग्रस्ता आसन्। औषधसेवनेनापि व्याधिर्न निवृत्तः। एतज्ज्ञात्वा श्रीराजेश्वरमहास्वामिनः श्रीशास्त्रिमहाभागानाहूय

तेभ्यः स्वेष्टलिङ्गपूजासमर्पितं भस्म विल्वदलं च प्रसादरूपेणानुगृहीतवन्तः। ततः प्रभृति शनैः शनैर्व्याधिर्निवृत्तः, ते स्वस्थाश्च सम्पन्नाः। तदा तैस्तन्निष्कृतिरूपेण "लिङ्गधारणचन्द्रिका"-ग्रन्थस्य शरट्टीका विरचितेति।

अधुना चास्य हिन्दीभाषानुवादो विश्वनाथगुरुकुलसंस्कृतमहाविद्यालयस्य वेदान्तविभागाध्यक्षेण विदुषा स्वामिशिवानन्देन सुचारुरूपेण विहितोऽस्ति। एवं शरट्टीका-भाषानुवादसहिता चेयं लिङ्गधारणचन्द्रिका संस्कृताभिज्ञानभिज्ञयोश्चोपकारिणी संजाता।

विद्वत्तल्लजेन शास्त्रचूडामणिना सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य सांख्य-योग-तन्त्रागमविभागाध्यक्षचरेण श्रीमता व्रजवल्लभद्विवेदमहोदयेन सम्यक् संपादितोऽयं ग्रन्थोऽस्मन्मठस्य शिवधर्मग्रन्थमालाया एकत्रिंश-(३१)त्तमपुष्परूपेण समुन्मील्यते।

प्रसङ्गेऽस्मिन् अनुवादकं सम्पादकं संमतिप्रदातॄन् विदुषश्च शुभाशीर्वादेन सम्भावयामः। सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य वेदान्तविभागे वरिष्ठसंशोधकरूपेण कार्यनिरतः कर्णाटकप्रदेशस्थ-गुलेदगुड्ड-अमरेश्वरमठीयो डॉ॰ चन्द्रशेखरशिवाचार्योऽपि साधुवादार्होऽस्ति, यदयं संस्कृतभाषामयस्य प्राचीनस्य वीरशैवसाहित्यस्य पुनरुज्जीवनार्थं सदा प्रयतमानोऽस्ति।

ग्रन्थस्यास्य सर्वेऽप्यध्येतारः परमशिवस्यानुकम्पामवाप्य विनष्टाज्ञाना भूत्वैहिकं सुखं चानुभूयान्ते लिङ्गाङ्गसामरस्यं (शिवजीवैक्यं) प्राप्नुयुरिति कामयामहे। इति शिवं भूयात्॥

महाशिवरात्रि, १९०९ श० सं०,
१६-२-८८

काशी ज्ञान सिंहासनाधीश्वर ८५वें वर्तमान जगद्गुरु
श्री १००८ विश्वेश्वरशिवाचार्य महास्वामीजी



मूर्धन्यमहिमा यस्य सर्वैः सर्वत्र गीयते ।
विश्वेश्वरशिवाचार्यः सोऽयमत्र विराजते ॥

काशी ज्ञानसिंहासनाधीश्वर ८१वें जगद्गुरु
श्री १००८ राजेश्वरशिवाचार्य महास्वामीजी



काश्यां विस्तारितं येन वीरशैवमतं परं।
दयालुः शिवयोगी च सोऽयं राजेश्वरो यमी॥

काशी विश्वनाथ के अपरावतार, शरट्टीकाकार,
म० म० प० शिवकुमार शास्त्रीजी



प्रस्तावे विदुषां यस्य प्रथमं नाम गृह्यते ।
सोऽयं शिवकुमाराख्यः पण्डितः पण्डिताग्रणीः ॥

प्रकाशक की विज्ञप्ति

काशी का यह जंगमवाड़ी मठ अत्यन्त प्राचीन है। इसकी प्राचीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण काशीनरेश जयनन्ददेव का (ख्रि० स० ५७४) दानशासन ही है। इस ज्ञान-सिंहासन के ८४ जगद्गुरु हो चुके हैं। इस मठ से ज्ञान-प्रचार और प्रसार के लिये प्राचीन ग्रन्थों का प्रकाशन कार्य अव्याहत गति से चल रहा है। इसी उद्देश्य से हमारे मठ के ८४वें पीठाचार्य श्री १००८ जगद्गुरु वीरभद्र शिवाचार्य महास्वामी जी ने "शैवभारतीभवनम्" की स्थापना की थी। इसी संस्था की शिवधर्म-ग्रन्थमाला की ओर से संस्कृत, हिन्दी, मराठी, तेलगु, अंग्रेजी आदि विभिन्न भाषाओं के अभी तक तीस ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

अब हम वाचकों के समक्ष संस्कृत व्याख्या और हिन्दी भाषानुवाद से युक्त लिङ्गधारणचन्द्रिका ग्रन्थ को ३१वें पुष्प के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। इस अमूल्य ग्रन्थ के रचयिता श्री नन्दिकेश्वर शिवाचार्य कर्णाटक प्रदेश के थे। वे केवल वीरशैव सिद्धान्त के ही नहीं, अपितु व्याकरण, न्याय, साहित्य, पूर्वोत्तरमीमांसा के भी उद्भट विद्वान् थे। वे बसवेश्वराचार्य के पौत्र तथा महेश्वराचार्य के पुत्र थे (ग्रन्थकार के पितामह बसवेश्वराचार्य बारहवीं शताब्दी के बसवेश्वर से भिन्न हैं)। उन्हें वीरशैव धर्म के मठाधिपति होने के कारण "शिवाचार्य" की उपाधि प्राप्त थी। इनके गुरु श्री मल्लेश्वर शिवाचार्य भी प्रकाण्ड विद्वान् थे।

लगभग सवासौ (१२५) वर्ष पहले मैसूर के श्रीमान् वीरसंगप्पा जी ने तेलगु लिपि में मूल ग्रन्थ का मुद्रण कराया था। हमारे मठ के ८१वें जगद्गुरु श्रीराजेश्वर शिवाचार्य महास्वामी जी ने काशी के मूर्धन्य विद्वान् महामहोपाध्याय पं० शिवकुमार शास्त्री जी से "शरत्" नाम की संस्कृत व्याख्या लिखवाई। इस शरत् व्याख्या से युक्त लिङ्गधारणचन्द्रिका का जंगमवाड़ी मठ के तदानीन्तन आस्थानविद्वान् पं० भालाक्ष शास्त्री जी की प्रेरणा से कर्णाटक के अब्बीगेरी ग्राम के नन्दिकेश्वरमठाध्यक्ष तथा हमारे विश्वाराध्य गुरुकुल के विद्वान् पं० काशीनाथ शास्त्री जी ने सम्पादन किया था। उसको १९०५ ई० में पहली बार मठ की तरफ से प्रकाशित किया गया था।

यह ग्रन्थ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की शक्ति-विशिष्टाद्वैत वेदान्त की आचार्य परीक्षा में १९८४ ई० से पाठ्यग्रन्थ के रूप में स्वीकृत है। इस कार्य के लिये पण्डितमार्तण्ड वेदान्तविभागाध्यक्ष डॉ० देवस्वरूप मिश्र जी भूरि-भूरि धन्यवाद के पात्र हैं।

हमारे अनुरोध से स्वामी शिवानन्द जी ने इसका हिन्दी अनुवाद किया है। इससे यह संस्कृत के अनभिज्ञों के लिये भी उपयोगी हो गया है, अतः उन्हें भी हम साधुवाद समर्पित करते हैं।

संस्कृत तथा हिन्दी अनुवाद से युक्त इस ग्रन्थ का सम्पादन-कार्य शैव-शाक्त तन्त्र के मूर्धन्य विद्वान् सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सांख्य-योग-तन्त्रागम विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष पं० व्रजवल्लभ द्विवेदी जी ने बहुत ही सहिष्णुता से पूर्ण कर ग्रन्थ की गरिमा को बढ़ाया है। आपके प्रति हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं। ग्रन्थ-ग्रन्थकार-मत-मतान्तर तथा उद्धृत वचनों के स्थान निर्देशनों से युक्त इस ग्रन्थ की यह द्वितीय आवृत्ति संशोधनशील अनेक विद्यार्थियों को बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

हमारी प्रार्थना को स्वीकार कर दि० १६-२-८८ को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर-प्रदेश संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष एवं सं० सं० वि० वि० के पूर्व कुलपति पं० करुणापति त्रिपाठी जी ने अपने करकमलों द्वारा इस ग्रन्थ का प्रकाशनोद्घाटन करके महान् उपकार किया है। अतः उन्हें हम कृतज्ञता समर्पित करते हैं।

जिज्ञासु छात्रगण इस ग्रन्थ का समुचित अध्ययन करके अपने ज्ञान-भंडार को बढ़ाते हैं, तो हम अपने परिश्रम को सार्थक समझेंगे। इस ग्रन्थ की सुन्दर एवं शीघ्र छपाई के लिए रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स, वाराणसी के मालिक एवं कर्मचारी बन्धुओं को भी हम धन्यवाद प्रस्तुत करते हैं। अन्त में इस कार्य में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में हमें सहायता करने वाले सभी महानुभावों के प्रति हम कृतज्ञता समर्पित करते हैं।

शैवभारती भवन
जंगमवाड़ी मठ, वाराणसी
१६-२-१९८८, महाशिवरात्रि।

विद्वद्विधेय
महेश्वरदेव बदामि
कार्यदर्शी

अनुवादक का वक्तव्य

नन्दिकेश्वरसंजाता लिङ्गधारणचन्द्रिका ।
शरट्टीकायुता नूनमासीद् विवुधरञ्जिका ॥
साम्प्रतं साऽनुवादेन युता हृद्या विशेषतः ।
भाषाज्ञानयुतांश्चैव ह्लादयन्तीव भासते ॥

विश्वविश्रुत आध्यात्मिक वैभव से विशिष्ट सनातन संस्कृति नाममात्रा-वशेष होकर रह गई है । देवत्व प्राप्ति की हेतुभूत देववाणी की उपेक्षा से हिन्दू जाति अपनी चिरसंचित संपत्ति से, साहित्य से, स्वतन्त्रता से और स्वाभिमान से वंचित होकर तथा गुलाम होकर गुजर चुकी है । राष्ट्र आज नाममात्र के लिये स्वतन्त्र है । अपनी सर्वांगोण समुन्नति के निमित्त अपेक्षित कार्य सम्पादन में राष्ट्रीय धर्मनिरपेक्ष नीति नितान्त बाधक सिद्ध हो रही है । प्रशासनिक क्षेत्र पर चिरकाल पर्यन्त सुस्थिर अवस्थित पाश्चात्य भाषाओं के आधिपत्य से अनादिकालीन आर्ष संस्कारों का अभिभव हो जाने से देववाणी के प्रति अपेक्षा ही नहीं रह गई है । शासकों की दृष्टि से उपेक्षित देववाणी असहाय सी होकर विलाप कर रही है । विद्वज्जनों की अवहेलना से देववाणी का विकास अवरुद्ध सा हो गया है । इस विकट एवं विकराल स्थिति में देववाणी के दुरूह ग्रन्थों का अध्ययन-अध्यापन दुष्कर होकर विरले ही लोगों से सेवनीय औषधिमात्र बनकर रह गया है । इन वर्तमानकालिक परिवर्तित परिनिवेशों में संस्कृत-संस्कृति की रक्षा एकमात्र हिन्दी के अधीन है । हिन्दी भाषा के साहचर्य के बिना विगत गरिमा एवं वैभव की पुनः प्राप्ति असंभव सी प्रतीत हो रही है ।

सर्वसम्मति से स्वीकृत इस विद्वत्सम्मति के उत्प्रेरक तथा प्रशंसक होकर काशी ज्ञानसिंहासनाधीश्वर श्री १००८ जगद्गुरु विश्वेश्वर शिवाचार्य जी महाराज अपने सिद्धान्त के अनेक ग्रन्थों का अनुवाद हिन्दी में कराकर प्रकाशित करा रहे हैं । इस साहित्यिक सेवा व अनुष्ठान के अनुक्रम में लिंगधारणचन्द्रिका के हिन्दी भाषानुवाद करने का सुयोग मुझे प्राप्त हुआ है । यह लिंगधारणचन्द्रिका नन्दिकेश्वर शिवाचार्य जी के द्वारा

प्रणीत एक अनमोल रत्न है। यह ग्रन्थरत्न युगयुगान्तरों से विकसित एवं निगमागम सारस्वत के प्रतीक स्वरूप सम्पूर्ण विश्व में परिव्याप्त वीरशैव सिद्धान्त के अनेकानेक अमूल्य ग्रन्थों में से एक है। ग्रन्थकार का मुख्य आशय श्रुतिसम्मत सिद्धान्त को सार्वजनीन बनाना है। ग्रन्थ के कलेवर में गृहीत विषयों का समर्थन एवं प्रतिपादन नाना पुराणनिगमागमों के द्वारा किया गया है। भाषा का सौष्ठव एवं विषय प्रतिपादन शैली मनोज्ञ एवं मनोहारी है। अनेक विद्वज्जनों से संस्तुत इस ग्रन्थ के ऊपर काशी विद्वन्मण्डलमार्तण्ड निर्विवाद विद्वच्छ्रेष्ठ बहुचर्चित विद्वद्वन्द्य, परमगुरु स्वर्गीय पं० श्री शिवकुमार शास्त्री जी के द्वारा उल्लिखित वैदुष्यपूर्ण शरद् नामक टीका वास्तव में सोने में सुगन्ध की उक्ति को सार्थक बना रही है। कर्मकाण्ड से सम्बन्धित विचारों के विश्लेषण में बेजोड़ टीका बनकर अपनी सर्वश्रेष्ठ छटा से शोभायमान है।

इस विद्वन्मान्य टीका से समलंकृत चन्द्रिका विद्वज्जनों के मनोविनोद का केन्द्र मानी जाती थी, किन्तु इस रसमय रसायन के आस्वादन का सौभाग्य संस्कृतभाषेतर भाषियों को प्राप्त नहीं हो पा रहा था। इस कमी को पूर्ण करने के लिये मैसूर महाराजा के आस्थानविद्वान् एवं मैसूर महाराजा संस्कृत कालेज के शक्तिविशिष्टाद्वैतवेदान्त के प्रोफेसर सिरसि श्री गुरुशान्त शास्त्री जी ने कन्नड़ भाषा में मूल ग्रन्थ के अनुरूप विशद एवं प्रामाणिक टीका लिखकर कन्नड़ भाषाभाषियों के उपकारार्थ १९५१ ई० में प्रकाशित कराया था। इस समय प्रथम राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचलित एवं कोटि-कोटि कण्ठों में समलंकृत हिन्दी भाषा में अनूदित हो जाने से हिन्दी भाषा से परिचित अनेक भाषा-भाषियों को यह चन्द्रिका आह्लादित करने में सक्षम होगी।

यह हिन्दी अनुवाद कन्नड़ के अनुवाद के अनुसार किया गया है। अनुवाद का कार्य महाराजश्री की अनुकम्पा से बिना अन्तरायों के सम्पन्न हो गया। परिपूर्ण आशा है कि यह चन्द्रिका पूर्वप्रकाशन की अपेक्षा उभय भाषाओं में प्रकाशित हो जाने से अपनी सीमित परिधि को छोड़कर तथा व्यापक क्षेत्र को अपनाकर इस अनादिसिद्ध निर्भ्रान्त वीरशैव सिद्धान्त के मर्म के उद्बोधक तथा परिचायक उत्कृष्ट ग्रन्थों की श्रेणी में अग्र स्थान प्राप्त कर लेगी। अनुवादक की तरफ से यही कामना है कि

यह चन्द्रिका चन्द्रिका की भाँति चिरस्थायी तथा सर्वाह्लादिका, स्वकीय सिद्धान्त की उद्बोधिका होकर रहे।

अन्त में इस अनुवाद-कार्य के प्रेरक तथा सन्मित्र के लक्षणों से लक्षित समादरणीय परमहितैषी डॉ० श्री चन्द्रशेखर शिवाचार्य जी अमरेश्वर मठ, गुलेदगुड्ड के प्रति मैं अत्यन्त आभारी हूँ, क्योंकि उनके सहज स्नेह ने इस गरिमामय प्रामाणिक चन्द्रिका के ऊपर दृष्टिपात करने का अवसर प्राप्त कराया है। डॉ० शिवाचार्य जी की यशश्चन्द्रिका इस चन्द्रिका की सहचरी होकर अपनी आभामय धवल किरणों से सहृदयों के हृदयों को समुल्लसित करती हुई सबके चित्त में चिरकाल पर्यन्त निवास किया करे, यही हमारी अभिलाषा है।

महाशिवरात्रि, १९०९ श० सं० | स्वामी शिवानन्द
१६-२-१९८८ | टेकरामठ, वाराणसी

विद्वत्सम्मतिः

वीरशैवसिद्धान्ते भक्तैर्यच्छिवलिङ्गधारणं क्रियते, तन्न वैदिकमिति विवदन्तः केचन स्वपक्षं स्थापयन्तः शिवलिङ्गधारणकर्तृभक्तान् अवैदिकाचारशालिन इति साधयन्तस्तर्कबहुलैः स्वपक्षमेव मण्डयन्तो लिङ्गधारिशैवभक्तमतानि खण्डयन्तो वहुशः शास्त्रप्रमाणानि उद्धरन्तो दृश्यन्ते ।

वीरशैवमताचार्या नन्दिकेश्वरशिवाचार्यचरणा एतस्मिन् विचारप्रसङ्गे संशयालूनामथवा विवेच्यमतानभिज्ञानां सन्देहनिशातिमिरापाकरणायैतस्य शास्त्रदर्शनतर्कपुष्टस्य वैदिकस्मार्तसिद्धान्तसमर्थनजुष्टस्य तर्केणाप्यदुष्टस्य मतस्य रहस्योद्घाटनाय 'लिङ्गधारणचन्द्रिका'-ग्रन्थं निर्मितवन्तः । अस्य ग्रन्थस्योपक्रम एनमेव प्रश्नमुपस्थाप्य प्रवर्तते । यथाहि—

ते खल्वेवमाहुः—लिङ्गधारणं तावन्न वैदिकपरिपाटिग्राह्यम्, अवैदिकत्वादित्यादि ।

वीरशैवानां भक्तिमयोपासनानिरतानां शक्तिविशिष्टाद्वैतवादिनां दक्षिणे देशे प्रचाराधिक्यं वर्तते ।

सनातनस्यास्य मतस्य पञ्च पीठाः सन्ति । तेष्वन्यतमोऽयं काशी-विश्वाराध्यज्ञानसिंहासनाख्यो जङ्गमवाड़ीमठः । पीठस्यास्य प्राक्तनत्वं सर्वप्रमुखत्वं प्रामाणिकत्वं च मतानुयाय्यनुमतं न्यायालयनिर्णयपुष्टमितिहासविद्भिः साक्षीकृतं सुतरां प्रसिद्धमित्यत्र नास्ति कोऽपि सन्देहलेशः ।

परमपावनस्याखिलभारतविख्यातस्य जङ्गमवाड़ीमहामठस्य तदानीन्तनपीठाध्यक्षैः श्री १००८ जगद्गुरुराजेश्वरशिवाचार्यमहास्वामिचरणैः श्रीनन्दिकेश्वरशिवाचार्यविरचितस्य प्रौढपाण्डित्यप्रतिभापेशलस्य क्लिष्टतर्कसंवलितस्य लिङ्गधारणचन्द्रिकाख्यग्रन्थस्य सम्यक् प्रचारायैतदवधारितं यदस्य प्रथमे संस्करणे पञ्चोत्तरशतैकोनविंशे ईशवीयाब्दे (१९०५ ई०) प्रकाशिते केनचित् सर्वशास्त्ररहस्यविज्ञेनैका संस्कृतभाषामयी स्पष्टार्थबोधिका टीका सम्पाद्येत ।

इत्थं च चिन्तयद्भिः काशीस्थसमस्तविद्वद्वरेण्यानां वैदुष्यं शिवभक्तिशैवाग्रहं च सम्यक् समाकलय्य सर्वतन्त्रस्वतन्त्राणां षट्शास्त्रिणां महामहो-

पाध्यायपदवीमण्डितानां काशीस्थपण्डितशिवकुमारशास्त्रिमहाभागानां टीकाकरणाय निर्वाचनं विहितम्, येषां विषये एवं प्रसिद्धिर्वर्तते—

प्रस्तावे विदुषां यस्य प्रथमं नाम गृह्यते ।
सोऽयं शिवकुमाराख्यः पण्डितः पण्डिताग्रणीः ॥ इति ।

तेन पण्डितेन कृतया शरन्नामिकया वैदुष्यपूर्णया ग्रन्थग्रन्थिसमुन्मूलनक्षमया टीकया चन्द्रिका शारदीयप्रकाशमिव प्रकाशिता ।

लोकोत्तरस्य संस्कृतटोकावर्णितस्य सिद्धान्तस्य प्रचारकाठिन्यमनुभवद्भिर्वर्तमानपीठाध्यक्षैः श्री १००८ जगद्गुरुविश्वेश्वरशिवाचार्यमहास्वामिभागैः पाण्डित्यपूर्णव्याख्याकल्पेन हिन्दीलोकभाषानुवादसहितेनास्य प्रकाशनं कारितम् ।

अत्रैतदपरमपि हृदयावर्जकं यत् सम्पादितानेकानेकतन्त्रदर्शनग्रन्थेन शोधलेखप्रबन्धनिपुणेन पण्डितधुरीणेन श्रीमता व्रजवल्लभद्विवेदमहाभागेन महताऽऽयासेनास्य सम्पादनं विहितम् ।

एतस्य ग्रन्थस्य शरन्नामकव्याख्योपेतस्य हिन्दीभाषानुवादसहितस्य सम्यक्सम्पादितस्य शास्त्रीयपदवीप्रतिष्ठितस्य लिङ्गधारणचन्द्रिकाग्रन्थस्य लोकार्पणं (विमोचनम्) समग्रशैवानां विशेषतश्च काशिवासिनां परमपावनपर्वणि शिवरात्रौ निशीथवेलायां विदुषामुपस्थितौ महास्वामिनां सन्निधौ मठस्यास्य प्रबन्धकस्य गङ्गाधरशास्त्रिणःसत्प्रयासेनाऽजायतेत्यपि प्रमोदस्यावसरोऽभूत् ।

विश्वसिमि च भविष्यत्सु वर्षेष्वस्य वीरशैवीयशक्तिविशिष्टाद्वैतवेदान्तस्य प्रचाराय प्रसाराय चान्येऽपि ग्रन्थाः प्रकाशतामेष्यन्ति, समायोजनान्यपीतराणि भविष्यन्ति समुत्साहवतां पीठाधीश्वराणां प्रेरणयेति कामयते ।

शिवरात्रिपर्वणि
२०४४ संवत्सरीये

विदुषामनुग्रहार्थी
त्रिपाठी करुणापतिः
पूर्वकुलपतिः
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य
वाराणसीस्थस्य

ॐ नारायणीसहचराय नमः शिवाय

जैसे संसार अनादि अनन्त है, वैसे ही वर्णमाला भी अनादि अनन्त है। लिपिभेद देश-काल के अनुसार हुआ माना जाता है। विश्व की समस्त भाषाओं के वर्ण अद्यापि नियत ही हैं। एक भी वर्ण न घटा न बढ़ा। किन्तु विषय निरूपण नये-नये सदा होते थे तथा हो रहे हैं। कहा भी है—"नवा वाणी मुखे मुखे"। इसी भाँति "लिङ्गधारणचन्द्रिका" नामक शक्तिविशिष्टाद्वैत (वीरशैव) वेदान्त का ग्रन्थ है।

यह ग्रन्थ वैसे ही है, जैसे व्याकरणादि शास्त्र। "शास्त्रं ज्ञापकं भवति, ज्ञापकत्वाच्छास्त्रस्य" ऐसी व्यवस्था है। शब्द तो शुद्ध, अशुद्ध (अपभ्रंश) अनादि है। केवल शास्त्र यही कहता है कि यह शुद्ध प्रयोग है, यह अशुद्ध है। शब्द को नित्य नहीं भी मानें, तथापि प्रयुक्त होते ही हैं। शब्द शास्त्र द्वारा बनाये नहीं जाते। जैसे कुम्भकार घड़ा बनाता है, वैसे वैयाकरण व्याकरण शास्त्र के द्वारा शब्द को बनाता नहीं है, केवल बने-बनाये शब्दों में विभाग कर देता है कि ऐसे शब्द शुद्ध हैं तथा इससे भिन्न अशुद्ध है। शुद्ध शब्द के प्रयोग से पुण्य होता है तथा अन्य प्रयोग से पाप होता है। पुण्य पाप ही सुख-दुःख का कारण है।

ठीक यही युक्ति लिङ्गधारणचन्द्रिका ग्रन्थ को भी है। वीरशैव सिद्धान्त के अनुसार अनादि काल से भगवान् परशिव के उपासक लिङ्गधारण करते हैं। उनकी उपासना से प्रेय तथा श्रेय की प्राप्ति करते हैं। इन इष्टलिङ्गधारियों को वीरशैव कहते हैं। इस सिद्धान्त के संस्थापनाचार्य श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी के—

वेदशास्त्रपुराणेषु कामिकाद्यागमेषु च।
लिङ्गधारणमाख्यातं वीरशैवस्य निश्चयात्॥
ऋगित्याह पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते।
तस्मात् पवित्रं तल्लिङ्गं धार्यं शैवमनामयम्॥
अघोराऽपापकाशीति या ते रुद्र शिवा तनूः।
यजुषा गीयते यस्मात् तस्माच्छैवोऽघवर्जितः॥

(सि० शि० ६।५७,५८,६१)

इत्यादि वचनों के अनुसार यह लिङ्गधारण-सिद्धान्त वैदिक माना जाता है। इस धर्म में यह लिङ्गदीक्षा स्त्री-पुरुषों के लिये समान रूप से की जाती

है। इस मत में यह विशेषता है कि यज्ञोपवीत संस्कार के स्थान पर लिङ्गदीक्षा संस्कार सम्पन्न कराया जाता है। वीरशैव लोग भी वर्णाश्रम की व्यवस्था को पूर्ण रूप से मानते हैं।

इस लिंगधारण सिद्धान्त को लेकर प्राचीन काल में कुछ वाद-विवाद प्रारम्भ हो गया था कि इसे शरीर पर धारण करना चाहिये कि नहीं? "सन्दिग्धे न्यायः प्रवर्तते" के अनुसार इस सन्देह को निराकृत करके वेद, आगम, पुराण, स्मृति तथा अलंकारादि शास्त्रीय प्रमाणों से ग्रन्थकार श्री नन्दिकेश्वर शिवाचार्य जी महाराज ने बड़े ही युक्ति एवं माधुर्य से पूजित विचार मीमांसापद्धति से लिङ्गधारण शरीर के नाभि भाग से ऊपर—

मूर्ध्नि वा कण्ठदेशे वा कक्षे वक्षःस्थलेऽपि वा।
कुक्षौ हस्तस्थले वापि धारयेल्लिङ्गमैश्वरम् ॥
(सि० शि० ६।५१)

श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी की इस उक्ति के अनुसार शिर, कण्ठ, हृदय आदि में धारण करने की व्यवस्था कर समाज का हित किया है।

यही कारण है कि शिवावतार समस्तशास्त्रपारंगत शास्त्रार्थ कला-कोविद परमशैव महामहोपाध्याय प्रातःस्मरणीय श्रीशिवकुमार मिश्र जी ने शरत् नाम की व्याख्या इस पर की। उनकी व्याख्या से सोने में सुगन्ध की भाँति यह ग्रन्थ परम मान्य हो गया है।

इस ग्रन्थ का प्रकाशन पूर्वोक्त व्याख्या सहित मूल की हिन्दी के साथ हो रहा है, यह जानकर परम प्रसन्नता हुई। मैं भगवान् विश्वनाथ से यही प्रार्थना करता हूं कि यह ग्रन्थ जिज्ञासुओं को अलभ्य लाभप्रद होकर तथा विज्ञों के ज्ञातज्ञापकत्व होने पर भी अभ्यासापन्न मननरूप प्रमोदावह हो।

इति शिवम् ॥

महाशिवरात्रि
१६-२-१९८८

देवस्वरूप मिश्र
आचार्य एवं अध्यक्ष वेदान्त विभाग,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी

प्रथम संस्करण की भूमिका

अयं लिङ्गधारणचन्द्रिकानामकग्रन्थो नन्दिकेश्वराचार्येण वीरशैवानां सिद्धान्तेषु लिङ्गधारणावश्यकर्तव्यत्वप्रभृतिषु वैदिकागमिकप्रमाणोपष्टम्भनाय मतान्तरावलम्बिभिरापादितानां शास्त्रविरोधादिदोषाणां निरासाय च महता परिश्रमेण कृतः । तस्यास्य ग्रन्थस्य कर्णाटकाक्षरे कतिपयवर्षेभ्यः प्राग् मुद्रितस्यापि व्याख्यां विना स्थले स्थले समाश्रितानां मीमांसाधिकरणानां काठिन्येन सर्वोपकारदानानर्हत्वमाकलय्य सर्वसाधारण्येन वीरशैवानामुपकारमाधित्सुभिः काशीजंगमवाटिकामठस्थविश्वाराध्यपीठाचार्यश्रीराजेश्वरस्वामिभिः कठिनाशयप्रकाशिकां शरन्नाम्नीं व्याख्यां पण्डितवरमहामहोपाध्याय-श्रीशिवकुमारमिश्रशर्मभिर्निर्माप्य एतया संवलितो देवाक्षरेण मुद्रयित्वा प्रकाशितः । अस्य च ग्रन्थस्य शोधनादिभारं मय्येवाध्यक्षेणार्पितमासीदित्यध्ययनाभ्यासादिपरिश्रमव्यग्रतयाऽनवधानवशादज्ञानवशाद् वाऽऽपतितामशुद्धिं नैसर्गिकसहृदयैर्विद्वद्भिः सहजनिजभूषणक्षमानवहेलं निरूप्य शुद्धिपत्रे दानायानुग्राह्योऽहमिति सविनयमभ्यर्थये शास्त्रमर्मज्ञान् विदुषः ।

काशीस्थः-अब्बीगेरिग्रामवासी काशीनाथशास्त्री

प्रस्तावना

महामहोपाध्याय पण्डित शिवकुमार शास्त्री रचित संस्कृत शरट्टीका तथा स्वामी शिवानन्द कृत हिन्दी अनुवाद के साथ नन्दिकेश्वर रचित लिङ्गधारणचन्द्रिका के इस द्वितीय संस्करण को धार्मिक जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है। प्रथम संस्करण के संपादकीय वक्तव्य से ज्ञात होता है कि सन् १९०५ से पहले भी इस ग्रन्थ का मुद्रण हो चुका था, किन्तु टीका के अभाव में यह ग्रन्थ दुर्बोध था। अतः काशी के जंगमवाड़ी स्थित विश्वाराध्य संस्थान मठ के तत्कालीन आचार्य शिवयोगी श्री १००८ जगद्गुरु राजेश्वर शिवाचार्य महास्वामी जी के अनुरोध पर शास्त्री जी ने संस्कृत व्याख्या लिखी थी और काशी में अध्ययन के लिये आये अब्बीगेरि ग्रामवासी पण्डित काशीनाथ शास्त्री जी ने इसका सम्पादन किया था और उस समय के काशी के ख्यातनामा मेडिकल हाल नाम के प्रेस में इसका मुद्रण हुआ था।

पूर्व तथा प्रस्तुत संस्करण

यह संस्करण सन् १९०५ में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद सन् १९४२ में बेलगांव से इसका प्रो० एम० आर० साखरे द्वारा संपादित परिष्कृत संस्करण प्रकाशित हुआ। इसमें ६८२ पृष्ठ की विस्तृत भूमिका, १०४ पृष्ठ में अंग्रेजी अनुवाद, २५० पृ० की टिप्पणियाँ तथा २० पृष्ठों में अन्य परिशिष्ट दिये गये थे। मूल ग्रन्थ ७६ पृष्ठों में पाठभेदों के साथ छपा था, किन्तु यहाँ ग्रन्थ का पूर्वभाग ही प्रकाशित हुआ, उत्तरभाग को जान-बूझ कर छोड़ दिया गया। इसके बाद सन् १९५१ में मैसूर से पूरे ग्रन्थ को आस्थानविद्वान् सिरसि गुरुशान्त शास्त्री कृत कन्नड़ भाषानुवाद के साथ श्री एस० शिवकुमार स्वामी द्वारा प्रकाशित कराया गया। ये सभी संस्करण अब उपलब्ध नहीं हैं। यह ग्रन्थ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की आचार्य परीक्षा के पाठ्यक्रम में समाविष्ट है। काशी के विश्वाराध्य ज्ञानसिंहासनाधीश्वर श्री १००८ जगद्गुरु विश्वेश्वर शिवाचार्य महास्वामी जी के अनुरोध को स्वीकार कर यह नया संस्करण तैयार किया गया है। यहाँ उद्धरणों का यथासंभव स्थान-

निर्देश करने का प्रयत्न किया गया है और परिशिष्ट एवं विषयसूची आदि का संयोजन कर इसको अधिक उपादेय बनाया गया है। संस्कृत भाषा से परिचित धार्मिक जनता की संख्या धीरे-धीरे घटती जा रही है। सभी को इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषयों की जानकारी मिल सके, इसके लिये यहाँ ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद भी साथ में देकर प्रस्तुत संस्करण को सर्वांगपूर्ण बनाने का प्रयत्न किया गया है।

लिङ्गधारणचन्द्रिका के प्रारंभ के चौथे और पांचवें श्लोक को देखने से ऐसा पता चलता है कि उस समय वेद और अन्य शास्त्रों के अभिप्राय को बिना समझे ही कुछ लोग ईर्ष्या-द्वेष आदि से ग्रस्त होकर लिंगधारण को अवैदिक विधि सिद्ध करने का प्रयत्न कर रहे थे। उन लोगों के इस भ्रान्तिमूलक अज्ञान को दूर करने के लिये ही प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना की गई थी। इस कार्य में ग्रन्थकार पूरी तरह सफल रहे हैं। अपनी उक्तियों को शास्त्रों के अतिरिक्त शास्त्रानुकूल तर्कों के द्वारा भी प्रतिष्ठित करने के लिये ग्रन्थकार ने पूर्व और उत्तर मीमांसा के अतिरिक्त लौकिक न्यायों का भी भरपूर प्रयोग किया है। इससे ग्रन्थकार के भारतीय वाङ्मय के अगाध पाण्डित्य के साथ लोक-व्यवहार के समुचित ज्ञान की भी पुष्टि होती है।

ग्रन्थकार नन्दिकेश्वर शिवाचार्य

ग्रन्थ के अन्त में ग्रन्थकार ने अपने को बसवेश्वर का पौत्र तथा महेशाचार्य का पुत्र बताया है और अपना नाम नन्दीश्वर (नन्दिकेश्वर) लिखा है। ये बसवेश्वर वीरशैव साहित्य के कन्नड वचनकार प्रसिद्ध बसवेश्वर से भिन्न हैं, क्योंकि उनका आविर्भावकाल ई० बारहवीं शताब्दी माना जाता है और प्रस्तुत ग्रन्थकार चौदहवीं शताब्दी के विद्यारण्य स्वामी और सोलहवीं शताब्दी के अप्पय्य दीक्षित को उद्धृत करते हैं। ग्रन्थकार के निश्चित समय आदि की विशेष जानकारी पाने के लिये हमें अभी प्रयास करना पड़ेगा। इस ग्रन्थ में अन्य भी अनेक ग्रन्थों और ग्रन्थकारों को स्मरण किया गया है। उनकी सहायता से हम किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं।

ऊपर प्रो० साखरे के संस्करण की चर्चा की गई है। अपने विद्वत्तापूर्ण विस्तृत उपोद्घात (पृ० ६५७) में ग्रन्थकार का समय उन्होंने १७ वीं

शताब्दी निश्चित किया है। इसके लिये उन्होंने कालहस्ति दीक्षित, मंचण्ण, पण्डिताराध्य और अप्पय्य दीक्षित के नाम दिये हैं एवं पण्डिताराध्य पद से बसव पण्डिताराध्य का ग्रहण किया है। इसी आधार पर वे ग्रन्थकार का उक्त समय निर्धारित करते हैं। वस्तुतः यहाँ पण्डिताराध्य पद स्वतन्त्र नाम न होकर मंचण्ण का विशेषण है। अतः इसके आधार पर बसव की कल्पना करना निरर्थक है। हम जानते हैं कि श्रीपति पण्डिताराध्य, मल्लिकार्जुन पण्डिताराध्य और मंचण्ण पण्डिताराध्य—ये तीनों आन्ध्र-प्रदेश में पण्डितत्रयी के नाम से वीरशैव साहित्य में अतिप्रसिद्ध हैं। ये सभी आचार्य अप्पय्य दीक्षित से पहले हो चुके हैं, अतः इनके आधार पर ग्रन्थकार का कालनिर्धारण नहीं किया जा सकता। अभी तो हम इतना ही कह सकते हैं कि ये अप्पय्य दीक्षित के परवर्ती हैं।

ऊपर ग्रन्थकार के पितामह और पिता के नामों की चर्चा आ चुकी है। ग्रन्थ के मंगलाचरण के तीसरे श्लोक में इन्होंने अपने गुरु का नाम मल्लेश्वर दिया है। ग्रन्थकार यजुर्वेद के प्रमाण से लिंगधारण की सिद्धि करने के उपरान्त ऋग्वेद से भी इसी विषय की पुष्टि करते समय प्रारंभ में वीरेश्वर को नमन करते हैं (पृ० १२२)। यह भी उनके गुरु मल्लेश्वर का ही दूसरा नाम प्रतीत होता है। अथवा यह भी हो सकता है कि ग्रन्थकार ने यहाँ वीर गोत्र के प्रवर्तक आद्य पुरुष को इस नाम से स्मरण किया हो। प्रस्तुत ग्रन्थ में इनके द्वारा उद्धृत विद्यारण्य स्वामी, अप्पय्य दीक्षित आदि सभी आचार्य दाक्षिणात्य हैं। यह निर्विवाद सत्य है कि प्रस्तुत ग्रन्थकार भी दक्षिण देश के निवासी हैं। ग्रन्थकार श्रुति, स्मृति, पुराण और आगम साहित्य के विशाल भंडार से पूरी तरह से परिचित हैं और विभिन्न मत-मतान्तरों के परिनिष्ठित विद्वान् हैं, इसका परिज्ञान हमें ग्रन्थग्रन्थकार-मतमतान्तर सूची को देखने से हो जाता है। अपने तर्कों की पुष्टि में वे पूर्वमीमांसा और वेदान्त के न्यायों को स्थल-स्थल पर उद्धृत करते हैं और पूर्वपक्षी के तर्कों को छिन्न-भिन्न कर अपने मत की स्थापना करते हैं। इससे इनकी उभय-मीमांसा निष्णातता एवं तर्कपटुता प्रकट होती है।

शरट्टीकाकार पण्डित शिवकुमार शास्त्री

इस प्रौढ़ ग्रन्थ को शरट्टीका के बिना समझ पाना बड़ा कठिन है। शरट्टीकाकार प० शिवकुमार मिश्र जी का परिचय स्वर्गीय म. म. प.

नारायण शास्त्री खिस्ते जी ने "विद्वच्चरितपञ्चकम्" में दिया था। इधर प० बलदेव उपाध्याय जी की पुस्तक "काशी की पाण्डित्य परम्परा" प्रकाशित हुई है। इस ग्रन्थ के पृ० २०८-२३३ में विस्तार से मिश्र जी का जीवन-परिचय दिया गया है। यहाँ इनकी रचनाओं के विवरण के साथ इनकी उदारता, निर्भीकता और समाजसेवा के विषय में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। यहाँ बताया गया है कि सन् १९११ की जनगणना के अवसर पर शास्त्रीजी ने हरिजनों को हिन्दुओं से अलग करने के षड्यन्त्र से बचाया था। ऐसे उदाराशय विद्वान् का वीरशैव सम्प्रदाय के काशीस्थ विश्वाराध्य ज्ञानसिंहासन जंगमवाड़ी मठ के तत्कालीन आचार्य श्री १००८ जगद्गुरु राजेश्वर शिवाचार्य महास्वामी जी से सम्पर्क होना स्वाभाविक था। उन्हीं के आग्रह पर शास्त्री जी ने इस ग्रन्थ पर १९६० विक्रम संवत् (१९०३ ई०) में शरन्नाम्नी टीका लिखी थी। इस टीका में मिश्र जी ने पूर्व और उत्तर मीमांसा के न्यायों को उदाहरणों के द्वारा बड़ी सरल भाषा में समझाया है।

शास्त्री जी कितने सरल स्वभाव के और स्पष्टवादी थे, इसका परिचय शरट्टीका के ही इस श्लोक से मिल जाता है—

लोकैषणा भवत्येव यद्यप्यत्र प्रवर्तिका।
तथापि किञ्चिद् गौरीशस्तुष्येदिति मनोगतम् ॥ (पृ. ७)

सरलता का दुरुपयोग करना मानव की दुर्बलता है। शास्त्री जी के इस वचन के साथ भी ऐसा ही हुआ। प्रो० साखरे ने अपने ऊपर उद्धृत ग्रन्थ के उपोद्घात (पृ० ६५८-६६०) में लिङ्गधारणचन्द्रिका की टीका और टीकाकार के विषय में लिखते हुए कुछ अनर्गल आक्षेप किये हैं और उनकी यह कड़वाहट इतनी बढ़ गई है कि उन्होंने वीरशैव मत की हिन्दू धर्म से अलग सत्ता स्थापित करने के लिये अपनी सारी बुद्धि लगा दी है। यह प्रसन्नता की बात है कि इस ग्रन्थ के कर्णाटक भाषान्तरकार आस्थानविद्वान् सिरसि श्री गुरुशान्त शास्त्री जी ने इनके सभी आक्षेपों का सही समाधान कर दिया है।

सिक्ख मत को हिन्दू धर्म से अलग मान कर आज जो कुछ किया जा रहा है, वह हमें यह सोचने को बाध्य करता है कि ऐसी अनर्गल उक्तियों का क्या परिणाम हो सकता है। भारतीय आचार्यों ने तरतमभाव से पूरे

भारतीय वाङ्मय को प्रमाण माना है। इस विषय में कश्मीरी प्रत्यभिज्ञा-दर्शन के उद्भट विद्वान् अभिनवगुप्त के, जिनकी की दृष्टि वीरशैव मत के शक्तिविशिष्टाद्वैत सिद्धान्त से मिलती-जुलती है, जिसकी ओर टीकाकार ने भी ग्रन्थ के अन्त में (पृ० २८४) इंगित किया है; विचार हमारे लिये विशेष रूप से मननीय हैं। "पुराणानां नूनमागमानुवर्तित्वम्" शीर्षक निबन्ध में हमने अभिनवगुप्त के इन विचारों को उद्धृत किया है। तदनुसार हमारे लिये सभी मत-मतान्तर समादरणीय हैं। यह सब हमारे लिये ही नहीं, पूरी मानव जाति के लिये भारतीय आचार्यों का महनीय अवदान है। विदेशी कूटनीति ने आर्य-द्रविड़ जैसे भेदों की कल्पना द्वारा भारतीय जनता को टुकड़ों-टुकड़ों में बांट कर और नाना प्रकार के विकल्पों की सृष्टि कर उसको भयंकर आवर्तों में डुबो देने के षड्यन्त्र का बीजवपन किया है। इस षड्यन्त्र से हमें एकमात्र संस्कृत भाषा बचा सकती है। कन्नड़ सन्तों के उपदेश भी संस्कृत भाषा के आगम साहित्य से अनुप्राणित हैं। इस तथ्य को हमें हृदयंगम करना चाहिये और सभी प्रकार के षड्यन्त्रों के प्रति सदा सजग रहना चाहिये।

प्रथम संस्करण के संपादक

इस ग्रन्थ के प्रथम संस्करण के सम्पादक श्री काशीनाथ शास्त्री थे। ये कर्णाटक राज्य के अब्बीगेरि (अश्वत्थपुर) ग्राम के निवासी और नन्दिकेश्वर मठ के अध्यक्ष थे। इनके पिता का नाम ऐय्यप्पा था। शास्त्री जी ने वाराणसी में आकर साहित्य और तर्कशास्त्र का अध्ययन किया था और अपने काव्यशास्त्रज्ञ गुरु भालाक्ष पण्डित जी की प्रेरणा पाकर शरट्टीका की प्रतिलिपि तैयार कर और उसका संशोधन कर इस ग्रन्थ को छपवाया था। प्रथम संस्करण के अन्त में उनके ये तीन श्लोक मिलते हैं—

कर्णाटदेशगाश्वत्थपुरग्रामनिवासभृत् ।
नन्दिकेशमठालम्बकैय्यप्पाख्यातमजन्मवान् ॥

साहित्ये तर्कशास्त्रे च वाराणस्यां कृतश्रमः।
काशीनाथ इति प्रख्यां बिभ्रद् व्याख्यामिमां सुधीः॥

विलिख्य शोधयित्वा चामुद्रयच्छम्भुतुष्टये।
प्रेरितः काव्यशास्त्रज्ञैर्भालाक्षाह्वयपण्डितैः॥

उद्धृत ग्रन्थ और ग्रन्थकार

इस प्रकार ग्रन्थकार, व्याख्याकार और प्रथम संस्करण के संपादक के प्रति अपनी वाङ्मयी पूजा समर्पित कर हम लिङ्गधारणचन्द्रिका से प्राप्त ग्रन्थ-ग्रन्थकार विषयक सूचनाओं को संगृहीत करना चाहते हैं। अनुभवसूत्र को यहाँ (पृ० १४२-१४३, १७३) वातुलागम का उत्तरभाग कहा है। पृ० २४० पर कालाग्निरुद्रोपनिषत् और रुद्रोपनिषत् का अलग-अलग उल्लेख किया है। गुरुमत शब्द से यहाँ प्रभाकर के मत का उल्लेख न होकर अपने गुरु के मत का प्रतिपादन हुआ है। पृ० १४० पर भी "गुरुचरणास्तु" कह कर उनके मत का विवरण दिया गया है, किन्तु यहाँ कहीं भी उनके किसी भी ग्रन्थ का उल्लेख नहीं है। ब्रह्माण्डपुराण की चिदम्बरसंहिता (पृ० २३०), पद्मपुराण के शिवरहस्य खण्ड (पृ० १९४, २६५) और शिवगीता (पृ० २२१), स्कन्दपुराण की शंकरसंहिता (अनेक स्थलों पर) एवं कुमारसंहिता यात्राखण्ड (पृ० १०५) का यहाँ उल्लेख मिलता है।

स्कन्दपुराण के खण्ड और संहिता नाम के दो विभाग उपलब्ध हैं। सात खण्ड वाला विभाग उत्तर भारत में और छः संहिता वाला विभाग दक्षिण भारत में प्रसिद्ध है। शंकर संहितासंहिता विभाग में तीसरी है। खण्ड विभाग में माहेश्वर खण्ड के अन्तर्गत कुमारिका खण्ड उपलब्ध है, किन्तु यात्राखण्ड नाम का कोई उपविभाग वहां नहीं मिलता। लगता है संहिता विभाग की पहली सनत्कुमार संहिता को ही यहाँ कुमारसंहिता के नाम से उद्धृत किया गया है। यह संहिता ५० खण्डों में विभक्त है और इनमें प्रधानतः यात्राविषयक विवरण दिये गये हैं। सिद्धान्तशिखामणि को यहां (पृ० ९२) परशिव द्वारा उपदिष्ट बताया गया है। यद्यपि सिद्धान्त-शिखामणि के उपदेष्टा जगद्गुरु श्री रेणुकाचार्य तथा श्रोता अगस्त्य महर्षि हैं और इसके रचयिता श्री शिवयोगी शिवाचार्य हैं, तथापि इन सबने शैवागमों में परशिव द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तों का ही यहां प्रकाशन किया है। अतः औपचारिक रूप से यहां इस ग्रन्थ को परशिव द्वारा उपदिष्ट बताया गया है।[1] लिङ्गाभट्ट की अमरकोश-व्याख्या का भी यहां (पृ० २२०-

१. न्यू कैटलागस केटलागरम् (भा० १, पृ० ३३०) में इसके अनेक हस्तलेखों का विवरण मिलता है। वहां इनके पिता का नाम वेंगलकामय भट्ट दिया है और लिखा है कि मल्लिनाथ ने इनको उद्धृत किया है।

२२१) उल्लेख है। यहां उद्धृत लिंगपुराण के सभी वचन श्रीकांची से १८८९ ई० में तेलगु लिपि में प्रकाशित लिंगपुराण के उत्तरभाग के २१वें अध्याय में मिल जाते हैं। मंचण्ण पण्डिताराध्य के विषय में हम पहले लिख चुके हैं। दर्पण के नाम से उद्धृत वचन शिवाद्वैतदर्पण में उपलब्ध हो जाता है, अतः यह उससे अभिन्न है। इसके कर्ता शिवानुभव शिवाचार्य हैं। शंकराचार्य भगवत्पाद का अपराधस्तव यहां (पृ० ११८,१२४) दो बार उद्धृत है। [1]कालहस्ति दीक्षित (पृ० ९२), कौशिकादित्य (पृ० १९७) आदि ऐसे नाम हैं, जिनकी सहायता से ग्रन्थकार के कालनिर्णय में सहायता मिल सकती है।

प्रामाण्यविचार

ब्रह्मसूत्र और महाभारत दोनों भगवान् बादरायण वेदव्यास की रचनाएँ मानी जाती हैं, किन्तु बादरायण व्यास ने ब्रह्मसूत्र के तर्कपाद में सांख्य, योग आदि मतों को अवैदिक बताया है। इसके विपरीत महाभारत में सांख्य, योग, पांचरात्र, पाशुपत और वेदोपनिषत् के नाम से प्रसिद्ध कृतान्तपंचक को स्वयं प्रमाण माना गया है। धर्म के निर्णय में इन सबका स्वतन्त्र प्रामाण्य स्वीकृत है। महिम्नस्तोत्र के रचयिता पुष्पदन्त ने "त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति" इस श्लोक में इन्हीं मतों का उल्लेख किया है। मध्यकालीन प्रसिद्ध धर्मशास्त्रीय निबन्ध-ग्रन्थ वीरमित्रोदय में इन सबको धर्म में प्रमाण माना है। प्रस्तुत ग्रन्थ में (पृ० २३३-२४०) भी आगमों के प्रामाण्य के प्रसंग में तीन विकल्प उठाये गये हैं और कहा है कि आगमों को प्रमाण न मानने पर गायत्री-पुरश्चरण, मन्त्रसंस्कार जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों का हमें ज्ञान नहीं हो सकेगा। इसी प्रकार भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, कुण्डमण्डप-निर्माण, षडध्वशुद्धि, मुद्रा, न्यास आदि का ज्ञान भी हमें न हो सकेगा। अन्त में यहाँ (पृ० २३८-२३९) कूर्मपुराण आदि में वर्णित उन वेद-विरुद्ध आगमों का परिचय दिया गया है, जिनको कि आस्तिक जन धर्म के प्रति प्रमाण नहीं मानते।

---

१. न्यू कैटलागस कैटलागरम् (भा० ४, पृ० ३९) में कालहस्ति कवि उल्लिखित हैं। वहां बताया गया है कि ये अप्पय्य दीक्षित के शिष्य हैं।

अभी कुछ वर्षों पहले नेपाल से त्रिलोचन शिवाचार्य का प्रतिष्ठालक्षण-सारसमुच्चय नाम का ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। इसका रचनाकाल वहाँ विक्रम संवत्सर की नवीं शताब्दी माना गया है। वहां ये दो श्लोक उपलब्ध होते हैं—

न वेदे त्रिविधं लिङ्गं न च प्रासादलक्षणम्।
न द्वारं मण्डपादिश्च स्थापनं न शिवादिके॥
शिवसिद्धान्त एवोक्तं लक्षणं शाङ्करादिकम्।
तस्माच्छैवेन मन्त्रेण प्रतिष्ठेत शिवादिकम्॥(२।१५६-१५७)

अर्थात् वेद में स्थूल, सूक्ष्म और पर नामक त्रिविध लिंग का स्वरूप, प्रासाद (मन्दिर), द्वार, मण्डप आदि के निर्माण की विधि, मन्दिरों में शिवलिंग आदि की प्रतिष्ठाविधि—ये सब विषय कहीं भी वर्णित नहीं हैं। इनका विवरण तो शैवागमों में ही मिलता है, अतः इनका अनुष्ठान शैवागमों में वर्णित पद्धति से ही करना चाहिये।

त्रिविध लिंग

उक्त त्रिविध लिंग वीरशैव सिद्धान्त में इष्टलिंग, प्राणलिंग और भावलिंग के नाम से प्रसिद्ध हैं। इसमें इष्टलिंग सकल अथवा स्थूल, प्राणलिंग सकलनिष्कल अथवा सूक्ष्म और भावलिंग निष्कल अथवा पर स्वरूप है। इसी रूप में इनकी उपासना की जाती है। इष्टलिंग बाह्येन्द्रियगोचर, प्राणलिंग मनोगोचर तथा भावलिंग अतीन्द्रिय, अगोचर है। भावलिंग और प्राणलिंग का साक्षात्कार करने के लिये स्थूलारुन्धती न्याय से इष्टलिंग का सहारा लेना पड़ता है। श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य का कहना है कि जो व्यक्ति दहराकाश में अन्तर्लिंग की उपासना का सामर्थ्य अर्जित करना चाहता है, उसे पहले बाह्य लिंग को धारण कर और प्रतिदिन उसे हस्तपीठ पर स्थापित कर उसकी पूजा करनी चाहिये। तभी वह मनोग्राह्य प्राणलिंग और अतीन्द्रिय, अगोचर भावलिंग की उपासना में समर्थ हो सकता है। इस प्रकार इष्टलिंग की उपासना स्थूल, प्राणलिंग की सूक्ष्म तथा भावलिंग की उपासना परम सूक्ष्म मानी जाती है। इस त्रिविध उपासना की विधि को वीरशैवाचार्य श्रीपति पण्डिताराध्य ने अपने ब्रह्मसूत्र के श्रीकर भाष्य में "जीवमुख्य" (१।२।३२) आदि सूत्र की व्याख्या करते समय विस्तार से बताया है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वीरशैव मत का मूलाधार इष्टलिंग की उपासना है। इस मत के प्रायः सभी आचार्यों ने इस विषय पर प्रसंगानुसार बहुत कुछ लिखा है, किन्तु नन्दिकेश्वर शिवाचार्य ने इष्टलिंगधारण और उसकी उपासना के समर्थन में ही अपने ग्रन्थ का पूर्व-भाग समर्पित कर दिया है। यहां वेद, उपनिषद्, स्मृति, आगम, पुराण, महाभारत ही नहीं, अलंकारशास्त्र, शिवगीता आदि के प्रमाण से और अपनी विशिष्ट तर्कपद्धति से भी इष्टलिंग धारण की वैदिकता सिद्ध की गई है। इसी तरह से ग्रन्थ के उत्तरभाग में इष्टलिंगधारी के लिये भूनिक्षेप विधि की शास्त्रीयता को प्रबल प्रमाणों से प्रतिष्ठापित किया है। यहां हम पाठकों की सुविधा के लिये ग्रन्थ का संक्षेप प्रस्तुत करते हैं।

लिङ्गधारणचन्द्रिका का संक्षेप

पूर्वभाग

मंगलाचरण में ग्रन्थकार भगवान् शिव, उनके शरभावतार और अपने गुरु मल्लेश्वर के प्रति नमन कर भगवती से प्रार्थना करते हैं कि वेद-शास्त्रों का बिना आलोचन किये जिन्होंने लिंगधारण को अवैदिक बताया है, उनके मत का खण्डन करने की शक्ति मुझे दें। इस प्रकार ग्रन्थ की प्रति-पाद्य विषयवस्तु को प्रस्तुत करने के साथ ग्रन्थकार ने मंगलाचरण के व्याज से शक्तिविशिष्टाद्वैत सिद्धान्त की भी स्थापना की है।

पूर्वपक्ष

इसके बाद ग्रन्थकार ने पूर्वपक्ष के रूप में लिंगधारण को अवैदिक बताने वालों की युक्तियों को विस्तार से (पृ० ७-५६) तर्कपूर्ण पद्धति से उपस्थापित किया है। ग्रन्थकार ने पहले यहाँ बताया है कि वेद, शास्त्र, पुराण तथा कामिक आदि आगमों मे दहराकाश में अन्तर्लिगानुसन्धान रूप अन्तर्लिंग धारण का विधान है। यह शिव की उपासना का सूचक है। पूर्वपक्षी का कहना है कि उक्त मन्त्र में शिव का उल्लेख न होकर नारायण के ध्यान की विधि बताई गई है। इसका समाधान यह है कि उपक्रमोप-संहार न्याय से तथा अनेक श्रुतियों में आये विशेषणों के आधार पर शिव

की ही उपासना यहाँ बताई गई है और अपरिमिताधिकरण न्याय से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि नारायण भी शिव की ही उपासना करते हैं। प्रयाजानुयाज न्याय से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि यहाँ ब्रह्मनिष्ठ यतियों के हृदय का उल्लेख न होकर नारायण संबन्धी हृदय का ही ग्रहण किया जा सकता है।

पूर्वपक्षी का इस पर कहना है कि इससे इतना ही सिद्ध होगा कि दहराकाश में शिव की उपासना की जाती है, किन्तु अन्तर्लिंगधारण की सिद्धि इससे कैसे होगी ? इसका उत्तर यह है कि हंसोपनिषत्, वामनपुराण आदि के वचनों से यह स्पष्ट हो जाता है कि हृदयान्तर्वर्ती शिव लिंग रूप में विराजमान हैं। इस प्रकार ज्योतिर्लिंगानुसन्धान रूप अन्तर्लिंगधारण का विधान बताने के बाद इष्टलिंग रूप बाह्य लिंगधारण का भी यहाँ सर्वलिंग वाक्य द्वारा विधान किया गया है। इसी बात को आगे सप्रमाण सिद्ध किया गया है।

यहाँ पहले इस वाक्य में लिङ्, लोट्, तव्यत् आदि प्रत्ययों के अभाव में भी इसकी विधि-बोधकता में प्रमाण दिया गया है और बाद में विधि के अपूर्व, नियम और परिसंख्या नामक भेदों के सोदाहरण लक्षण बताये गये हैं। यहाँ पूर्वपक्षी का कहना है कि सर्वलिंग वाक्य में अपूर्व विधि नहीं बन सकती। इसके उत्तर में यहाँ ब्रह्मसूत्र के भाष्यकार नीलकण्ठाचार्य तथा भेदवादी आनन्दतीर्थ के मत का उल्लेख करते हुए अपूर्व विधि की स्थापना की गई है। पूर्वाचार्यों के मत के अनुसार यहाँ अपूर्व विधि नहीं बन सकती, तो नियम अथवा परिसंख्या विधि बन जायगी। किन्तु पूर्वपक्षी युक्तियों के सहारे यह सिद्ध करने का प्रयत्न करता है कि ये दोनों विधियाँ भी यहां नहीं बन सकती। ग्रन्थकार ने यहाँ तक एक तरह से पूर्वपक्ष का ही विस्तार किया है।

सिद्धान्त (वैदिक प्रमाणों से लिंगधारण की सिद्धि)

इसके बाद सिद्धान्तपक्ष की स्थापना करते हुए ग्रन्थकार का कहना है कि सर्वलिंग वाक्य में अपूर्व विधि ही है। अनेक युक्तियों, न्यायों और व्याकरण आदि शास्त्रों के प्रमाण से ग्रन्थकार अपने सिद्धान्त की पुष्टि करते हैं और एक-एक कर पूर्वपक्षी के सभी तर्कों का खण्डन कर पाणि-मन्त्र के प्रमाण से पाणिपीठ पर इष्टलिंग की पूजा को अपूर्व विधि के रूप

में प्रतिष्ठित करते हैं। पाणिमन्त्र पद की पूर्वपक्षी द्वारा की गई व्याख्याओं की दुर्बलता को बताते हुए, सर्वलिंग वाक्य की स्थावर-लिंगविधायकता का खण्डन करते हुए और उपक्रमोपसंहार न्याय से पूरे प्रकरण की एक-वाक्यता स्थापित करते हुए यहाँ स्पष्ट किया गया है कि सन्ध्योपासन आदि की तरह पाणिपीठ पर इष्टलिंग का पूजन भी नित्यविधि है। अपनी इस स्थापना के प्रमाण में ग्रन्थकार ने महाभारत, लिंगपुराण, स्कन्दपुराण की शंकरसंहिता और आदित्यपुराण के वचनों को दिया है।

पूर्वपक्षी द्वारा यहाँ पुनः शंका उठाई जाती है कि अशुचि अवस्था में इष्टलिंग की उपासना कैसे की जा सकती है और नित्यविधि मान लेने पर भी बायाँ हाथ तो अपवित्र माना जाता है। इस अपवित्र हाथ पर रखकर इष्टलिंग की पूजा नहीं की जा सकती। इन शंकाओं का भी ग्रन्थकार ने यहाँ शास्त्र और युक्तियों के सहारे समाधान प्रस्तुत किया है। इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि सर्वलिंग वाक्य की वेदभाष्यकार विद्यारण्य स्वामी ने इस तरह की व्याख्या नहीं की। सिद्धान्ती का कहना है कि यह तो बहरे के कान में फुसफुसाने के समान है। विद्यारण्य स्वामी ने भले ही ऐसी व्याख्या न की हो, कालहस्ति दीक्षित, मंचण्ण पण्डिताराध्य जैसे विद्वानों ने इस मन्त्र की हमारे द्वारा प्रदर्शित व्याख्या ही की है। विद्यारण्य स्वामी ने तो भगवती दुर्गा से संबद्ध मन्त्रों की भी व्याख्या नहीं की, तो क्या समय मत के प्रतिष्ठापक आचार्य शंकर के द्वारा व्याख्यात ऐसे मन्त्रों को अप्रमाण माना जायगा? भगवान् वेदव्यास ने भी श्रुति के अर्थ का उप-बृंहण करने वाले लिंगपुराण आदि में और श्रीजगद्गुरु रेणुकाचार्य ने सिद्धान्तशिखामणि में भी इसी विषय का विस्तार किया है।

तैत्तिरीय शाखा के "ॐ नमो ब्रह्मणे" इत्यादि मन्त्र से भी इसी मत की पुष्टि होती है। इस मन्त्र के धारण, अनिराकरण आदि पदों की रामानुज-मत संमत व्याख्या का सप्रमाण खण्डन कर ॐकार की विष्णुवाचकता का निराकरण करते हुए उसकी शिववाचकता, मंगलार्थता और लिंग-परकता सिद्ध की गई है तथा बताया गया है कि धारण पद का अन्वय केवल भस्म और रुद्राक्ष के साथ ही न होकर प्रधानतः इष्टलिंग के साथ भी है। यहाँ इस विषय को पुष्ट करने के लिये ब्रह्माण्डपुराण और स्कन्द-पुराण की कुमारसंहिता के यात्राखण्ड का भी प्रमाण दिया गया है।

तैत्तिरीय शाखा के "यश्छन्दसामृषभः" इत्यादि मन्त्र से भी यहाँ इष्टलिंगधारण की सिद्धि करने के उद्देश्य से पूरे प्रकरण की इसी में संगति बताई गई है और श्वेताश्वतर, सुबाल आदि उपनिषदों के प्रमाण से इस विषय को पुष्ट किया गया है। प्रसंगवश यहाँ श्रुति और स्मृति का विरोध उपस्थित होने पर स्मृति की दुर्बलता को दर्शाया गया है तथा ज्ञान के साथ कर्म में भी मुक्ति-साधनता सिद्ध की गई है। इस विचार का उपसंहार करते हुए यहाँ विषय के उपबृंहण के रूप में स्कन्दपुराण की शंकरसंहिता के वचन उद्धृत किये गये हैं।

यजुर्वेदीय रुद्रानुवाक से भी लिंगधारण की सिद्धि को बता कर यहाँ कहा गया है कि न केवल यजुर्वेद, ऋग्वेद के मन्त्रों में भी इष्टलिंगधारण का विधान मिलता है। "पवित्रं ते विततम्" प्रभृति ऋग्वेदीय मन्त्र में स्थित ब्रह्म पद की सिद्धान्तशिखामणि, शंकराचार्य कृत अपराधस्तव आदि के प्रमाण से लिंगपरकता का प्रतिपादन कर और पूरे मन्त्र की विस्तृत व्याख्या कर विविध शंकाओं का समाधान करते हुए और मीमांसाशास्त्र के ऐन्द्रयधिकरण न्याय, शाखान्तर न्याय आदि न्यायों का प्रमाण देते हुए एवं सोम पद में श्लेष मानकर उसका उमा सहित शिव अर्थ करते हुए प्रकरणगत विरोध का परिहार कर अन्वय-व्यतिरेक पद्धति से मन्त्र की इष्टलिंगपरकता दिखाई गई है।

रामानुज मत का खण्डन

रामानुज मत के अनुयायी इस मन्त्र से शख-चक्र धारण की सिद्धि करते हैं। यहां (पृ० १३४-१४०) पहले विस्तार से उनके मत को दिखाया गया है। ये किसी कोश के वचन को उद्धृत कर पवित्र पद को चक्र का पर्याय मानते हैं और मन्त्र की विष्णुप्रतिपादकता सिद्ध करते हैं। ग्रन्थकार का कहना है कि इस प्रकार का वचन हमें किसी कोश में नहीं मिला। 'तुष्यतु दुर्जन' न्याय से उसको मान लेने पर भी उक्त मन्त्र द्वारा चक्र-धारण की सिद्धि नहीं हो पाती। चक्र को क्यों धारण किया जाय, यहाँ तीन तरह के विकल्प हो सकते हैं—वह नारायण का लांछन है, उसका स्वरूप है अथवा नारायणाश्रित है। पहला पक्ष इसलिये नहीं बनेगा कि केवल चक्र ही नारायण का चिह्न नहीं है, कौमोदकी गदा, नन्दक खड्ग और कौस्तुभ मणि भी उनके लांछन हैं। उसको नारायणस्वरूप मानने

पर धार्यधारकभाव सिद्ध नहीं होने पावेगा। नारायण द्वारा धारित होने से इसे हमें भी धारण करना चाहिये, इस तीसरे पक्ष को मानने पर भी दो विकल्प उपस्थित होंगे कि नारायण अन्तर्यामी हैं, अतः चक्र को धारण करते हैं अथवा उसको शरीरी के रूप में धारण करते हैं ? अन्तर्यामी के रूप से तो वे न केवल चक्र को, किन्तु संसार की सभी वस्तुओं को धारण करते हैं। तब तो हमें केवल चक्र को न धारण कर सभी वस्तुओं को धारण करना पड़ेगा। यदि वे शरीरी के रूप में चक्र को धारण करते हैं, तो शालग्रामशिला, ताम्रमूर्ति आदि में प्रतिष्ठित नारायण की जैसे हम पूजा करते हैं, उसी तरह से हमें भुजा पर धारित चक्र की भी पूजा करनी पड़ेगी, किन्तु ऐसा किया नहीं जाता। अतः तीनों विकल्पों के न बन पाने से चक्र-धारण की सिद्धि किसी भी तरह से नहीं हो सकती।

'अतप्ततनु' प्रभृति मन्त्र से इसकी सिद्धि हो जायगी, यह भी बिना मेघ के निर्मल आकाश से मूसलाधार वर्षा की आकांक्षा के समान है। धर्मशास्त्र के ग्रन्थों में तप्तमुद्रा धारण करने पर प्रायश्चित्त का विधान है। अतः मन्त्र की तत्परक व्याख्या कभी नहीं हो सकती। फिर ऐसा करने पर प्रकरण का भी विरोध होगा, क्योंकि यह मन्त्र तो सोम प्रकरण में पठित है और सोम पद, श्लेष की महिमा से उमा सहित शिव का सूचक है, ऐसा पहले बताया जा चुका है।

शक्तिग्राहक प्रमाणों में कोश की गणना की जाती है, किन्तु बाधक-स्थल में इसको प्रमाण नहीं माना जाता। अमरकोश में नील, शुक्ल आदि पद रूप के वाचक हैं, किन्तु नीला घड़ा, सफेद कपड़ा आदि स्थलों पर निरूढ लक्षणा के सहारे तत्तद्रूपविशिष्ट द्रव्य का ग्रहण किया जाता है। रूढि की योगापहारकता भी वहीं बनती है, जहाँ कि रूढ्यर्थ का बाध नहीं होता। ऐसा न मानने पर "पङ्कजमानय" इस वाक्य में पकज पद के रूढ्यर्थ पद्म का बाध हो जाने पर भी योगार्थ कुमुद का बोध नहीं होने पावेगा। प्रस्तुत स्थल में तो पवित्र पद की चक्रार्थकता का बाध पूर्वोक्त तीन विकल्पों के आधार पर बताया जा चुका है।

"तप्तं चक्रं द्विभुजे धार्यम्" इस विधिवाक्य से भी चक्रधारण की सिद्धि नहीं हो सकती, क्योंकि ऐसा विधिवाक्य वेदों में कहीं देखने को नहीं मिलता। लुप्त शाखा की कल्पना भी नहीं की जा सकती, क्योंकि

चक्रधारण को प्रत्यवायजनकता बताई जा चुकी है। ऐसे स्थला पर लुप्त श्रुति की कल्पना नहीं की जा सकती। फिर इससे चक्रधारण की ही सिद्धि हो पावेगी, शंखधारण की नहीं। उस स्थिति में आपके द्वारा निर्दिष्ट शंख और चक्र के धारणविधायक वाक्य की संगति कैसे बैठेगी।

इस प्रकार युक्तियों के सहारे ग्रन्थकार ने उक्त मन्त्र के रामानुज मत संमत शंख-चक्र धारणपरक अर्थ का खण्डन कर अपने गुरु के द्वारा प्रतिपादित मन्त्र की लिंगधारणपरकता को अनुभवसूत्र आदि के प्रमाणों से सुदृढ़ कर किसो अन्य आचार्य के मत को भी दिखाते हुए इनकी कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डाला है और लिंगपुराण के विस्तृत उद्धरणों के साथ सिद्धान्तशिखामणि, शंकरसंहिता आदि के वचनों की सहायता से उक्त श्रुति के अर्थ का विस्तार किया है। पुराणों और आगमों को वेदार्थ का उपबृंहक, अर्थात् विस्तार करने वाला कहा जाता है। इसलिये यहाँ वेद के द्वारा संक्षेप में बताये गये विषयों के पुराण और आगम द्वारा किये गये विस्तार को विशद रूप में बताया गया है।

"पवित्रम्" इत्यादि मन्त्र से ही नहीं, "अयं मे हस्तः" इत्यादि ऋग्वेदोय मन्त्र से भी इष्टलिंगधारण की सिद्धि होती है। पहले यहाँ "हस्तगतो भगवान्" न कह कर जो "हस्तो भगवान्" ऐसा कहा गया है, उसकी सार्थकता पुराण और उपनिषद् वाक्यों के द्वारा स्थापित की गई है। वातुलागम, वीरागम, शंकरसंहिता, ईशावास्योपनिषद् आदि के वाक्यों को उद्धत कर यहाँ यह भी बताया गया है कि धारित इष्टलिंग का प्राण रहते कभी परित्याग नहीं किया जाता। पूर्वपक्षी यहाँ प्रश्न उठाता है कि भगवान् शब्द का प्रयोग तो विष्णु के लिये होता है, तब इससे शिव का बोध कैसे हो सकता है? सिद्धान्ती का उत्तर है कि मीमांसाशास्त्र के अवदान न्याय के अनुसार भगवत्पद का हस्तपद से सांनिध्य होने से यहाँ वह शिव का ही वाचक माना जायगा, क्योंकि शिव के सिवाय अन्य किसी भी देवता को हाथ पर धारण नहीं किया जाता। यहाँ ग्रन्थकार "शिवाभिमर्शनः" पद की व्याख्या करते हुए कैमुतिक न्याय (दण्डापूपिका-न्याय) के दृष्टान्त से शिवभक्त के सारे शरीर की ही पवित्रता स्थापित करते हैं। "अयं मे हस्तः" इत्यादि श्रुति-प्रतिपादित अर्थ का ही उपबृंहण शंकरसंहिता, किरणागम आदि के वचन भी करते हैं।

अलंकार शास्त्र द्वारा लिंगधारण-सिद्धि

यजुर्वेद और ऋग्वेद के मन्त्रों से ही नहीं; उपमा, दृष्टान्त आदि अलंकारों के उदाहरण से भी इष्टलिंग धारण की सिद्धि होती है। जाबालोपनिषद् में कहा गया है कि जो त्रिपुण्ड्र की निन्दा करते हैं, वे शिव की ही निन्दा करते हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि शिव की निन्दा करने वालों का बहिष्कार करना चाहिये। इसी दृष्टान्त से त्रिपुण्ड्र की निन्दा करने वाले भी बहिष्कार्य हैं, यह सिद्ध हो जाता है। इसी प्रकार लिंगधारण की प्रशंसा करने वाले वाक्यों के दृष्टान्त मे लिंगधारण की कर्तव्यता सिद्ध हो जायगी। ग्रन्थकार ने यहाँ लुप्तोपमा तथा दृष्टान्त आदि अलंकारों के आधार पर अन्तर्लिंगधारण के साथ बहिर्लिंगधारण की भी सिद्धि कैमुतिक न्याय के आधार पर की है।

तत्त्वमस्यादि वाक्य से लिंगधारण-सिद्धि

"तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि" जैसे महावाक्यों से भी ग्रन्थकार ने लिंगधारण को सिद्ध किया है। इन वाक्यों का अर्थ बताने के बाद तत्, त्वम् और असि पदों की लिंग, अंग और सामरस्यपरकता को स्थापित करने के लिये यहाँ गुरुशिष्यसंवादात्मक आगमवचन, शंकरसंहिता, अनुभवसूत्र आदि के वचनों को उद्धृत करते हुए इनकी वाच्यार्थता, लक्ष्यार्थता आदि की विस्तार से समीक्षा की गई है। इस प्रसंग में शरट्टीका-कार ने अद्वैत वेदान्त और वीरशैव संमत शक्तिविशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के भेद को हृदयहारी उक्तियों के द्वारा स्पष्ट किया है।

स्मृतियों द्वारा लिंगधारण सिद्धि

वेद, उपनिषद्, वेदान्तशास्त्र आदि के प्रमाण पर लिंगधारण की सिद्धि करने के बाद ग्रन्थकार ने स्मृतियों के प्रमाण से भी इसको सिद्ध किया है। प्रथमतः "मुखे मन्त्रः" इस गौतम स्मृति के वाक्य पर ऊहापोह प्रस्तुत कर ग्रन्थकार ने मनुस्मृति, बोधायनस्मृति और शातातपस्मृति के प्रमाण दिये हैं। पूर्वपक्षी यहां पुनः लिंगधारण और पूजनविधि की नित्यता में सूतक, रजोदोष आदि की उद्भावना करता है। इसके साथ ही वह लिंगधारण शास्त्रनिषिद्ध कार्य है, इसमें प्रमाण भी देता है। सिद्धान्ती यहाँ लिंगधारण की नित्यता को अनेक प्रमाणों से पुनः पुष्ट करता है और सूतक, रजोदोष आदि की प्रतिबन्धकता को सिद्धान्तशिखामणि,

पराशरस्मृति आदि ग्रन्थों और पौण्डरीक दीर्घसत्र, कन्याविवाह आदि दृष्टान्तों के आधार पर दूर करता है। कौशिकादित्य की षडशीतिस्मृति के प्रमाण पर ग्रन्थकार यह भी बताते हैं कि एक बार कार्य आरंभ कर दिये जाने पर बीच में सूतक आदि दोषों के आने पर भी उस कार्य को रोका नहीं जाता। किसी कार्य का प्रारंभ कब से माना जाय, इसकी जानकारी के लिये प्रमाण के रूप में उन्होंने यह श्लोक उद्धृत किया है—

प्रारम्भो वरणं यज्ञे संकल्पो व्रतसत्रयोः।
नान्दीमुखं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिग्रहः॥ (पृ० १९७)

ग्रन्थकार ने यहाँ लिंग की अशुचिता को और अशुचि के स्पर्श से संस्कारों के नाश की बात को कच्छपी के दुग्धपान के समान दुराशामात्र बताया है। यहाँ स्थावरलिंग और प्राणलिंग की विषमता को भी स्पष्ट किया गया है। लिंगधारण शास्त्रनिषिद्ध है, पूर्वपक्षी की इस शंका का भी यहाँ सप्रमाण खण्डन किया गया है। साथ ही वीरशैव और स्मार्तशैव के भेद को स्पष्ट करते हुए पाषण्ड पद की प्रवृत्ति के निमित्त को भी स्पष्ट किया गया है।

श्रुति और स्मृति का विरोध उपस्थित होने पर विरोधाधिकरणन्याय से श्रुति प्रबल मानी जाती है। इस विषय की चर्चा पहले भी हो चुकी है। इस स्थिति में सर्वलिंग श्रुति द्वारा प्रतिपादित इष्टलिंगधारण का प्रतिषेध करने वाली स्मृतियां प्रमाण नहीं मानी जा सकतीं। वेदतुल्य महाभारत के अनुशासन पर्व के प्रमाण से लिंगधारी द्विजों की दानपात्रता मानी गई है। अतः श्रुति, भगवद्गीता, मनुस्मृति और अभियुक्तवचन के प्रमाण से निन्द्य वही माना जाता है, जो अपने धर्म का परित्याग कर दूसरे के धर्म को स्वीकार कर लेता है। एकमात्र शिव की ही उपासना करने वाले इष्टलिंगधारी की तो शंकरसंहिता, वीरागम, मकुटागम, शिवधर्मोत्तर आदि में भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। इस प्रसंग में ग्रन्थकार ने पाषण्ड, पतित, व्रात्य, लिंगवृत्ति आदि पदों की प्रवृत्ति के निमित्त पर विष्णुपुराण, स्कन्दपुराण, धर्मशास्त्र, कोश आदि के प्रमाण से विचार किया है। इसके बाद "नहि निन्दा" न्याय को प्रस्तुत करते हुए यहाँ बताया गया है कि वस्तुतः इन वाक्यों का निन्दा में विनियोग न होकर स्तुत्य कर्म की प्रशंसा में विनियोग माना जाता है।

पुराण और लिङ्गधारण

इसी प्रसंग में पद्मपुराण की शिवगीता का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि महर्षि अगस्त्य ने सीतावियोगजन्य दुःख की निवृत्ति के लिये श्रीराम को शिव की आराधना करने का उपदेश करते हुए कहा था कि इष्टलिङ्ग की और उसके उपासक की निन्दा करने वाला मोक्ष का अधिकारी नहीं हो सकता। स्पष्ट है कि इष्टलिङ्गधारी और उसका उपासक ही मोक्ष का अधिकारी हो सकता है।

इसके बाद ग्रन्थकार ने—"महाजनो येन गतः स पन्थाः" इस न्याय का अनुसरण करते हुए यहाँ इष्टलिङ्गधारण में लिङ्गपुराण, स्कन्दपुराण की शंकरसंहिता, सिद्धान्तशिखामणि, ब्रह्मवैवर्त, आदित्य, पराशर, कूर्म आदि पुराणों के वचनों को उद्धृत किया है। पूर्वपक्षी यहाँ कहता है कि ये सब वचन पीठ आदि पर शिवपूजन का विधान करते हैं, शरीर पर धारित इष्टलिङ्ग की करपीठ पर पूजा का नहीं। इस पर सिद्धान्ती का कहना है कि पूर्व उदाहृत पुराण वचनों में स्पष्ट रूप से इष्टलिङ्गधारण और करपीठ पर उसके पूजन का विधान है। यज धातु की संगति-करणार्थता के आधार पर भी इसी विषय की पुष्टि होती है।

आगमप्रामाण्य विचार

कामिकादि वातुलान्त २८ शैवागमों से भी इस विषय की पुष्टि होती है। यहाँ ग्रन्थकार ने आगम-प्रामाण्य विषयक तीन विकल्प प्रस्तुत किये हैं और कहा है कि इन आगमों को प्रमाण न मानने पर गायत्री आदि मन्त्रों की पुरश्चरण आदि क्रियाएँ, न्यास, आसनशुद्धि आदि के अनुष्ठान की विधि हमें कहाँ से ज्ञात होंगी ? शिवागमों के प्रामाण्य के आधार पर हो प्रपंचसार आदि ग्रन्थों की शंकराचार्य आदि ने रचना की है। कूर्मपुराण आदि में वर्णित कुछ मोहन-शास्त्रों की अप्रामाणिकता तो सभी को मान्य है।

उत्तरभाग

भूनिक्षेप विधि की शास्त्रीयता

पूर्वभाग में इष्टलिंगधारण और पाणिपीठ पर उसके पूजन को पूर्ण रूप से वैदिक सिद्ध करने के बाद अब उत्तरभाग में मृत व्यक्ति के दाह-संस्कार के समान भूनिक्षेप की विधि भी शास्त्रसंमत है, इस विषय को

श्रुति, स्मृति, आगम, पुराण आदि के प्रमाणों से सिद्ध किया गया है। यहाँ ऋग्वेद के खिल पाठ में पठित "कर्दमेन प्रजाः" प्रभृति मन्त्र को उद्धृत कर और उसकी विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत कर इस पाँचभौतिक स्थूल देह को पाँच भूतों में सबसे स्थूल पृथ्वी को समर्पित करने का विधान बताया है और इसमें कूर्मपुराण की भी स्वीकृति दी गई है। छागपशुन्याय से यहाँ दहन और खनन दोनों विधियों की सार्थकता दिखाई गई है। इस विषय में ग्रन्थकार ने शिवाद्वैतदर्पणकार को भी उद्धृत किया है। आगे यहाँ स्पष्ट किया गया है कि इस विषय में सदानन्दोपनिषद् तथा अन्य उपनिषदों में भी इष्टलिंगधारण और लिंगधारी के लिये भूनिक्षेप का विधान स्पष्ट रूप से प्रतिपादित है।

ग्रन्थकार ने इसके बाद शिवधर्मशास्त्र का वचन उद्धृत किया है, जिसमें बताया गया है कि जले हुए को जलाया नहीं जाता, पके हुए को पकाया नहीं जाता। इष्टलिंगधारी शिवयोगी का स्थूल शरीर तो ज्ञानाग्नि से पहले भी भस्म हो चुका है, अतः पुनः उसे अग्नि को समर्पित करने की आवश्यकता नहीं है। उसका तो भूनिक्षेप ही करना चाहिये। यहाँ मीमांसा के सावकाश-निरवकाश न्याय से भी दहनविधायक और खनन-विधायक वाक्यों में समन्वय स्थापित किया गया है। महाभारत के अनुशासन पर्व में उभयविध व्यवस्था का निरूपण किया गया है। वातुलोत्तर तन्त्र में भी दहन और खनन दोनों की श्रुतिसंमतता तथा अलग अलग व्यवस्था का स्पष्ट निरूपण किया गया है।

यहाँ पूर्वपक्षी "आहिताग्निभिर्दहन्ति" प्रभृति कल्पसूत्र के वाक्य को प्रमाण के रूप में उपस्थापित कर खनन विधि की अशास्त्रीयता को प्रमाणित करने का प्रयत्न करता है, किन्तु ग्रन्थकार ने श्रुति-स्मृति प्रतिपादित वानप्रस्थ आश्रम संबन्धी व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि वही व्यवस्था इष्टलिंगधारी के लिये भी मानी जायगी। इसकी पुष्टि में यहाँ मनुस्मृति, शातातपस्मृति, शौनकस्मृति आदि के प्रमाण भी दिये गये है और अन्त में सदानन्दोपनिषद्, स्कन्दपुराण, पद्मपुराण, शंकरसंहिता, शिवधर्मोत्तर, वीरागम, शिवरहस्य खण्ड आदि के प्रमाणों से यह सिद्ध किया है कि अग्निहोत्र, सन्ध्यावन्दन आदि नित्य कर्मों को न करने वाला जैसे प्रत्यवाय का भागी होता है, वैसे ही इष्टलिंगधारी के देह का दाहसंस्कार करने वाला भी प्रायश्चित्ती माना जायगा।

ग्रन्थकार ने यहां कर्म और ज्ञान की मुक्तिसाधनता के प्रसंग को उठाते हुए कर्म द्वारा ही मुक्ति के सिद्धान्त को स्वीकार किया है, तथा शंकराचार्य ने जैसे कलिवर्ज्य प्रकरण में निषिद्ध संन्यासाश्रम को भी स्वीकृति दी है, उसी तरह से यहाँ आंगिरसस्मृति, मनुस्मृति, सूतसंहिता आदि के प्रमाण से दहन के साथ खनन को भी मान्यता देने की बात कही है। इसी प्रसंग में यहाँ द्वादशाह श्राद्ध के समय की जाने वाली सापिण्ड्य विधि के विषय में भी विचार किया गया है।

सापिण्ड्य विचार

मीमांसाशास्त्र में यह विधान है कि प्रकृति याग के अनुसार ही विकृति याग किया जाता है। प्रकृति याग में व्रीहि की हवि तैयार करते समय कूट कर उसके छिलके निकालने का विधान है। एक विकृति याग में सुवर्ण के तण्डुल से हवन किया जाता है। क्या यहाँ भी अवघात होना चाहिये ? ऐसा प्रश्न उपस्थित होता है। सोने से बनाये गये चावलों पर तो छिलका होता नहीं। अतः छिलके निकालने के लिये किये जाने वाले अवघात (धान को कूटना) का यहाँ कोई प्रयोजन नहीं है। ऐसी अवस्था में यहाँ अवघात नहीं किया जाता। उसी तरह से सापिण्ड्य श्राद्ध का प्रयोजन है मृत व्यक्ति के प्रेतत्व की निवृत्ति। इष्टलिंगधारी के शरीर में तो प्रेतत्व की प्राप्ति ही नहीं होती, अतः यहाँ भी उक्त न्याय के अनुसार प्रेतत्व की निवृत्ति के लिये की जाने वाली सापिण्ड्य विधि का कोई प्रयोजन न होने से वह नहीं की जाती। मकुटागम, चन्द्रज्ञान, वीरागम, पद्म-पुराण आदि के प्रमाणों से ग्रन्थकार ने यहां इसी विषय पर विचार करते हुए तत्त्वसंयोजन और कलासंयोजन की विधि बताकर मार्ग शैवों और निराभार शैवों के कर्तव्यों का निरूपण किया है।

उपसंहार

इस प्रकार हमने यहाँ पूर्व तथा प्रस्तुत संस्करण का परिचय देते हुए ग्रन्थकार, संस्कृत टीकाकार, हिन्दी भाषान्तरकार और प्रथम संस्करण के संपादक के विषय में आवश्यक जानकारी देकर उद्धृत ग्रन्थों और ग्रन्थ-कारों का विवरण देते हुए वीरशैव मत की प्रामाणिकता पर विचार किया है और त्रिविध लिंग का निरूपण कर ग्रन्थ के पूर्व और उत्तर भाग की विषय वस्तु का संक्षिप्त परिचय दिया है। आशा है इससे छात्रों को

ग्रन्थ का सार समझने में सहायता मिलेगी। इस कार्य में हम काशी ज्ञानसिंहासनाधीश्वर श्री १००८ जगद्गुरु विश्वेश्वर शिवाचार्य महास्वामी जी की आज्ञा से तथा कर्णाटक राज्य स्थित गुलेदगुड्डु-अमरेश्वर मठ के अध्यक्ष डॉ० चन्द्रशेखर शिवाचार्य की प्रेरणा से यहाँ प्रवृत्त हुए हैं। यह एक अच्छा सुयोग रहा है कि शरट्टीकाकार के दौहित्र पण्डित करुणापति त्रिपाठी जी ने इस ग्रन्थ का प्रकाशनोद्घाटन किया। सदसत् के विवेचन में विद्वद्गण ही समर्थ हैं। इतना ही निवेदन कर हम आशा करते हैं कि सुविज्ञ पाठक त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट कर अगले संस्करण को और भी परिष्कृत रूप से प्रकाशित करने में सहयोग करेंगे।

वाराणसी
शिवरात्रि, संवत् २०४४

विद्वद्विधेय
व्रजवल्लभ द्विवेदी

विषयानुक्रमणी

ग्रन्थ का पूर्वभाग

उत्तरभाग

परिशिष्ट

———

श्रीमते विश्वाराध्याय नमः

लिङ्गधारणचन्द्रिका

नन्दिकेश्वरविरचिता

शरन्नामिकया संस्कृतव्याख्यया
भाषानुवादेन च संवलिता

श्रीगणेशाय नमः
श्रीमते विश्वाराध्याय नमः

लिङ्गधारणचन्द्रिका

नन्दिकेश्वरविरचिता

शरन्नामिकया संस्कृतव्याख्यया
भाषानुवादेन च संवलिता

पूर्वभागः

आधारादिसमस्तचक्रनिचये यो हंसरूपः शिवो
नित्यानन्दगुरुप्रसादविभवाद् भावादिसंज्ञोऽभवत् ।
आचारादिविभेदतः पुनरसौ षड्लिङ्गरूपोऽभवत्
तस्मै श्रीगुरुमूर्तये गिरिसुताभर्त्रे नमस्कुर्महे ॥१॥

वेदाः शास्त्राण्यागमा यत्प्रणीताः
पुंसामिष्टप्राप्तयेऽनेकरूपान् ।
कर्मोपास्तिज्ञानभेदेन भिन्नान्
हेतून् लोके ख्यापयन्ते नमोऽस्मै ॥ १ ॥

कमलों में विहार करनेवाले राजहंस पक्षी की तरह शरीररूपी उपाधि के आधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञा नामक चक्रों में जो निरन्तर विहार करता है और शिवदीक्षा नामक संस्कार से तथा गुरु की अनुकम्पासे भावलिंग, प्राणलिंग, इष्टलिंग नामक तीन उपाधियों को पाकर महालिंग, प्रसादलिंग, जंगमलिंग, शिवलिंग, गुरुलिंग और आचारलिंग नागक छः रूपों में बदल जाता है, अपनी अनन्य शक्ति से युक्त उस अद्वितीय परशिव को हमलोग परम भक्ति से प्रणाम करते हैं ॥

इस प्रकार ग्रन्थ के आरम्भ में भगवान् नन्दिकेश्वर से सम्बद्ध इस मङ्गलाचरण (वन्दना) को देखने से ऐसा लगता है कि ग्रन्थकार षट्स्थल (वीरशैव) सिद्धान्त

बाणः कस्य बभूव पद्मनयनः कस्याभवत् पद्मभू-
र्यन्ता कस्य महीरथः समभवत् पत्राणि वेदास्तथा ।
त्रैलोक्यप्रलयाग्निवत् प्रविततं हालाहलं वाऽपिबत्
को यः शम्भुमुपेक्ष्य लोककुशलैर्देवः समाश्रीयताम् ॥ २ ॥

श्रौते कर्मणि सन्ति वैदिकगिरो वैतानिके निष्ठिताः
स्मार्तेऽपि स्मृतयो महर्षिविहिता भूयस्य एवेक्षिताः ।
किन्त्वासामवधानतो हृदययुग्भावार्थसंवीक्षणे
तात्पर्यं परमेशतोषणविधावेकान्ततः सिद्धयति ॥ ३ ॥

को अच्छी तरह जानने वाले हैं । इसीलिए इस षट्स्थल सिद्धान्त में प्रवेश पाने के लिए इष्टलिंग धारण को वे प्रथम सोपान मानते हैं, क्योंकि इस चराचरात्मक प्रपंच के सृष्टि-स्थिति-लय तिरोधान और अनुग्रहरूप पंचकृत्य का वैचित्र्य जिस परम शिव-रूपी दीवाल पर दीखकर लय हो जाता है, उस परम शिव को स्थल कहा जाता है । इस स्थल शब्दवाच्य ब्रह्म में एक स्वाभाविक अनन्य शक्ति है । उस नित्यशक्ति से विशिष्ट वह परमेश्वर जगत् की सर्जना करते हैं । जैसे थोड़ी सी हवा से समुद्र में लहरें उत्पन्न हो जाती हैं, वैसे ही अनन्त शक्तिविशिष्ट प्रशान्त महासागर रूपी शिव में नामरूपात्मक इस जडाजड प्रपंच की उत्पत्ति के पूर्व वह परमेश्वर एक होने पर भी उसमें उपास्य और उपासक के रूप में विभक्त होने की इच्छा का उदय हो जाता है । इसी इच्छा को ईषच्चलन व विमर्श शक्ति का स्फुरण कहा जाता है । इस प्रकार स्फुरणमय परब्रह्म में होनेवाली इच्छा भी स्फुरणात्मक क्रिया होने के कारण उस सर्वव्यापक परब्रह्म में अन्य चलन क्रियाओं के उत्पन्न होने की आशंका भी नहीं हो सकती । ऐसी निरंकुश स्वतन्त्रता से विशिष्ट वह परब्रह्म अपनी विमर्शशक्त्यात्मक स्फुरणरूपी क्रिया से लिंगस्थल और अंगस्थल के रूप में विभक्त हो जाता है । इन दोनों से अतिशयित होकर स्वप्रकाशत्वांश में स्फुरित चैतन्य को ही लिङ्गतत्त्व कहते हैं और न्यूनभाव को प्राप्त होकर अपने स्वप्रकाशत्वांश में स्फुरित होनेवाले चैतन्य को अंगतत्त्व कहते हैं । यह लिङ्गस्थल भावलिङ्ग, प्राणलिङ्ग, इष्टलिङ्ग के नाम से तीन प्रकार से जाना जाता है । इनमें से पहला भावलिङ्ग महालिङ्ग और प्रसादलिङ्ग होकर दूसरा प्राणलिङ्ग जंगमलिङ्ग और शिवलिङ्ग होकर तीसरा जो इष्टलिङ्ग है, वह गुरुलिङ्ग और आचारलिङ्ग होकर कुल छः लिङ्गों के रूप में जाना जाता है । उस समय उस परमेश्वर में रहने वाली स्वप्रकाशता शक्ति भी चिच्छक्ति, पराशक्ति, आदिशक्ति, इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रिया-

आस्तां राज्यमखण्डभूमिवलये स्वातन्त्र्यसौख्याञ्चितं
सामन्ताश्च जिता भवन्तु रिपवः कोशे धनेशोपमाः ।
वेदाः साङ्गरहस्यबोधमहिताः स्युर्वाग्विधेयास्तथा-
पीशानस्य पदारविन्दयुगले चित्तं न चेत् किं ततः ॥ ४ ॥
तस्मादीश्वरतोषमेव मनुजो नित्यं विदध्यान्मनो-
वाक्कायैरिति संविभाव्य मुनयः प्राग् वामदेवादयः ।
वैराग्येण निरस्य मानसगताः सांसारिकीर्वासनाः
स्वभ्यासेन निगृह्य चित्तमभवंस्तद्ध्यानलीनाशयाः ॥ ५ ॥

शक्ति के रूप में विभक्त होकर उपर्युक्त महालिङ्ग आदि छः लिङ्गों के आश्रय में रहने लगती है। इन छः लिङ्गों में प्रथम जो चिच्छक्तिरूप महालिङ्ग है, वह सर्व-पदार्थग्राहक हृदयरूप होने के कारण गोप्य कहा जाता है। दूसरा पराशक्तिरूप प्रसादलिंग शब्दग्राहक श्रोत्रेन्द्रिय के आश्रय में रहता है। तीसरा आदिशक्तिरूप जंगमलिङ्ग स्पर्शग्राहक त्वगिन्द्रिय के आश्रय में रहता है। चौथा इच्छाशक्तिरूप शिवलिङ्ग रूपग्राहक चक्षुरिन्द्रिय के आश्रय में रहता है। पाँचवां ज्ञानशक्तिरूप गुरुलिङ्ग रसग्राहक रसनेन्द्रिय के आश्रय में रहता है और छठा क्रियाशक्तिरूप आचारलिङ्ग गन्धग्राहक घ्राणेन्द्रिय के आश्रय में रहता है।

इसके बाद न्यूनभाव को प्राप्त वह अंग(जोव)स्थल योगांग, भोगांग और त्यागांग नामक तीन सार्थक नामों से विभक्त हो जाता है। गुरुलिंग और जंगमों में अभेद होकर (समान रूप में) रहने के कारण प्रथम अंग को योगांग कहते हैं। दूसरा गुरुलिङ्ग-जंगमों को अर्पित प्रसाद को पाने के कारण भोगांग कहलाता है। तीसरे को त्यागांग इसलिए कहते हैं कि वह निष्कपट भाव से गुरुलिङ्ग-जंगमों के निमित्त तन, मन और धन को त्यागने का साधन है। इन तीनों अंगस्थलों में जो प्रथम योगांग है, वह ऐक्य और शरण के नाम से; दूसरा जो भोगांग है, वह प्राणलिंगी और प्रसाद के नाम से और जो तीसरा त्यागांग है, वह महेश्वर और भक्त के नाम से छः प्रकार का स्थल बन जाता है। इन छः स्थलों में प्रथम जो तीन स्थल हैं, वह लिंगांग सामरस्यरूप मुक्ति के लिए प्रमुख कारण माने जाते हैं।

पहले में पतिकर्मविशिष्ट ज्ञानभाग की प्रमुखता है। दूसरा जो स्थलत्रय है, वह ज्ञानविशिष्ट पतिकर्मभाग की प्रमुखता बता रहा है। अनुभवसूत्र से हमें यह ज्ञात होता है कि परब्रह्म में रहनेवाली शक्ति ही प्रवृत्ति मार्ग में शक्ति के नाम से और निवृत्ति मार्ग में भक्ति के रूप में रहती हुई श्रद्धा, निष्ठा, अवधान, अनुभव, आनन्द

यद्यप्यस्ति महेशलाभकृतये ज्ञानं परं कारणं
चित्तं शोधयितुं भवन्त्यपि तथा निष्कामकर्माण्यलम् ।
किन्त्वेतद्द्वयमप्यनन्तकरुणावारांनिधेः पादयो-
र्भक्तेर्नार्हति षोडशीमपि कलामित्याहुराद्या बुधाः ॥ ६ ॥

भक्तिश्चापि पराऽपरेति गदिताऽत्राऽद्यास्ति मुख्येरिता
मुख्यत्वं च फलाभिसन्धिविरहस्तन्मात्रगप्रेमता ।
यावद्भोगविरागवत्त्वमपि वा प्रेम्णैव चैतत्त्रयं
तद्भेदान्नवसंख्यकान् मुनिवरो द्वैपायनः प्रोक्तवान् ॥ ७ ॥

और समरस नामक छः भक्तिस्थलों का स्थान ले लेती है। अपने को पूर्णतया लिंग के लिए समर्पित कर देने के कारण प्रथम भक्ति श्रद्धाभक्ति है। आश्रित लिंग से मन को बाहर नहीं जाने देने के कारण दूसरी भक्ति निष्ठाभक्ति है। एकाग्रचित्त से सावधानी पूर्वक लिंग की उपासना में लगे रहने के कारण तीसरी भक्ति अवधान-भक्ति है। जाग्रत् रहकर लिंग के अनुभव में तल्लीन रहने के कारण चौथी भक्ति अनुभवभक्ति है। लिंग के अनुभव से प्राप्त अखण्ड आनन्द का अनुभव ही आनन्दभक्ति है। इस प्रकार के अखण्डानन्द वैभव से यह लिंग है, यह अंग है (तुम, मैं), इस प्रकार का भेद न हो पाने के कारण सभी जगह शिवभाव की अभिव्यक्ति ही समरसभक्ति है। ऐसी भक्ति को ही लिंगांगसामरस्य कहते हैं।

इस प्रकार निवृत्ति मार्ग में भक्तिरूप को प्राप्त होनेवाली शक्ति ही श्रद्धारूप से परिवर्तित होकर भक्त स्थल में रहती है। वही शक्ति निष्ठारूप से बदलकर महेश्वर स्थल में रहती है। वैसे ही अवधानरूप से परिणाम को प्राप्त होकर प्रसादी स्थल में रहती है। अनुभव रूप को प्राप्त होकर प्राणलिंग स्थल में रहती है। आनन्दरूप से शरण स्थल में रहती है और समरसभाव को प्राप्त होकर ऐक्य स्थल में रहती हुई आत्मा की सहायक होकर उसकी पुनरावृत्ति को जगह न देकर अद्वितीय षट्स्थल परशिवब्रह्मसाक्षात्कार से स्वाभाविक और मलत्रयात्मक मायापाश की निवृत्ति के लिये जीव को शिवत्वाभिव्यक्तिरूप सामरस्य की सिद्धि कराती है। इस प्रकार के मुक्ति के साधनरूप षट्स्थल मार्ग में जो प्रवेश करना चाहता है, वह लिंग-धारणात्मक शिवदीक्षा को लेता ही है। इस दीक्षा के न लेने पर षट्स्थलस्वरूप और षड्लिंगस्वरूप नहीं दीखता। इसलिये ग्रन्थकार ने अपनी वन्दना में लिंगधारण से सिद्ध होने वाले षट्स्थल और षड्लिंगस्वरूप को ध्यान में रखकर अपने इष्टदेवता की स्तुति की है ॥ १ ॥

मामके दहराम्भोजे शारभं पादपङ्कजम् ।
विघ्नान्धकारमार्तण्डमण्डलं सततं भजे ॥२॥
कर्मब्रह्मविचारशास्त्रनिचयप्रोताच्छवाग्वैभवं
लिङ्गाङ्गस्थलतत्त्वबोधकगिरामापादने षण्मुखम् ।
विद्वन्मत्तगजेन्द्रकुम्भदलने कण्ठीरवाडम्बरं
विघ्नध्वान्तरविं नमामि शिरसा मल्लेश्वराख्यं गुरुम् ॥३॥
वेदशास्त्राण्यनालोच्य केचित् पण्डितमानिनः ।
धारणं शिवलिङ्गस्य नाङ्गीचक्रुरमर्षतः ॥४॥

गौणी तूक्तविशेषणैर्विरहिता तावद्भिरेवान्विता
भेदैः प्रेम तु धर्मिभूतमभवत् सर्वान्वितं सूत्रवत् ।
तत्प्रेम स्मरणे श्रुतौ प्रणमने संकीर्तने सेवने
सर्वस्वात्मनिवेदनादिषु तथा संयोजयत्युत्कटम् ॥ ८ ॥
अत्रैवं सति चिन्त्यतां स्वमनसा प्रेमातिसीमं भवद्
देवस्मृत्यवियोगमेत्र वलयत्तन्नित्ययोगेच्छया ।
तादूप्येण विभावितस्य सततं लिङ्गस्य संधारणे
तीव्रोत्कण्ठितवत्करिष्यति न किं भक्तस्य चित्तं मुहुः ॥ ९ ॥

विघ्नरूप गहन अन्धकार को नाश करने में प्रखर (प्रचण्ड) सूर्यस्वरूप, परम शिव के विशुद्ध सत्त्वगुण के मूर्तिस्वरूप भगवान् शरभावतार के चरणारविन्दों का मैं मेरे हृदयाकाश में ध्यान करता हूँ ॥ २ ॥

स्वर्गसाधक ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों के स्वरूप के प्रतिपादक पूर्वमीमांसा शास्त्र में और मुक्ति के साधक ज्ञान के स्वरूप का प्रतिपादन करनेवाली उत्तरमीमांसा में अपार पाण्डित्य को प्राप्त करके अप्रतिहत वाग्वैभव से युक्त होकर, शक्तिविशिष्टाद्वैत (वीरशैव) सिद्धान्त में निरूपित आचार आदि षड्लिंगस्थल एवं भक्त आदि छः अंग-स्थलों के यथार्थ तत्त्व को बताने में साक्षात् षण्मुख होकर, शिवाद्वैत (वीरशैव) सिद्धान्त के खण्डन के निमित्त प्रयत्न करनेवाले पण्डितों के, जो मदोन्मत्त हाथियों की तरह हो, कुम्भस्थल को भेदन करने के लिए उत्सुक शेर सरीखे, ग्रन्थ के आरम्भ में आनेवाले विघ्नरूपी अन्धकार के निवारक प्रचण्ड सूर्य के समान देदीप्यमान श्रीमल्लेश्वर नामक गुरु के चरणारविन्दों में मेरा नमस्कार है ॥ ३ ॥

अपने को विद्वान् माननेवाले कुछ लोग ऋग्वेद आदि तीनों वेदों में, मनु आदि स्मृतियों में, स्कन्द आदि पुराणों में, शिवागमों में, वेदतुल्य महाभारत आदि

स्वयंवरे वरं देहि करोमि भवदाज्ञया ।
तेषां निराससिद्ध्यर्थं लिङ्गधारणचन्द्रिकाम् ।।५।।

भक्त्यैकताने हृदये हि लोको
माहेन्द्रकौबेरपदादि तुच्छम् ।
मत्वा स्वकीयेष्टपदैकसक्तो
नक्तंदिवं ध्यानरतिं तनोति ।। १० ।।

इत्थं भक्तगतीक्षणे च बहुधा युक्त्यैव शम्भोर्महा-
ज्योतिर्लिङ्गसमासनं निजतनौ सिद्धं भवत्यञ्जसा ।
धर्मः केवलशब्दगम्य इति यत्संस्थापनं जैमिनेः
तस्माद्वेदगिरोऽपि तत्प्रमितये शैवैः समुद्भाविताः ।। १० ।।

इतिहासों में पंचावयवों (पंचसूत्रों) से युक्त शिव (इष्ट) लिंग को गले में धारण करने का तथा इष्टलिंग की उपासना के समय हाथ पर रखकर पूजा करने का विधान शास्त्रसंमत होने पर भी उन शास्त्रीय नियमों को न मानकर अवहेलना की दृष्टि से लिंगधारण अनुपयुक्त समझते हैं ।। ४ ।।

परम शिव की इच्छा आदि समस्त शक्तिस्वरूप हे पार्वति ! आप अपनी इच्छा से परशिव को वरण करने के कारण दूसरे की अपेक्षा से विरत होकर अपने भक्तों को वर देने में समर्थ हैं । इसलिए लिंगधारण करना वेदसंमत नहीं है, ऐसा विवाद करने वाले विद्वदभिमानी पण्डितों की हृदय-ग्रन्थि को युक्ति और प्रमाणों से शिथिल करने के लिए लिंगधारणचन्द्रिका नामक ग्रन्थ की रचना में संलग्न आपके इस परम-भक्त पर करुणा के अमृत का प्रसार कर ग्रन्थ को समाप्त करने की सामर्थ्य प्रदान करने की अनुकम्पा करें ।। ५ ।।

शिवलिंग को कण्ठ, मस्तक आदि उत्तम अंगों में धारण कर, तीनों कालों में उस शिवलिङ्ग को हथेली पर रखकर, लौकिक विषयों से उन्मुक्त होकर, क्रम से पूजा करते हुए अपने मन को लिङ्ग में जो लय करता है, वही वीरशैव है । ऐसा व्यास महर्षि स्कन्दपुराण में कहते हैं । इसलिए वीरशैवों का लिङ्गधारण करना एक मुख्य लक्षण है । इस प्रकार मुक्तिसाधन स्वरूप शिव(इष्ट)लिङ्ग को अपने गले में धारण करनेवाले शक्तिविशिष्टाद्वैत (शिवाद्वैत) मत के अनुसार भक्त, महेश, प्रसाद, प्राणलिङ्गी, शरण और ऐक्य नामक छः सीढ़ियों को चढ़ कर साधक शिव में मिल (समरस हो) जाते हैं । इसलिए पूर्वाचार्यों ने शिवदीक्षापूर्वक इष्टलिंग धारण करने के बारे में विशेषरूप से लिखा है। इस वीरशैव सिद्धान्त को भलीभाँति

ते खल्वेवमाहु—लिङ्गधारणं तावन्न वैदिकपरिग्राह्यम्, अवैदिकत्वात् । वैदिकत्वे हि वेदवेदान्तवाक्यप्रतिपाद्यत्वं नियामकम् । नहि तत्र तदन्यतरं पश्यामः । अथवा न वेद-मूलकस्मृत्यादिगम्यत्वम्, मन्वादिस्मृतिषु तत्प्रापकवचना-

---

तासामन्यपरीभाववारणाय कृताऽभवत् ।
स्वेष्टतात्पर्यलब्ध्यै च लिङ्गधारणचन्द्रिका ॥ ११ ॥
कामिकं वातुलं चैव मुकुटं वीरसंज्ञकम् ।
आगमं स्कान्दलिङ्गे च प्राधान्येनाश्रयत्ययम् ॥ १२ ॥
साम्बशम्भोः परं तोषं विधातुं शम्भुपादयोः ।
व्याख्या तस्याः शरन्नाम्नी विधायैषा समर्प्यते ॥ १३ ॥
लोकैषणा भवत्येव यद्यप्यत्र प्रवर्तिका ।
तथापि किञ्चिद् गौरीशस्तुष्येदिति मनोगतम् ॥ १४ ॥

न जानने वाले कई लोग इस लिंगधारण के विषय में नाना प्रकार के सन्देहों से युक्त हैं ।

इन लोगों में कुछ लोग लिंगधारण करने की बात कहीं वेदों में नहीं बताई गई है, इसलिए यह प्रथा अवैदिक है, ऐसा कहते हैं । अन्य कुछ लोग कहते हैं कि शिवलिंग को अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार शास्त्र जैसा कहता है, वैसा लकड़ी, ताम्बा, चाँदी और सोना आदि से बनाये हुए किसी न किसी पीठ पर रखकर भक्ति से पूजा न कर निन्द्य, अपवित्र और मांसमय देह में धारण करना अच्छी बात नहीं है । अन्य लोग परशिव नामक इस पवित्र इष्टलिंग को अपवित्र बायें हाथ पर रखकर पूजा करना तो लोक और शास्त्र के विरुद्ध है, ऐसा कहते हैं । दूसरे कुछ लोग शिवलिंग को संपुट (शिवलिंग को रखने के लिए बनाई गई पेटी) में रखकर, गले में धारण कर, बायें हाथ पर पूजा करने की बात किसी उपनिषद् आदि ग्रन्थों में नहीं बताई गई है और जो नियम श्रुतियों में बताया गया है, वह वैदिक है और जो नियम श्रुतियों में नहीं बताया गया है, वह अवैदिक सिद्धान्त है । यह लिंगधारण करने का विधान वेदों में चर्चित न होने के कारण लिंगधारण करनेवाले लोग वैदिक नहीं हैं, ऐसा कहते हैं । अन्य कुछ लोग कहते हैं कि ग्रन्थ के आरम्भ में मंगलाचरण करने का विधान किसी वेद में स्पष्ट न दीखने पर भी सभी आस्तिक ग्रन्थकार ग्रन्थ की परिसमाप्ति और मंगलाचरण इन दोनों के कार्यकारणभाव को स्वीकारते हुए

दर्शनात् । यदि मन्यसे, मङ्गलाद्याचारस्येवानुमेयवेदमूलकत्वम्, तदप्याशामात्रम्, लिङ्गधारणस्य सकलशिष्टानाचरितत्वेन कतिपयजनाचारस्य वेदानुमापकत्वाभावात् । तथा च निखिलप्रमाणबहिर्भूतस्य लिङ्गधारणस्य कथं वैदिकपरिग्राह्यत्वमिति ? तन्न, "वेदशास्त्रपुराणेषु कामिकाद्यागमेषु च । लिङ्गधारणमाख्यातं वीरशैवस्य निश्चयात् ॥"

शम्भोः शिरसि विभ्राजच्चन्द्रमश्चन्द्रिकेव सा ।
इमां शरदमासाद्य प्रकाशं परमेष्यति ॥ १५ ॥
पतिं गणानामथ सेशगौरीं
सारस्वतं चापि महः प्रणम्य ।
सम्प्रार्थ्य बोधं शिवतत्त्ववेत्त्रीन्
व्याख्यानमस्याः समुपक्रमेऽद्य ॥ १६ ॥

सर्वप्रथम मंगलाचरण करना हो है, ऐसी श्रुति की परिकल्पना जैसे कर लेते हैं, वैसे ही यहाँ पर भी लिंगधारण और मोक्ष इन दोनों का कार्यकारणभाव होने से उसके कारणस्वरूप शिवलिंग को अपने गले में धारण करे, ऐसी श्रुति की कल्पना लिंगधारण के लिए कर सकते हैं। किन्तु इस पर वे सन्देह करते हैं कि यह लिंगधारण शास्त्रसंमत नहीं है, क्योंकि वन्दना करने के बाद ग्रन्थ का आरम्भ करने की विधि कहीं पर किसी श्रुति में न होने पर भी अनादि काल से शिष्टाचार परम्परा के अनुसार रूढ़ होकर आ रही है। इसलिए वैसे एक श्रुतिवाक्य की कल्पना करने का मौका मिल जाता है, लेकिन यहाँ पर अनादिकाल से मोक्ष चाहने वाले शिष्टजनों के लिए शिवलिंग को धारण करने को परम्परा के न होने से आजकल के कुछ लोगों के स्वतन्त्र रूप से अपने गले में शिवलिंग धारण करने मात्र से ऐसी श्रुति की कल्पना करने का अवकाश नहीं है। इस प्रकार मनमाने ढंग से विवाद करने वाले भ्रमित व्यक्तियों के भ्रम का युक्ति, प्रमाण और अनुभव से परिहार करते हुए वीरशैवों के लिए मुख्यतया ग्रहण करने योग्य लिंगधारण मुक्ति के साधन के रूप में वेद और उपनिषदों में प्रतिपादित है, सम्पूर्ण वैदिक, शास्त्रों में स्वीकृत है और अनादिसिद्ध है, इस अभिप्राय को सिद्ध करना ही ग्रन्थ का मुख्य उद्देश्य है।

ग्रन्थकार का यह प्रतिज्ञावाक्य है कि ऋक् आदि वेदों में, मनु आदि स्मृतियों, लिंग आदि महापुराणों और कामिक से लेकर वातुल पर्यन्त अट्ठाईस शिवागमों

इति सिद्धान्तोक्तेः। अस्यार्थः—वेदा ऋगादयः। अनेन भारतस्याप्युपलक्षणम्, "भारतः पञ्चमो वेदः" इत्यभियुक्तोक्तेः। शास्त्राणि स्मृतयः। पुराणानि स्कन्दवायुलैङ्गिकादीनि। आगमाः कामिकादयः। तत्र यजुर्वेदतैत्तिरीयशाखायां ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानरूपान्तर्लिङ्गधारणं विधीयते। तत्र तैत्तिरीयके तु—"दहरं विपाप्मम्" (तै. आ. १०।१०।३)

तत्रादौ लिङ्गधारणस्याऽऽभ्यन्तरबाह्यलिङ्गधारणात्मकतया द्वैविध्येनोभयविधस्यापि तस्य श्रुतिस्मृतिसिद्धत्वे साम्प्रतं निरूपणीये प्रथममाभ्यन्तरलिङ्गधारणस्य श्रुतिसिद्धत्वं बोधयितुं दहरविद्याया हृत्पुण्डरीकान्तरालवर्तिज्योतिर्लिङ्गविषयकत्वं प्रसाधयति—तैत्तिरीयक इत्यादिना। दहरं विपाप्ममिति। इदमत्रोपनिषन्मन्त्रस्वरूपम्—"दहरं विपाप्मं वरवेश्मभूतं यत्पुण्डरीकं पुरमध्यसंस्थम्। तत्रापि दह्रे गगनं विशोकस्तस्मिन् यदन्तस्तदु-

में निरूपित होने के कारण वीरशैव को शिवदीक्षापूर्वक शिवकला से विशिष्ट इष्टलिंग को अपने शरीर में धारण करना चाहिए। लिंग शब्द की व्युत्पत्ति बताते हुए अनुभवसूत्र में कहा गया है कि जडाजडात्मक यह प्रपंच सृष्टि के पूर्व नाम, रूप, क्रिया आदि से रहित होकर जिस ब्रह्म में रहनेवाली अनन्य विमर्शशक्ति के स्फुरण से नाना प्रकार के नाम-रूपों में अभिव्यक्त होकर दीख रहा है, उसी लिंगरूपी ब्रह्म को शिव कहते हैं। "लीनमर्थं गमयतीति लिङ्गम्" इस व्युत्पत्ति से भी यही अर्थ स्पष्ट होता है। इस प्रकार सबका अधिष्ठानस्वरूप लिंग ही परशिव है। इस लिंग के धारण का मतलब यह है कि परशिव शब्द का जो वाच्य है, ऐसे शिवलिंग को निरन्तर हृदय के स्थान पर धारण करना चाहिए।

अन्तर्लिंगधारण का निरूपण

यह लिंगधारण अन्तर्लिंगधारण और बाह्यलिंगधारण नाम से दो प्रकार का है। दहराकार (हृदय पुण्डरीक) में ज्योतिस्वरूप शिवलिंग का निरन्तर ध्यान करना ही अन्तर्लिंगधारण है। भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए 'घृतकाठिन्य' (अर्थात् पिघले हुए घी का जम जाना) इस न्याय के अनुसार वही ज्योतिर्लिंग जब इष्टलिंग के रूप में परिवर्तित हो जाता है, तो उसी को हृदय पर धारण करना ही बाह्यलिंगधारण है। बाह्यलिंगधारण के बिना अतिसूक्ष्म अन्तर्लिंगधारण नहीं सिद्ध हो सकता। इसलिए मुमुक्षु के लिए दोनों प्रकार के लिंगों का धारण अत्यावश्यक होने से ये दोनों लिंगधारण श्रुतिप्रतिपाद्य

इत्यारभ्य "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" (तै. आ. १०।१०। ३) इत्यन्तेन उपासना विधीयते । तत्किमित्याकाङ्क्षायाम्—

पासितव्यम्॥"(तै०आ० १०।१०।३) इति। अत्र भाष्यम् —"यदेतत् पुण्डरीकमष्टदलं हृदयकमलमस्ति। कीदृशम् ? दहरम् अल्पम्, अङ्गुष्ठमात्रपरिमितत्वात्। विपाप्मं चित्तैकाग्र्यस्थानत्वेन पापरहितम्। वरवेश्मभूतं वरस्य श्रेष्ठस्य परमात्मन उपलब्धिस्थानत्वेनोपास्तिस्थानत्वेन च गृहरूपम्। पुरमध्यसंस्थं हस्तपादादिभिः सर्वैरवयवैः पूर्यत इति पुरम्, तस्य मध्ये कुक्ष्युरसोरन्तरावस्थितम्। तत्रापि तस्मिन्नपि पुण्डरीके दह्रेऽल्पप्रदेशे गगनमाकाशवदमूर्तं ब्रह्मरूपमस्ति। ब्रह्मणः सर्वगतत्वेऽपि घटाकाशवत् पुण्डरीकस्थानापेक्षयाऽल्पत्वमुपचर्यते। तथा च श्रुत्यन्तरम्—"अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः" (छा. उ. ८।१।१) इति। दहराकाशस्य च ब्रह्मत्वं दहराधिकरणे (ब्र. सू. १।३।५) निर्णीतम्। अत एव विशोकः, छान्दसं पुंस्त्वम्, शोकरहितं गगनशब्दवाच्यं ब्रह्म। एवं सति तस्मिन् पुण्डरीकेऽन्तः मध्ये यद् ब्रह्मतत्त्वमस्ति, तदुपासितव्यं विजातीयप्रत्ययरहितेन सजातीयप्रत्ययप्रवाहेण चिन्तनीयम्" (सा. भा. १०।१०।३) इति। अस्यां श्रुतौ "तत्रापि दह्रे गगनं विशोकस्तस्मिन् यदन्तस्तदुपासि-

हैं। इस बात को सिद्ध करने का उपक्रम करते हुए ग्रन्थकार प्रथम तैत्तिरीयोपनिषत् के प्रमाण से अन्तर्लिंगधारण की सिद्धि करने के बाद बाह्यलिंगधारण की सिद्धि का प्रयत्न करते हैं।

दहरं = सूक्ष्म, विपाप्मं = दुःख के हेतुभूत पाप से अलग, वरवेश्मभूतं = जो श्रेष्ठ परशिव है उनका निवास स्थान, पुरमध्यसंस्थं = पुर "पूर्यत इति पुरम्" इस व्युत्पत्ति के अनुसार हस्त, पाद आदि अवयवों से विशिष्ट इस देह के, मध्ये = छाती और पेट के बीच में, संस्थं = चमकने वाला, यत् = जो, पुण्डरीकं = हृदयकमल है, तत्रापि = इस प्रकार के हृदय-कमल के, दह्रे = सूक्ष्म प्रदेश में, गगनं = आकाश की तरह एक अमूर्त दिव्य ज्योति है, तत् = वैसी दिव्य ज्योति तो, विशोकः = शोक और मोह से अतिदूर है, तस्मिन् = ऐसी दिव्य ज्योति के निवास स्वरूप हृदय चक्र में, यत् = जो वस्तु है, तत् = उस वस्तु का, उपासितव्यम = सोऽहं भाव से ('वह मैं हूँ' ऐसी भावना से) निरन्तर ध्यान करना चाहिए।

इस मन्त्र में 'गगनं विशोकः' अर्थात् हृदयकमल पर गगन शब्द से निरूपित ब्रह्मतत्त्व है, ऐसा वाक्य तो है, लेकिन इससे आगे "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" ऐसा वाक्य होने से उस ब्रह्म से भिन्न कोई वस्तु है, ऐसी भ्रान्ति हो जाती है।

"यो वेदादौ स्वरः प्रोक्तो वेदान्ते च प्रतिष्ठितः। तस्य प्रकृतिलीनस्य यः परः स महेश्वरः ।।" (तै. आ. १०।१०।३) इत्यनेन "शिवः शूली महेश्वरः" (अ. को. ९।९।३०) इति

तव्यम्" इत्युक्त्या गगनस्यापि मध्ये वर्तमानं गगनशब्दवाच्यब्रह्मतत्त्वातिरिक्तमेव किञ्चिद्वस्तूपासितव्यमिति भ्रमः सम्भाव्यते, तन्मा सम्भावीति भाष्यकारेण विशोकान्तं व्याख्याय मध्ये "एवं सति" इति योजितम्। ततश्च तस्मिन् यदन्तरित्यत्र तत्पदेन गगनं न परामर्शनीयम्, अपि तु व्यवहितमपि पुण्डरीकमेव परामष्टव्यम्। ततश्चायमर्थः फलति—यतो हृत्पुण्डरीके ब्रह्मतत्त्वस्य वासस्थानम्, अतस्तस्मिन् वर्तमानं ब्रह्मतत्त्वमुपासितव्यमिति।

यो वेदादाविति। वेदस्य अध्येतव्यस्य, आदौ प्रारम्भे, स्वरः स्वरघटितः प्रणवरूपः शब्दः, प्रोक्तः—"ब्रह्मणः प्रणवं कुर्यादादावन्ते च सर्वदा। स्रवत्यनोङ्कृतं पूर्वं परस्ताच्च विशीर्यति।।" इति मानववाक्ये उच्चारयितव्यत्वेन विहितः, वेदान्ते माण्डूक्योपनिषदादौ, प्रतिष्ठितः मात्राविभागेन व्याख्यातः, तस्य प्रणवस्य, प्रकृतौ कारणे मात्रात्मकेऽवयवे, लीनस्य संहितयाऽविभागं प्राप्तस्य अ उ म् इति विभक्तावस्थातः ॐ इत्यविभागावस्थां प्राप्तस्येति

ऐसी भ्रान्ति होने न पावे इसलिए भाष्यकार "गगनं विशोकः" यहाँ तक एक वाक्य को पूरा करके इससे आगे "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" इस वाक्य के 'तस्मिन्' शब्द के पूर्व में स्थित अव्यवहित गगन पद को न लेकर, इस गगन पद के पूर्ववर्ती व्यवहित पुण्डरीक पद को ही लेकर मन्त्र का अर्थ करते हैं।

इसके अनुसार दहराकाश में अतिसूक्ष्म, पापरहित, परिच्छेदशून्य, पूर्णकुम्भ को तरह शान्त एवं ज्योतिस्वरूप वस्तु की ही अनवरत उपासना करनी चाहिए, ऐसा सिद्ध हो जाता है। इससे उपास्य वस्तु क्या है? इसका कोई निर्णय नहीं हो पाता। कोई उपासक जिस किसी भी वस्तु की उपासना करना चाहे तो वह वस्तु क्या है? उसका स्वरूप क्या है? उसका नाम और रूप क्या है? इन प्रश्नों का समाधान हो जाने पर ही उसकी उस वस्तु के प्रति प्रवृत्ति हो पाती है। इसलिए दहराकाश में देदीप्यमान ज्योति क्या है? उसका स्वरूप बताने के लिए उसी श्रुति के आगे वह उपास्य वस्तु क्या है? उसका वर्णन किया जाता है—

यः = जो स्वर, वेदादौ = वेदों के आदि में, च = और, वेदान्ते = ईश, केन आदि उपनिषदों में है, प्रकृतिलीनस्य = अकार, उकार, मकार आदि अवयव विशिष्ट, तस्य = उस ॐकाररूप स्वर के, यः = जो देवता, परः = वाच्यार्थ होकर है, सः = वह देवता, महेश्वरः = परशिव ही है।

कोशावगतरूढ्या शिवैकान्तिकमहेश्वरपदावरुद्धवाक्येन उपास्य-

यावत्, यः परो मुख्यत्वेन प्रतिपाद्यः, स महेश्वर इत्यर्थः। प्रणवस्यैकैक-मात्रया ब्रह्मविष्णुरुद्रा देवाः, ऋग्यजुःसामानि वेदाः, भूः भुवः स्व इत्येते त्रयो लोकाः, एवंरूपेण विशकलिताः पदार्था अभिधीयन्ते। ओमिति समस्तेन तु सर्वसमष्ट्याश्रयरूपं माहेश्वरं तत्त्वमुच्यत इत्याशयः। इदं च माण्डूक्योपनिषदि गौडपादाचार्यकारिकासु च स्पष्टम्। वेदभाष्ये तु—"यो वेदादौ स महेश्वरः" इति प्रतीकमुपादाय—"वेदानाम् "अग्निमीळे पुरोहितम्" (ऋ. १।१।१), "इषे त्वोर्जे त्वा" (शु. य. १।१) इत्यादीनाम्, आदिः उपक्रमः, तस्मिन्नुपक्रमे यः स्वरः यो वर्णः प्रणवरूपोऽस्ति, स च स्वरः प्रणवः, वेदान्ते चोपनिषदि—"ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम्" इत्यादिकायाम्, प्रतिष्ठितः प्रतिपादितः। स च स्वरः प्रणवः, ध्यानकाले प्रकृतौ अव्याकृते जगत्कारणे लीनो भवति। अकारोकारमकारेषु विराड्ढिरण्यगर्भाव्याकृतानि ध्यात्वा विराड्रूपमकारमुकारे प्रविलाप्य तं चोकारं हिरण्यगर्भमूलप्रकृतिरूपे मकारे प्रविलापयेत्। तस्य च प्रकृतौ लीनस्य प्रणवस्य यः परः स चतुर्थमात्रारूपेण नादे ध्यातव्य उत्कृष्टोऽस्ति, सोऽयं महेश्वरो विज्ञेयः। अनेन मन्त्रेण पूर्वोक्तगगनशब्दवाच्यं वस्तु प्रपञ्चितम्" इति व्याख्यातम्।

शिवैकान्तिकमहेश्वरपदावरुद्धवाक्येनेति। शिवैकान्तिकं नियमेन शिव एव प्रयुज्यमानं यन्महेश्वर इति पदम्, तद्युक्तेन यो वेदादौ स्वरः प्रोक्त

शङ्का—इस मन्त्र में आये हुए पदों को लेकर विचार करने पर इसके पहले मन्त्र में बताई गई दहराकाश में उपासना की जानेवाली वस्तु महेश्वर रूप वस्तु है, ऐसा लगता है। महेश्वर पद का अर्थ तो 'महाँश्चासौ ईश्वरश्च' इस कर्मधारय समास का आश्रय लेकर उसके अवयवों के आधार पर विष्णु, इन्द्र आदि जिस किसी देवता की भी उपासना करना हो सकता है, न कि नियमपूर्वक एक परशिव की ही उपासना करना ?

समाधान—महेश्वर पद के अवयवार्थ से दूसरी देवता को ग्रहण करने का अवकाश है, लेकिन "रूढिर्योगमपहरति" इस प्रमाण से रूढ्यर्थ द्वारा योगार्थ के दुर्वल बना देने के कारण मन्त्र में स्थित महेश्वर पद शिव में रूढ है, न कि किसी अन्य देवता में। इसलिए महेश्वर पद का शिव अर्थ करना ही समुचित है। इस अर्थ के समर्थन में बहुत से पूर्व वाक्य हैं, फिर भी "शम्भुरीशः पशुपतिः शिवः शूली महेश्वरः" इस अमरकोश के वाक्य से भी महेश्वर पद परशिव का पर्याय है, न

वस्तुविधानात्, उपासनाया गुणविषयकत्वेन तत्किंगुणकमित्याकाङ्क्षायाम्—"ऋतं सत्यं परं ब्रह्म" (तै. आ. १०।१२।१)

इत्यादिवाक्येन। उपास्यवस्तुविधानादिति। तदुपासितव्यमिति विहितामुपासनामनूद्य सा किं विष्णुविषयिणी शिवविषयिणी वेति जिज्ञासायां "यो वेदादौ स्वरः प्रोक्तः" (तै. आ. १०।१०।३) इत्यनेन महेश्वरविषयिणी सेति निर्णयस्य प्रत्यासत्तिन्यायसहायेन करणादित्यर्थः। तेन विधेयताबोधकलिङादिपदाभावेऽपि न क्षतिः।

गुणविषयकत्वेनेति। "तं यथा यथोपासते तत्तदेव भवति" (श. ब्रा.) इति श्रुतेः, उपासनायाः स्वप्रकारीभूतगुणानुरोधेनैव तत्तत्फलप्रयोजकतया निर्विकल्पकातिरिक्तज्ञानस्य सप्रकारकत्वनियमाच्चोपासनाया गुणविषयकत्वमिति भावः।

ऋतं सत्यं परं ब्रह्मेति। "ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं कृष्णपिङ्गलम्। ऊर्ध्वरेतं विरूपाक्षं विश्वरूपाय वै नमः॥" (तै.आ. १०।१२।१) इत्यस्मिन्नेव प्रकरणे पठितमन्त्रेण कृष्णपिङ्गलत्वोर्ध्वरेतस्त्वविरूपाक्षत्वरूपाणां त्रयाणां धर्माणां "विरूपाक्षस्त्रिलोचनः" (अ. को. १।१।३२) इति कोशवशात् शिवैक-

कि किसी अन्य देवता का। इसलिए एक शिव में सामर्थ्य रखने वाला यह महेश्वर पद इस मन्त्र में प्रधानभूत विशेष्य पद होने के कारण इसके निकट में रहने वाले महेश्वर शब्दवाच्य शिव को छोड़कर विष्णु आदि किसी अन्य देवता के दहराकाश में उपास्य वस्तु के रूप में स्वीकार करने पर "अव्यवहित उत्तर शब्द का अर्थ पूर्व से सम्बन्धित रहता है" इस प्रत्यासत्तिन्याय के विरुद्ध हो जाता है। इसलिए इस न्याय के अनुसार पिछले मन्त्र के दहराकाश में प्रकाश्यमान ज्योतिस्वरूप वस्तु शिवस्वरूप वस्तु ही हैं, ऐसा निश्चय होता है। उपासक परमात्मा को जिन-जिन गुणों और आकारों से विशिष्ट मानकर उपासना करता है, वह उन-उन गुणों और आकारों को प्राप्त कर लेता है, ऐसा श्रुति कह रही है। इसके अतिरिक्त जिस वस्तु में ऐसा असाधारण गुण नहीं होता, उस वस्तु में उपासक की प्रवृत्ति नहीं होगी। इसलिए महेश्वर को अनन्त कल्याणगुणविशिष्ट निरूपित करने की अपेक्षा इस मन्त्र से पहले के मन्त्र में तैत्तिरीय श्रुति महेश्वर के गुणों का निरूपण करती है।

ऋतं = वाणी का अविषय, सत्यं = मन से अगम्य, परं = श्रेष्ठ, ब्रह्म = व्यापक से व्यापक, खुद प्रपंच के रूप में परिणत, पुरुषं = सम्पूर्ण प्राणियों के हृदय में निवास करने वाला, कृष्णपिङ्गलं = दायें काले और बायें लाल वर्ण से युक्त,

निष्ठत्वेन निर्णीतानामुपास्यविशेषणतया विधानात् परमशिवविषयिण्येव दहरविद्येति गम्यते। ऋतमित्यादिमन्त्रार्थस्तु भाष्ये एवं दर्शितः—यदेतत्परं ब्रह्म तत्सत्यम् अबाध्यम्। सत्यं च द्विविधम्—व्यावहारिकं पारमार्थिकं च। हिरण्यगर्भादिकं रूपं व्यावहारिकं सत्यम्। तन्निवारणेन पारमार्थिकसत्यं प्रदर्शयितुमृतं सत्यमिति विशेष्यते, अत्यन्तं सत्यमित्यर्थः। तादृशं ब्रह्म स्वभक्तानुग्रहायोमामहेश्वरात्मकं पुरुषरूपं भवति। तत्र दक्षिणे महेश्वरभागे कृष्णवर्णः। उमाभागे पिङ्गलवर्णः। स च योगेन स्वकीयं रेतो ब्रह्मरन्ध्रे

ऊर्ध्वरेतं = द्युलोक पर्यन्त देदीप्यमान, विरूपाक्षं = सूर्य, चन्द्र और तेज ही जिनका नेत्र है वह वस्तु, तस्मै = उस, विश्वरूपाय = जगत्स्वरूप ब्रह्मपदवाच्य महेश्वर के निमित्त, नमः = नमस्कार है।

विचार—इस मन्त्र में 'ऋतं सत्यं' ऐसे दो विशेषण हैं। इन दोनों पदों के सत्यार्थ के ही प्रतिपादक होने से 'ऋतं' इस पद का व्यावहारिक सत्य और 'सत्यं' इस पद का पारमार्थिक सत्य, ऐसा कुछ लोग अर्थ करते हैं। यह अर्थ शक्तिविशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के विरुद्ध है, अतः इस सम्प्रदाय के भाष्यकार उस पद का अलग ही अर्थ स्वीकार करते हैं। जैसा कि प्रपंच के सभी मनुष्य अल्पमति होने के कारण अपनी अपनी वाणी में, अपने अपने मन के विचारों में वैविध्य रखते हैं। ब्रह्मशब्दवाच्य परशिव तो वैसे वाग्विपर्यास का आस्पद नहीं है, यह अर्थ 'सत्यं' इस पद से व्यक्त होता है और 'पुरुषं' इस पद से "पुरि शेत इति पुरुषः" इस व्युत्पत्ति के अनुसार अर्थ समस्त प्राणियों के हृदय में भासता है। ब्रह्मपद की "बृहत्वाद् बृंहणत्वाच्च" इस व्युत्पत्ति के अनुसार वह व्यापक से व्यापक होकर अपने आप प्रपंच के रूप में बदल गया है। 'कृष्णपिङ्गलम' इस विशेषण से अग्नि में जैसी दाहकत्व शक्ति रहती है, वैसी शक्ति के विकास से शिव प्रपंच के रूप में बदल जाते हैं। "सर्वो वै रुद्रः" इस प्रकार की श्रुतियाँ इसी अर्थ का प्रतिपादन करती हैं। इस प्रकार की शक्ति से परशिव अनेक (चित्र) वर्ण से युक्त होने के कारण दायें काला एवं बायें पिंगल वर्ण वाला है। 'ऊर्ध्वरेतं' इस पद का कुछ भाष्यकार ऐसा अर्थ लिखते हैं कि योगबल के कारण ऊर्ध्वरेता है। यहाँ पर "कृशानुरेताः सर्वज्ञः" इस प्रामाणिक अमरकोश वाक्य के अनुसार शिव का रेतस् अग्निरूप ही है। इसलिए 'कृशानुरेताः' ऐसा कहा गया है। इस प्रकार का अग्निरूप तेज तो लम्बी सी प्रकाश की रेखा है, अतः परशिव ब्रह्म को ऊर्ध्वरेता कहा गया है। 'विरूपाक्षं' इस पद का "विरूपाक्षस्त्रिलोचनः" इस कोश

इति मन्त्रेण परमशिवासाधारणगुणविधानाच्च शिवतत्त्वस्वरूपं तदित्यवगम्यते ।

धृत्वा ऊर्ध्वरेता भवति । त्रिनेत्रत्वाद्विरूपाक्षः । तादृशं परमेश्वरमनुसृत्येति शेषः । विश्वरूपाय जगत्कारणत्वेन सर्वजगदात्मकाय विरूपाक्षाय पुरुषायैव नमस्कारोऽस्त्विति ।

वाक्य के अनुसार सम्पूर्ण जगत् के आधारभूत सूर्य, चन्द्र और अग्नि ही नेत्र हैं । 'विश्वरूपाय' इस पद का अर्थ है—खुद विश्व के रूप में परिणत होने से वह उपादानकारण हैं और जगन्नियन्ता होने से निमित्तकारण भी हैं । "सर्वो वै रुद्रः" आदि श्रुतियाँ भी शिव तो "विश्वरूप है, विश्वाधिपति है" ऐसा प्रतिपादन करती हैं । इसलिए उस शिव के लिए नमस्कार है, कहकर श्रुति परशिव की ही स्तुति करती है । इस प्रकार मन्त्र में आये हुए ऋत, सत्य, पुरुष, कृष्णपिङ्गल, ऊर्ध्वरेतस्, विरूपाक्ष और विश्वरूप ये सब विशेषण शिव में रहनेवाले असाधारण गुणों का बोध कराते हैं, अतः दहर पुण्डरीकमें उपासना की जानेवाली वस्तु शक्तिविशिष्ट परशिव ही है, न कि दूसरी कोई वस्तु, यह बात स्पष्ट हो जाती है ।

शङ्का—ओह ! यह क्या है ? दहराकाश में उपासना की जानेवाली वस्तु परशिव है, ऐसा हम मान लेते हैं, लेकिन वह शिव तीन नेत्रवाला है, उमारूप स्थूल परिणाम को प्राप्त शक्तिविशिष्ट है, कृशानुरेता है और मनुष्यों की तरह वाग्विन्यास एव मनोविकारवाला है, इस कथन से शिव के साथ शरीर का सम्बन्ध जोड़ा गया है । इस प्रकार शिव का स्थूल शरीर है, तो मनुष्यों की तरह उसका भी सुख-दुःख आदि भोगों का सम्बन्ध है, ऐसा मानना पड़ेगा ?

समाधान—शरीर धारण करने पर सुख-दुःख आदि भोगों का अनुभव तो करना ही है, लेकिन सुख-दुःख आदि भोगों का अनुभव जीवात्मा के शरीर को होता है, न कि इससे भिन्न शरीरवालों को । परशिव ब्रह्म के शरीर और सुख-दुःख आदि भोगों के आस्पद जीवों के शरीर में बहुत अन्तर है । परशिव में त्रिलोचनत्व, कृष्णपिङ्गलत्व, ऊर्ध्वरेतस्त्व आदि गुण अपनी इच्छा से आये हैं और जीवों का शरीर उन लोगों के द्वारा किये हुए पुण्य-पापरूप कर्मो से आया हुआ है । परशिव त्रिलोचनत्व आदि शरीरवाला होने पर भी छान्दोग्य श्रुति के अनुसार पापरहित है, वृद्धावस्था से परे है । मरण-शोक, भूख-प्यास आदि परमात्मा में नहीं हैं । वह सत्यकाम और सत्यसंकल्पवाला है । जीवात्मा पाप-पुण्य आदि कर्मों के द्वारा सम्पादित शरीरवाला होकर उन पाप-पुण्यों के

नन्वस्यामेवोपनिषदि "सहस्रशीर्षं देवम्" (तै. आ. १०।११।१) इत्यनुवाकेन सहस्रशीर्षत्वादिगुणकस्य नारायणस्या-

---

नन्वस्यामेवोपनिषदि सहस्रशीर्षं देवमित्यनुवाकेनेति। अयमस्ति सोऽनुवाकः—"सहस्रशीर्षं देवं विश्वाक्षं विश्वशम्भुवम्। विश्वं नारायणं देवमक्षरं परमं प्रभुम्॥ विश्वतः परमं नित्यं विश्वं नारायणं हरिम्। विश्वमेवेदं पुरुषस्तद्विश्वमुपजीवति॥ पतिं विश्वस्यात्मेश्वरं शाश्वतं शिवमच्युतम्। नारायणं महाज्ञेयं विश्वात्मानं परायणम्॥ नारायणः परो ज्योतिरात्मा नारायणः परः। नारायणपरं ब्रह्म तत्त्वं नारायणः परः॥ नारायणः परो ध्याता ध्यानं नारायणः परः। परादपि परश्चासु तस्माद्यस्तु परात्परः॥ यच्च किञ्चिज्जगत् सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा। अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः॥ अनन्तमव्ययं कविं समुद्रेतं विश्वशम्भुवम्। पद्मकोशप्रतीकाशं हृदयं चाप्यधोमुखम्॥ अधोनिष्ट्या वितस्त्यां तु नाभ्यामुपरि तिष्ठति। ज्वालामालाकुलं भाति विश्वस्यायतनं महत्॥ सन्ततं शिराभिस्तु लम्बत्याकोशसन्निभम्। तस्यान्ते सुषिरं सूक्ष्मं तस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितम्॥ तस्य मध्ये महानग्निर्विश्वार्चिर्विश्वतोमुखः। सोऽग्रभुग् विभजंस्तिष्ठन्नाहारमजरः कविः॥ तिर्यगूर्ध्वमधःशायी रश्मयस्तस्य सन्तता। सन्तापयति स्वं देहमापादतलमस्तकम्॥ तस्य मध्ये वह्निशिखा अणीयोर्ध्वा व्यवस्थिता। नीलतोयदमध्यस्था विद्युल्लेखेव भास्वरा॥ नीवारशूकवत् तन्वी पीता भास्वत्यणूपमा। तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः। स ब्रह्मा स शिवः स हरिः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्॥" (तै. आ. १०।११।१-२) इति। यद्यपि पूर्वानुवाकः "यः परः स महेश्वरः" (तै. आ. १०।१०।३) इत्यत्रैव समाप्तः, नारायणानुवाकश्च ततो भिन्न एव। एतावन्मात्रेणैव पूर्वोक्तदहरोपासनाया महे-

अनुसार सुख-दुःखों का अनुभव करने वाला होता है। परशिव तो वैसे निम्न शरीर को धारण नहीं करता, बल्कि अपनी इच्छा से अप्राकृत दिव्य मंगल लीलाओं के आस्पद शरीर को धारण करता है। इसलिए कर्म जन्य जीवों के शरीर में जो दोष देखा जाता है, वह दोष परशिव को स्पर्श नहीं कर सकता। "स्थिरेभिरङ्गैः पुरुरूप उग्रः" यह ऋक्संहिता भी इसी अर्थ का प्रतिपादन करती है।

शङ्का—दहराकाश में उपासना की जानेवाली वस्तु परशिव है, ऐसा निश्चय हो जाने पर भी उसी तैत्तिरीय श्रुति में—"जो हजारों शिर वाला है, हजारों नेत्र वाला है, प्रपंच के लिये सुखदेनेवाला है, प्रपंच स्वरूप है, नाश रहित है,

भिहितत्वेन तस्यैव दहरोपासनोपास्यत्वं किं न स्यादिति

श्वरविषयकत्वं सिद्धम्, तथापि हृदयपद्मकोशादीनां चर्चाया अस्मिन्नप्यनुवाके सत्त्वेनैतच्छङ्कोत्थानं बोध्यम्।

अत्रैतत्समाधानाय चन्द्रिकाकारः कैवल्योपनिषदथर्वशिरःकठवल्लीवाक्यानि समानविषयाण्याश्रित्य दहरविद्यायाः परमशिवविषयकत्वं प्रसाध्योक्तोपासनाया अनियतविषयकत्ववारणायोपासनाधिकरणीभूतहृदयप्रतियोगित्वेन नारायणस्योपनिबन्धमुपासकाकाङ्क्षाशान्त्यर्थं वर्णयति, नारायणस्य स्वहृदयपुण्डरीकेऽनितरसाधारणज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानेन ब्रह्मभावापन्नतया "नारायणपरं ब्रह्म तत्त्वं नारायणः परः" (तै. आ. १०।११।१) इत्यादिवाक्यान्यपि योजयति, नारायणात् परमिति पञ्चमीसमासेऽपि कस्यचिच्छैवस्याशयं दर्शयति, परन्तु नारायणोपनिषद्गतानां सर्वेषां वाक्यानां स्वारस्येनैवंप्रकारेण योजयितुमशक्यत्वान्निष्पक्षपातवुद्धिभ्य इदं व्याख्यानं न रोचिष्यत इति नराणां समूहोऽयनं यस्येति व्युत्पत्तिमाश्रित्य अनुवाकत्रयस्योपक्रमोपसंहारपर्यालोचनेन च परमशिवमेव नारायणपदेन गृहीत्वा प्रकृतोपासनाया अनियतविषयकत्वं वारणीयम्। उपासनाया मानसक्रियारूपतया एकस्मिन्नेव प्रतीकेऽनेकोपासनायाः शास्त्रेषु दृष्टतया दहरोपासनाया अप्यनियतविषयकत्वे न काचित् क्षतिरित्यपि शक्यते वक्तुम्। तथा सत्याभ्यन्तरलिङ्गधारणं न सिद्ध्येदिति तु न भ्रमितव्यम्, प्रथमानुवाकतृतीयानुवाकानुसारेणोपासकानामाभ्यन्तरलिङ्गधारणसिद्धेर्निष्प्रत्यूहत्वात्। देवयोरैक्येन समाधानं तु वीरशैवागमविरुद्धमित्युपेक्षितमिति बोध्यम्।

श्रेष्ठ है, निग्रह-अनुग्रह समर्थ है, व्यापक है, सत्यस्वरूप है, विश्व का कारण है, पुरुष शब्द वाच्य है, पति शब्द वाच्य है, जीवाधिपति है, शाश्वत है, नित्य मंगल स्वरूप है, अच्युत है, नारायण नामवाला वही आत्मा है, वही ज्योतिस्वरूप है, वही परब्रह्म है, वही परवस्तु ध्येयस्वरूप-ध्यानस्वरूप-ध्यातृस्वरूप है, परिदृश्यमान चराचरात्मक यह जगत् नारायण स्वरूप वाला ही है। वैसा नारायण ही परब्रह्म है" ऐसा कहने से दहराकाश में ध्येय वस्तु नारायण स्वरूप ही है, न कि परशिवस्वरूप। इस प्रकार का निश्चय होने से पहले लिखे हुए "यः परः स महेश्वरः" इस मन्त्र में आया हुआ महेश्वर पद शिव में रूढ होनेपर भी आगे के अनुवाक में आये हुए नारायण हरि, अच्युत आदि पदों की पर्यालोचना से महेश्वर शब्द का "महांश्चासौ ईश्वरश्च महेश्वरः" ऐसा कर्मधारय समास का आश्रय लेकर महेश्वर

चेन्न, "हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धं विचिन्त्य मध्ये विशदं विशोकम्। अचिन्त्यमव्यक्तमनन्तरूपं शिवं प्रशान्तममृतं

इतः परं यथालेखं मूलमनुसरामः। नारायणस्येति। तथा च "यः परः स महेश्वरः" (तै. आ. १०।१०।३) इति महेश्वरपदमेव महांश्चासावीश्वरश्चेति योगमाश्रित्य नारायणपरकत्वेनैव कथञ्चिन्नेयमिति शङ्कितुर्भावः। निराकरोति—नेति। "हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धम्" (कै. उ. ६) इत्यादि हृत्पुण्डरीकं यदस्ति, तस्य मध्ये इत्येवमध्याहारेण योजनीयम्। विरजं रागद्वेषादिरजोविकारशून्यम्। विशुद्धं यास्कमहर्षिणा निरुक्तकारेण—"जायतेऽस्ति वर्धते विपरिणमतेऽपक्षीयते नश्यति" (नि. १।२) इति सूत्रेण दर्शितैः षड्भिर्भौतिकविकारैर्हीनम्। विचिन्त्य ध्यात्वा। मध्ये अर्थात् पुण्डरीकस्य। विशदं निर्मलज्योतिस्वरूपम्। विशोकं नाशादिशङ्काविरहेण स्वात्मारामतयेष्टवियोगाद्यभावेन च चिन्ताशून्यम्। अचिन्त्यं कियत्परिमाणकमिदं वस्त्वस्तीत्येवं चिन्ताया अविषयीभूतम्। कुत इत्याहाव्यक्तं जीवानामज्ञानावृतचित्ततयाऽप्रकाशम्, "तमेतं ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन" (बृ. उ. ४।४।२२) इति श्रुतेर्निष्कामयज्ञाद्यनुष्ठानक्षपितकल्मषेतरज्ञानाविषयीभूतमित्यर्थः। अनन्तरूपम्। कालकृतोऽन्तो नाशः, देशकृतोऽन्तः सर्ववस्त्वव्यापकत्वम्। एतदुभयविधान्तरहितं रूपं यस्य तथाभूतम्। शिवं कल्याणस्वरूपम्, शेते सर्वमस्मिन्निति व्युत्पत्त्या सर्वाधारभूतं वा। प्रशान्तं निर्वातदीपशिखावदेकाकारम्। अमृतं नित्यम्। ब्रह्मयोनिं ब्रह्मणो वेदस्य विरिञ्चेश्च

पद के रूढ्यर्थ को छोड़कर अवयवार्थ को लेकर नारायण शब्द का अर्थ बताने के लिए उपक्रम और उपसंहार की एकार्थता सिद्ध होती लगती है।

समाधान—इसके लिए विभिन्न श्रुति-प्रकरणों का विचार करने के बाद इस महेश्वर पद के अर्थ का निर्णय हो सकता है। यह विषय कैवल्योपनिषद् आदि में इस तरह से वर्णित है—

हृत्पुण्डरीकं = जो हृदयकमल है, तस्य मध्ये = उसके मध्य भाग में, विरजं = रागद्वेष से रहित, विशुद्धं = उत्पत्ति, स्थिति, वृद्धि, विपरिणाम, अपक्षय और नाश रूप षड्र्मियों से रहित, विचिन्त्यं = इतना ही परिणाम है इस प्रकार मन का अगोचर, अव्यक्तं = अज्ञानावृत जीवात्मा से अगम्य, अनन्तरूपं = अपरिच्छिन्न आकार विशिष्ट, शिवं = सर्वाधार तथा मंगलस्वरूप, प्रशान्तं = वायुरहित स्थान पर रखे गये दीपक की तरह शान्त, अमृतं = नित्य स्वरूप, ब्रह्मयोनिं = ऋक् आदि वेदों और चतुर्मुख

ब्रह्मयोनिम् ।। तदादिमध्यान्तविहीनमेकं विभुं चिदानन्द-मरूपमद्भुतम् । उमासहायं परमेश्वरं प्रभुं त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम् ।।" (६-७) इति कैवल्योपनिषद्वाक्येन, "बालाग्र-मात्रं हृदयस्य मध्ये विश्वेदेवं जातवेदं वरेण्यम्" (ब. उ. १)

योनिं कारणं तत् प्रसिद्धम् । आदिमध्यान्तविहीनम् आदिरुत्पत्तिः, मध्यं वृद्धाद्यवस्था, अन्तः ध्वंसः,एतत्त्रितयरहितम् । एकं सजातीयद्वितीयरहितम्। विभुं व्यापकम् । चिदानन्दम् । अत्र नपुंसकनिर्देशोनार्शआद्यजन्ततया नित्य-ज्ञानसुखयोराश्रयमित्यर्थः । अरूपम् अनवयवम् । अद्भुतम् अणिमादिभि-र्लोकेऽदृश्यमानैरैश्वर्यैराश्चर्यमयम्। उमासहायम् ।अत्रोमापदमुकारमकाराकारैः प्रणवघटकैरेव वर्णैर्ब्रह्मविष्णुरुद्रवाचकैः शक्तिप्रधानत्वेन स्त्रीत्वविवक्षायां टाप्प्रत्ययं कृत्वा साधनीयम् । तेन मूर्तित्रयेण जगज्जन्मस्थितिप्रलयकारणी-भूता शक्तिः पार्वतीरूपेण परमशिवस्य वामाङ्गस्थोमापदेनोच्यते । सा सहायाऽयोगव्यवच्छेदेन सह अयते वर्तमाना येन तं परमेश्वरम्, ईश्वराणा-मीश्वरं स्वेतरपुरुषनिष्ठेश्वरत्वानिरूपकमित्यर्थः । प्रभुं समर्थम् । त्रिलोचनं सूर्यशशाङ्कवह्निनेत्रम् । नीलकण्ठं ब्रह्माण्डानुग्रहपारवश्येन निपीतहालाहल-जनितश्यामच्छविकण्ठम्, भक्तवात्सल्येन कण्ठासज्जितविष्णुच्छायं वा । प्रशान्तं विक्षेपशून्यम् । कैवल्योपनिषद्वाक्येनोपक्रमोपसंहारमध्यपरामर्शशिवै-कान्तिकाथर्वशिरोवचनेन कण्ठवल्लीमन्त्रेण छान्दोग्यवाक्येनैतत्तृतीयान्तार्थ-चतुष्टयस्य दहरोपासनोपास्यत्वविधानेनेत्यत्रत्यविधानक्रियायामन्वयः । तदेक-वाक्यतापन्नेत्यस्य छान्दोग्यवाक्येनाभेदेनान्वयः। विधानेनेति तृतीयार्थहेतुत्वस्य चानियतविषयकत्वापत्तावन्वयः । बालाग्रमात्रमिति "प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्-

ब्रह्मा की उत्पत्ति में कारण, तत् = प्रसिद्ध, आदिमध्यान्तविहीनं = उत्पत्ति, वृद्धि और हानि से रहित, एकं = सजातीय आदि भेद शून्य, विभुं = आकाश की तरह व्यापक, चिदानन्दं = नित्य ज्ञान तथा नित्य सुख का आश्रय, अरूपं = अवयवशून्य, अद्भुतं = अणिमादि अष्ट ऐश्वर्यों से विस्मय का हेतुभूत, उमासहायं = सृष्टि, स्थिति आदि के लिए अनुकूल अपनी शक्ति से विशिष्ट, परमेश्वरं = निरतिशय ऐश्वर्य से युक्त, प्रभुं = निग्रह और अनुग्रह करने में समर्थ, त्रिलोचनं = सूर्य, चन्द्र और अग्नि नामक तीन नेत्रों से विशिष्ट, नीलकण्ठं = समुद्रमथन के समय उत्पन्न विष को अपने गले में धारण करने वाले, प्रशान्तं = पूर्ण कुम्भ (कलश) की तरह शान्त ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए ।

इत्युपक्रमोपसंहारमध्यपरामर्शशिवैकान्तिकाथर्वशिरोवचनेन ,
"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो ज्योतिरिवाधूमकः । ईशानो भूतभव्यस्य"

मात्रचः" (पा. ५।२।३७) इति सूत्रेण मात्रचि बालाग्रपरिमाणं बालस्य केशस्य अग्रमिव सूक्ष्ममित्यर्थः । विश्वेदेवं सकलदेवस्वरूपम् । जातवेदं जाता उत्पन्ना वेदा यस्मात् तम्, जातं सर्वं वस्तु वेत्ति विन्दते वा यस्तं वा । वरेण्यं वरणीयम्, श्रेष्ठमिति यावत् ।

उपक्रमोपसंहारमध्यपरामर्शशिवैकान्तिकाथर्वशिरोवचनेनेति । उपक्रमः प्रारम्भः, उपसंहारः समाप्तिग्रन्थः, मध्यः ग्रन्थस्य मध्यभागः, एषां त्रयाणां परामर्शेन विचारेण परस्परैकवाक्यतया तात्पर्यपर्यालोचनेन शिवैकान्तिकं शिवमात्रतात्पर्यकत्वेन निर्णीतं यदथर्वशिरोवचनम्, तेन शिवस्यैव दहरोपासनोपास्यत्वं सिद्ध्यतीति भावः ।

अङ्गुष्ठमात्रः अङ्गुष्ठपरिमितः। अङ्गुष्ठपदेन सूक्ष्मतां लक्षयित्वा तेन रूपेण हृत्पुण्डरीकान्तर्वर्तिमहेश्वर एवोच्यते । पुरुषः पुंस्त्ववान् । तेन नपुंसकत्वस्त्रीत्वव्यावृत्तिः ।यद्वा पृषोदरादित्वेन पुरि शेते इति व्युत्पत्त्याऽन्तर्यामी पुरुषपदार्थः। ज्योतिरिवाधूमकः । ज्योतिष्पदेन प्रज्वलद्वह्निरुच्यते। अत एवाधूमक इति विशेषणं सङ्गच्छते, "संयोगो विप्रयोगश्च"(वा. प. २।३१५) इत्यादिना

बालाग्रमात्रं = बाल के नोक की तरह अतिसूक्ष्म होकर रहने वाला, विश्वदेवं = समस्त देवता स्वरूप, जातवेदं = वेदों के उत्पत्तिस्थान व समस्त प्राणियों के आधार, समस्त चराचर प्रपंच के उत्पादक, वरेण्यं = श्रेष्ठ स्वरूप ब्रह्मशब्दवाच्य परशिव के, हृदयस्य = पेट और छाती के बीच में रहने वाले, सूक्ष्म कमल के, मध्ये = बीच में ध्यान करना चाहिए ।

अंगुष्ठमात्रः = अंगूठे के बराबर, पुरुषः = 'पुरि शेत इति पुरुषः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार हृदय के बीच के कमल पर रहनेवाला, अधूमकः = धुआँ रहित, ज्योतिरिव = अग्नि की तरह निर्मल प्रकाश से विशिष्ट परशिव, भूतभव्यस्य = भूतभविष्यद्वर्तमानकालिक सभी वस्तुओं का, ईशानः = नियामक है ।

शंका—इस मन्त्र में 'अंगुष्ठमात्रः' अंगूठे के बराबर आकारवाला है, ऐसा शब्द है । यह शब्द परिच्छिन्न, अल्पज्ञ, अल्पशक्ति से विशिष्ट जीव के धर्म का बोध कराता है, अपरिच्छिन्न, परिणामरहित, सर्वज्ञ, अनन्तशक्ति विशिष्ट परशिव के धर्म का बोध नहीं कराता । इसके अतिरिक्त श्वेताश्वतरोपनिषत् में भी जीवात्मा के लिए अंगूठे के बराबर की आकृति स्पष्ट रूप से बताई गई है । परशिव की कहीं भी

काव्यप्रकाशे (२।१९) संसर्गवद् विप्रयोगस्यापि "अशङ्खचक्रो हरिः" इत्यादौ विशेषावगतिहेतुत्वोक्तेः। तथा च धूमरहितप्रज्वलद्वह्निरिव निर्मलप्रकाशस्वरूप इत्यर्थः। ईशानो भूतभव्यस्येति। अत्र भव्यपदेन वर्तमानं भविष्यच्चोच्यते। ततश्च भूतभविष्यद्वर्तमानकालभवानां वस्तूनां स्वामीत्यर्थः।

किसी श्रुति में अंगूठे के बराबर की आकृति नहीं बतायी गयी। इसलिए यह वचन परशिव का बोधक नहीं है, ऐसा निर्णय कर लेना चाहिए। "अंगुष्टमात्रः पुरुषः" इस वाक्य के उत्तर में "ज्योतिरिवाधूमकः" ज्योति की तरह प्रकाशविशिष्ट है और "ईशानो भूतभव्यस्य" भूतभविष्यद्वर्तमान काल की सभी वस्तुओं का स्वामी है, सबका कर्ता है, नित्यशुद्ध है, ऐसे परमात्मा के अर्थ को बताने वाले शब्द हैं। इस प्रकार पूर्वोत्तर के वाक्य जीवात्मा और परमात्मा के बोधक हैं, अतः दहराकाश में प्रकाशमान वस्तु परशिवरूप वस्तु ही है, ऐसा कैसे निश्चय किया जा सकता है?

समाधान—ब्रह्मसूत्र के प्रथमाध्याय के तीसरे पाद के तेईसवें सूत्र में अंगूठे के बराबर की आकृति परशिव की बताई गई है, यह आकृति जीवात्मा की नहीं है। क्योंकि कठोपनिषत् के अनुसार भी अंगूठे के बराबर की आकृतिवाला पुरुष परमात्मा ही है, न कि जीवात्मा, क्योंकि परमेश्वर बोधक शब्द होने से, अर्थात् "अंगुष्ठमात्रः पुरुषः" इस वाक्य के उत्तर में "ईशानो भूतभव्यस्य" (पहले, अब और आगे भी जो पदार्थ थे, हैं और रहेंगे उन सबका स्वामी है) इस वाक्य में समस्त वस्तुओं का नियामक है, ऐसा असाधारण धर्म है। ईशानपदवाच्यत्व तो अल्पज्ञ जीवात्मा के लिए कभी भी संभव नहीं है। ऐसा धर्म वास्तव में अपरिच्छिन्न परशिव में ही रह सकता है, क्योंकि उस मन्त्र के पूर्व वाक्य में निर्दिष्ट अंगूठे के बराबर का परिणाम परशिव में कैसे संभव है? अतः कहना पड़ेगा कि अंगुष्ठ परिणाम का यह धर्म परशिव में रहनेवाला (विशिष्ट) स्वाभाविक धर्म न होने पर भी औपाधिक धर्म है। सभी मनुष्यों का हृदयाकाश अपने अपने अंगूठे के बराबर है। इस प्रकार के उपासकों के अंगूठे के बराबर के हृदयाकाश में सर्वानुग्राहक परशिव निरन्तर निवास करते हैं। इसलिए उस हृदयाकाश के अन्तर्वर्ती परशिव के लिए भी उस औपाधिक अंगूठे के बराबर की बात सिद्ध होती है, न कि अणु परिमाणवाले जीवात्मा की। इसके अलावा इस मन्त्र में 'ईशान' यह विशेष पद है, अतः "ईश्वरः शर्व ईशानः" इस कोशवाक्य के प्रमाण से भी यह अर्थ अकेले शिव में ही प्रसिद्ध है, अतः इस कठवल्ली मन्त्र से दहर पुण्डरीक में उपासित वस्तु शिवरूप वस्तु ही है, न कि अन्य कोई, ऐसा निश्चय होता है।

(कठो. ४।१३) इति कठवल्लीमन्त्रेण च छागपशुन्यायेन

छागपशुन्यायेनेति । अयमाशयः—"अग्निषोमीयं पशुमालभेत" (तै. सं. ६।१।११।६) इति पश्वालम्भविधौ पशुपदेन पशुसामान्यस्यैवोपादानात् "पशुचोदनायामनियमोऽविशेषात्" (मी. ६।८।३०) इति पूर्वपक्षसूत्रेण पशुसामान्यस्य प्राप्तिमुपन्यस्य "छागो वा मन्त्रवर्णात्" (मी. ६।८।३१) इति सिद्धान्तसूत्रेण "छागस्य हविषो वपाया मेदसः" (तै. ब्रा. ३।६।८।१) इति मन्त्रे छागरूपपशुविशेषस्य श्रुतत्वात् पश्वालम्भनविधौ सामान्यरूपेण पशोरुपादानेऽपि मन्त्रविध्योरेकवाक्यत्वानुरोधेन छाग एव पशुर्गृह्यत इति व्यवस्थापितम् । तन्न्यायेन—"अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म" (छा. उ. ८।१।१) इत्यादिछान्दोग्यवाक्ये यत्तच्छब्दाभ्यामुपास्यस्वरूपस्य विशेषरूपेणाप्रतीतावपि तैत्तिरीयवाक्ये हृत्पुण्डरीकान्तर्वर्त्युपासनाबोधके—"यः परः स महेश्वरः" (तै. आ. १०।१०।३) इति महेश्वरपदेन

इस प्रकार भिन्न-भिन्न उपनिषदों में आये हुए परशिव के बोधक विशेष शब्दों को लेकर विचार करने पर "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" इस तैत्तिरीय श्रुति में आये हुए सामान्य 'यत् तत्' पदों से शिवरूप वस्तु ही सिद्ध होती है। इस बात को न मानने पर उसी तैत्तिरीय उपनिषत् के आगे के मन्त्रों में महेश्वर, विरूपाक्ष, कृष्णपिङ्गल आदि विशेष शब्दों का कोई अर्थ ही नहीं है, ऐसा निश्चय होने के अतिरिक्त कैवल्य, अथर्वशिर, कठवल्ली आदि अनेक उपनिषदों में आये हुए—शिव, अमृत, उमासहाय, परमेश्वर, नीलकण्ठ, त्रिलोचन, जातवेद, ईशान आदि शिव में रूढ़ विशेष पद भी व्यर्थ होंगे।

अर्थ को स्पष्ट करने के लिए यहाँ पूर्वमीमांसा का छागपशुन्याय उदाहरण के रूप में दिया जा रहा है। अग्नीषोमीय याग में पशु की बलि देनी चाहिए, इस प्रेरक (विधि) वाक्य में 'पशु' ऐसा सामान्य पद होने से वह वाक्य चार पैरों से विशिष्ट किसी पशु की बलि देने का अर्थ बता रहा है, किसी विशेष पशु का निर्देश नहीं दे रहा है। इसलिए उस अग्नीषोमीय याग में बलि दिये जाने वाले पशु का स्वरूप वर्णित न होने से उस स्थान पर सन्देह होता है। किन्तु "छागस्य हविषो वपाया मेदसः" अर्थात् बकरे की चर्बी का हवन करना चाहिए, इस अर्थ को बतानेवाले विनियोग मन्त्र से और इस मन्त्र में छाग नामक विशेष पद के आने के कारण सामान्य पशु पद का छाग नामक अर्थ निश्चित हो जाता है। इस प्रकार सामान्य पशुपद के छागरूप विशेष अर्थ का विधान न करने पर 'अग्नीषोमीय' इस विधिवाक्य की

तदेकवाक्यतापन्नेन—"अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन् यदन्तस्तदन्वेष्टव्यं

"हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धम्" (६) इति कैवल्योपनिषद्वाक्ये शिवमुमा-सहायं परमेश्वरं त्रिलोचनं नीलकण्ठमिति पञ्चभिः पदैः, वालाग्रमात्रमित्य-थर्वशिरोवाक्ये रुद्रात्मकाग्निरूढजातवेदपदेन, अङ्गुष्ठमात्र इति कठवल्लीमन्त्रे ईशानपदेन विशिष्य शिवस्यैवोमापतेर्हृदयमध्ये उपास्यत्वबोधनाच्चतसृणा-मुपनिषदामनुरोधेन भगवदुमापतेरेव दहरोपासनोपास्यत्वं दृढं भवतीति निष्पक्षपातदृष्ट्या द्रष्टव्यमिति। नारायणस्यास्मिन् प्रकरण उल्लेखप्रयोजनं त्वनुपदमेव स्फुटीभविष्यति।

अथ यदिदमिति। पूर्वोक्तविद्योपदेशानन्तरं दहरविद्योपदिश्यत इति शेषः। यदिदं यद् इदं सन्निहितं ब्रह्मपुरम् आत्मस्थानं शरीरं वेश्म गृहम्, दहरोऽस्मिन्नन्तराकाश इति दहरः सूक्ष्मः पापदहनक्षमो वा अस्मिन् हृदयपुण्डरीके अन्तराकाशः अन्तः मध्ये आकाशवदपरिच्छिन्नं ब्रह्म, अस्तीति शेषः। तैत्तिरीयकव्याख्याने सायणोक्त्यनुसारेणात्रापि 'एवं सति' इति शेषः करणीयः। ततश्च तस्मिन् यदन्त इत्यत्र तत्पदेन पुनरपि हृत्पुण्डरीकमेव

और 'छागस्य हविषो" इस विनियोग वाक्य की एकवाक्यता नहीं हो सकती। इसलिए सामान्यरूप पशुपद का छागरूप विशेषार्थ स्वीकार करना चाहिए। इस अभिप्राय की सिद्धि के लिए पूर्वमीमांसा का "छागो वा मन्त्रवर्णात्" यह सूत्र प्रवृत्त होता है। इसी को 'छागपशुन्याय' कहते हैं। इस न्याय से यह सिद्ध होता है कि भिन्न-भिन्न मन्त्रों में आये हुए उन उन विशेष पदों का विचार कर सामान्य पदों के अर्थ का निश्चय करना चाहिए। तदनुसार "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" इस मन्त्र के सामान्य बोधक 'यत् तत्' पदों से दहरपुण्डरीक में जो वस्तु है, वही सिद्ध होती है।

भिन्न-भिन्न विद्याओं का उपदेश देने के बाद दहरविद्या का उपदेश करते समय ऋषि उद्दालक श्वेतकेतु नामक अपने पुत्र को बुला कर कहते हैं कि हे श्वेतकेतो! अथ = भिन्न-भिन्न विद्याओं के उपदेश के बाद, यदिदं = समीप में स्थित ब्रह्म के निवासस्थान के रूप में स्वीकृत जो शरीररूप गृह है, अस्मिन् ब्रह्मपुरे = उस ब्रह्म पुर नामक शरीर में, दहरं = अतिसूक्ष्म, पुण्डरीकं = जो दहराकाश, वेश्म = उस ब्रह्म का गृह है, अस्मिन् = इस दहराकाश में, अन्तराकाशः = आकाश की तरह व्यापक, अमूर्त ब्रह्म है, ऐसा रहने पर, तस्मिन् = उस हृदयाकाश में, यद् अन्तः =

तद्वाव जिज्ञासितव्यम्" (छा. उ. ८।१।१) इति छान्दोग्य-

गृह्यते। यत्पदेन च आकाशपदाभिहितं ब्रह्मैव ग्राह्यम्। ततश्च तस्मिन् पुण्डरीके यद् अन्तः अन्तर्गतम् अन्तर्यामिस्वरूपं सदाशिवतत्त्वं तदन्वेष्टव्य-मित्यर्थः।

अन्वेषणमेव विवृणोति—तद्वाव जिज्ञासितव्यमिति। ज्ञातुमेष्टव्यम्, विचारेण निर्णेतव्यमित्याशयः। उपासनायाः स्वरूपनिर्णयपूर्वकत्वाद् हृत्पुण्डरीके पारमेश्वरं तत्त्वं निश्चित्योपासितव्यमिति तात्पर्यम्। छान्दोग्यवाक्येन चेति। यद्यपि छान्दोग्यवाक्ये शिवासाधारणं किञ्चित्पदं नास्ति, तथापि देवतान्तररूढपदस्याप्यभावे हृत्पुण्डरीकान्तर्गतोपासना-विषयककैवल्योपनिषदादिगतशिवासाधारणोमासहायत्रिलोचननीलकण्ठादिपदै-र्हृत्पुण्डरीके शिवस्यैवोपास्यत्वनिर्णयेन तदेकवाक्यतया तस्मिन् यदन्तस्तद-न्वेष्टव्यमिति छान्दोग्यवाक्यगतयत्तच्छब्दाभ्यां शिवस्यैव ग्रहीतुमौचित्यमित्यनु-पदोक्तमत्रानुसन्धेयम्।

अन्तर्यामी जो वस्तु है, तत् = वह ब्रह्मस्वरूप वस्तु, अन्वेष्टव्यम् = खोजने योग्य है, तद्वाव = उस अन्वेषणीय वस्तु को, जिज्ञासितव्यम् = विचारपूर्वक निर्णय करके समझ लेना चाहिए।

इस मन्त्र में हृदय पुण्डरीक में स्थित वस्तु को समझ लेने की बात कही गई है। वहाँ शिव या अन्य देवता को बताने वाला पद नहीं दीखता। हृदयाकाश में जो वस्तु है, उस वस्तु को खोजना चाहिए और उसी वस्तु को समझना चाहिए, ऐसा कहने पर भी कैवल्य, अथर्वशिर, कठ आदि अनेक उपनिषदों में आये हुए ये पद शिव में ही रूढ़ हैं, क्योंकि उमासहाय, त्रिलोचन, नीलकण्ठ आदि असाधारण विशेष पदों से हृत्पुण्डरीक में उपासना की जाने वाली वस्तु शिव-रूप ही सिद्ध होती है। उसी तरह "दहरं....तदुपासितव्यम्" यह तैत्तिरीय वाक्य भी शिवरूप वस्तु की ही दहराकाश में उपासना करने का विधान करता है।

शंका—तैत्तिरीय श्रुति के प्रथम तथा द्वितीय अनुवाक में 'नारायण' पद आने से हृदय पुण्डरीक में उपासना की जाने वाली वस्तु नारायणरूप वस्तु है, ऐसा क्यों न निर्णय किया जाय?

समाधान—इसी तैत्तिरीय श्रुति में और कैवल्य, कठ आदि अनेक श्रुतियों में महेश्वर, कृष्णपिङ्गल, विरूपाक्ष, त्रिलोचन, नीलकण्ठ, उमासहयाय, आदि विशेष पद आये हैं। इन पदों का शिव अर्थ तो करना ही है, क्योंकि अन्य

वाक्येन च शिवस्य दहरोपासनोपास्यत्वविधानेनात्र देवतान्तरविधानेऽनियतविषयकत्वापत्तेः ।

अनियतविषयकत्वापत्तेरिति। ननु शालग्रामे जलादौ चैकस्मिन्नेव स्थानेऽनेकदेवानां पूजादिदर्शनेन प्रतीकैक्येऽप्युपासनाभेदेनानियतविषयकत्वं न दोष इति चेन्मैवम्, तत्तद्देवतैकान्तिकभिन्नभिन्नपदैरुपासनाभेदस्य निर्णीतत्वेनानियतविषयकत्वस्यादोषत्वेऽपि नियतविषयकैकोपासनाया उपपत्तिसंभवेऽनियतविषयकत्वपक्षस्य हेयत्वावश्यम्भावाद् जलादिप्रतीके भिन्नानामेव वाक्यानां तत्तदुपासनाबोधकत्वेन सन्दिग्धार्थकत्वाभावान्निष्प्रत्यूहप्रवृत्तिप्रयोजकत्वोपपत्त्या तथोपगमेऽपि प्रकृते तैत्तिरीयकवाक्यस्यैकस्यैवोपास्यद्वयांशाकृष्यमाणत्वे सन्दिग्धार्थकतया प्रवर्तकत्वमेवोच्छिद्येतेति नानियतविषयकत्वं स्वीकर्तुं शक्यम्, अनुवाकत्रयस्यैकोपासनाविषयकत्वाऽभिप्रायेणाऽयं दोषो बोध्यः।

देवताओं का अर्थ यहाँ पर सम्भव नहीं है। इसलिए 'सहस्रशीर्ष' अनुवाक में आए हुए 'नारायण' पद का "नरा अयनं अस्य", "नराणां समूहः अयनम् अस्य" इस व्युत्पत्ति के बल से अवयवार्थ स्वीकार करने से वह नारायण पद शिवपरक हो जायेगा, तो शेष सभी वाक्यों का समन्वय भी हो जाता है। त्रिलोचन, नीलकण्ठ, उमासहाय आदि पदों में रहने वाले रूढ्यर्थ को छोड़कर दूसरा अर्थ लेना साध्य नहीं है। इसलिए अकेले नारायण पद का यौगिकार्थ मानकर शेष सभी वाक्यों का समन्वय कर लेना ही न्यायसंगत है।

इस प्रकार दहराकाश में रहनेवाली उपास्य वस्तु का निर्णय न कर लेने पर अपनी-अपनी इच्छा के अनुसार जिस किसी देवता को भी उपासना का विषय बताने पर विष्णु की उपासना करनी है? अथवा शिव की उपासना करनी है? या अन्य किसी देवता की उपासना करनी है? ऐसे अनेक संशय उत्पन्न होने पर सन्देह के अधीन हो जाना पड़ेगा। शास्त्रकार इस प्रकार अनेक प्रकार से कहने को 'अनियतविषयत्व' ऐसा दोष कहते हैं। इस प्रकार के दोष को अवकाश न देकर दहराकाश में प्रकाशमान वस्तु शिवरूप वस्तु है, ऐसा निर्णय कर उपासक ध्यान करता हुआ परमपुरुषार्थ को प्राप्त करे।

शंका--सालिग्राम आदि एक-एक स्थान में अनेक देवताओं की पूजा करने का सम्प्रदाय लोक में देखा जाता है। इसलिए प्रतीक (विग्रह) एक होने पर भी उपासनाएँ अनन्त होने से अनियतविषयकत्व (एक में अनेक देवताओं की पूजा) दोष मानने की कोई आवश्यकता नहीं है।

समाधान—ऐसे स्थलों में नियमपूर्वक उन उन देवताओं का बोध करानेवाले भिन्न-भिन्न पद दीखने से अनेक देवताओं की उपासना का भेद निश्चित हो जाता है। इसलिए उस स्थान पर 'अनियतविषयकत्व' दोष नहीं है। लेकिन नियमपूर्वक एक ही देवता की उपासना करनी है, ऐसे सिद्ध स्थान में अनियत-विषयकत्व दोष को मान लेना ही न्याय्य है। यहाँ पर एक तैत्तिरीय वाक्य में अनेक प्रकार की उपासनाओं का विधान मानने पर उससे उपासक के लिए और भी सन्देह उत्पन्न हो जाने से किसी की भी उपासना में प्रवृत्ति नहीं होगी। इसलिए तैत्तिरीय के तीनों अनुवाकों में एक ही देवता को उपास्य वस्तु कहना ही मुख्यांश है। इसलिए इस 'अनियतविषयकत्व' को दोष के रूप मानना ही है।

शंका—इस प्रकार का निर्णय कर लेने पर तैत्तिरीय में आये हुए नारायण पद के अवयवार्थ को स्वीकार करने पर शिव के विशेषण के रूप में हम उसको स्वीकार नहीं करेंगे। नारायण ही दहराकाश में उपासनायोग्य वस्तु है, ऐसा हम कहेंगे।

समाधान—तैत्तिरीय श्रुति में "नारायणः परं ब्रह्म" इस प्रकार नारायण को परब्रह्म सिद्ध करने वाला पद तो है, लेकिन उपक्रम-उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद और उपपत्ति—इन छः प्रकार के लिङ्गों से श्रुतियों के तात्पर्य का निश्चय किया जाता है। यहाँ पर "अणोरणीयान्" से लेकर "महिमानमीशः" यहाँ तक सम्पूर्ण प्राणियों की हृदयरूपी गुफा में ईश अन्तर्वर्ती होकर रहता है और उस ईश के अनुग्रह से उपासक सभी प्रकार के दुःखों से रहित होकर परमात्मा का साक्षात्कार कर लेते हैं। इस ईश के महत्त्व का वर्णन करने का उपक्रम करके फिर आगे अपरा शक्तिविशिष्ट वह परमेश्वर ही जगत् का उपादानकारण है, ऐसा प्रतिपादन करके, जो विश्वाधिक है और सर्वज्ञ है, उस ईश ने प्रपञ्च से लेकर हिरण्यगर्भ पर्यन्त सभी की सृष्टि की है, ऐसा कहने से वह ईश्वर जगत् का निमित्तकारण भी है, ऐसा स्पष्ट हो जाता है। इसके बाद वे ही दहर-पुण्डरीक में रहकर निष्काम कर्म का अनुष्ठान करने वाले को, सम्पूर्ण वेदान्त के तात्पर्य को समझे हुए जितेन्द्रिय यतियों को बन्धन से निवृत्त कराकर सर्वोत्कृष्ट मुक्ति को देते हैं, ऐसा वर्णन किया गया है। बाद में वैसी मुक्ति को प्राप्त करने के लिए उपाय बतलाने के उद्देश्य से "दहरं विपाप्मम्" इस प्रकार दहरपुण्डरीक की उपासना का आरम्भ करके "तस्मिन् यदन्तस्तदुपासितव्यम्" इस प्रकार दहर-पुण्डरीक में जो रहता है, उसी की उपासना करनी चाहिए, ऐसा सामान्य रूप से उपदेश देकर और उपास्य वस्तु का स्वरूप क्या है? ऐसी आकांक्षा होने पर दहरा-

किञ्च, उपासनाविधिस्थले उपास्योपासनोपासकानां त्रयाणामपि विधेयत्वेनोपासकाकाङ्क्षायाम्—"नारायणं महाज्ञेयम्" (तै. आ. १०।११।१) इत्याद्यभिधाय "पद्मकोशप्रतीकाशम्" (तै. आ. १०।११।२) इति दहरपुण्डरीकप्रदर्शनेन "अपरिमाणे शिष्टस्य" (मो. ६।७।२१) इत्यपरिमिताधि-

---

एतावता प्रबन्धेन शिवस्येव दहरोपासनाविषयत्वमित्युपपाद्य तत्प्रकरणपठितनारायणपदसङ्गतिमुपपादयति—किञ्चेत्यादिना। उपासकाकाङ्क्षायामिति। उपासनाया उपास्योपासकोभयसंबन्धित्वनियमेनोपनिषदन्तरैकवाक्यतयोपास्यस्वरूपनिर्णये जाते परिशेषान्नारायणपदमुपासकस्वरूपसमर्पकमेव मन्तुमुचितमिति तद्ग्रन्थकृत्तात्पर्यम्। अत्रैव हेत्वन्तरमपि क्रोडी-

काश में रहनेवाला महेश्वर ही है, इस प्रकार उसके स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। इसी प्रकार आगे के मन्त्रों में भी कृष्णपिंगलत्व, विरूपाक्षत्व आदि लक्षण दिखा कर उपसंहार किया गया है। इस प्रकार के उपक्रम और उपसंहार के बीच में "नारायणपरं ब्रह्म" इस विशेष वाक्य के आने से इस नारायण पद का पूर्वाधिकरण न्याय से उपासक ही है, ऐसा अर्थ कहना चाहिए, यह सिद्ध होता है। लेकिन सभी लोक उपासक ही हैं, तो यहाँ पर केवल नारायण को उपासक कहने पर सभी उपासकों से नारायण श्रेष्ठ उपासक हैं, ऐसा सिद्ध होता है। इसलिए यहाँ पर उपास्य और विरूपाक्ष शब्दवाच्य जो ब्रह्म है और जो ब्रह्मोपासक नारायण है, इस वाक्य से उन दोनों का अभेद दिखलाया गया है। ऐसा न मानने पर उपक्रमोपसंसार आदि षड्विध लिंगों से ज्ञापित तात्पर्य का विरोध होता है, ऐसा अभिप्राय ब्रह्मसूत्र भाष्य में दिखाया गया है।

शंका—इस प्रकार पूर्वोत्तर वाक्यों का विचार करने से दहराकाश में उपासना की जानेवाली वस्तु शिवरूप वस्तु ही है, ऐसा निर्णय होने पर भी लोक में कोई भी उपासना करना चाहे तो उपासक, उपास्य और उपासना इन तीनों की आवश्यकता होती है। यहाँ पर दहराकाश में उपास्य वस्तु शिव है, ऐसा कहने के बाद इस शिव की उपासना करनेवाला उपासक कौन है ?

समाधान—तैत्तिरीय में "नारायणं महाज्ञेयम्" ऐसा बताते हुए "पद्मकोशप्रतीकाशम्" इससे कमलसदृश दहरपुण्डरीक दिखलाया है। इस वाक्य के सान्निध्य में "नारायणं महाज्ञेयम्" ऐसा वाक्य होने से नारायण का हृदयकमल है, ऐसा निश्चय कर लेना चाहिऐ, क्योंकि समीप के पद को छोड़ कर दूरवर्ती पद को लेने

करणन्यायेन सन्निधिश्रुतनारायणपरित्यागेनान्यनिरीक्षणायो-

करोति—अपरिमाणे शिष्टस्येत्यादिना। आधाने श्रूयते—"एका देया षड्देया द्वादश देया चतुर्विंशतिर्देया शतं देयं सहस्त्रं देयमपरिमितं देयम्" इति। तत्रापरिमितपदे सन्देहः—किमपरिमितपदेन सन्निहितानामेकत्वादिसंख्यानां प्रतिषेधः क्रियते ? आहोस्वित् परिमाणसामान्यस्येति। तत्रेदं पूर्वपक्षसूत्रम्—"अपरिमिते शिष्टस्य संख्याप्रतिषेधस्तच्छ्रुतित्वात्" (मी. ६।७।२१) इति। अयमर्थः—अपरिमितपदे शिष्टस्यैकत्वादिना विहितस्यैकत्वादिसंख्यारूपपरिमाणस्य प्रतिषेध उच्यते। कुत इत्याह—तच्छ्रुतित्वादिति। तस्या एकत्वादिसंख्यायाः श्रुतित्वात्, कर्मणि क्तिना श्रूयमाणत्वादित्यर्थः। प्रत्यासन्नत्वादिति यावत्। एवमेव प्रकृते पद्मकोशप्रतीकाशमित्युपास्याधिकरणे हृदये वर्ण्यमाने कस्य हृदयमिति प्रतियोग्यपेक्षायां नारायणं महाज्ञेयमिति नारायणस्य प्रत्यासन्नत्वात् तत्संबन्ध्येव ग्राह्यमिति भावः। यद्यपीदं पूर्वपक्षसूत्रम्, "अनियमः" (मी. ६।७।२३) इत्याद्युत्तरसूत्रद्वयेनापरिगणितत्वस्यैव सिद्धान्तितत्वात्, तथापि तत्रैका देया इत्यादिवाक्यमर्यादामाहात्म्यादपरिमितपदजन्यस्वारसिकप्रत्ययबलाच्च प्रत्यासत्तिन्यायबाधेऽपि तादृशबलवद्विरोधि-

पर 'अपरिमिताधिकरण' न्याय का विरोध होगा। उस न्याय का स्वरूप तो यागीय आधान में—"उनको एक देना है, इनको छः देना है, दूसरे को बारह देना है, इनसे दूसरे को चौबीस देना है, दूसरे को सौ देना है, दूसरे को हजार देना है और अन्य को अपरिमित देना है" ऐसा कहा गया है। यहाँ पर आया हुआ अपरिमित पद समीप में आये हुए हजार, सौ, एक आदि पदों का निषेध कर रहा है, अथवा लोकव्यवहृत संख्यासामान्य का निषेध कर रहा है ? इस प्रकार का सन्देह होने पर, वह अपरिमित पद निकटवर्ती केवल एकत्व आदि संख्या का ही निषेध कर रहा है, न कि लोक-व्यवहार में रहने वाली सभी संख्याओं का। इसी प्रकार "पद्मकोशप्रतीकाशम्" इस वाक्य के निकट में नारायण पद के होने से नारायण का हृदयकमल ही है, वैसा निर्णय होने से, अपने हृदय में अपनी ही उपास्यता के न हो सकने के कारण नारायण उपासक है और शिव उपास्य है, ऐसा सिद्ध हो जाता है।

शंका—नारायण अपने हृदयकमल में शिव की उपासना करते हैं, ऐसा अर्थ क्यों लेना ? इस दहर वाक्य के समीप में ही वेदान्त-विचार से तत्त्व का निर्णय करके परिशुद्ध गुणों से विशिष्ट सर्वसंग परित्याग किये हुए संन्यासी लोग जीवन

गात् तस्यैव दहरपुण्डरीकप्रतियोगित्वापत्त्या स्वीयहृदये स्वस्योपास्यत्वायोगाच्च शिवस्यैव नारायणहृद्युपास्यत्वं सिद्ध्यति ।

न च "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः" (तै. आ. १०।१०।३) इत्येतद्वाक्यश्रवणेन यतीनामेव हृदयपुण्डरीकप्रतियोगित्वेनान्वयः किं न स्यादिति वाच्यम्, दर्शपूर्णमासप्रकरणपठित-

---

प्रमाणाभावस्थले प्रकृतपूर्वपक्षसूचितप्रत्यासत्तिन्यायेन नारायणस्य हृत्पुण्डरीकप्रतियोगित्वनिर्णये न किञ्चिद्बाधकमिति भावः। वस्तुतस्त्विदमभ्युच्चयमात्रम्, हृदयप्रतियोगित्वेनोपासकमात्रस्यैव ग्रहीतुमौचित्यात् । नारायणपदोत्थितशङ्कासमाधानं तु पूर्वोक्तं नरा अयनमस्येति व्युत्पत्त्या, प्रज्ञाद्यणि नराणां समूहोऽयनमस्येति व्युत्पत्त्या वा, "आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः । ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृत ॥" (१।१०) इति मनुस्मृत्युक्तदिशा नारा अयनमस्येति व्युत्पत्त्या वा यौगिकत्वमाश्रित्य शिवभगवत्परत्वमेव प्रकृते नारायणपदस्य वक्तुं शक्यमित्येवोचितम् । वैपरीत्यं तु वक्तुमशक्यम्, नीलकण्ठं त्रिलोचनमुमासहायमित्यादिबहूनां पदानां रूढ्यर्थपरित्यागेनान्यार्थकत्वक्लिष्टकल्पनापेक्षया एकस्मिन् नारायणपद एव तथा कल्पनौचित्यात् ।

न च वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था इति । "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः । ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले परामृतात् परि-

काल पर्यन्त जीवन्मुक्तों की तरह रहकर देह का वियोग होने पर परमात्मा को प्राप्त कर नित्य सुख को पा लेते हैं। इस अभिप्राय के तैत्तिरीय श्रुति मन्त्र के होने से संन्यासी ही दहराकाश में उपासना करने का अधिकारी है, ऐसा स्पष्ट हो जाता है। तब सर्वसंग परित्यागी संन्यासी ही उपासक है, ऐसा कहना छोड़कर नारायण उपासक है, ऐसा कहना उचित नहीं है।

समाधान—पूर्णिमा के दिन और अमावास्या के दिन किये जाने वाले याग को 'दर्शपूर्णमासेष्टि' कहते हैं। इस प्रकरण में "समिधो यजति, इडो यजति, बर्हिर्यजति, तनूनपातं यजति, स्वाहाकारं यजति" इस प्रकार पांच वाक्य कहे गये हैं। दर्शपूर्णमास प्रकरण में कहे जाने के कारण ये उस दर्शपूर्णमास याग के अंग हो सकते हैं, न कि अन्य यागों के—ऐसा मीमांसाशास्त्र में निर्णय किया गया है। उसी प्रकार "नारायणं महाज्ञेयम्, नारायणं परं ज्योतिः, नारायणं परो

"समिधो यजति" इतिवाक्यविहितप्रयाजानां दर्शपूर्णमासाङ्गत्ववन्नारायणप्रकरणपठितहृदयस्य नारायणसम्बन्धित्वावश्यंभावात् ।

अपि च, "ततोऽव्ययात्मा स हरिः स्वहृत्पङ्कजशायिनम् । दर्शयामास देवानां मुरारिर्लिङ्गमैश्वरम् ॥" (६२।२३) इति वामनपुराणवचनेन नारायणस्य हृदयान्तर्वर्तिप्राणलिङ्गोपासनाप्रदर्शनेन, भगवद्गीतासु—"तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी" (भ. गी. १४।४) इति कृष्णेन स्वप्रपदनीयपुरुषं प्रदर्श्य कोऽसावित्युक्ते—"उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः । यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय

मुच्यन्ति सर्वे ॥" (तै. आ. १०।१०।३) इति दहरवाक्यादव्यवहितपूर्वमेव पठितमस्ति । यतीनामिति । तेषां विद्यावत्त्वेनोपासकत्वयोग्यतया तत्सम्बन्ध्येव हृदयं ग्राह्यमिति प्रश्नकर्तुराशयः । "समिधो यजति, इडो यजति, बर्हिर्यजति, तनूनपातं यजति, स्वाहाकारं यजति" (तै. सं. २।६।१।१) इति पञ्चवाक्यविहितप्रयाजानां दर्शपूर्णमासाङ्गत्ववत् प्रकरणबलेन नारायणप्रकरणपठितहृदयस्य नारायणसम्बन्धित्वं स्वीकर्तव्यमित्युत्तराशयः ।

नारायणेन स्वहृदयपुण्डरीके लिङ्गस्वरूपः सदाशिव उपास्यत इत्यर्थं वामनपुराणेन भगवद्गीतावाक्याच्च साधयति—ततोऽव्ययात्मेत्यादिना । यद्यपि गीतायाम्—"उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः" (१५।१७) इत्युक्त्वा—"यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः । अतोऽस्मिल्लोके

ध्याता इस नारायण प्रकरण में हृदयकमल को दिखलाने से नारायण सम्बन्धी हृदयकमल है, ऐसा निर्णय कर लेना उचित है । इस प्रकार का अर्थ छोड़ कर संन्यासियों के हृदयकमल का ग्रहण करने पर प्रकरण का विरोध हो जाता है ।

इतना ही नहीं, नारायण अपने हृदयकमल में शिव की उपासना करते हैं, यह बात वामनपुराण एवं भगवद्गीता से भी स्पष्ट हो जाती है । "नाशरहित उस नारायण ने अपने हृदयपुण्डरीक में रहने वाले लिंगरूपी सदाशिव को देवताओं को दिखलाया" । "हे अर्जुन ! जगत् के आदि में जिनकी कृपा से जगन्निर्माणरूप प्रवृत्ति हुई है, उस आदिपुरुष का मैं आश्रय लेता हूँ" । इस प्रकार श्रीकृष्ण अपने से उपासना की जानेवाली वस्तु को अर्जुन के निमित्त उपदेश देते हुए अपने लिए उपास्य क्या है ? उस वस्तु को अपने आप आक्षेप करके आगे कहते हैं—

ईश्वरः ॥" (भ. गी. १५।१७), "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति" (भ. गी. १८।६१) इति स्वोपास्यपुरुषस्य हृदयान्तर्वर्तिनः शिवैकान्तिकेश्वरपदेन निर्णयकरणेन च दहरोपासनाधिकरणहृदयसंबन्धिताया नारायणस्यावश्याभ्युपेयत्वात् ।

अथैवमुक्तप्रणाल्या परमशिवस्य दहरोपासनोपास्यत्वसिद्धावपि तत्रत्यस्य लिङ्गरूपत्वे प्रमाणाभावान्नान्तर्लिङ्गधारणसिद्धिः? इति चेन्मैवम्, हंसोपनिषदाद्यागमेषूदाहृतवामनपुराणेऽपि तस्य तद्रूपत्वावसायात् ।

वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥" (१५।१८) इति वाक्येन स्वस्यैवोत्तमपुरुषत्वमुक्तम्, तथापि श्रीकृष्णविग्रहान्तर्यामिणः परमेश्वरस्यैव तदुक्तित्वेन न कश्चिद्विरोधः ।

लिङ्गरूपत्वे प्रमाणाभावादिति । गीतायामिति शेषः । वामनपुराणे तत्प्रमाणस्य दर्शितत्वात् । हंसोपनिषदिति । मा भूद् गीतायां लिङ्गरूपत्वे प्रमाणम्, तथापि प्रमाणान्तरसद्भावे सप्रमाणकत्वे न किञ्चिद्धीयत इत्याशयः ।

"हे अर्जुन ! मुझसे उपासना किये जाने वाले पुरुष तो सर्वोत्तम हैं । वे मुझसे भिन्न हैं । उन्हीं को परमेश्वर कहते हैं । नाशरहित जो ईश्वर स्वर्ग, मर्त्य, पाताल नामक तीनों लोकों में अन्तर्यामी के रूप में रहकर रक्षा कर रहे हैं, वह सर्वनियामक ईश्वर हृदयकमल में निवास करता है ।" इस प्रकार श्रीकृष्ण ने निरन्तर अपने हृदयकमल में अपने से उपासना की जानेवाली शिवरूप वस्तु के बारे में अर्जुन को उपदेश किया है । इसके अतिरिक्त यहाँ पर केवल शिव में रूढ ईश्वर पद का श्रीकृष्ण प्रयोग करते हैं । इसलिए यह ईश्वर शब्द "ईश्वरः शर्व ईशानः" इस कोश के प्रमाण वाक्य से शिव में ही शक्ति वाला होने से श्रुति में दिखाया गया दहरोपासना का आश्रयस्वरूप कमल तो नारायण का हृदयकमल ही है, ऐसा सिद्ध हो जाने से शिव ही उपास्य हैं और नारायण ही उपासक हैं, ऐसा स्पष्ट हो जाता है ।

शंका—शिव उपास्य है, ऐसा सिद्ध होने पर भी, वह शिव लिंगस्वरूप में है, ऐसा स्पष्ट नहीं होता । इसलिए जिस अन्तर्लिंग के धारण का उपक्रम किया गया है, उसकी सिद्धि नहीं हो पाती ।

समाधान—पिछला जो उदाहरण वामनपुराण का है, उससे ही शिव के लिंग रूप की सिद्धि हो जाती है । इसी प्रकार हंसोपनिषत्, शिवागम, पुराण आदि से भी शिव लिंगरूप हैं, यह स्पष्ट हो जाता है । हंसोपनिषद् में कहा गया है कि

तथाहि—"एषोऽसौ परमो हंसो भानुकोटिप्रतीकाशो येनेदं व्याप्तम् । तस्याष्टधा वृत्तिर्भवति—पूर्वदले पुण्यवृत्तिः, आग्नेये निद्रालस्यादयो भवन्ति, याम्ये क्रौर्यमतिः, नैर्ऋते पापे मनीषा, वारुण्यां क्रीडा, वायव्ये गमनादौ बुद्धिः, सौम्ये रतिप्रीतिः, ऐशान्ये द्रव्यादानम्, मध्ये वैराग्यम्, केसरे जाग्रदवस्था,

---

हृत्पुण्डरीकान्तर्वर्तिनः परमेश्वरतत्त्वस्य लिङ्गरूपत्वे वामनपुराणं प्रमाणत्वेनोपन्यस्य हंसोपनिषद्वाक्यमप्युपन्यस्यति—एषोऽसाविति । परमो हंस इति स्वरूपतः स्वच्छनीरक्षीरविवेककर्तृहंसप्रतियोगिकविवेकनिर्मलत्वसाधर्म्यादात्मविदि हंसत्वपरमहंसत्वव्यवहारं शास्त्रकाराः कुर्वन्ति । तस्याष्टधा वृत्तिरिति हृदयपुण्डरीकस्य द्वादश भागाः कल्प्यन्ते । अष्टसु दिक्षु अष्टदलानि । मध्यकेसरकर्णिकालिङ्गरूपाश्चत्वारो भागा दलमध्ये कल्प्यन्ते । एतेष्वात्मनस्तत्तदंशाभिमानित्वेन तत्तद्वृत्तिस्तत्तदवस्था च भवतीत्यत्रोच्यते—पूर्वदले पुण्यमतिरित्यादिना । पूर्वदलेऽभिमानलक्षणसम्बन्धे पुण्यमतिः पुण्यकरणेच्छा भवतीत्येवंरूपेणाग्रिममपि व्याख्येयम् ।

येन = जिस हृदयकमल में रहनेवाले ईश्वर से, इदं = चेतनाचेतनात्मक जगत्, व्याप्तं = व्याप्त है, एषः = यह, असौ = परमेश्वर, परमः = निरतिशय उत्कृष्टस्वरूप वाला है, हंसः = दूध और पानी को अलग करने वाले हंसपक्षी की तरह यह विवेचक हंस निर्मल आदि सद्गुणों से भूषित है, तस्य = उस परम हंसरूप शिव के निवासस्थानस्वरूप हृदयकमल की, अष्टधा = आठ प्रकार की, वृत्तिः = पंखुडियाँ हैं । उन पंखुडियों में विहार करने वाले आत्मा के पूर्वदले = पूरब के दल में आने पर पुण्य कर्मों में प्रवृत्त करने वाली बुद्धि का उदय होता है, आग्नेये = आग्नेय नामक दिशा के दल में आने पर, निद्रालस्यादयः = नींद एवं आलस्य आदि दोषों का उदय हो जाता है । याम्ये = दक्षिण दिशा के दल में आने पर, क्रौर्यमतिः = क्रूर बुद्धि का उदय होता है । नैर्ऋत्ये = नैर्ऋत्य नामक दिशा के दल में आने पर पापे = पाप कर्म करने की मनीषा = बुद्धि का उदय होता है । वारुण्यां = पश्चिम दिशा के दल में आने पर, क्रीडा = विहार करने की इच्छा होती है । वायव्ये = वायव्य दिशा में आने पर, जाने-आने आदि की बुद्धिः = इच्छा होती है । सौम्ये = उत्तर दिशा में आने पर, रतिप्रीतिः = काम की इच्छा होती है । ऐशान्ये = ईशान्य दिशा में आने पर, द्रव्यादानं = रुपये कमाने की इच्छा होती है । मध्ये = बीच में रहने पर, वैराग्यं = विषयों में विरक्ति होती है । केसरे = किंजल्क में रहने

कर्णिकायां स्वप्नः, लिङ्गे सुषुप्तिः, पद्मत्यागे तुरीयम् । यदा हंसो नादे विलीनो भवति, तदा तत्तुरीयातीतमपि"(हं. उ. २)। अत्र लिङ्गे सुषुप्तिरिति हृदयान्तर्वर्तिनः शिवस्य लिङ्गरूपत्वं स्पष्टम् ।

अत्रात्मगतत्रयोदशभागप्रदर्शनेऽपि तस्याष्टधा भवतीत्यष्टत्वोक्तिस्तु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तितुरीयतुरीयातीतावस्थानां वृत्तित्वव्यवहाराभावमात्रेण बोध्या। शिवस्य लिङ्गरूपत्वमिति । अन्यथा पद्ममध्ये मध्यकेसरकर्णिकातिरेकेण चतुर्थस्य कस्यचिदभावाल्लिङ्गे सुषुप्तिरिति निर्विषयं स्यादिति भावः।

पर, जाग्रत् = जाग्रदवस्था रहती है । कर्णिकायां = कमल के बीच की कर्णिका में रहने पर, स्वप्नः = सपने नें प्रवेश हो जाता है । लिङ्गे = लिंग में रहने पर, सुषुप्तिः = गहन निद्रा में प्रवेश हो जाता है । पद्मत्यागे = उस हृदयकमल को छोड़ देने पर, तुरीयः = तुरीय अवस्था में प्रवेश हो जाता है । यदा = जब, हंसः = हंस पक्षी की तरह गुण दोषों का विवेचक आत्मा, नादे = नादस्वरूपात्मक ब्रह्म में, विलीनः = पूर्णतया लीन, भवति = हो जाता है, तदा = उस समय, तत् = वह, तुर्यातीतं = तुरीयातीत अवस्था में रहेगा ।

भावार्थ—हृदय कमल में संचार करने वाला हंसरूपी आत्मा उस कमल की जिस जिस पंखुडी में संचार करता है, तब तब उस उस वृत्ति का उदय हो जाता है । कमल के बीच की केसर में संचार करने पर आत्मा जागता रहेगा । कर्णिका में प्रवेश करने पर स्वप्नावस्था में रहेगा । लिंग में प्रवेश करने पर सुषुप्त्यवस्था में रहेगा । उस हृदय स्थान से अलग होने पर तुरीयावस्था में रहेगा और ब्रह्म में लीन हो जाने पर तुरीयातीत अवस्था में रहेगा । इन्हीं अवस्थाओं को इस तरह से भी बताया गया है कि आत्मा के मुख में रहने पर जाग्रदवस्था, हृदय में रहने पर स्वप्नावस्था, नाभि में होने पर सुषुप्त्यवस्था, बस्ति में (मूत्रसंग्रह कोश में) प्रवेश करने पर तुरीय अवस्था और लिंग में प्रविष्ट हो जाने पर तुरीयातीत अवस्था होती है । प्रथम जाग्रदवस्था में त्वक्, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र नामक पाँच ज्ञानेन्द्रियां; शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध नामक पाँच तन्मात्राएँ; वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ नामक पाँच कर्मेन्द्रियां; वचन, आदान, गमन, रेचन और विसर्जन नामक पाँच विषय; दस वायु, मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार नामक अन्तःकरणचतुष्टय और क्षेत्रज्ञ—ये पैंतीस तत्त्व रहते हैं ।स्वप्नावस्था में शब्द आदि पांच तन्मात्राएँ, वचन आदि पांच विषय, प्राण आदि दस वायु, अन्तःकरणचतुष्टय और

आगमवाक्यानि तु—"आधारे कनकप्रख्यं हृदये विद्रुमप्रभम्। भ्रूमध्ये स्फटिकच्छायं लिङ्गं योगी विभावयेत् ॥" (६।३९) इत्यादिसिद्धान्तशिखामण्यादिवचनान्यनुसन्धेयानीति।

अथास्यामुपनिषदि दहरोपासनाविषये नारायणस्योपासकत्वं शिवस्योपास्यत्वमिति निर्णयेन सहस्रशीर्षमित्यनुवाकगत-"नारायणपरं ब्रह्म तत्त्वं नारायणः परः" (तै.आ.१०।११।१) इत्यादिवाक्यानि विरुध्येरन्निति तु मा शङ्किष्ठाः, तद्भावभावनापन्नस्य नारायणस्यानितरसाधारणहृदयान्तर्वर्तिज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानसामर्थ्यलिङ्गेन तथा स्तुतिरिति योजयितुं शक्यत्वात्।

आधारे कनकप्रख्यमिति। आधारे बाह्यपूजास्थाने नाभिचक्रे वा। विद्रुमप्रभं प्रवालच्छायम्। अनितरसाधारणेति। इतरोपासकापेक्षया नारायणे शिवलिङ्गानुसन्धानस्यात्यन्तोत्कर्षशालित्वेन शिवभावापत्त्या तस्यापि परब्रह्मत्वोक्तिरित्याशयः।

क्षेत्रज्ञ—ये पचीस तत्त्व माने गये हैं। जाग्रदवस्था में तो विषयों का अनुभव होता है, स्वप्नावस्था में केवल विषयों की स्फूर्ति होती है। सुषुप्ति अवस्था में प्राण, चित्त और क्षेत्रज्ञ नामक केवल तीन तत्त्व माने जाते हैं। तुरीयावस्था में प्राण और आत्मा नामक दो तत्त्व माने गये हैं और तुरीयातीत अवस्था में केवल आत्मा रहती है। इस प्रकार ये पाँच प्रकार की अवस्थाएँ मल से सम्बद्ध आत्मा की होती हैं। इसके बाद निर्मल आत्मस्वरूप शिव के साथ समानता को प्राप्त कर लेने पर शिवत्व की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार के आत्मस्वरूप में समल जाग्रदादि अवस्थाएँ न होने पर भी अमल जाग्रदादि अवस्थाएँ होती हैं। इसी प्रकार बीजाक्षर का उच्चारण ही जाग्रदवस्था है, बिन्दु का परिग्रह ही स्वप्नावस्था है, नाद का संयोग ही सुषुप्त्यवस्था है, शक्ति का समागम ही तुरीयावस्था है और परशिव के तेज में शान्त परमसमानता को प्राप्त होकर लय हो जाना ही तुरीयातीत अवस्था है। यहाँ पहले आठ पंखुडियाँ हैं, ऐसा बता कर बाद में तेरह भाग दिखाये गये हैं, अतः पहले के आठ भाग केवल पंखुडियों के हैं, ऐसा भेद समझ लेना चाहिए।

इस मन्त्र में "लिङ्गे सुषुप्तिः" ऐसा वाक्य होने से इस प्रकार के हृदयकमल के बीच केसर और कर्णिका को छोड़ कर चौथे किसी भाग को स्थिति न होने से

केचित्तु नारायणपरं ब्रह्मेत्यस्य नारायणात् परं ब्रह्मेत्यर्थः । अत एव नारायणः परं ब्रह्मेत्यनुक्त्वा नारायणपरं ब्रह्मेत्येवाभिहितम् । तथा चोक्तरीत्या तत्परत्वं शिवस्यैवेति न कश्चिद् विरोध इति प्राहुरित्यलमतिविस्तरेण ।

एवमस्यामुपनिषदि ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानरूपान्तर्लिङ्गधारणं विधाय इष्टलिङ्गरूपबाह्यलिङ्गधारणमपि विधीयते—"सर्वलिङ्गं स्थापयति" (तै. आ. १०।१६।१) इति ।

केचित्त्विति । एतन्मते नारायणपरमित्यत्र पञ्चमीसमासो मन्तव्यः ।

सर्वलिङ्गं स्थापयतीति । "निधनपतये नमः । निधनपतान्तिकाय नमः । ऊर्ध्वाय नमः । ऊर्ध्वलिङ्गाय नमः । हिरण्याय नमः । हिरण्यलिङ्गाय नमः । सुवर्णाय नमः । सुवर्णलिङ्गाय नमः । दिव्याय नमः । दिव्यलिङ्गाय नमः । भवाय नमः । भवलिङ्गाय नमः । शर्वाय नमः । शर्वलिङ्गाय नमः । शिवाय नमः । शिवलिङ्गाय नमः । ज्वलाय नमः । ज्वललिङ्गाय नमः । आत्मने नमः । आत्मलिङ्गाय नमः । परमाय नमः । परमलिङ्गाय नमः । एतत् सोमस्य सूर्यस्य सर्वंलिङ्‌गं स्थापयति पाणिमन्त्रं पवित्रम्" (तै. आ. १०।१६) इति तैत्तिरीयके षोडशानुवाके पठ्यते । एषां च मन्त्राणां सायणाचार्यकृतव्याख्यानस्यानुपलम्भात् क एषां नियोगोऽस्तीति स्पष्टं वक्तुं न शक्यते, तथापि

"लिङ्गे सुषुप्तिः" यह वाक्य व्यर्थ होने लगेगा। इसलिए लिंग शब्द का शिवरूप अर्थ कहना ही उपयुक्त है । इससे शिव का लिंगरूपत्व सिद्ध हो जाता है । इस अभिप्राय के समर्थक अनेक शिवागम वाक्य हैं ।

"शिवध्यानासक्त शिवयोगी लिङ्गवाच्य शिव को आधार चक्र में सोने की तरह चमकने वाला, अनाहत चक्र में बिजली की तरह चमकने वाला और आज्ञा चक्र में स्फटिक की तरह चमकने वाला मान कर ध्यान करे । जो इस प्रकार शिव को हृदय में धारण करते हैं, वे लोग भवसागर को पार कर लेते हैं" । ऐसा शिवागम कह रहे हैं । इससे हृदयपुण्डरीक के बीच में गगनशब्दवाच्य शिव लिंगरूप के हैं, यह स्पष्ट हो जाता है ।

शंका—"नारायण ही परब्रह्म है, नारायण ही परतत्त्व है" इन तैत्तिरीय वाक्यों का कोई अर्थ ही नहीं है, ऐसा निर्णय हो गया है न ?

समाधान—नारायण समस्त देवता और मानवों की अपेक्षा श्रेष्ठ शिवोपासक हैं । निरवधिक ध्यान में तल्लीन होने के कारण अपने हृदय स्थान में अवस्थित

मन्त्रलिङ्गपर्यालोचनेन नमोऽन्तानामीश्वरप्रणामेऽङ्गत्वप्राप्तौ—"ऐन्द्रया गार्हपत्यमुपतिष्ठते" (मै. सं. १।५।११) इति प्रत्यक्षश्रुतिविहितगार्हपत्योपस्थानाङ्गत्वेन लिङ्गप्राप्तेन्द्रोपस्थानाङ्गत्वबाधवत् "एतत्सोमस्य सूर्यस्य" इति वाक्यशेषश्रुतौ पूर्वमन्त्रसमुदायपरामर्शकेनैतत्पदेन लुप्ततृतीयान्तेन सूर्यमण्डलान्तर्वर्तिनः सोमस्य उमासहितस्य सर्वस्य सर्वविधस्य सौवर्णमणिमयनार्मदादेर्लिङ्गस्य स्थापने विनियोगलाभाल्लिङ्गप्राप्तप्रणामाङ्गत्वं बाध्यत इति प्रतीयते।

ज्योतिर्लिंग के साथ वे अपनी धाराकारात्मक अहंग्रहोपसना की बुद्धि से सभी अवस्थाओं में शिवभावना में सुस्थिर हो जाते हैं। इस तरह से यहाँ शिव और नारायण का अभेद बताया गया है। ऐसा अभेद स्वीकार न होने पर "नारायणपरं ब्रह्म" यहाँ पर "नारायणात् परं ब्रह्म" इस प्रकार पञ्चमी तत्पुरुष का आश्रय लेकर परब्रह्म नारायण से भिन्न है, इस प्रकार का अर्थ ले सकते हैं। यदि परब्रह्मतत्त्व नारायण के लिए ही प्रयुक्त है, तो श्रुति में "नारायणः परं ब्रह्म" इस प्रकार भिन्न-भिन्न पद होने चाहिए। ऐसा न होने से उस नारायण पद का "नराणां समूहं नारम् अयनं अस्य" इस रीति से बहुव्रीहि समास का आश्रय लेकर उस नारायण पद को शिव पद का विशेषण बना कर एकवाक्यता कर लेनी चाहिए। इससे प्रकरण का विरोध अपने आप सुलझ जाता है।

इस प्रकार तैत्तिरीय श्रुति में आये हुए मन्त्रार्थ का विचार करते हुए अन्तर्लिंगधारण को सिद्ध करके आगे आने वाले "सर्वलिङ्गं स्थापयति" इस मन्त्र के आधार पर बाह्यलिङ्ग के धारण की सिद्धि करेंगे।

बहिर्लिंग (इष्टलिंग) का निरूपण

निधनपतये = कालरूप शिव के लिए, नमः = नमस्कार है। निधनपतान्तिकाय = मृत्यु के बिस्तर पर लेटे हुए आदमियों के अन्तिकाय = निकट में रहकर रक्षा करने वाले शिव के लिए, नमः = नमस्कार है। ऊर्ध्वाय = शिवादि पृथिवी पर्यन्त छत्तीस तत्त्वों के ऊपर रहनेवाले शिव के लिए, नमः = नमस्कार है। ऊर्ध्वलिङ्गाय = उन छत्तीस तत्त्वों के ऊपर रहने वाले शून्यलिङ्ग के लिए, नमः = नमस्कार है। हिरण्याय = सुन्दर रूपवाले अथवा सोने के जैसे स्वरूप वाले शिव के लिए, नमः = नमस्कार है। हिरण्यलिङ्गाय = सुवर्णमय व सुवर्णाक्षरों से विशिष्ट लिंग के लिए, नमः = नमस्कार है। दिव्याय = प्रकाशस्वरूप लिंग के लिए, नमः = नमस्कार है। भवाय नमः = प्राणियों की उत्पत्ति के निमित्त कर्तृस्वरूप शिव के लिए नमस्कार है।

नन्वत्र स्थापयतीति लडन्तत्वेन लिङाद्यभावान्न विधिसंभवः ? न च "व्रीहीन् प्रोक्षति, व्रीहीनवहन्ति" (आप. श्रौ. १।१९।१) इत्यत्र लिङाद्यभावेऽपि विधिप्रयोजकरूपसत्त्वेन यथा विधिसम्भवस्तद्वदत्र किं च स्यादिति वाच्यम्, अत्र विधिप्रयोजकरूपाभावात्। तथाहि—"विधिरत्यन्तमप्राप्ते नियमः पाक्षिके सति। तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते।।" (त. वा. १।२।४) इति कारिकयेदमवगम्यते यत्र प्रमाणान्तराप्राप्तस्यानेनैव विधिस्तत्रापूर्वविधिः। यथा व्रीहीन् प्रोक्ष-

---

लिङाद्यभावादिति। लिङ्लोडादीनामेव विधेयतावोधकत्वादिति भावः। विधिप्रयोजकरूपसत्त्वेनेति। अप्राप्तत्वमेव तद्रूपम्।

अत्यन्तमप्राप्त इति। यथा व्रीहीन् प्रोक्षतीति। पाक्षिके सतीति। यथा व्रीहीनवहन्तीति। अत्र तुषविमोकसाधनत्वेन नखदलनयोरिवावघातस्यापि

भवलिंगाय नमः = प्राणधारियों के प्राणस्वरूप लिंग के लिए नमस्कार है। शर्वाय नमः = सब के लयकर्ता के लिए नमस्कार है। शर्वलिङ्गाय नमः = लयकर्ता के आधारस्वरूप लिंग के लिए नमस्कार है। शिवाय नमः = सत्पुरुषों के मन में निवास करने वाले के लिए नमस्कार है। शिवलिङ्गाय नमः = समस्त मंगलस्वरूप लिंग के लिए नमस्कार है। ज्वलाय नमः = अग्निस्वरूप के लिए नमस्कार है। ज्वललिङ्गाय नमः = अग्नि के मध्यवर्ती लिंग के लिए नमस्कार है। आत्मने नमः = जीवात्मस्वरूप के लिए नमस्कार है। आत्मलिङ्गाय नमः = जीवान्तर्गत लिंगरूप परमात्मा के लिए नमस्कार है। परमाय नमः = उत्कृष्ट गुणों से सुशोभित के लिए नमस्कार है। परमलिङ्गाय नमः = उत्कृष्ट गुणों से विशिष्ट व्यक्तियों में सुशोभित ज्ञानस्वरूप के लिए नमस्कार है। सोमस्य = उमासहित, सूर्यस्य = सूर्यमण्डलान्तवर्ती पर शिव के, सर्वलिङ्गं = विश्वात्मक, पाणिमन्त्रं = हस्तकमल को शुद्ध करने वाले, पवित्रं = सर्वपावनस्वरूप, एतत् = इस इष्टलिंग को, स्थापयति = शिर, कण्ठ आदि उत्तम अंगों में धारण करना चाहिए।

पूर्वपक्ष

शंका—इस मन्त्र में 'स्थापयति' ऐसा लडन्त क्रियापद है। लिङ्, लोट्, तव्य आदि प्रत्यय जिस क्रिया में रहते हैं, उन्हीं क्रियाओं की विधिबोधकता शास्त्रसंमत है। "स्थापयेत् स्थापयितव्यम्" ऐसा कहते तो सभी शिव भक्तों के लिए कण्ठ, हाथ आदि अंगों में शिवलिंग को धारण करना है, ऐसा सिद्ध हो जाता,

तीत्यत्र। यत्र प्रकृतकार्ये उभयोः पक्षतः प्राप्तावनेनैव कर्तव्यं न तेनेति विधीयते, तत्र नियमविधिः। यथा व्रीहीन-वहन्तीत्यत्र। तत्र चान्यत्र चेति समुच्चयप्राप्तौ यत्र विधीयते सा परिसंख्या। यथा "पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः" (वा. रा. कि. १७।३९) इत्यत्र—"शशकः शल्यको गोधा खड्गी कूर्मस्तु पञ्चमः" इति वचनेनैषामन्येषां च पञ्चनखानां भक्षणप्राप्तौ एते पञ्चैव पञ्चनखा भक्ष्या नेतर इति परिसंख्याविधिरिति।

पक्षे प्राप्तेः। तत्र चान्यत्र चेति। यथा पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या इत्यत्र। तेषां

लेकिन 'स्थापयति' यह क्रिया विध्यर्थबोधक नहीं है, अतः इससे लिंगधारण करने की विधि कैसे सिद्ध हो सकती है?

समाधान—पूर्वमीमांसा के "व्रीहीन् प्रोक्षति, व्रीहीनवहन्ति" इन वाक्यों में 'प्रोक्षति, अवहन्ति' यहाँ पर लडन्त प्रयोग होने पर भी, दूसरे वाक्यों के द्वारा व्रीहिकर्मक प्रोक्षण व अवहनन के न आने के कारण 'अप्राप्तत्व' रूप विधि-प्रयोजन को ध्यान में रखकर जैसे लडन्त 'प्रोक्षति, अवहन्ति' इन वाक्यों को विधिवाक्य मान लिया जाता है, वैसे ही "सर्वलिङ्गं स्थापयति" इस वाक्य के लडन्त 'स्थापयति' इस क्रिया पद में भी दूसरे किसी श्रुति वाक्य द्वारा लिंगधारण अर्थ न प्राप्त होने से विध्यर्थ को स्वीकार कर लिया जाता है।

आपका यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि 'प्रोक्षति, अवहन्ति' इनमें प्रमाणान्तरों से जैसा अप्राप्तत्व है, वैसा यहाँ पर नहीं है। विधि—अपूर्व, नियम और परिसंख्या नाम से तीन प्रकार की है। इनमें—एक वाक्य में बताया हुआ अर्थ दूसरे में न बताया गया हो तो उसे अपूर्वविधि कहते हैं। व्रीहि (धान) का प्रोक्षण किसी दूसरे वाक्य में न आने से लडन्त प्रोक्षति पद में अपूर्व विधि का स्वीकार करना ही इसका उदाहरण है। इस नियम से यह कार्य करना है या दूसरी विधि से करना है, ऐसे दो पक्ष होने पर 'इसी विधि से करना है' ऐसा कहना ही नियम विधि का लक्षण है। जैसा कि 'व्रीहीनवहन्ति' इस स्थान पर नाखून से धान के छिलके निकालना है अथवा उलूखल से कूट कर छिलके निकालना है? ऐसा विकल्प प्राप्त होने पर कूट कर ही छिलके निकालना है, ऐसा विधान करना ही इस नियम विधि का उदाहरण है। वहाँ और यहाँ दोनों स्थानों पर प्राप्त होने पर एक में प्रवृत्त करा कर दूसरे का निषेध करना ही परिसंख्या विधि का लक्षण है। शशक (खरगोश), शल्यक (साही), गोधा (गोह), खड्गी (गैंडा), कूर्म (कछुआ) आदि

प्रकृते सर्वलिङ्गं स्थापयतीत्यत्र नापूर्वविधिः, लिङ्ग-धारणस्य "सर्वाननशिरोग्रीवः" (३।११) इति श्वेताश्वतरोपनिषद्वाक्यप्राप्तत्वेन प्रमाणान्तराप्राप्त्यभावात्। "सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः। सर्वव्यापी च भगवांस्तस्मात् सर्वगतः शिवः॥" इति। अस्यायमर्थः—सर्वेषां लिङ्गधारणयोग्या-

---

विधिप्रकाराणां मध्ये कस्यापि प्रकृते प्राप्तिर्नास्तीत्युपपादयति—प्रकृते सर्वलिङ्गमिति।

श्वेताश्वतरोपनिषद्वाक्यप्राप्तत्वेनेति। यद्यप्येकस्यैव सन्ध्यातर्पणादि-धर्मस्यानेकासु स्मृतिष्वेकस्यैवाग्निहोत्रधर्मस्यानेकासु शाखासु विधिर्दृश्यते, कस्यापि स्मृत्यन्तरशाखान्तरबोधितार्थबोधकत्वेन विधित्वं न व्याहन्यते, सर्वेषामेव वाक्यानां पृथक् पृथक् तत्तत्स्मृतितत्तच्छाखाध्येतारं प्रत्यज्ञातज्ञापकत्वेन विधित्वोपगमात्। एवं श्वेताश्वतरोपनिषद्वाक्येन सर्वलिङ्गं स्थापयतीत्यस्य विधित्वव्याघात आशङ्कितुं न शक्यते, तथापि सामान्यविशेषभावापन्नार्थबोधकत्वेन परस्परापेक्षितार्थकत्वमेव व्यवस्थापयितुं विधित्वव्याघात-शङ्कोत्थापनमिति मन्तव्यम्।

जानवरों के पाँच-पांच नाखून होते हैं। इस प्रकार के पाँच नाखूनों से विशिष्ट जानवरों का भक्षण करना चाहिए अथवा नहीं? इस प्रकार का सन्देह होने पर इन खरगोश आदि पाँच मृगों का ही भक्षण करना है, दूसरों का नहीं। इस प्रकार का निषेध ही इस परिसंख्या विधि का उदाहरण है।

प्रकृत स्थल में लिंगधारण तो इन तीन प्रकार की विधियों से किसी भी प्रकार से सिद्ध नहीं हो पाता। माना जाय कि अपूर्व विधि से इस लिंगधारण की सिद्धि होगी, किन्तु तब इसे तैत्तिरीय वाक्य को छोड़ कर दूसरे किसी उपनिषत् वाक्य से नहीं निर्दिष्ट होना चाहिए। यहाँ तो अन्य भी अनन्त श्रुतियाँ इस लिंग धारण का विधान कर रही हैं। जैसा कि श्वेताश्वतर श्रुति कहती है—शिवः = लिंगरूप शिव, सर्व = समस्त भक्तों के, आननः = मुख में, शिरः = शिर पर, ग्रीवः = गरदन पर, इष्टलिंग के रूप में धारण करने योग्य है। सर्वभूतगुहाशयः = समस्त प्राणियों के हृदयकमल में प्राणलिंग के रूप से रह रहा है। च = और, सर्वव्यापी = वस्तुपरिच्छेद, कालपरिच्छेद और देशपरिच्छेद से रहित है, अर्थात् सर्वव्यापक है। तस्मात् = इसलिए भगवान् = अणिमा आदि ऐश्वर्यों से विशिष्ट होकर, सर्वगतः = आकाश की तरह सभी वस्तुओं में है।

नाम् आननशिरोग्रीवा अधिकरणं यस्य सः सर्वाननशिरोग्रीवः, धार्यमाणः सन् तत्रेष्टलिङ्गरूपेण स्थितः शिव इत्यर्थः । सर्वभूतगुहाशय इत्यस्य सर्वभूतानां गुहायां दहरपुण्डरीके शेते "लिङ्गे सुषुप्तिः" (हं. उ. २) इति पूर्वोदाहृतहंसोपनिषत्प्राप्तलिङ्गरूपः शिवोऽन्तर्लिङ्गरूपेण स्थित इत्यर्थः । सर्वव्यापीति त्रिविधपरिच्छेदरहितः । अत एव सर्वगत इति ।

नन्वत्र "सर्वाननशिरोग्रीवः" (श्वे. उ. ३।११) इत्यस्य स्वविशेष्यभूतशिवपदेन समानविभक्तिकत्वात् तस्य चाभेद-

---

आननशिरोग्रीवम् अधिकरणं यस्येति । प्राण्यङ्गत्वादेकवद्भावः । सर्वाननशिरोग्रीवम् अधिकरणत्वेनाऽस्ति यस्येति मत्वर्थीयाच्प्रत्ययान्तत्वाभिप्रायेणेदं व्याख्यानं बोध्यम् । बहुव्रीहिसमासत्वं तु न भ्रमितव्यम्, अधिकरणपदस्याभावात्, उत्तरपदलोपस्य च शाकपार्थिवादितत्पुरुषे प्रादिभ्यो धातुजस्य वा केवलं विधानात् । हंसोपनिषत्प्राप्तेति । तद्बोधितेत्यर्थः ।

त्रिविधपरिच्छेदरहित इति । परिच्छेदस्य तिस्रो विधाः—कालपरिच्छेदो देशपरिच्छेदो वस्तुपरिच्छेदश्चेति । कालपरिच्छेदो यथा—"शतायुर्वै पुरुषः" इति । देशपरिच्छेदः—"शतयोजनविस्तीर्णो मकरालयः" इति । वस्तुपरिच्छेदो यथा—इदं पार्थिवमिदं जलीयमिति । एतैस्त्रिविधपरिच्छेदै रहितः । एतावत्कालवृत्तिः, एतावद्देशवृत्तिः, एतद्वस्तुमात्रस्वरूप एवंरूपेणयो वक्तुं न शक्यते, अर्थात् सार्वकालिकसर्वदेशवृत्तिसर्ववस्त्वात्मकः शिव इत्यर्थः । अयमत्र निष्कर्षः—प्रागभावाप्रतियोगित्वे सति ध्वंसाप्रतियोगित्वं कालपरिच्छेदशून्यत्वम्, अत्यन्ताभावाप्रतियोगित्वं देशपरिच्छेदशून्यत्वम्, भेदाप्रतियोगित्वं वस्तुपरिच्छेदरहितत्वमिति ।

सर्वाननशिरोग्रीव इत्यत्रार्शआद्यजन्तत्वाद्यजानान आधाराधेयभावसम्बन्धेन शिवपदार्थेऽन्वयादुक्तार्थलाभाभिप्रायं मन्यमानः शङ्कते—

आक्षेप—इस वाक्य में 'सर्वाननशिरोग्रीवः' ऐसा लिखा गया है । यहाँ पर 'सर्वेषां शिवभक्तानाम् आननशिरोग्रीवम् अधिकरणं यस्य' इस अधिकरण बहुव्रीहि समास का समाश्रय लेकर कण्ठ में लिंगधारण, 'सर्वभूतगुहाशयः' यहाँ पर 'सर्वेषां भूतानां गुहायां शेते' इस सप्तमी तत्पुरुष समास से प्राणलिंगधारण, 'सर्वव्यापी च'

बोधनियामकत्वेन कथं भेदगर्भीकृताधिकरणताप्रतीतिरिति चेत् ? मैवं मंस्थाः, समानविभक्तिकयोरप्यधिकरणताप्रत्यायकत्वस्य "आनन्दमयोऽभ्यासात्" (१।१।१२) इत्यधिकरणे नीलकण्ठाचार्यचरणैरङ्गीकृतत्वात् । तत्र च मयटः प्राचुर्यार्थ-

---

नन्वत्रेति । कथमिति प्रथमान्तपदयोरभेदातिरिक्तसम्बन्धेनान्वयबोधजनकताया अव्युत्पन्नत्वादिति भावः । भेदगर्भीकृत इति । स्वस्मिन् स्वनिरूपिताधेयताया बाधितत्वाद् अधिकरणाधेययोर्भेदस्य नियमेनापेक्षकत्वमेवाधिकरणताया भेदगर्भितत्वं बोध्यम् । भ्रान्तस्य प्रश्नकर्तुर्ज्ञानानुसारेणैवोत्तरमाह— मैवं मंस्था इत्यादिना । वस्तुतस्तु सर्वाननशिरोग्रीव इत्यस्यार्शआद्यन्ततयाऽभेदसम्बन्धेनाऽन्वयस्यैव स्वीकारात् स्वमते आधाराधेयभावसम्बन्धेनान्वय एव नास्तीति नास्त्येवानयोः शङ्कासमाधानयोरवसरः । अच्प्रत्ययश्च षष्ठ्यर्थे कार्यः, आधेयतासम्बन्धस्य वृत्त्यनियामकत्वात् । नील-

यहाँ पर 'सर्वं व्याप्नोतीति' इस द्वितीया तत्पुरुष समास से भावलिंगधारण नामक लिंग का धारण बतलाया गया है। इसी तरह से श्रीरेणुक भगवत्पादाचार्य ने कहा है कि श्रीगुरु वेधा, क्रिया और मनु नामक तीनों दीक्षाओं से आणव, मायीय और कार्मिक नामक तीनों मलों को निवारण करके इष्ट, प्राण और भाव नामक तीन लिंगों को धारण करने की आज्ञा देते हैं। इस तरह से तैत्तिरीय के "सर्वलिङ्गं स्थापयति" इस वाक्य से निरूपित इष्टलिंगधारण श्वेताश्वतर आदि में सिद्ध हो जाता है। इसलिए अप्राप्तत्वरूप अपूर्व विधि में लिंगधारण की सिद्धि नहीं हो सकती। 'सर्वानन' इस मन्त्र का अन्तिम शिवपद यहाँ विशेष्य है, शेष सभी पद विशेषण हैं। सभी विशेषणपद विशेष्य के अधीन होकर रहते हैं। विशेष्य और विशेषण पद एक ही विभक्ति के होने पर अभेद अर्थ मान लेना है, ऐसा शास्त्र का नियम है। यहाँ पर एक ही विभक्ति से विशिष्ट सर्वाननशिरोग्रीव पद और शिव पद है। इसलिए अभेद अर्थ स्वीकार करने पर आधार और आधेय भाव को समर्थन करने वाले अधिकरण बहुव्रीहि समास का आश्रय नहीं ले सकते, तब तो 'सर्वाननशिरोग्रीवः' यह पद इष्टलिंगधारणपरक है, ऐसा कहने का अवकाश ही नहीं मिलता।

समाधान—समान विभक्ति के स्थान पर भी पूर्वाचार्यों ने अधिकरणार्थ स्वीकार कर लिया है। ब्रह्मसूत्र के भाष्यकार श्रीनीलकण्ठ शिवाचार्य ने "आनन्द-

कत्वस्वीकारेणानन्दब्रह्मणोर्धर्मधर्मिभावप्राप्तौ "आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्" (तै. उ. ६।६) "विज्ञानमानन्दं ब्रह्म" इत्यादिवाक्यगतानन्दब्रह्मपदयोरेकविभक्तिकत्वेनाभेदबोधनात् कथं धर्मधर्मिभाव इति पूर्वपक्षं प्रापय्य "आनन्दो ब्रह्मणो रूपम्" इत्यादिभेदबोधकवाक्याविरोधेन आनन्दाधिकरणं ब्रह्मेति राद्धान्तितम् ।

कण्ठाचार्यचरणैरिति । अयं भावः—विशिष्टाद्वैतसिद्धान्ते "आनन्दमयः", "आनन्दो ब्रह्मणो रूपम्" इत्यादौ मयटः षष्ठ्यादिदर्शनेनानन्दब्रह्मणोर्भेदस्यैवोपगमेनानन्दो ब्रह्मेति व्यजानादित्यत्र समानविभक्तिकविशेष्यविशेषणवाचकपदसमभिव्याहारस्थलेऽपि क्वचिद् भेदः प्रतीयत इत्यभ्युपगन्तव्यं भवति । यद्यपि प्रकृतेऽप्यानन्दपदस्यार्शआद्यजन्तत्वस्य स्वीकारेण स्वाश्रये लक्षणाया एवोपगमेन वाऽभेदसम्बन्धेनान्वयेऽपि नास्ति बाधः, तथापि च्छन्दसि "व्यत्ययो बहुलम्" इति शास्त्रेण सप्तम्यर्थेऽपि प्रथमाया विधानेनाऽनायासत एव समानविभक्तिकस्थलेऽप्याधाराधेयभावो लभ्यत इति किमर्थमर्शआद्यजन्तताऽऽश्रये लक्षणा वा स्वीकरणीयेत्याशयेन नीलकण्ठाचार्यैरेवमुक्तम् । वस्तुतस्तु नीलो घट इत्यादिलोकसाधारणेनोपायेनोपपत्तौ छान्दसत्वेन व्यत्ययकल्पनया समाधानस्यान्याय्यतया तत्र च गुणवचनेभ्यो मतुपो लुगिष्ट इति महाभाष्योक्तप्रक्रियया नैयायिकोक्तलक्षणया वा आश्रयबोध

मयोऽभ्यासात्" इस सूत्र में आत्मा अभ्यासात् = निरन्तरलिंगोपासना से, आनन्दमयः = आनन्दप्रचुर होता है। यहाँ पर आनन्द शब्द के आगे मयट् प्रत्यय आया है। इस प्रत्यय का विकार या प्राचुर्य अर्थ कह सकते हैं। इन दो अर्थों में से श्रीनीलकण्ठ शिवाचार्य आनन्द और ब्रह्म का गुणगुणिभाव मानते हैं। अतः वे यहाँ विकारार्थ को न मानकर प्राचुर्यार्थ को स्वीकार करते हैं। इससे शिवयोगाभ्यास से अंगपदवाच्य जीवात्मा आनन्दप्रचुर हो गया है, ऐसा सिद्ध हो जाता है। इसके लिए उसी आनन्दाधिकरण में "विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात्" अर्थात् मयट् प्रत्यय की विकारार्थता स्वीकार करने पर मृण्मय घट मृद्विकार हो जाता है, ऐसे ही आनन्दमय आत्मा आनन्दविकार हो जाता है, इस प्रकार कहना होगा। परमेश्वर के लिए ऐसा विकार कहने का अवसर न मिलने से वह जीवात्मा ही है, ऐसा कहना भी सम्भव नहीं है। यहाँ पर आनन्द शब्द से आगे के मयट् प्रत्यय से हम प्राचुर्यार्थ को ही स्वीकार करते हैं। इसीलिए तैत्तिरीय वचन में अन्नमय शब्द से

भेदवादिभिरानन्दतीर्थीयादिभिरपि—"यः सर्वज्ञः सर्व-विद् यस्य ज्ञानमयं तपः" (मु. उ. १।१।९) इति वाक्यविरोधेन

इति सर्वैरेव ग्रन्थकारैः स्वीकृतत्वेनात्रापि मत्वर्थीयाच्प्रत्ययेनाश्रयबोधः स्वीकरणीय इत्येव युक्तम्, नीलकण्ठाचार्याणामुक्तिस्तूपायस्योपायान्तरादूषकत्वमात्राभिप्राया।

यः सर्वज्ञः सर्वविदिति। "यस्य ज्ञानमयं तपः" इति वाक्याविरोधाय "विज्ञानं ब्रह्म" इत्यत्र विज्ञानाधिकरणं ब्रह्मेत्यानन्दतीर्थीयव्याख्यानमप्येवमेव

मनोमय शब्द पर्यन्त के मयट् प्रत्ययों से विकारार्थ को स्वीकार करके इससे आगे के विज्ञानमय, आनन्दमय पदों को प्राचुर्यार्थक मानकर विज्ञानप्रचुर जीव है और आनन्दप्रचुर ईश्वर है, ऐसा अर्थ करते हैं। इसी प्रकार "अन्नमयो यज्ञः, अंशुमयः सूर्यः, विप्रमयो ग्रामः, विहङ्गमयो वृक्षः" इस प्रकार के अनेक स्थानों में मयट् को प्राचुर्यार्थक बताया गया है। इस प्रकार कहने से परशिव भूतभविष्यद्वर्तमान कालों में होने वाले दुःखों में से किसी एक से भी सम्बद्ध न होकर सत्य और प्रकाशमय होकर रहता है, इस वास्तविकता की सिद्धि हो जाती है। तापत्रयग्रस्त जीवात्मा में इस प्रकार के नित्यानन्द की सिद्धि नहीं हो पाती। इससे आनन्द और ब्रह्म का धर्मधर्मिभाव सिद्ध हो जाता है। ऐसा मानने पर "आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्", "नित्यं ज्ञानमानन्दं ब्रह्म" इस प्रकार के अनन्त श्रुतिवाक्यों में एक ही विभक्ति के वाक्य आने से उस आनन्द और ब्रह्म के अभेद को स्वीकार न करके भेद-प्रतिपादक धर्मधर्मिभाव कहने का अवसर नहीं है, ऐसा आक्षेप करने पर "आनन्दो ब्रह्मणो रूपम्" इस प्रकार श्रुतियों में षष्ठ्यन्त ब्रह्मपद होने से आनन्द और ब्रह्म का अत्यन्त भेद दीखने से भेद वाक्यों का विरोध आवश्यक होने से "आनन्दो ब्रह्म" यहाँ के समानविभक्तिक ब्रह्म पद को आनन्दार्थक स्वीकार करके 'आनन्दाधिकरणं ब्रह्म' ऐसा समर्थन करने पर "आनन्दो ब्रह्मणो रूपम्" इस प्रकार के भिन्नविभक्तिक वाक्यों का और समानविभक्तिक वाक्यों का विरोध न होकर समन्वय हो जाता है, ऐसा कहते हैं।

इस सन्दर्भ में "यः सर्वज्ञः सर्वविद् यस्य ज्ञानमयं तपः" अर्थात् जो सर्वज्ञ है, सर्ववेत्ता है, जिनका तप ज्ञानमय है, इस प्रकार के विभिन्न विभक्तियों से विशिष्ट श्रुतिवाक्य भेद को बतला रहे हैं। "विज्ञानं ब्रह्म", "आनन्दं ब्रह्म" इस प्रकार के समानविभक्ति वाले श्रुतिवाक्य अभेद भी दिखला रहे हैं। इन श्रुतिवाक्यों में परस्पर विरोध दीखने के कारण समानविभक्तिक आनन्द, विज्ञान आदि पदों की

"विज्ञानं ब्रह्म" (तै. उ. ३।५) इत्यत्र विज्ञानाधिकरणं ब्रह्मेत्युक्तम् । लौकिकेऽपि बहुकपालो घट इत्यादौ तथा दृष्टमिति ।

न चाननशिरोग्रीव इत्यस्याननशिरोग्रीवमात्राधिकरणकलिङ्गार्थकत्वे तस्मात् सर्वगतः शिव इति वाक्यविरोध इति वाच्यम्, भक्तानुग्रहार्थमौपाधिकपरिच्छिन्नेष्टलिङ्गरूपेणानन-

---

बोध्यमिति सर्वमनवद्यम् । बहुकपालो घट इत्यादाविति । वृक्षे शाखेतिवद् लोकदृष्ट्यनुसारेणावयविन्यवयवनिरूपिताधिकरणत्वमारोप्य बहुकपालाधिकरणो घट इति बोधः । तथा दृष्टमिति । समानविभक्तिकस्थलेऽप्याधाराधेयभावसम्बन्धेनान्वयो दृष्ट इति भावः । यद्यप्यत्र बहुव्रीहिणैव तादृशबोधो निर्वहति, तथाप्येकार्थीभावानङ्गीकर्तृमते उत्तरपदेऽन्यपदार्थलक्षणाया एव स्वीकारेण तत्स्थानीयकल्पान्तरस्याप्यवसरोऽस्तीत्याशयेनैवमुक्तम् ।

वाक्यविरोध इति । परिच्छिन्नत्वमपरिच्छिन्नत्वं चैकस्मिन्न सम्भवतीति तयोरेकत्रोक्तिर्बाधिता भवतीति भावः । भक्तानुग्रहार्थमिति । तथा च अधिकरणार्थता स्वीकार करके सभी वाक्यों का समन्वय करके विरोध परिहार कर लेना उत्तम समझ कर जीव और ब्रह्म के भेद को बताने वाले श्री आनन्दतीर्थ समान विभक्ति के स्थान पर अधिकरणार्थ स्वीकार करते हैं। इसी प्रकार 'सर्वाननशिरोग्रीवः' यह प्रथमान्त पद 'सर्वगतः शिवः' इस आगे के प्रथमान्त पद का विशेषण है। इस विशेषण पद का, समस्त भक्तों के शिर, कण्ठ आदि स्थान ही अधिकरण (आश्रय) हैं, ऐसे भिन्नार्थ को बतलाने वाले व्यधिकरण बहुव्रीहि समास का आश्रय लेकर कण्ठ में इष्टलिंग को धारण करे, ऐसा निर्णय कर लेना चाहिये ।

आक्षेप—लेकिन इस प्रकार परिच्छिन्नत्वबोधक अधिकरणार्थ को स्वीकार कर शिवभक्त अपने कण्ठ आदि अवयवों में शिवलिंग को धारण करे, ऐसा अर्थ करने पर आगे के अपरिच्छिन्नत्वबोधक वाक्य का विरोध होता है। एक ही वस्तु में भेद और अभेद दोनों नहीं रह सकते। इसलिए इष्टलिंगधारण की सिद्धि के लिए 'सर्वाननशिरोग्रीवः' इस वाक्य की अधिकरणार्थता स्वीकार नहीं की जा सकती ।

समाधान—परशिव अपरिच्छिन्न वस्तु है, ऐसा सभी सिद्धान्ती स्वीकार करते हैं, तो भी वह परशिव उपासक भक्तों का उद्धार करने के लिए उपाधिस्वरूप

शिरोग्रीवासु सूक्ष्मज्योतिर्लिङ्गरूपेण गुहारूपदहराम्भोजे पूर्व-वाक्येन स्थितिं प्रदर्श्य वास्तविकापरिच्छिन्नरूपप्रदर्शनपरः "सर्वव्यापी च भगवान्" इत्युत्तरवाक्यसन्दर्भ इति योजयितुं शक्यत्वात् । अत एव पूर्ववाक्यावगतपरिच्छिन्नरूपसमुच्चयार्थः "सर्वव्यापी च भगवान्" इत्यत्र चकारः सार्थकः ।

अथैवमपि—"उत्तमाङ्गे गले वापि कुक्षौ वक्षस्थलेऽपि वा । तथा हस्ततले वापि प्राणलिङ्गं धरेत् सुधीः ।।" (६।५१) इति सिद्धान्तशिखामणिवचनेन "कृत्वा निधेहि सततं लिङ्गं वस्त्रेण वेष्टितम् । मस्तके कन्धरे कुक्षौ वक्षस्यथ करस्थले ।।" इति स्कान्दे शङ्करसंहितावचनेन च शिरो-

---

वस्तुतोऽपरिच्छिन्न एवेश्वरो भक्तानुग्रहार्थं स्वेच्छया परिच्छिन्नरूपं परिकल्प्याधितिष्ठतीति परिकल्पितरूपगतमेव परिच्छिन्नत्वम्, अपरिच्छिन्नत्वं चात्मगतमिति न कश्चिद् विरोध इति भावः ।

इष्टलिंग के रूप में शिवभक्तों के मुंह में, मस्तक पर, कण्ठ पर निवास करता है। ज्योतिर्लिंग के रूप में भक्तों के हृदय-पुण्डरीक में रहता है । इस प्रकार एक एक कल्पित रूप से भक्तों के हृदय में निवास करने पर भी वह आकाश की तरह सर्वव्यापक होकर रहता है । इस अभिप्राय को पुष्ट करने के लिए "सर्वानन-शिरोग्रीवः, सर्वभूतगुहाशयः, सर्वव्यापी स भगवान्" इन तीन वाक्यों द्वारा क्रम से इष्टलिंग, प्राणलिंग और भावलिंग को दिखलाने से परिच्छिन्नत्व और अपरिच्छिन्नत्व का विरोध नहीं रहेगा । भक्तों की उपासना के सौकर्य को ध्यान में रखकर शिव का पहले कल्पित रूप बतला कर आगे निजस्वरूप के रूप में स्वीकृत अपरिच्छिनत्व को बताने के उद्देश्य से यह श्रुति अन्त में 'सर्वव्यापी च' इस प्रकार के समुच्चयार्थक चकार का उपादान करती है, अतः 'सर्वानन-शिरोग्रीवः' यह पद इष्टलिंगधारणपरक है, यह हम निश्शंक होकर कह सकते हैं ।

इस विषय पर—"दीक्षित शिवभक्त गुरु के द्वारा प्रसादित पञ्चसूत्र से घटित शिवलिङ्ग को शिर, कण्ठ, छाती, वक्षस्थल व भुजा (हाथ) पर धारण करना चाहिए" ऐसी श्रीरेणुक भगवत्पादाचार्य की आज्ञा है। शिर, कण्ठ, छाती, पेट, हाथ—इन पांच स्थलों में शिवलिंग को धारण करना चाहिए, इस प्रकार व्यास जी के द्वारा लिखित स्कन्दपुराण में भी कहा गया है ।

ग्रीवे लिङ्गधारणप्रसिद्धावप्याननं तदभावात् कथमेतदित्यनाकलितरमणीयम्, "मननात् त्रायते यस्मात् तस्मान्मन्त्रोऽयमीरितः। वाच्यवाचकरूपेण द्विधा मन्त्रः प्रकीर्तितः।। वाचको वर्णरूपः स्याद् वाच्यश्च परमः शिवः। मनुदेवतयोरैक्यं तस्मादाहुर्महर्षयः।।" इति व्यासनिरुक्त्या, "नमः पीठमिति प्रोक्तं शिकारं मध्यमीरितम्। वाकारं गोमुखं वृत्तं यकारं गोलकं स्मृतम्। ओङ्कारं लिङ्गमाख्यातं षड्वर्णं लिङ्गमुच्यते।।" इति सिद्धा-

---

नमः पीठमिति। लिङ्गस्याधारभूतं योनिमण्डलाद्यवयवकं पीठमित्युच्यते। तद्रूपत्वं मन्त्रावयवे नमःशब्दे आरोप्यते। मध्यरूपत्वं मन्त्रावयवे शिशब्दे आरोप्यते। गोमुखपदेन तदन्तर्गतं जलप्रवहणमुच्यते, तद्रूपत्वं वाशब्दे आरोप्यते। गोलकपदेन लिङ्गाधारभूतं विवरं कथ्यते, तद्रूपत्वेन मन्त्रावयवो यकारः कल्प्यते। ॐकारश्च लिङ्गरूपेण कल्प्यते। एवं लिङ्गमन्त्रयोरेकत्वसिद्धौ मन्त्ररूपेणाऽऽननवृत्तित्वात् सर्वाननशिरोग्रीवेत्यत्राननस्य शिवधारणस्थानत्वोक्तिर्न विरुद्ध्यत इति भावः।

ननु—"उत्तमाङ्गे गले वापि कुक्षौ वक्षस्थलेऽपि वा। तथा हस्ततले वापि प्राणलिङ्गं धरेत् सुधीः।।" इति वाक्येन लिङ्गधारणाधिकरणत्वेन बहूनां

आक्षेप—ऐसा मानने पर 'सर्वाननशिरोग्रीवः' इस वाक्य में मुंह, शिर, कण्ठ—ये तीन स्थान बताने पर भी ऊपर बताये गये प्रमाण के अनुसार उपलक्षणात्मक विधि से पेट, छाती और हाथ इन तीनों का ग्रहण कर लेना है। इस मन्त्र में 'सर्वानन' ऐसा एक आनन पद मिला है। शिवलिंग को कण्ठ आदि पाँच स्थानों पर जैसा धारण कर सकते हैं, वैसा आनन (मुंह) में धारण करना साध्य नहीं है, इसलिए यह उपयुक्त नहीं है।

समाधान—युक्ति से ध्यान करने का नाम मनन है। ऐसे मनन के द्वारा रक्षा करने योग्य होने से मन्त्र कहा जाता है। वह रक्षक मन्त्र वाचक (शब्द) और वाच्य (अर्थ) के भेद से दो प्रकार का है। इनमें अक्षरस्वरूप वाचक मन्त्र है और अर्थ (लिंग) के रूप में वह वाच्य मन्त्र कहा जाता है। इस प्रकार के अक्षरस्वरूप (नमः शिवाय) वाचक पद और अर्थ रूप (परशिव) वाच्य पद का महर्षियों ने अभेद माना है।

तात्पर्य—सिद्धान्तसारावली के अनुसार महामन्त्र के पहले 'नमः' यह दोनों अक्षर शिवलिंग के पीठ हैं। 'शि' यह उस लिंग का मध्यभाग है। 'वा' यह उस

न्तसारावलीवचनेन च पञ्चाक्षरीमन्त्रलिङ्गयोरैक्येन मन्त्ररूपेणानने लिङ्गरूपेण शिरोग्रीवयोरधिष्ठित इति वक्तुं शक्यत्वात् ।

अत्र च–"व्रीहिभिर्यजेत, यवैर्यजेत" (आप. श्रौ. ६।३१ १३) इत्यत्र पुरोडाशनिष्पादनप्रयोजनस्यैकत्वेन यथा विकल्पः, तद्वत् कदाचिच्छिरसि कदाचिद् ग्रीवादिषु वा धार्यमित्यवगन्तव्यम् ।

स्थानानामुक्तेः किं सर्वत्र तद्धारणं कर्तव्यमाहोस्वित् क्वचिदेवेत्याशङ्क्य समाधत्ते—अत्र च व्रीहिभिरिति । प्रयोजनस्यैकत्वेनेति । तथा च व्रीहियवयोः पुरोडाशनिष्पादनस्येवोत्तमाङ्गादिषु लिङ्गधारणानां मोक्षरूपस्य प्रयोजनस्यैकत्वमस्तीति भावः । समानफलकत्वादैच्छिको विकल्प एवात्र स्थानानामस्तीत्यवगन्तव्यम् ।

लिंग का गोमुख है । 'य' यह गोलक है । 'ओं' यह लिंग है । इस तरह से पीठ, मध्य, गोमुख, वृत्त और गोलक नामक पाँच सूत्रों से विशिष्ट लिंग और वर्णरूप पंचाक्षरी मन्त्र का यहाँ अभेद मान लिया गया है ।

इसलिए वाचकरूप मन्त्र को मुंह में और वाच्यरूप मन्त्र (इष्टलिंग) को हस्त, कण्ठ आदि स्थानों में धारण करने के गूढार्थ को दिखलाने के लिए श्रुति 'सर्वाननशिरोग्रीवः' ऐसा उपदेश करती है ।

शङ्का—इस सर्वानन वाक्य से कण्ठ, शिर, कुक्षि आदि पाँच स्थानों में लिंग धारण करना चाहिए, ऐसा कहने के बाद इन पाँचों स्थानों में अलग-अलग एक-एक लिंग धारण करना है ? अथवा किसी एक स्थान पर लिंग धारण करना है ?

समाधान—श्रुति में धान से यज्ञ करें, जौ से यज्ञ करें । इस प्रकार दो वाक्य बताये गये हैं । इन दोनों वाक्यों का पुरोडाश (लीटी-बाटी) उत्पादनरूप प्रयोजन तो एक हो है । अतः धान से याग करने के बाद जौ से करने की आवश्यकता नहीं है, जौ से याग करने के बाद धान से करने की जरूरत नहीं है । ऐसा निर्णय किया गया है । उसी प्रकार यहाँ पर भी इष्टलिंग धारण से मोक्षरूप महाफल की प्राप्ति हो जाने से उस लिंग को शिर, छाती या अन्य किसी स्थान पर धारण करने पर भी मोक्षरूप प्रयोजन एक ही होने के कारण इन पाँच स्थानों में से किसी एक स्थान पर धारण करना है, न कि सभी स्थानों पर । श्रुति कहती है—प्रधानं =

अपि चास्यामुपनिषदि "क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः" (श्वे. उ. १।१०) इति परमेश्वरमुपक्रम्य "लिंगधारणमाख्यातं द्विधा सर्वार्थसाधकम्। बाह्यमाभ्यन्तरं चैव मुनिभिर्मोक्षकाङ्क्षिभिः॥ आधारे हृदये वापि भ्रूमध्ये वा निरन्तरम्।

क्षरं प्रधानमिति। प्रधानं प्रकृतिपदवाच्यं साम्यावस्थापन्नं गुणत्रयं क्षरं विकारि। अमृताक्षरं हर इति। हरः परमेश्वरः, अमृतम् अनश्वरम्, अक्षरम् अविकारी प्रणवप्रतिपाद्यो वा। उपक्रम्य प्रस्तूय। आधारे नाभिचक्रे।

सत्वरजतमोगुणस्वरूपवाली माया, क्षरं = नाश होनेवाली है। हरः = परशिव, अमृत = नाशरहित और अक्षरं = विकारशून्य है। तस्य = उस दिव्य ज्योतिस्वरूप परशिव को, अभिध्यानात् = प्राणलिंग मानकर सूक्ष्म शरीर में धारण करने से, योजनात् = इष्टलिंग मानकर स्थूल शरीर में धारण करने से, तत्त्वभावात् = भावलिंग मानकर कारण शरीर में धारण करने से, भूयः = निश्चय ही, अन्ते = देह का वियोग होने के बाद, विश्वमायानिवृत्तिः = जननमरणरूप दुःख से मुक्त हो जाता है। इस श्वेताश्वतर वाक्य में 'योजनात्' यह पद देह में केवल इष्टलिंग धारण को बतला रहा है। लेकिन किस स्थान पर धारण करना है, इस बात को तो स्पष्ट नहीं किया गया है। उस स्थान को स्पष्ट करने के लिए 'सर्वाननशिरोग्रीवः' यह वाक्य आया है। इसके अतिरिक्त 'सर्वभूतगुहाशयः' यह वाक्य प्राणलिंग धारण के स्थान को बताता है। इष्टलिंग के धारण का स्थान न बताने पर प्रकरण का विरोध होगा। इस दोष का परिहार सिद्धान्तशिखामणि में किया गया है—मोक्ष को चाहनेवाले मुनि लोग लिंगधारण को बाह्यलिंगधारण और अन्तर्लिंगधारण के भेद से दो प्रकार का बताते हैं। इनमें से आधार, हृदय और भ्रूमध्य स्थान पर ज्योतिर्लिंग का निरन्तर ध्यान करना ही अन्तर्लिंगधारण है। अन्तर्लिंग को धारण करने की शक्ति न होने पर बाहर के इष्टलिंग को अन्तर्लिंग का ही स्वरूप मानकर हाथ, गले आदि उत्तम अंगों में निरन्तर धारण करना चाहिए।

'सर्वाननशिरोग्रीवः' यह पद शिवपद का विशेषण है, अतः शिव आनन, शिर और कण्ठ आदि से अभिन्न है? अथवा भिन्न है? इस प्रकार का विकल्प हो सकता है। अभेद को स्वीकार करने पर "सर्वं वाक्यं सावधारणम्" इस न्याय से शिव आनन, शिर और कण्ठ की केवल अभिन्नता है, ऐसा कहना पड़ेगा। तब शिव सभी जगह हैं, इस श्रुति वाक्य का विरोध होगा। भेद को मानने पर दायीं

ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानं तदेवान्तरमुच्यते ॥ "अन्तर्धारयितुं लिङ्गमशक्तः शक्त एव वा । बाह्यं च धारयेल्लिङ्गं तद्रूपमिति निश्चयात्" (६।२९,३८,४७) इति सिद्धान्तशिखामणिवचनप्राप्तमुभयविधधारणमपि — "तस्याभिध्यानाद्योजनात्तत्त्वभावात्" (श्वे.उ. १।१०) इत्यनेन तस्याभिध्यानाद् ज्योतिर्लिङ्गरूपेणान्तरमनुध्यानात् योजनादिष्टलिङ्गरूपेण संयोगादिति प्रदर्श्य कुत्र धर्तव्यमित्याकाङ्क्षायां धारणाधिकरणप्रदर्शनार्थं प्रवृत्तमिदं "सर्वाननशिरोग्रीवः" (श्वे. उ. ३।११) इत्यादिवाक्यम् । तत्र गुहाशय इत्यन्तर्लिङ्गधारणस्थानं प्रदर्श्य बहिर्लिङ्गधारणस्थानाप्रदर्शने सन्दर्भविरोधो वज्रलेपायते ।

ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानं ज्योतिर्मयस्य लिङ्गस्य अनुसन्धानं स्मरणमेवान्तर्लिङ्गधारणं कथ्यत इत्यर्थः । तद्रूपमिति ज्योतिर्मयशिवस्वरूपमिति निश्चयादेतादृशं निश्चयं प्रगृह्येति ल्यब्लोपे पञ्चमी । सिद्धान्तशिखामणिवचनप्राप्तमिति । एतद्ग्रन्थस्याप्येतन्मतेऽत्यन्तमभ्यर्हितत्वेनैतदीयवचनबलात् कर्तव्यतया प्राप्तमुभयविधलिङ्गधारणं तन्मूलभूतश्रुत्यापि बोधितमस्तीति भावः । अनुध्यानात् चिन्तनात् । एवं श्रुत्या द्विविधलिङ्गधारणं विहितत्वेन व्याख्याय क्व तत् धर्तव्यमिति स्थानापेक्षायां प्रवृत्तं सर्वाननशिरोग्रीव इति वाक्यं गुहाशय इत्यंशेनान्तर्लिङ्गधारणाय बुद्धिरूपां गुहां प्रदर्श्य सर्वाननशिरोग्रीव इत्यंशेन बाह्यलिङ्गधारणस्थानं प्रदर्शयतीति सर्वं समञ्जसं भवति । अन्यथाऽपेक्षितयावदंशाकथनेन प्रकरणस्य न्यूनत्वं सर्वाननेत्यंशस्य वैयर्थ्यं चेत्येतदाशयः ।

इतने मात्र से मातृस्वरूप, पितृस्वरूप और भगवत्स्वरूप है, ऐसी स्तुति करने की योग्यता से विशिष्ट हो जाने से इस मन्त्र का विषय बन सकता है, तो चेतनाचेतनात्मक इस अखण्ड, अनन्त ब्रह्माण्ड की सृष्टि, स्थिति और संहार करने की शक्ति से विशिष्ट उस परशिवलिंग के अविभाज्य (नित्य) संबन्ध से बायें हाथ के पीठ (हथेली) पर विराजमान होने से, ऐसे हाथ को भगवत्स्वरूप और मातापितृस्वरूप मान कर स्तुति करने में कोई बाधा नहीं हो सकती। थोड़े समय का संबन्ध मान कर स्तुति कर सकते हैं, तो अधिक संबन्ध से विशिष्ट की स्तुति क्यों नहीं कर सकते? इस प्रकार तर्कपूर्ण सिद्धि को ही "कैमुतिकन्याय" कहते हैं। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि हाथ पर विराजमान शिवलिंग माता-पिता की तरह हमारी रक्षा करे, ऐसी स्तुति में कोई अवरोध उत्पन्न नहीं हो सकता।

शंका—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि इस मन्त्र के पहले 'पवित्रं ते विततम्" ऐसा मन्त्र आया है। यह मन्त्र लिंगधारण-विधायक मन्त्र है, ऐसा अंगीकार किये जाने पर आगे का "अयं मे हस्तः" यह मन्त्र भी लिंगधारण-विधायक है, अतः यहाँ पर भी 'अन्यथासिद्ध' नामक दोष तो आ ही जाता है। इसके अतिरिक्त एक ही शाखा में कहने से मीमांसाशास्त्र के अनुसार अपूर्व विधि का भंग भी हो जाता है। इसलिये यह सम्भव नहीं है।

रणत्वेन न तत्सम्भव इति वाच्यम्, वामहस्ताभ्यर्हितत्वस्य पूर्वमेव साधितत्वात्, "संस्कृत्य गुरुणा दत्तमिष्टलिङ्ग-मतन्द्रितः। नित्यं स्ववामहस्ताग्रे सावधानेन पूजयेत्॥" इति शङ्करसंहितावचनेन तत्र धारणपूजादियोग्यताया आवश्यकत्वाच्चेति।

ननु शाखाभेदेन सर्वलिङ्गं स्थापयतीत्यनेनान्यथा-सिद्ध्यभावे समानशाखापठिते "पवित्रं ते विततम्" (ऋ० ९।८३।१) इति मन्त्रे विहितस्यैव लिङ्गधारणस्यानेन विधानेऽन्यथासिद्धिर्दुर्वारैवेति चेन्मैवम्, पवित्रमिति मन्त्रेण सामान्यतः शरीरे लिङ्गधारणविधाने शरीरेऽपि कुत्र धार्य-मित्याकाङ्क्षायाम् "अयं मे हस्तो भगवान्" इति मन्त्रे हस्त-रूपाधिकरणविधानेऽन्यथासिद्ध्यभावादिति।

अन्यथासिद्धिरिति। पवित्रं ते विततमिति मन्त्रस्यायं मे हस्त इति मन्त्रस्य चैकशाखापठितत्वेन शाखाभेदोक्त्याऽन्यथासिद्धिर्वारयितुं न शक्यत इति भावः। प्रथममन्त्रेण धारणसामान्यं द्वितीयेन हस्तरूपाधिकरणं विधी-यत इति नान्यथासिद्धिरित्युत्तरम्। शिवाभिमर्शनपदे व्यापकत्वार्थकाभि-शब्देन स्पर्शे सार्वकालिकत्वबोधनात् सार्वकालिकस्पर्शस्य च धारणं विनाऽनुपपत्त्या श्रुतार्थापत्तिप्रमाणेन लिङ्गधारणं सिद्ध्यतीत्येषामाशयः।

समाधान—दोष तो यहाँ पर बिल्कुल ही नहीं है, क्योंकि ये दोनों मन्त्र एक ही शाखा में आने पर भी "पवित्रं ते" यह पूर्व मन्त्र सामान्यतया देह पर लिंगधारण का विधान करता है। उस देह में कण्ठ आदि अनेक उत्तम अंग और पाद आदि निकृष्ट अंग होने से इस लिंग को किस अंग पर धारण करना चाहिये ? और किस अंग पर धारण नहीं करना चाहिये ? किस स्थान पर रखकर पूजा करनी है और कहाँ पूजा नहीं करनी चाहिये ? इन प्रश्नों का समुचित समाधान देने के लिये और विशिष्ट स्थान को दिखलाने के लिये "अयं मे हस्तो भगवान्" इस मन्त्र की आवश्यकता है। इसलिये यहाँ पर अन्यथासिद्ध नामक दोष का परिहार अपने आप हो जाता है और यहाँ पर अपूर्व विधि का कोई अवरोध भी नहीं है। इस सन्दर्भ में सिद्धान्तशिखामणि में कहा गया है—

पूर्वाचार्यास्तु—अयं हस्तः शिवमभितः सर्वदा स्पृशतीति शिवाभिमर्शनः, तथा च सार्वकालिकशिवस्पर्शस्य धारणं विनानुपपद्यमानत्वाद् हस्तादौ तत्सिद्धिः । न चाभित इत्यस्य सर्व-

---

अभिशब्देनाभितः सर्वत इति व्याख्यानानुरोधेन दैशिकव्याप्तेरेव प्रत्यायनम्, तथाविधस्पर्शस्य च भूम्यादिप्रतिष्ठितलिङ्गेऽपि सम्भवेन न तद्धारणं सिद्धयतीत्याशङ्कते—न चेति ।

लिंग तो इष्टलिंग, प्राणलिंग और भावलिंग नाम से तीन प्रकार का है। इनमें से स्थूल देह में धारण किया जाने वाला लिंग इष्टलिंग है। दहराकाश में ध्यातव्य लिंग भावनामय एवं तेजोमय होने से सूक्ष्म हैं, इसलिये उसे प्राणलिंग कहते हैं। वाक् (वाणी) मन आदि के अगोचर, अमूर्त, निर्विकल्प और भावातीत होकर रहने वाला परात्पर लिंग ही भावलिंग है। इन तीनों लिंगों को धारण करना चाहे, तो तीन प्रकार की दीक्षाओं से तीन प्रकार के (स्थूल, सूक्ष्म और कारण) शरीर शुद्ध होने चाहिये। नाभि से ऊपर के सभी अंग उत्तमांग कहे जाते हैं। नाभि के नीचे के अंग निकृष्टांग कहे जाते हैं। नीचे के अंगों में इष्टलिंग को धारण करना महान् पाप है और बालों के अन्त में तथा पीठ के पीछे भी धारण नहीं करना चाहिये। इष्टलिंगधारी अशौच प्राप्त होने पर भी स्नान से परिशुद्ध होकर बायें हाँथ पर लिंग को रख कर उसकी गन्ध (चन्दन), पुष्प आदि से पूजा कर सकते हैं। बाह्य पीठ की अपेक्षा हाथ पर रखकर पूजा करना वीरशैवों के लिये उत्तम फलदायक है। ऐसा रेणुकपादाचार्य जी का आदेश है।

"पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते" अर्थात् देवदत्त मोटा है, लेकिन दिन में भोजन नहीं करता, इस वाक्य में देवदत्त को मोटा रहना हो तो उसके लिये भोजन जरूरी है। बिना भोजन के वह मोटा नहीं हो सकता। इसलिये यदि वह दिन में भोजन नहीं करता, तो रात में अवश्य करता है, ऐसी कल्पना (निश्चय) करनी पड़ती है। इसी प्रकार के निश्चय को अर्थापत्ति प्रमाण कहते हैं। वैसे ही यहाँ भी "अयं मे हस्तः····निरीहि" इस मन्त्र के बीच में 'शिवाभिमर्शनः' ऐसा एक विशेष पद है। इसका—"शिवमभितः स्पृशतीति शिवाभिमर्शनः" इस व्युत्पत्ति के अनुसार यह हाथ निरन्तर लिंग के स्पर्श से युक्त है, ऐसा अर्थ सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार का सार्वकालिक स्पर्श देह में लिंग को धारण किये बिना सिद्ध नहीं हो सकता। इसलिये लिंगधारण की सिद्धि हो जाती है।

भागावच्छेदेनेत्यर्थात् तथाविधस्पर्शस्य भूम्यादिप्रतिष्ठितलिङ्ग-स्यापि सम्भवेन न लिङ्गधारणसिद्धिरिति वाच्यम्, अभित इत्यस्य देशकालोभयार्थकत्वे हस्तादिधृतलिङ्गस्यैव तथा-विधस्पर्शसम्भवेन लिङ्गधारणसिद्धिः। येन कारणेन शिवाभि-मर्शनः, अत एव जीवातुर्जीवनौषधं मे हस्तः, हे सुबन्धो परम-शिव, तवेदं प्रसर्पणमनुसरणमागमत् प्राप्तः। तेन मे हस्तम् एहि धृतः सन् सर्वदा तिष्ठ। तथा च दक्षिणहस्तस्य शिवपूजा-करणत्वेनेतरहस्तस्य तदधिकरणत्वेन च सार्वकालिकशिव-स्पर्शविशिष्टः करोऽस्यर्हित इति भगवत्त्वमातृत्वपितृत्वादिना

हस्तादिधृतलिङ्गस्यैवेति। भूम्यादिप्रतिष्ठिते तु सर्वावयवावच्छेदेन स्पर्शो न सम्भवतीति भावः।

अयं चासम्भवोऽभित इत्यस्य कालिकव्याप्त्यर्थकत्वे, दैशिकव्याप्त्यर्थ-कत्वे, उभयविधव्याप्त्यर्थकत्वे च भूमिष्ठलिङ्गे द्रष्टव्यः। सुबन्धो इति।

शंका—लेकिन "अभितः स्पृशति" इस व्युत्पत्ति से देश से सम्बद्ध व्याप्ति को स्वीकार करने का अवकाश होने से इस प्रकार का दैशिक स्पर्श जमीन पर स्थापित स्थावर लिंग से भी सम्भव है, अतः उस मन्त्र का स्थावरलिंगपरक अर्थ क्यों न लिया जाय ?

समाधान—ऐसा नहीं हो सकता, क्योंकि 'अभिमर्शनः' इस पद के 'अभि' उपसर्ग का सभी कालों में, सभी देशों में ऐसा ही अर्थ ग्रहण करना चाहिये, केवल दैशिक स्पर्श को लेना उचित नहीं है। इस प्रकार सर्वकाल ओर सर्वदेश रूप उभयविध व्याप्ति जमीन पर प्रतिष्ठित स्थावर लिंग से सम्भव नहीं है। यह तो जीवनकाल पर्यन्त देह में धारित और हाथ पर पूजित इष्टलिंग से ही सम्भव है। अतः 'अभितः' इस पद से दीखने वाला उस प्रकार का सार्वत्रिक स्पर्श बायें हाथ पर धारण किये गये इष्टलिंग के द्वारा जैसे सिद्ध हो जाता है, वैसे स्थावर लिंग से सिद्ध नहीं हो सकता। इतना ही नहीं, इसके अतिरिक्त जिस कारण से मेरा हाथ नित्य संबन्ध वाला हुआ है, उस कारण से मे = मेरा, हस्तः = हाथ, हे सुबन्धो = विना कारण के दया करनेवाले हे परशिव, ते प्रस-र्पणम् = निरन्तर आपका अनुसरण कर रहा है। आप माता हैं, आप पिता हैं,

स्तुतिरुपपद्यते। सर्वदा शरीरस्य शिवलिङ्गसम्बन्धे शिवस्वरूपत्वं च कैमुतिकन्यायसिद्धम्, "प्राणलिङ्गाङ्गसम्बन्धी स रुद्रो नात्र संशयः" इत्युक्तेः। अहो लिङ्गधारण-माहात्म्यम्, हस्तद्वयस्य पूजातदधिकरणत्वविनियुक्तत्वेन सर्वशरीरस्याप्याचारादिलिङ्गस्थानत्वेन च सर्वमपि शरीरं शिवार्थमिति प्रशस्तमित्याहुः।

वस्तुतः परमशिवस्यैव त्रैकालिकसंबन्धित्वात् सुबन्धुत्वम्। कैमुतिक-न्यायेति। दण्डापूपन्यायेत्यर्थः। तत्स्वरूपं तु येन हस्तिना दण्डो भक्षितः, तेनापूपं किमुत भक्षयितुं न शक्येत ? दण्डभक्षकेणापूपमनायासेन भक्ष्यत इति भावः। एवमिहापि हस्तस्य शिवलिङ्गपूजायां करणत्वमात्रेण भग-वद्रूपत्वप्राप्त्युक्तौ सर्वदा शिवलिङ्गसम्बन्धिशरीरे शिवत्वप्राप्तिर्भविष्यत्येवेति भावः।

आप भगवान् हैं और आप भवरोग के निवारक हैं। इस प्रकार हाथ पर रखे गये इष्टलिंग की स्तुति करने वाले पद ही विशेष रूप से दीखने से यह मन्त्र इष्टलिंग धारणपरक है, ऐसा निश्चय हो जाता है। इसके अतिरिक्त दण्डापूपिकान्याय से भी यह मन्त्र इष्टलिंगधारण का प्रतिपादन कर रहा है। मालपुआ वाले दण्ड को किसी हाथी ने खा लिया, ऐसा एक व्यक्ति किसी दूसरे से कहता है—"दण्डो भक्षितः"। उस समय कोई कहे कि उस हाथी ने केवल दण्ड को ही नहीं खाया है, किन्तु मालपुओं को भी खा लिया है, तो ऐसा अलग से कहने की कोई जरूरत नहीं है। उस प्रकार की कठोर लकड़ी को जब उस हाथी ने खा लिया है, तब मुलायम और रुचिकर मालपुओं को खाने में आश्चर्य ही क्या है ? ऐसा न कहने पर भी उसकी सिद्धि हो जाती है। यही दण्डापूपिकान्याय है। इसी को कैमुतिक न्याय भी कहते हैं। यहाँ जमीन पर प्रतिष्ठित शिवलिंग की पूजा में दायां हाथ साधन है। चन्दन आदि लगाने के कारण यह हाथ साधक है, ऐसा कहने मात्र से उस हाथ को भगवान् कह कर, माता-पिता कह कर जब स्तुति की गई है, तो उस शिवलिंग को निरन्तर देह में धारण करके प्रतिदिन बायें हाथ में रखकर दायें हाथ से उस पर चन्दन, बिल्व (बेल की पत्ती) आदि चढ़ाने के कारण निरन्तर संबद्ध उस बायें हाथ में भगवत्स्वरूपत्व, माता-पितृत्व की सिद्धि

अस्याः श्रुतेरुक्तार्थे—"यावज्जीवमिदं दत्तमिष्टलिङ्गं समर्चयन् । कराब्जपीठे विन्यस्य तद्ध्यानासक्तमानसः ।। हस्तलिङ्गाङ्गसम्बन्धी सदानन्दाह्वयो मुनिः । सर्वोपनिषदर्थज्ञः शिवध्यानपरायणः ।।","एवं षट्स्थलनिर्णयं शिवपदप्राप्त्यैक-हेतुं सदा, यः सेवेत कराब्जपीठनिहितश्रीकण्ठलिङ्गार्चकः । स ज्ञानी स पुरातनः स च महान् माहेश्वरेषूत्तमो, मर्त्यस्तेन जगत्त्रयेऽपि सदृशो विद्येत देवोऽपि वा ।।", "लिङ्गमन्त्रोपदेशश्च करपीठार्चनं जपः । मल्लिङ्गधारणं त्वत्र लोकाचारप्रवर्तनम् ।।" इत्यादिशङ्करसंहिताकिरणागमवचनान्युपोद्बलकान्यनुसन्धेयानि।

अपि च, "त्रिपुण्ड्रं ये विनिन्दन्ति निन्दन्ति शिवमेव ते"

अस्याः श्रुतेरुक्तार्थं इति । अस्योपोद्बलकानीति दूरस्थेनान्वयः । सदानन्दाह्वयो मुनिरिति । सदानन्दनामकमुनिर्यावज्जीवमिष्टलिङ्गं कराब्जपीठे विन्यस्य समर्चयन् मुक्तो जात इति शेषः ।

षट्स्थलानि शैवागमे प्रसिद्धानि ।

अपने आप ही हो जाती है, इस विषय में किसी प्रकार का सन्देह नहीं है । इस सन्दर्भ में शंकरसंहिता में कहा गया है—

श्रीगुरु द्वारा षडध्वशोधन संस्कार पूर्वक प्रदत्त इष्टलिंग को जो अपने जीवन काल पर्यन्त धारण करता है, वह रुद्र ही हो जाता है, इसमें कोई सन्देह ही नहीं है । इस प्रकार के इष्टलिंग को बायें हाथ रूपी पीठ पर रख कर दायें हाथ से पूजा करनी चाहिये । सभी उपनिषदों के रहस्य को जान कर शिवज्ञानी हुए सदानन्द मुनि ने इस इष्टलिंग को हाथ पर रख कर पूजा करने के कारण ही लिंगांग-सामरस्य नामक सिद्धि को पा लिया था । भक्त, महेश, प्रसादी, प्राणलिंगी, शरण, और ऐक्य नामक छः प्रकार के मुक्ति के सोपान (सीढ़ियाँ) हैं । इष्टलिंग धारण, बायें हाथ पर पूजा, शिव-मन्त्र का उपदेश, शिव-मन्त्र का पुरश्चरण—ये सब लिंगांगी के परम धर्म हैं । इस प्रकार के अनेक समर्थक वाक्य "अयं मे हस्तः" इस मन्त्र के अर्थ को पुष्ट बनाने में जागरूक हैं ।

अलंकार शास्त्र और लिंगधारण

इस प्रकार ऋक् आदि मन्त्रों के आधार पर लिंगधारण का प्रतिपादन किया

(बृ० जा० ५।१५) इति जाबालोपनिषद्वाक्यमपि तद्विषयकं भवति । तत्र हि—"नेक्षेत पूजावेलायां नरं वत्स बहिष्कृतम् ।। दधीचिना गौतमेन ये शप्ता ब्राह्मणाधमाः । कलाववतरिष्यन्ति निन्दकास्ते बहिष्कृताः ।। ब्रह्महत्यासुरापानस्वर्णस्तेयकृतः पुरा । बहिर्नरा भविष्यन्ति कलावीश्वरनिन्दकाः ।।" इति शिवनिन्दकानां पापात्मनां बहिष्कार्यत्वप्रतिपादनेन तन्निन्दायाः पापहेतुत्वमेव, तत्सादृश्यं त्रिपुण्ड्रनिन्दायाः प्रति-

---

तत्सादृश्यं त्रिपुण्ड्रनिन्दायाः प्रतिपादितमिति । "त्रिपुण्ड्रं ये विनिन्दन्ति निन्दन्ति शिवमेव ते" इत्यनेन त्रिपुण्ड्रनिन्दायाः शिवनिन्दातादात्म्यं बोधयता त्रिपुण्ड्रशिवयोरैक्यबोधनद्वारा—"लिङ्गधारणकं नाम व्रतं माहेश्वराभिधम् । ये धारणं प्रकुर्वन्ति ते यान्ति परमां गतिम् ।।" इत्युपबृंहणोक्तस्य मोक्षासाधारणकारणभूतस्य लिङ्गधारणस्य सादृश्यं त्रिपुण्ड्रधारणे बोध्यते । सादृश्यस्य च प्रसिद्धप्रतियोगिकत्वनियमेन तदनुरोधेनापि लिङ्गधारणं सिद्धमित्युपपादयति—अपि चेत्यादिना लिङ्गधारणसिद्धिरित्यन्तेन ।

गया है । अब अर्थालंकार में प्रधान उपमा, दृष्टान्त आदि अलंकारों से लिंगधारण की सिद्धि की जाती है । जाबालोपनिषद् में कहा गया है कि जो भस्म की निन्दा करते हैं, वे शिव की ही निन्दा करते हैं ? वहाँ यह भी कहा गया है कि दधीचि और गौतम आदि महर्षियों के शाप से जले हुए मानव बहिष्कृत कहे जाते हैं । वे लोग कलियुग में जन्म लेकर शिवलिंग के आराधकों को एवं शिवलिंग को दूषित करना ही अपना कर्तव्य समझते हैं । यह तो उन लोगों का सहज स्वभाव है । ब्रह्महत्या करने वाले (ब्राह्मण को मारने वाले), सुरा (शराब) पीने वाले, सोना चुराने वाले—इन सबको बहिष्कृत कहा जाता है । इस प्रकार के नास्तिक लोग कलियुग में उत्पन्न होकर ईश्वर और ईश्वर की पूजा करने वालों की निन्दा करते हैं । इसलिये शिवलिंग की निन्दा करने वाले ऐसे आदमियों को शिवलिंग की पूजा करते समय नहीं देखना चाहिये । इस प्रकार के प्रमाणों से शिव की निन्दा पापदायक है और भस्म की निन्दा शिव की निन्दा के समान है, ऐसा स्पष्ट हो जाता है ।

पादितम् । "लिङ्गधारणकं नाम व्रतं माहेश्वराभिधम् । ये धारणं प्रकुर्वन्ति ते यान्ति परमां गतिम् ।।" इत्युपबृंहणानुरोधेन लिङ्गधारणस्य मोक्षासाधारणकारणत्वमवधार्य तदौपम्यं त्रिपुण्ड्रधारणस्याभिहितम् । तत्र सादृश्यं नाम तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वम् । यथा "धैर्येण हिमवानिव" इत्यादौ हिमवद्भिन्नत्वे सति तद्गतधैर्यादिधर्मवत्त्वमुपमेये, तथा प्रकृते लिङ्गधारणभिन्नत्वे सति तद्गतमुक्तिजनकत्वादिधर्मवत्त्वं त्रिपुण्ड्रधारणे वक्तव्यम् । एवं सति "सद्भ्यां प्रतियोग्यधिकरणाभ्यामभावो हि निरूप्यते" इति न्यायेन प्रतियोगिप्रसिद्धि

पुराणों में भी कहा गया है कि शिवलिंग को धारण करना माहेश्वर व्रत है। उस प्रकार के लिंग को जो निरन्तर धारण करते हैं, वे जनन-मरण रूप दुःखसागर को पार कर लेते हैं। इस प्रकार के अनन्त समर्थक वाक्य शिवलिंगधारण की प्रशंसा कर रहे हैं। लिंगधारण के समान ही त्रिपुण्ड्रधारण का भी महत्त्व कहने के कारण "त्रिपुण्ड्रं ये विनिन्दन्ति निन्दन्ति शिवमेव ते" इस जाबालोपनिषद् वाक्य में उपमानोपमेयभाव दीख रहा है। यहाँ पर त्रिपुण्ड्र की निन्दा और त्रिपुण्ड्र-धारण की निन्दा ये दोनों उपमेय हैं। शिवलिंग की निन्दा और शिवलिंगधारण की निन्दा ये दोनों उपमान हैं। अभिप्राय यह है कि भस्म की निन्दा करनेवाले शिवलिंग की निन्दा करने वालों की तरह नरक प्राप्त करते हैं। भस्मधारण की निन्दा करने वाले शिवलिंगधारण की निन्दा करने वालों की तरह नरक को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार उपमालंकार की मर्यादा से शिवलिंग की निन्दा के समान त्रिपुण्ड्रधारण की निन्दा भी वर्जनीय है, ऐसा बताया गया है। यहाँ पर सादृश्य का मतलब—"तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वम्" इस अलंकार शास्त्र की उक्ति के अनुसार उपमान और उपमेय वाक्य के अलग-अलग होते हुए भी उपमान में रहने वाले धर्म को उपमेय में दिखलाना है। 'धैर्येण हिमवानिव" अर्थात् यह शूर महाराजा धैर्य में हिमालय के सदृश है, यही उपमा अलंकार है। यहाँ पर हिमालय उपमा है और राजा उपमेय है। यह उपमानोपमेय वाक्य भिन्न भिन्न होते हुए भी हिमालय जैसे निरन्तर सुस्थिर रहता है, वैसे ही यह राजा भी शत्रुओं के सामने बिना विचलित हुए युद्ध करता रहता है; इस सादृश्य से उपमान स्वरूप हिमालय के अचंचलत्व, स्थिरत्व, निर्विकारित्व आदि धर्म राजा में है,

विनाऽभावप्रसिद्धययोगेनालङ्कारिकमते उपमालङ्कारस्थले उपमानप्रसिद्धेरावश्यकत्वाच्च लिङ्गधारणसिद्धिः ।

न च "धैर्येण हिमवानिव" इत्यादौ सादृश्यवाचकेव-शब्दसत्त्वेन तथात्वेऽपि प्रकृते तदभावान्न सादृश्यघटकभेद-

---

एवं त्रिपुण्ड्रधारणलिङ्गधारणयोर्व्यञ्जनया तादात्म्ये बोधिते उपमानोपमेयभावस्य फलनादुपमानालङ्कारानुरोधेनापि लिङ्गधारणं सिद्धयतीत्याह —आलङ्कारिकमत इति ।

ऐसा सादृश्य दिखलाया गया है । उसी प्रकार उपमा स्वरूप त्रिपुण्ड्रधारण और उपमेय स्वरूप लिंगधारण दोनों भिन्न-भिन्न हैं, तो भी अधिक गुण से विशिष्ट प्रसिद्ध उपमा स्वरूप लिंगधारण से होने वाले पापनाशकत्व, मुक्तिजनकत्व, अपूर्व-दायकत्व आदि धर्म उपमेय स्वरूप त्रिपुण्ड्र धारण में भी हैं । इस प्रकार त्रिपुण्ड्र धारण में व्यंजना वृत्ति से तादात्म्य का बोधक "त्रिपुण्ड्रं ये विनिन्दन्ति निन्दन्ति शिवमेव ते" यह वाक्य उपमानोपमेयभाव का प्रतिपादक होने से यहां उपमालंकार स्पष्ट हो जाता है । मुख्यतया वेद और आगमों से निरूपित शिवलिंग को शिवदीक्षा से शुद्ध किये गये देह में धारण करते हुए, बायें हाथ में रखकर पूजा करते हुए, ध्यान, जप, तप, अर्चना और ज्ञान नामक पांच महायज्ञों का जो अनुष्ठान करते रहते हैं, उनके सभी पाप नष्ट होकर जैसे मुक्ति की प्राप्ति हो जाती है, वैसे ही लिंग-धारण के अंगस्वरूप त्रिपुण्ड्र को जो धारण करते हैं, उनके भी सभी संचित आदि पाप नष्ट होकर मुक्ति की प्राप्ति हो जाती है । इस प्रकार के तात्पर्य-निर्णायक उपमा अलंकार से लिंगधारण साधा जाता है ।

शंका—ऊपर बताये गये उदाहरण "त्रिपुण्ड्रं····शिवमेव ते" इस जाबालोपनिषत् के वाक्य में त्रिपुण्ड्रधारण और लिंगधारण में उपमानोपमेयभाव दीखने से उपमालंकार तो कह सकते हैं, लेकिन वहाँ पर उपमान, उपमेय, साधारण धर्म और उपमावाचक यह चार वाक्य स्पष्ट होने चाहिये । "धैर्येण हिमवानिव" यहाँ पर तो ये चार वाक्य स्पष्ट हैं । इसलिये उपमालंकार कहने का अवसर मिल जाता है, लेकिन "त्रिपुण्ड्रं····शिवमेव ते" यहाँ पर त्रिपुण्ड्र-धारण रूप उपमेय और लिंगधारण रूप उपमान, उभयनिष्ठ निन्दा रूप धर्म—ये तीन तो स्पष्ट हैं, किन्तु सादृश्यवाचक इव, यथा आदि पद के न होने से लिंगधारण कैसे सिद्ध हो सकता है ?

प्रतियोगितया लिङ्गधारणसिद्धिरिति वाच्यम्, इवादिशब्दाभावेऽपि वाक्पटुत्वे बृहस्पतिरित्यादाविव गम्यमानसादृश्यघटकभेदप्रतियोगितया तत्सिद्धेः।

यद्वा दृष्टान्तालङ्कारो वात्र स्वीक्रियते। तथापि लिङ्गधारणसिद्धिर्दुर्वारैव, "चेद् बिम्बप्रतिबिम्बत्वं दृष्टान्तस्तद-

---

इवशब्दं विनापि सादृश्यं प्रतीयत इत्याह—वाक्पटुत्वे बृहस्पतिरिति।

त्रिपुण्ड्रं ये विनिन्दन्तीत्यत्र दृष्टान्तालङ्कारोपगमेऽपि तत्सिद्ध्यतीत्याह—यद्वेति।

समाधान—यहाँ उपमालंकार होने में कोई बाधा नहीं, क्योंकि—"त्रिपुण्ड्रं ....शिवमेव ते" यहाँ पर सादृश्यवाचक इव शब्द के न होने मात्र से उपमालंकार नहीं हो सकता, ऐसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उपमालंकार पूर्णोपमालंकार और लुप्तोपमालंकार नाम से दो प्रकार का है। इनमें से उपमान, उपमेय, धर्म और वाचक ये चार वाक्य स्पष्टतया होने पर वह पूर्णोपमालंकार कहा जाता है। इन चार में से एक, दो, या तीन के होने पर यह लुप्तोपमालंकार कहा जाता है। इस प्रकार अलंकार शास्त्र का नियम होने से "त्रिपुण्ड्रं....शिवमेव ते" इस वाक्य में तो प्रसिद्ध प्रतियोगी (उपमान) रूप लिंगधारण, उपमेय रूप त्रिपुण्ड्रधारण और निन्दारूप साधारण धर्म स्पष्टतया हैं ही। यहाँ सादृश्यवाचक इव शब्द के लुप्त होने से इसको लुप्तोपमालंकार कहते हैं। इसी प्रकार लोक में अनेक उदाहरण देखने में आते हैं। जैसा कि "वाक्पटुत्वे वृहस्पतिः" यह व्यक्ति बोलने में बृहस्पति जैसा है, इस प्रयोग में प्रसिद्ध उपमा स्वरूप वृहस्पति शब्द, उपमेय स्वरूप पुरुष और वाचाल स्वरूप उभयनिष्ठ धर्म स्पष्टतया बताया गया है। यहाँ सादृश्यवाचक इव शब्द नहीं बताया गया, तो भी यह व्यक्ति बोलने में बृहस्पति के समान है, ऐसा कहना ही कवि का आशय है। यहाँ पर सादृश्य बुद्धिस्थ होकर दीखने से यह लुप्तोपमालंकार है, ऐसा स्वीकार कर लिया जाता है।

इसके बाद दृष्टान्तालंकार से लिंगधारण की सिद्धि की जाती है। "चेद् बिम्बप्रतिबिम्बत्वं दृष्टान्तस्तदलङ्कृतिः" अर्थात् जिस वाक्य में बिम्बप्रतिबिम्बभाव

लङ्कृतिः'' इति लक्षणे वस्तुतो भिन्नयोः परस्परसादृश्यादभिन्नयोः पृथगुपादानं बिम्बप्रतिबिम्बभाव इति, तस्यापि भेदगर्भितत्वेन प्रतियोगिविधया लिङ्गधारणप्रसिद्धेरावश्यकत्वात्।

नन्वेतावता शिवस्य धारणसिद्धावप्यन्तर्धारणेनैव चरितार्थत्वान्न बाह्यधारणसिद्धिरिति चेन्मैवम्, ''यत्प्रायं श्रूयते

तस्यापि भेदगर्भितत्वेनेति। बिम्बप्रतिबिम्बभावस्यापि भेदघटितत्वेनेत्यर्थः। अन्तर्लिङ्गधारणमादाय प्रतियोगिप्रसिद्धौ सन्तोषो नैव कर्तुं शक्यत इत्याह—यत्प्रायमिति। यत्प्रायमित्यस्यार्थस्तु यत्प्रतियोगिकसादृश्यवद् यत्

होता है, वहीं दृष्टान्तालंकार होता है। इसका 'वस्तुतो भिन्नयोरपि परस्परसादृश्यादभिन्नयोः पृथगुपादानं बिम्बप्रतिबिम्बभावः'' इस प्रकार का लक्षण होता है। इसका अभिप्राय यह है कि जहाँ पर उपमानोपमेय एक ही वाक्य में न रह कर भिन्न-भिन्न वाक्यों में रह कर एक दूसरे के सादृश्य से अभिन्न सा दीखता है, उस स्थान में बिम्बप्रतिबिम्बभाव मान लेना चाहिये, ऐसा अलंकार शास्त्रज्ञों का अभिप्राय है। ऐसा ही 'त्वमेव कीर्तिमान् राजन् विधुरेव हि कान्तिमान्'' यहाँ पर हे राजन् आप महान् कीर्ति वाले हैं, जैसे कि चन्द्रमा की कान्ति; एक कवि राजा का इस तरह का वर्णन करता है। यहाँ पर चन्द्रमा की कान्ति की तरह महाराजा की कीर्ति भूमि और अन्तरिक्ष पर्यन्त व्याप्त होकर प्रजा के लिये आनन्दकारक है, इस प्रकार कीर्ति और कान्ति की पारस्परिक समानता (सादृश्य) दीखने से दृष्टान्तालंकार कहा जाता है। इसी प्रकार ''त्रिपुण्ड्रं····शिवमेव ते'' यहाँ पर त्रिपुण्ड्र की निन्दा ही बिम्ब वाक्य है और शिवलिंगधारण की निन्दा ही प्रतिबिम्ब वाक्य है। ये दोनों वाक्य भिन्न-भिन्न होने से शिवलिंगधारण की निन्दा जैसे पाप का कारण है, वैसे ही त्रिपुण्ड्रधारण की निन्दा भी पाप का कारण है; इस प्रकार त्रिपुण्ड्रधारण और लिंगधारण रूप उपमेय और उपमान में बिम्बप्रतिबिम्बभाव से सादृश्य दीखता है। इसी प्रकार बिम्बप्रतिबिम्बभाव से चन्द्रमा की कान्ति का प्रतियोगित्व जैसे सिद्ध हो जाता है, वैसे ही लिंगधारण के प्रसिद्ध प्रतियोगित्व (उपमान) के सिद्ध हो जाने से दृष्टान्तालंकार से लिंगधारण सिद्ध हो जाता है।

शंका—फिर भी दोष तो है ही। जैसा कि ''त्रिपुण्ड्रं····शिवमेव ते'' इस वाक्य से सामान्यतया लिंगधारण के सिद्ध होने पर भी वीरशैव सिद्धान्त के

यच्च तत् तादृगवगम्यते" इति न्यायेन भस्मनो बहिश्शरीरधार्यत्वेनोपमानभूतशिवलिङ्गस्यापि तथात्वसिद्धेः। एतत्समानार्थककालाग्निरुद्रोपनिषदादिष्वपि तत्सिद्धेः, "तत्र या चास्य प्रथमा रेखा" इत्यादिना त्रिरेखाणां महेश्वररुद्रसदाशिवात्मकत्वं प्रतिपाद्य धारणविधानेन शिवस्वरूपत्वेन तासामेव धारणत्वे साक्षाच्छिवधारणस्य कैमुतिकन्यायसिद्धत्वादिति।

श्रूयते, तत्प्रतियोगिकसादृश्यवत् तदपि गम्यते। अर्थादुपमेये उपमानस्येवोपमानेऽप्युपमेयस्य सादृश्यं तुल्यवित्तिवेद्यतया प्रतीयत इति भावः।

अनुसार कण्ठ, हृदय आदि उत्तम अंगों में धारण किये जाने वाले, बायें हाथ पर रख कर पूजित होने वाले इष्टलिंग की बोधकता स्पष्ट नहीं हो पाती, क्योंकि इस वाक्य में सामान्य रूप से लिंगधारण दीखने से अन्तर्लिंगधारण अथवा इष्टलिंगधारण इस प्रकार उभयार्थक होगा। तब नियमित रूप से लिंगधारणपरक ही यह वाक्य है, ऐसा कैसे कह सकते हैं ?

समाधान—यह वाक्य इष्टलिंग धारणपरक ही है, इसमें कोई सन्देह नहीं है, क्योंकि देह में धारण किये जाने वाले स्थूल रूप त्रिपुण्ड्र के बिम्ब (उपमेय) होने पर इसके ऊपर स्थूल देह पर धारण किये जाने वाले इष्टलिंग को प्रतिबिम्ब (उपमान) वाक्य होना चाहिये। ऐसा न होने पर ललाट आदि स्थूल अंगों में धारण की जाने वाली भस्मरेखाओं का और मन में सुमिरन किये जाने वाले सूक्ष्म लिंग का सादृश्य न होने से दृष्टान्तालंकार ही नहीं माना जायगा। इसलिये "त्रिपुण्ड्रं....शिवमेव ते" यह उपनिषत् इष्टलिंग धारणपरक है, ऐसा निश्चय कर लेना चाहिये। भस्म की तीन रेखाओं में मे पहली रेखा को माहेश्वर स्वरूप, दूसरी रेखा को रुद्र स्वरूप और तीसरी रेखा को सदाशिव स्वरूप समझना चाहिये, ऐसा कालाग्निरुद्रोपनिषत् में भस्म की महिमा का वर्णन देखने पर इस प्रकार के शिवस्वरूप भस्मधारण की जब सिद्धि हो जाती है, तो इस प्रत्यक्षसिद्ध इष्टलिंगधारण के काव्यार्थापत्ति न्याय से अपने आप सिद्ध हो जाने में आश्चर्य ही क्या है !

लिङ्गाङ्गसम्बन्धस्वरूपमहावाक्यार्थबोधक-"तत्त्वमसि" (छा० उ० ६।८।७), "अहं ब्रह्मास्मि" (बृ० उ० १।४।१०) इति वाक्यद्वयेनापि लिङ्गधारणसिद्धिर्निष्प्रत्यूहैव । ननु तत्त्वमसीत्यत्राविद्योपहितं ब्रह्मैव जीव इति श्रुतिप्रतिपन्नाऽविद्योपाधिकदेहेन्द्रियाद्यवच्छिन्नः सांसारिको जीवस्त्वंपदवाच्यः,

---

इति श्रुतीति । इयं श्रुतिरानुपूर्वीसम्यगन्वेषणे क्रियमाणे मिलिष्यतीत्यस्माल्लेखादनुमीयते । एवम् "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" (छा० उ० ६।२।१) इति श्रुतिसहकृता—"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते । तयोरेकः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ॥" (श्वे० उ० ४।६) इतीयमपि श्रुतिरत्र द्रष्टव्या । अत्र प्रथमश्रुत्या ब्रह्मात्मैक्ये बोधिते द्वितीयश्रुत्या

तत्त्वमस्यादि महावाक्य और लिंगधारण

अलंकार शास्त्र के आधार पर इष्टलिंगधारण सिद्ध करने के वाद अब "तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि" इन महावाक्यों के द्वारा भी इष्टलिंगधारण की सिद्धि की जाती है । यहाँ 'तत् त्वम् असि' अर्थात् वह ब्रह्म तुम ही हो, इन तीनों पदों से विशिष्ट छान्दोग्य उपनिषत् के इस वाक्य में 'तत्' नामक पद मायोपहित ईश्वर का, 'त्वम्' पद अविद्योपहित जीव का और 'असि' यह क्रियापद जीवेश्वर के ऐक्य का बोध करा रहा है । इसी प्रकार "अहं ब्रह्मास्मि" यह वाक्य जीवेश्वर के ऐक्य का बोध करा रहा है । शुद्धसत्त्व प्रधान माया में प्रतिबिम्बित ब्रह्म ही ईश्वर है । मलिनसत्त्व प्रधान अविद्या में प्रतिबिम्बित ब्रह्म ही जीव है । इन दोनों चेतनों में ईश्वर सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् और समष्ट्यभिमानी है । जीव तो अल्पज्ञ, अल्पशक्तिमान् और व्यष्टयभिमानी है । जो सर्वज्ञ है, वह अल्पज्ञ नहीं है । जो अल्पज्ञ है, वह सर्वज्ञ नहीं है । इस प्रकार जीव और ईश्वर तम (अन्धकार) और प्रकाश की तरह परस्परविरुद्ध स्वभाव वाले हैं । अतः जीव और ईश्वर का वाच्यार्थ से अभेद संभव नहीं है । इसलिये जीव और ईश्वर में रहने वाले उन उन सर्वज्ञत्व, किंचिज्ज्ञत्व आदि विशेषणांशों को छोड़ देने पर विशेष्य वस्तु एक ही रह जाती है । इसी को भागत्यागलक्षणा अथवा जहदजहल्लक्षणा कहते हैं ।

उदाहरण के लिये "सोऽयं देवदत्तः" अर्थात् पहले देखा गया देवदत्त ही यह है, इस व्यवहार में इस काल, इस देश और इस अवस्था से विशिष्ट देवदत्त में

"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्" (श्वे० उ० ४।१०) इति श्रुत्यवगमितमायोपाधिकनीलकण्ठचन्द्रशेखरत्वादिमाङ्गल्यगुणकसर्वज्ञतादिषडङ्गविशिष्टः परमशिवस्तत्पदवाच्यः। एवं विरुद्धधर्माध्यस्तयोरुभयोरभेदबोधासम्भवेन तत्त्वंपदयोर्विशेषणविनिर्मुक्तचैतन्यलक्षकत्वमङ्गीकृत्याऽभेदो बोध्यत इत्यभ्युपेतव्यम्। अहं ब्रह्मास्मीत्यत्राप्येवमेव ।

बोध्यमानस्य जीवब्रह्मणोरभेदस्याविद्योपाधि विनानुपपत्तेः। अभेदबोधासंभवेनेति । यद्यप्यभेदबोधे प्रकारतावच्छेदकविशेष्यतावच्छेदकयोर्भेदोऽपि तन्त्रम्, यथा नीलो घट इत्यत्र नीलत्वघटत्वयोः; अत एव घटो घट इत्यादौ नाभेदबोध इति जीवब्रह्मणोरुपाध्योर्भेदे नाभेदबोधस्य प्रतिकूलः, अपि तूक्तदिशाऽनुकूल एव भवति; तथापि तयोः सर्वज्ञत्वाल्पज्ञत्वयोर्विरुद्धत्वाद् भागत्यागलक्षणोपादीयते। नीलत्वघटत्वयोर्भिन्नत्वेऽपि विरुद्धत्वाभावान्न तादृशलक्षणापेक्षा ।

अतीत के उस देश, उस काल और उस अवस्था के न होने से वाच्यार्थ का बाध हो जाता है। इसलिये 'तत्'शब्द वाच्य देवदत्त में विशेषण होकर रहने वाले अतीत के उस काल, उस देश और उस अवस्था को और इस देश, इस काल और इस अवस्था को निकाल देने पर विशेष्य स्वरूप देवदत्त अकेला रह जाता है।

जडाजडात्मक यह प्रपंच माया के द्वारा कल्पित है। यहाँ पर माया का मतलब है—"या मा सा माया" अर्थात् जो कभी भी नहीं रहती, वह माया है। इस व्युत्पत्ति के अनुसार यह शब्द मिथ्यार्थक है। देखने में पदार्थ जैसी दीखने पर भी असल में वह सत्य नहीं है। रस्सी में दीखने वाला सांप उस वास्तविक रस्सी को जैसे छिपा देता है, उसी तरह से ब्रह्म में दीखने वाली माया ब्रह्म को ढक लेती है। उस समय उस अखण्ड ब्रह्मचैतन्य में जीवेश्वर नामक उभय (दो) चैतन्य दीखने लगते हैं। घट के नष्ट होने पर केवल आकाश जैसे बच जाता है, वैसे ही माया और अविद्या के नष्ट हो जाने पर जीवेश्वर नामक कल्पना भी नष्ट हो जाती है और तब केवल ब्रह्म ही रह जाता है। यही तो अद्वैत सिद्धान्त के अनुसार मोक्ष है। इस अर्थ में 'मायाभासेन जीवेशौ करोति' इत्यादि श्रुतियाँ प्रमाण हैं।

तत्र च न लिङ्गाङ्गसम्बन्धबोध इति चेत्, अभिप्राय-मनवगतवानसि । अहो लिङ्गाङ्गसामरस्यविधुराणां मौढ्यम् । स्कान्दकामिकादिपुराणागमतत्त्ववेदिनां नैतच्चोद्यं चमत्कारं करोति । तत्र कोऽहमिति शिष्यस्य प्रश्ने गुरुणा हस्तमस्तक-संयोगरूपवेधादीक्षया योगाङ्गापरनामककारणाङ्गावच्छिन्ने च जीवे भावलिङ्गं संयोज्य भोगाङ्गापरनामकसूक्ष्माङ्गाव-च्छिन्ने मनुदीक्षया प्राणलिङ्गं संयोज्य त्यागाङ्गापरनामक-स्थूलाङ्गावच्छिन्ने क्रियादीक्षयेष्टलिङ्गं योजयित्वा तत्त्वमसी-त्युक्तम् । तच्छ्रुत्वा शिष्यस्तु—"लीनं गच्छति यस्मिन् सा

लिङ्गाङ्गसामरस्येति । सामरस्यमेकरसत्वम्, परस्परनित्यसम्बन्धित्व-मिति यावत् । स्कान्दकामिकादिपुराणागमतत्त्ववेदिनामिति । अयमेतत्प्रक-रणसारांशः—लिङ्गाङ्गसम्बन्ध एव तत्त्वमसीतिवाक्येनोच्यते लिङ्ग-पदस्य तत्पदेनाङ्गपदस्य च त्वंपदेन समानार्थकत्वात् । "लीनं गच्छति

इसी प्रकार वीरशैव मत में भी तत्त्वमस्यादि महावाक्य लिंगांगसामरस्य रूप एकार्थ का लक्षणा वृत्ति से बोध करा रहे हैं । कहने का अभिप्राय यह है कि 'तत्' यह पद लिंग (ब्रह्म) को और 'त्वम्' पद अंग (जीव) को और 'असि' यह पद समरस (ऐक्य) को दिखा रहे हैं । यहाँ पर समरस का अभिप्राय यह है कि अलग से दीखने वाले लिंग और अंग नामक दो पदार्थ एक ही आकार के हो गये हैं । अर्थात् निरन्तर अभ्यास से देह आदि का पूर्व पूर्व कारणों में और उस कारण का प्रकृति में, उस प्रकृति का शक्ति में, उस शक्ति का शिव में लय हो जाने से 'शिवोऽहं' इस प्रकार की एकाकार वृत्ति हो जाने से अंग आनन्दघन हो जाता है । इस प्रकार तत्त्वमस्यादि महावाक्यों का अर्थ बताने से वीरशैव सिद्धान्त और अद्वैत सिद्धान्त एक ही है, ऐसी बुद्धि का उदय हो जाना चाहिये । लेकिन ये दोनों सिद्धान्त एक नहीं हो सकते, क्योंकि अद्वैत सिद्धान्त में माया और अविद्या तथा उससे दीखने वाला जगत् (प्रपंच) मिथ्या है । केवल दिखावे के लिये घट, पट आदि के वस्तु के रूप में दीखने पर भी यह सब भ्रम कहा जाता है । वीर-शैव सिद्धान्त में उस प्रकार की माया रूप कोई भी उपाधि भ्रम नहीं है । उत्पन्न होना और लय होना (उत्पत्ति और विनाश) आदि से घट, पट आदि वस्तुएँ

माया दुर्घटकारिणी । तल्लिङ्गमिति सन्मात्रं रूप्यते पारमार्थिकैः ।। एतस्मात् कारणादेव लिङ्गरूपत्वमीशितुः ।'' इति शङ्करसंहितावचनानुरोधेन मायोपाधिकलिङ्गरूपशरीरावच्छिन्नो ब्रह्मैव तत्पदवाच्यः, ''अमिति ब्रह्म सन्मात्रं गच्छतीति गमुच्यते । रूप्यतेऽङ्गमिति प्राज्ञैरङ्गतत्त्वविचिन्तकैः ।। तस्मादङ्गस्वरूपोऽसौ जीवः संसारवृत्तिभाक् ।।'' इति

यस्मिन् सा माया दुर्घटकारिणी'' इति व्युत्पत्त्या लिङ्गपदेन सन्मात्रं ब्रह्मतत्त्वमुच्यते, अम् ब्रह्म गच्छतीति व्युत्पत्त्या अङ्गपदेन जीवात्मा उच्यते। इत्युभयोर्वाक्ययोः समानतात्पर्यकत्वमुपपद्यते। एतदुपादानार्थमेवागमस्थो गुरुशिष्यसंवादो बोधयते। यत्र कोऽहमिति प्रश्ने गुरुणा शरीरत्रये लिङ्गत्रयं योजयित्वा तत्त्वमसीत्युत्तरमुक्तम्, ब्रह्मात्मकलिङ्गस्य त्रिषु शरीरेषु योजितत्वात्। ब्रह्मस्वरूपे त्वं सम्पन्नोऽसीत्युत्तरवाक्यस्य तात्पर्यम्। अत्र योगाङ्गभोगाङ्गत्यागाङ्गशब्दा जीवोपाध्यर्थकाः। तत्राविद्यावच्छिन्नस्य प्राज्ञस्य जीवस्योपाधिभूताविद्याकारणशरीरं योगाङ्गपदेनोच्यते। तस्मिन् शरीरे हस्तमस्तकसंयोगरूपवेधादीक्षया भावलिङ्गस्य योजनं गुरुणा क्रियते। एवं पञ्चकर्मन्द्रिय-पञ्चज्ञानेन्द्रिय-पञ्चप्राणमनोबुद्धिरूपसप्तदशतत्त्वात्मकलिङ्गशरीरावच्छिन्नतैजसस्य जीवस्योपाधिभूतं लिङ्गशरीरं भोगाङ्गमित्युच्यते। तस्मिन् मनुदीक्षया प्राणलिङ्गस्य संयोजनं क्रियते। एवं विश्वाख्यजीवस्योपाधिभूतस्थूलशरीरं त्यागाङ्गमुच्यते। तस्मिन्निष्टलिङ्गस्य योजनं क्रियते। एवं शरीरत्रये लिङ्गत्रययोजनोत्तरं तत्त्वमसीति शिष्यमुद्दिश्य गुरूक्तिरियम्—''तस्मादङ्गस्वरूपोऽसौ जीवः संसारवृत्तिभाक्''। तस्माद् ब्रह्मकर्मकप्राप्तिमात्र अनित्य हैं। श्रीगुरु शिष्य की शक्तिपात (योग्यता) की परीक्षा करके, क्रिया, मनु और वेधा नामक तीन प्रकार की दीक्षा के संस्कारों से स्थूल, सूक्ष्म और कारण नामक तीनों शरीरों में रहने वाले और जनन-मरण को प्राप्त कराने वाले कार्मिक, मायीय और आणव नामक तीन मलों को क्रम से जला कर परिशुद्ध किये गये उन अंगों में इष्टलिंग, प्राणलिंग और भावलिंग नामक तीनों लिंगों को धारण कराने के बाद इस प्रकार के 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों का बोध कराते हुए कहते हैं कि ''लीनं गच्छतीति लिङ्गम्'' इस व्युत्पत्ति के अनुसार चराचरात्मक यह प्रपंच जिस वस्तु में दिखकर उसी में लीन हो जाता है, उस प्रकार की

वचनानुरोधेन हराद्युपासनाविशेषैरविद्यापटलध्वंसे अं ब्रह्माणं परमशिवं गच्छतीत्यङ्गं त्वंपदवाच्यो जीवः। अङ्गपदस्य शरीरवाचित्वेऽपि—"यस्य चात्मा शरीरम्" (श० ब्रा० १४।६।७।३०), "यस्याव्यक्तं शरीरम्" (सु० उ० ७।१) इति श्रुत्या ब्रह्मणो जीवशरीरकत्वेनाङ्गं शरीरभूतं जीवस्त्वंपद-वाच्यः। "लिङ्गाङ्गरूपयोर्योऽसौ संयोगः शिवजीवयोः। एतत्स्वरूपं सुदृढः सम्बन्ध इति स स्मृतः ।।" इति वचनेन सम्यग् योगः संयोग इति व्युत्पत्त्या जीवब्रह्मैक्यापरनामक-नीरनीरसंयोगवदविभाज्यसंयोगोऽसिपदवाच्यः।

कृतत्वादिति। अङ्गपदस्य शरीरवाचित्वेऽपीति। रूढिशक्त्येति भावः। ततश्चाङ्गपदार्थस्य ब्रह्मणा सहाभेदो बाधित इत्यपि सूचितविरुद्धांशः। यस्य चात्मा शरीरमिति। "य एष आत्मनि तिष्ठन्नात्मानमन्तरो यमयति यस्य चात्मा शरीरं यमात्मानं वेद" (श० ब्रा० १४।६।७।३०) इत्यन्तर्यामि-ब्राह्मणेन पृथिव्यादिजीवात्मपर्यन्तस्य सकलस्य वस्तुजातस्य ब्रह्मशरीरत्व-बोधनात्। ब्राह्मणेन शरीरेणात्मनो ब्राह्मणत्वब्राह्मणाभेदव्यवहारवद् ब्रह्मणः शरीरभूतेन जीवात्मना ब्रह्मणोऽपि जीवाभेदव्यवहारो नानुपपन्नो भवतीति विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमाश्रित्यैतत्प्रकरणप्रवृत्तिर्द्रष्टव्या।

सर्वाधार स्वरूप वस्तु ही लिंग कही जाती है। बृहदारण्यक श्रुति में कहा भी गया है कि आग से जैसे चिनगारियाँ उड़ती हैं, वैसे ही उस लिंग रूप ब्रह्म से समस्त प्राणी, समस्त लोक, समस्त भूत और समस्त देवता उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार मुण्डक श्रुति में कहा गया है कि मकड़ी अपने पेट में स्थित तन्तु (धागा) को जाले के रूप में तैयार करके फिर अपने में ही उसको जैसे मिला लेती है, अथवा जमीन अपने पेट में निक्षिप्त वृक्ष आदि को बाहर दिखला कर पुनः जैसे अपने में समाहित कर लेती है, वैसे ही चराचरात्मक यह प्रपंच सृष्टि से पहले लिंग (ब्रह्म) में सूक्ष्म रूप से रह कर सृष्टि के समय अभिव्यक्त होकर फिर उसी लिंग में विलीन हो जाता है। इस श्रुति के अनुसार उस ब्रह्म पदवाच्य शिवलिंग से आविर्भूत न्यूनांश वाले जीव "अं गच्छतीत्यङ्गम्" इस व्युत्पत्ति के आधार पर उसी लिंग में लीन हो जाते हैं, अर्थात् समरसभाव को प्राप्त हो जाते हैं। वीरशैव

अथवा—"विग्रहं देवदेवस्य जगदेतच्चराचरम्। एतमर्थं न जानन्ति पशवः पाशगौरवात् ॥" इति रीत्या ब्रह्मशरीरभूताङ्गपदवाच्यसकलचराचरप्रपञ्चस्त्वंपदार्थः, लिङ्गाधिष्ठितपरमशिवस्तत्पदार्थः, तयोरविभाज्ययोगोऽसिपदार्थ इति बुद्ध्या लिङ्गाङ्गपदार्थाभिन्नयोस्तत्त्वंपदवाच्यार्थयोर्विरुद्धधर्माध्यासेनाभेदासम्भवात् तत्त्वंपदलक्ष्यार्थयोरेवाभेद इति विजानाति। तदनन्तरमहं ब्रह्मास्मीत्यखण्डमहावाक्यार्थमनुभवन् जीवन्मुक्तो भविष्यतीति। यावदुक्तार्थबोधकानि तु वचनानि स्कान्दलैङ्गादिपुराणेषु वातुलोत्तरभागेऽनुभवसूत्रे वीरागमादौ च—"कोऽहमित्यब्रवीद् देही गुरुं परमकारणम्। गुरुस्तत्त्वमसीत्याह सत्यार्थं करुणानिधिः ॥" (अ० सू० ५।२४) इत्यादीनि बहूनि सन्ति, ग्रन्थविस्तरभयान्नेह विलिख्यन्ते।

एवं जीवब्रह्मणोः शरीरभावेनाभेदबोधकत्वमुपपाद्य चराचरस्य सम्पूर्णस्य जगतो ब्रह्मणा सहाभेदबोधपरत्वं व्याख्यातुमुपक्रमते—अथवेति। विग्रहं देवदेवस्येति। अस्मिन् पक्षे ब्रह्मशरीरभूतः सकलचराचरप्रपञ्चस्त्वंपदार्थः, लिङ्गाधिष्ठितपरमशिवस्तत्पदवाच्यः, तयोरविभाज्यसम्बन्धोऽसिपदेनोच्यते। एवं तत्त्वंपदार्थयोरविभाज्यसंयोगेन कीटभ्रमरन्यायेन जीवे शिवत्वप्राप्त्यनन्तरं क्रमेणाद्वैतवेदान्तिनामभिमतो वास्तविकाऽभेदोऽपि सिद्धो भवतीत्याह—तत्त्वंपदलक्ष्यार्थयोरेवाभेद इति। विजानातीति। अत्र विजानातीत्युक्त्या वस्तुतोऽखण्डत्वमिदानीमपि न भवतीति सूच्यते। ततश्च चिदंशस्यैकरसत्वेन स्वात्मनि ब्रह्मरूपतादृष्टिं प्राप्नोतीति लभ्यते। फलं च जीवन्मुक्तत्वलाभ इत्याह—अहं ब्रह्मास्मीत्यखण्डमहावाक्यार्थमनुभवन् जीवन्मुक्तो भविष्यतीति।

सिद्धान्त में जीव को अंग कहा गया है। इसलिये महावाक्य का 'तत्' नामक पद लिंग (ब्रह्म) का बोध करा रहा है, 'त्वम्' (अहं) यह पद जीव का बोध करा रहा है और 'असि' नामक पद सामरस्य (ऐक्य) का बोध करा रहा है, ऐसा जान

लिङ्गाङ्गसंयोगपदार्थानां तत्त्वमसीत्यादिपदार्थानां चाभेदबोधकानि कानिचिदुदाह्रियन्ते। तथाहि स्कान्दे शङ्करसंहितायाम्—"लिङ्गं किमङ्गमिति किं सम्बन्धः कोऽयमेतयोः। लिङ्गाङ्गसम्बन्धपदान्येवमेव विचिन्तयेत्॥ लिङ्गरूपो महादेवः सच्चिदानन्दलक्षणः। अङ्गरूपो हि जीवात्मा भवभावनियन्त्रितः॥ तत्पदेनोच्यते सद्भिर्लिङ्गरूपः सदाशिवः। त्वंपदेनाङ्गरूपो हि जीवः संसारलक्षणः॥ त्वमर्थोऽङ्गस्वरूपो यः सोऽहं शब्दार्थ एव हि। त्वमहंपद-

---

लिङ्गाङ्गेति। क्रमेणान्वयोऽत्र द्रष्टव्यः। लिङ्गतत्पदार्थयोरङ्गत्वंपदार्थयोः संयोगाऽसिपदार्थयोश्च यथासंख्यमन्वयो बोद्धव्यः।

भवभावनियन्त्रित इति। संसारवासनाबद्ध इत्यर्थः। अस्मिन् प्रकरणे लिङ्गरूपो महादेव इत्यारभ्य लक्ष्यार्थं लक्षयित्वा तमित्यन्तैर्वातुलागमवाक्यैस्तत्त्वमसि, सोऽहमस्मीत्येतन्महावाक्यघटकपदार्थानां लिङ्गाङ्गसंयोगपदार्थेष्वेवमुक्तवाक्ययोर्विशिष्टार्थस्य लिङ्गाङ्गसंयोगात्मकविशिष्टवाक्यार्थे वारं वारमभेदभावनं सविलासाऽविद्यानिवृत्तिहेतुभूतं प्रत्येकपदार्थतत्त्वनिश्चयपूर्वकमुपदिश्यते। एवं प्रकाशिततात्पर्यकस्यास्य प्रकरणस्य कानिचिद्वाक्यानि व्याख्यायन्ते। त्वमर्थोऽङ्गस्वरूपो यः सोऽहंशब्दार्थ एव हि। अय भावः—तत्त्वमसीत्यत्र त्वंपदार्थः, लिङ्गाङ्गसंयोग इत्यत्राङ्गपदार्थः, सोऽहमस्मीत्य-

लेना चाहिये। स्कन्द, कामिक आदि अनन्त पुराण-आगम ग्रन्थ और अनुभवसूत्र आदि भी इसी अभिप्राय का समर्थन कर रहे हैं।

शंका—अंग शब्द से जैसे शरीर का अर्थ सिद्ध होता है, वैसे शरीर के अन्तर्वर्ती जीव की सिद्धि नहीं हो सकती। इस अंग शब्दवाच्य स्थूल शरीर का और लिंग शब्दवाच्य सूक्ष्म लिंग का सामरस्य बताना न्यायसंगत नहीं है। इसलिए 'तत् त्वम्' इन पदों में अभेद कैसे सिद्ध हो सकता है ?

समाधान—दोनों में अभेद सम्भव है। जैसा कि—"य एष आत्मनि तिष्ठन्" इस श्रुति में जीवात्मा परमात्मा का अंग है, वैसे चेतन स्वरूप अंग और लिंग इन दोनों के सामरस्य के संभव होने में कोई संशय नहीं है। इस प्रसंग पर भगवान् श्रीरेणुक पादाचार्य का कहना है कि चराचरात्मक यह जगत् परमात्मा का शरीर है।

लक्ष्यार्थश्चिद्रूपः परमेश्वरः ॥ त्वमहंपदवाच्यार्थस्यैव देहादिवस्तुनः । न तच्छब्दार्थतास्यैव विरुद्धत्वात् सदैव हि ॥ त्वमहंपदलक्ष्यार्थो जीवात्मा चाङ्गरूपकः । अशिवश्चेत् सदानन्दस्ततो

त्राहंशब्दार्थश्चैक एव । लक्ष्यार्थो दर्श्यते—त्वमहंपदलक्ष्यार्थश्चिद्रूपः परमेश्वर इति । अत्र सोऽहमस्मीत्यहंपदेनाहं गच्छाम्यहं तिष्ठामीत्यादिलौकिकवाक्यस्थाहंशब्दार्थप्रतिपादने विवक्षिते त्वमहंपदलक्ष्यार्थं इत्युत्तरार्धं विरुध्यते, लौकिकवाक्यस्थाहंपदस्य लक्ष्यार्थे तात्पर्याभावादिति सोऽहमस्मीति श्रौतवाक्यस्थाहंशब्दमभिप्रेत्य व्याख्यातम् । शक्यार्थस्याभेदः कस्मान्न भवतीति शङ्कामपाकरोति—त्वमहंपदवाच्यार्थस्यैव देहादिवस्तुनः । न तच्छब्दार्थताऽस्यैव विरुद्धत्वात् सदैव हि ॥

ननु त्वमहंपदाभ्यां स्थूलदेहोपलक्षितजीवमात्रं लक्षयितुमुचितम्, तस्यैव परमात्मशरीरत्वात् । ततश्च चिद्रूपपरमेश्वरस्य लक्ष्यत्वोक्तिरनुपदोक्ता न संगच्छत इत्यत आह—त्वमहंपदलक्ष्यार्थो जीवात्मा चाङ्गरूपकः । अशिवश्चेत् सदानन्दस्ततो नैव विलोकयेत् ॥ इति । अत्र विलोकयेदित्यत्र कर्मणः कर्तृत्वविवक्षा बोद्धव्या, अधिगच्छति शास्त्रार्थः स्मरति श्रद्दधाति चेतिवत् । अयं भावः—लक्ष्याऽङ्गरूपो जीवोऽशिवश्चेच्छिवभिन्नश्चेत्, तदा जीवात्मन आनन्दरूपत्वाभावान्मा न भूवं हि भूयासमित्यात्मविषयकपरप्रेमसूचितात्मन आनन्दरूपता न दृश्येत, दृश्यते त्ववश्यम् । यद्वा न विलोकयेद् न चेतयेत्, ब्रह्मभिन्नस्य जडत्वादिति तात्पर्यम् । इदं च परमानन्दत्वभानं सामान्यरूपेणैव भवति । तस्मान्न सर्वथा शिवादभिन्नो जीवात्मेति सांसारिकविषयस्पृहाऽप्युपपद्यते । तदुक्तं विद्यारण्यैः—"अभाने न परं प्रेम भाने न विषये स्पृहा । तस्मादभानं भानेऽपि प्रतिबन्धेन युज्यते ॥ अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत् ।" (प० द० १।११-१२) इत्यादि ।

परमात्मा ही शरीरी है । मल पाश से आवृत लोग इस अर्थ को नहीं जानते । इस प्रकार का यह प्रमाण वाक्य भी उस श्रुति के अर्थ का ही प्रतिपादन कर रहा है । इसलिये तत् और त्वं पदों का एकत्व कहने में कोई सन्देह नहीं है ।

शंका—लेकिन वीरशैव सिद्धान्त भेदाभेदवादी है । अंगवाच्य जीवात्मा में स्थित किञ्चिज्ज्ञत्व आदि हेय धर्मों का कभी भी नाश न होने से लिंग ही तुम हो. इस 'असि' पद का अर्थस्वरूप जो सामंजस्य बताया गया है, वह समंजस नहीं हो

नैव विलोकयेत् ।। जगच्चराचरं यत्तत् तत्त्वं पूर्णं चिदात्मकम् । शुद्धं तदङ्गरूपो हि तत्त्वमर्थो न संशयः ।। तत्त्वंपदार्थे लिङ्गाङ्गरूपेऽन्योन्यविरुद्धकम् । उपाधिकृतवाच्यार्थं त्यक्त्वा सच्चित्सुखात्मकम् ।। लक्ष्यार्थमविरुद्धं यच्छिवं तदिति या

जगच्चराचरमिति । चराचरस्य जगतस्तत्त्वमात्मभूतमन्तर्यामीति यावत् । शुद्धं पूर्णं चिदात्मकं शिवस्वरूपमिति भावः । शिव एव सर्वेषामात्मेति भावः । तदङ्गरूपो हीति । चराचरं तु तच्छरीरभूतमित्यर्थः । तत्त्वमसीत्यत्र कल्पद्वयं पूर्वमपि दर्शितम्—जीवस्त्वंपदार्थः, परमात्मा तत्पदार्थ इत्येकः कल्पः । चराचरं जगत् त्वंपदार्थः, परमात्मा पूर्ववदेव तत्पदार्थ इति द्वितीयः कल्पः । तदेव कल्पद्वयं शङ्करसंहितावाक्येन दर्शितम्—उपाधिकृतवाच्यार्थमिति । उपाधिभिर्देवत्वमनुष्यत्वादिभिर्जीवात्मा देवमनुष्यादिरूपः कृतो भवति, वस्तुतस्तस्य देवत्वमनुष्यत्वादिकं नास्ति । एवं तादृशोपाधिविशिष्टजीवैस्तत्तदुपाधिप्रापितजीवगतवैलक्षण्यैर्जीवानां देवमनुष्यादिरूपाणामन्तर्यामीन्द्रवरुणादिरूपतां मनुष्यादिरूपतां च प्रापित इव भवति । इदमेवोपाधिकृतं रूपमुभयभागे द्रष्टव्यम्, दलद्वयोपाध्योः परित्यागे सच्चित्सुखात्मकशिवांशस्यैवावशेषात् । तावन्मात्रबुद्धिरभेददृष्टिरुच्यते । तस्या एवाऽज्ञानपटलध्वंसद्वारा परमपुरुषार्थसाधकत्वम्, न तु वस्तुतो जीवब्रह्मणोरभेदोऽ-

सकता । इसलिये अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि आदि महावाक्य लिंगांगसामरस्य को कैसे बता सकते हैं ?

समाधान—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि लिंग से अंग और अंग का धर्म भिन्न जरूर है, फिर भी लिंगोपासना से, शिवध्यान रूपी मन्थन से अंग के सभी धर्मों के नष्ट हो जाने से जीवात्मा परमात्मा में लीन हो जाता है और नित्य सुख का अनुभव करने लगता है, ऐसा श्रुति बता रही है । इतना ही नहीं, निकृष्ट जीव माना जाने वाला कौआ जब मेरु पर्वत पर जाता है, तो वह अपने हेय धर्मों को छोड़ कर जैसे सुवर्णाकार को प्राप्त कर लेता है, सीप में गिरने वाली स्वाति नक्षत्र की बूंद जैसे मोती बन जाती है और रासायनिक पदार्थों के सम्पर्क से ताँबा अपने गुण-धर्म को छोड़ कर जैसे सुवर्ण हो जाता है, वैसे ही गुरु की कृपा से जीवात्मा अपने हेय गुण-धर्मों को छोड़ कर शिव को प्राप्त होकर शिवस्वरूप वाला हो जाता

मतिः । सा सम्बन्ध इति प्रोक्ता वेदान्तागमवेदिभिः ॥ लिङ्गरूपो महादेवः पूर्णश्चैतन्यलक्षणः । भाति यः सोऽङ्गरूपोऽहं जीवात्मास्मि न चापरः ॥ यो भाति चाङ्गरूपोऽहं जीवात्मा परमात्मनः । सोऽयमात्मा महादेवो लिङ्गरूपो महेश्वरः । यो मायोपाधिको देवो लिङ्गरूपी सदाशिवः । सोऽविद्योपाधिको

स्मिन् मते विवक्षितः, भक्तिपक्षस्य शैवशास्त्रसिद्धान्तत्वात् । लिङ्गरूपो महादेव इति । यश्चैतन्यस्वरूपो महादेवो लिङ्गरूपो भाति, तद्रूपोऽहमिति स्वस्मिन् परमात्मतादात्म्यभावना प्रथम कर्तव्यत्वेनोपदिश्यते । यो भाति चाङ्गरूपोऽहमिति यः परमात्मनोऽङ्गरूपो जीवो भाति स महेश्वर एवेति लिङ्गरूपे महेश्वरे जीवात्मनो लयभावना पूर्वभावनावैपरीत्येन द्वितीया कर्तव्यत्वेनोपदिश्यते । यो मायोपाधिको देव इति । शुद्धसत्त्वप्रधाना-विद्यासमष्टिः परमात्मन उपाधिभूता, मलिनसत्त्वप्रधाना व्यष्टिभूताऽविद्या जीवस्योपाधिभूता । यथोक्तं पञ्चदश्याम्—"सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते । मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात् सर्वज्ञ ईश्वरः ॥ अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा" (१।१६-१७) इति । तदेवास्मिन् पद्य उच्यते । एवं मायोपाधिको लिङ्गरूपी सदाशिवः । स एवाऽविद्योपाधिको भूत्वाऽङ्गस्वरूपवान् जीवस्वरूपो भवतीत्यर्थः । इयं तृतीयभावना शिवयोगिभिः कर्तव्यत्वेनोपदिष्टा द्रष्टव्या । पूर्वं शुद्धयोः परमेश्वरजीवयोर्मध्ये जीवे परमेश्वररूपत्वं प्रकारद्वयेन भावनीयत्वेनोक्तम् । परमेश्वर एव जीवो जीवः परमेश्वर एवेति वस्तुत उभयोरपि भावनयोर्भावनीयं वस्त्वेकमेव । केवलमुद्देश्यविधेयभावमात्रं भिद्यते । तृतीयभावनायां तु कार्यकारणरूपेण तादात्म्यं भावनीयत्वेनोपदिश्यते । यो मायोपाधिकः स एवाऽविद्योपाधिको भवतीति ।

है । इस लोक के अनुभव से यह सिद्ध हो जाता है कि जीव के शिव होने में कोई बाधा नहीं है । इतना ही नहीं, "यथा नद्यः स्यन्दमानाः" इस मुण्डक श्रुति में बताया गया है कि बहने वाली गंगा, गोदावरी आदि नदियाँ अपने सहज स्वभाव नाम, रूप, गुण, क्रियाओं को समुद्र को प्राप्त करते ही छोड़ देती हैं, वैसे ही लिंगनिष्ठ शिवयोगी (जीव) अपने किञ्चिज्ज्ञत्वादि हेय गुणों को छोड़ कर लिंगरूप परमात्मा में लीन होकर अखण्ड आनन्द का अनुभव करने लगता है । इसीलिये कहा गया है

भूत्वा भवत्यङ्गस्वरूपवान् ।। तत्पदेनोच्यते लिङ्गं त्वंपदेनाङ्ग-मीरितम् । अनयोरैक्यभावोऽयं सम्बन्धोऽसिपदेन च ।। इति वाक्यानुसन्धानं भासते यस्य सन्ततम् । गुरूपदेशाल्लिङ्गाङ्ग-सम्बन्धीति स उच्यते ।। एवं लिङ्गाङ्गसम्बन्धभावना

एवं लिङ्गाङ्गयोस्तादात्म्यभावनात्रयमुपदिश्य श्रौतवाक्यार्थत्वेनापि तच्चिन्तनीयं प्रामाणिकत्वेन ससंरम्भप्रवृत्तिलाभायेत्याह—तत्पदेनोच्यते लिङ्गमित्यादि सम्बन्धोऽसिपदेन चेति। सम्बन्धस्याकाङ्क्षाभास्यतया प्रकृतेऽ-भेदलक्षणः संसर्गस्तत्पदसमभिव्याहृतत्वं पदत्वरूपाकाङ्क्षाज्ञानादेव भासते। असिपदस्य विशिष्टसत्ताबोधकत्वेन वैशिष्ट्यबोधेऽप्युपयोगित्वादियमुक्तिः। अथवा कटे चैत्रोऽस्तीत्यादौ सप्तम्यन्तप्रथमान्तसमभिव्याहारे सप्तम्यन्तार्थे प्रथमान्तार्थनिष्ठाधेयतारूपसत्ताया अस्तिपदेन बोधनवत् प्रथमान्तद्वयसमभि-व्याहारे उद्देश्ये विधेयस्याभेदरूपसत्ता बोध्यत इति सम्यगुक्तमिदं भवति।

कि जो व्यक्ति ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेता है, वह ब्रह्म ही हो जाता है। इस प्रकार अनन्त श्रुतियाँ इस विषय के समर्थन में प्रवृत्त हैं, अतः अंग शब्द वाच्य जीव लिंग शब्द वाच्य परशिव की उपासना से अपने किञ्चिज्ज्ञत्वादि समस्त अंग धर्मों के नष्ट हो जाने से शिवस्वरूप हो जाता है। लोक में तुच्छ माना गया भ्रमर (भौंरा) अपने से भिन्न जाति के कीड़े को लाकर अपने घर में रख कर उसको अपनी तरफ आकर्षित करने के लिये अपने डंक से मार मार कर चारों तरफ घूमता रहता है। वह कीड़ा इसके डर से निरन्तर इसी का चिन्तन करते हुए अपने गुण-धर्मों को छोड़ कर जैसे भ्रमर बन जाता है, वैसे ही सत्यसंकल्प, सत्यकाम और और सर्वसमर्थ भक्ताभीष्टप्रद प्रतीक को धारण करने से वह परशिव अपनी उपासना करने वाले भक्त के जीवभाव का निवारण कर शिवभाव को प्राप्त करा दे, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं रह जाता।

शंका—थोड़ी देर के लिए हम आपकी बात मान लेते हैं, फिर भी यहाँ पूर्णतया लिंगभाव की प्राप्ति कैसे हो सकती है ? लिंग के सम्बन्ध से अंगभाव का अभिभव होने पर भी उस लिंग का सम्बन्ध जब तक रहेगा, तब तक ही यह सम्भव है। जब उस लिंग का सम्बन्ध छूट जाता है, तब पहले की तरह अंगनिष्ठ हेयत्वादि धर्मों का पुनः प्रादुर्भाव हो जायगा। जैसे कि पानी का सहज गुण

यस्य विद्यते । स योगी स च सर्वज्ञो जीवन्मुक्तः स उच्यते ।। लिङ्गाङ्गपदवाच्यार्थं हित्वा सम्यग्धिया पुनः । लक्ष्यार्थं लक्षयित्वा तं सोऽहमेवेति चिन्तयेत् ।। लिङ्गाङ्गपद-

---

एवं तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मीति वाक्योत्थभावनात्रयं कर्तव्यत्वेनोपदिश्य तस्य फलमाह—लिङ्गाङ्गसम्बन्धीति स उच्यत इति । ननु संज्ञाविशेष-लाभेऽपि वस्तुतो न किञ्चिदभीष्टं सिद्धं भवतीति पर्यनुयोगे आह—स योगी स च सर्वज्ञो जीवन्मुक्तः स उच्यत इति । योगः, तज्जन्यैश्वर्यम्, सर्वज्ञता, जीवन्मुक्तिश्च सिद्धा भवतीति महाफललाभोऽस्य सम्पद्यत इति भावः । नैतावन्मात्रमपि तु परमपुरुषार्थंमोक्षमप्यसौ प्राप्नोतीत्याह—लिङ्गाङ्ग-पदवाच्यार्थं हित्वेत्यादिना । लिङ्गाङ्गपदयोस्तत्त्वंपदयोश्च वाच्यार्थं माया-रूपोपाधिविशिष्टमविद्यारूपोपाधिविशिष्टं च हित्वा त्यक्त्वा लक्ष्यार्थं जहद-जहल्लक्षणयोपनीतं शुद्धचैतन्यं गृहीत्वा स एवाहमिति चिन्तयन्, तादृश-

शीतलता होने पर भी अग्नि का सम्बन्ध जब तक रहता है, तब तक भले ही अपना गुण न दीखे, फिर भी जब अग्नि का सम्बन्ध-विच्छेद हो जायगा, तब पहले की तरह शीत गुण तो आ ही जाता है। वैसे ही यहाँ पर भी सम्भव होने से हमेशा-हमेशा के लिये जीव शिवस्वरूप कैसे हो सकता है ?

समाधान—ऐसी बात नहीं, क्योंकि दूध के एक बार दही हो जाने के बाद जैसे पुनः दूध नहीं हो सकता, वैसे ही शिवलिंगोपासना से एक बार जीव के हेय गुणों का नाश हो जाने पर फिर से उनका लौटना सम्भव नहीं है । इसलिये 'असि' पदवाच्य शिवभाव के प्राप्त हो जाने में संशय नहीं है । इसीलिये अंग नामक जीव लिंग की उपासना करते-करते ऊपर के दृष्टान्त के अनुसार (भ्रमरकीट न्याया-नुसार) 'तत्त्वमसि' इस गुरूपदेश के श्रवण से "अहं ब्रह्मास्मि" मैं शिवस्वरूप ही हूँ, इस प्रकार महावाक्य के अर्थ का अनुभव करने लगता है । अतः छान्दोग्य उपनिषत् का महावाक्य वीरशैव सिद्धान्त के अनुसार लिंगांगसामरस्य का बोध करा रहा है ।

इसके अतिरिक्त "कोऽहम्" इत्यादि वाक्य भी इस अर्थ को स्पष्ट करते हैं । मैं कौन हूँ ? ऐसा शिष्य के द्वारा पूछे जाने पर करुणावरुणालय गुरु "तत्त्वमसि" वह शिवलिंग ही तुम हो, ऐसा उत्तर देते हैं । इसके बाद लिंग और अंग का स्वरूप क्या है ? और उन दोनों का सम्बन्ध कैसा है ? ऐसा प्रश्न

सम्भूतसम्यग्धीजन्ममात्रतः। अविद्या सह कार्येण नाभूदस्ति भविष्यति ॥" इति।

अनुभवसूत्रे—"लिङ्गं तत्पदमाख्यातमङ्गं त्वंपदमीरितम्। संयोगोऽसिपदं प्रोक्तमनयोरङ्गलिङ्गयोः ॥" (५।२७) इति।

एवं परमाप्तपरमशिवप्रणीतवेदविहितत्वेन लिङ्गधारणस्य वैदिकजनपरिग्राह्यत्वमभिहितम्।

चिन्तोद्भूतयथार्थवुद्धिबलात् सविलासाऽविद्या नासीत्, नाऽस्ति, न भविष्यतीत्यभावत्रयप्रतियोगित्वेन ज्ञाता भवतीति निःशेषाविद्योच्छेदेन परममुक्तिमप्ययं प्राप्नोतीति भावः।

अनुभवसूत्रमपि प्रमाणयति—लिङ्गं तत्पदमाख्यातमिति। तत्पदेनाख्यातमिति वक्तव्ये छन्दोऽनुरोधादियमुक्तिर्बोध्यबोधकयोरभेदाभिप्रायेण कथञ्चिन्नेतव्या।

पूछने पर गुरु कहते हैं कि हे शिष्योत्तम! सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह नामक पाँच कृत्यों को करने वाला ही लिंगपद वाच्य है। उस लिंग में ही सम्पूर्ण जगत् दीखता है और उसी में लीन हो जाता है। यही परशिव लिंग 'तत्' पद का अर्थ है। "मलावृतः संसारी" इस शिवमूत्र के प्रमाण से अपने अपने क्रियाकलापों के अनुसार (कर्म के अनुसार) जननमरण रूप संसार-सागर में डूबता-उतराता हुआ अनेक प्रकार के आयास-प्रयासों से कराहने वाला जीव ही 'अंग' कहा जाता है। यही अंग 'त्वम्' पद का अर्थ है। यह अंग और लिंग एक दूसरे के विरुद्ध स्वभाव वाले हैं। अतः इनमें सामरस्य (ऐक्यभाव) सम्भव नहीं है। इसलिये लक्षणा वृत्ति का आश्रय लेकर दोनों चैतन्यों के एकत्व को स्वीकार कर लेना उत्तम है। इस प्रकार स्कान्द, लैंग आदि पुराण बता रहे हैं। इस अर्थ में और भी इस प्रकार के हजारों प्रामाणिक ग्रन्थ इस अभिप्राय का समर्थन कर रहे हैं। अतः अंग में लिंगधारण की सिद्धि हो जाती है। इसी प्रकार अनुभवसूत्रकार भी तत्त्वमस्यादि महावाक्यार्थ को लिंगांगसामरस्य के अनुगुण निरूपित करते हैं।

इस प्रकार परशिव प्रणीत अपौरुषेयात्मक ऋक् आदि वेद-मन्त्रों के आधार-पर देह में लिंगधारण का समर्थन किया गया है।

इदं पुनरत्रावधातव्यम्—सर्वाप्यत्र प्रक्रियाऽद्वैतसिद्धान्तवत् प्रतीयते, तेन स एव सिद्धान्तोऽत्राभिमतोऽस्तीति बहूनां भ्रमः संभवति। परं तथा न भ्रमितव्यम्। अद्वैतसिद्धान्ते हि उपाधीनां सर्वेषां मिथ्यात्वमेवास्ति। अत्र तूपाधीनां न मिथ्यात्वम्, किन्तूत्पादविनाशशालित्वेनानित्यत्वमात्रम्। एवं जीवब्रह्मणोरद्वैतसिद्धान्ते सर्वथाऽभेद एवास्ति। एतन्मते तु परमेश्वरस्य जीवान्तर्यामितया जीवानां च तच्छरीरतया अहं मनुष्योऽहं देव इति, अहं कृशोऽहं स्थूल इत्याद्यभेदवद् जीवब्रह्मणोरप्यारोपिताभेदो व्यवह्रियते। तर्हि किमर्थं वाच्यार्थपरित्यागेन लक्ष्यार्थमादायाऽभेद उपपाद्यते, किमर्थं च जीवब्रह्मणोः स्वरूपत एव भेदसिद्धौ मायाऽविद्यारूपोपाधिद्वयं तयोर्भेदोपपादनाय परिगृह्यत इति चेत्, श्रूयताम्—सच्चिदानन्दस्वरूपस्य सर्वशक्तिमतः सर्वज्ञस्य परमेश्वरस्य जडचिदात्मकं सर्वं जगत् तादात्म्येनाभिमानविषयीभूतमिति परमेश्वरः सर्वात्मक उच्यते। जीवानां तु चिद्रूपाणामेव तत्तच्छरीरमात्रं तादात्म्येनाभिमानविषयोभूतमिति जीवास्तत्तच्छरीरात्मकाः पृथग् पृथग् भेदवन्त उच्यन्ते। परमेश्वरस्य सर्वाभिमानित्वात् सर्वशक्तिमत्त्वाच्च सर्वमेव जगद् यथेच्छति तथा कर्तुं शक्नोति सः। यदुक्तं भगवता—"सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्। सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति॥" (भ०गी० १३।१४) इति, "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति। भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥" (भ० गी० १८।६१) इति च। जीवानां तु स्वशरीराभिमानित्वादल्पशक्तिमत्त्वाच्च स्वेच्छाप्रयत्नाभ्यां साक्षात् स्वस्वशरीरमात्रचेष्टने शक्तिर्भवत्यसति बाधके। एवं स्थिते परमेश्वरस्य निरस्तसाम्यातिशयमैश्वर्यं सर्वजगन्नियामकत्वं सर्वशक्तिमत्त्वं च दर्शयितुं मायोपाधिकत्वमिदं दर्शितम्, न त्वद्वैतवेदान्त इव वास्तविकाऽभेदेऽपि भेदोपपादनार्थं सर्वं जगदेवात्र मायापदेनोच्यते। तस्मिन् तादात्म्याऽभिमाननिमित्तकत्वात् सर्वनियन्तृत्वादिरूपैश्वर्यस्य मायोपाधिकत्वमुच्यत इत्याशयः। शक्तिविशेष एव माया इति वा। उपाधिभूतं वाच्यांशं परित्यज्य लक्ष्यार्थदर्शनं तु लक्ष्यभागस्यैव स्वान्तर्यामितया स्वात्मत्वबुद्ध्या सोऽहमिति चिन्ताभ्यासस्यौचित्यलाभाय। तादृशचिन्ताभ्यासश्च परमात्मशरणकत्वदृढीकरणेन परमेश्वरप्रसादलाभाय। ततश्चाज्ञाननिवृत्त्या सकलक्लेशात्यन्तनिवृत्तिलक्षणो मोक्षः सिद्ध्यति। परमेश्वरस्याभिमानस्तदीयसर्वज्ञताया बाधको न भवतीति तदीयोपाधिः

इदानीं वेदार्थप्रतिपादकगौतममन्वादिस्मृतिविहितत्वेनापि तस्य तथात्वं प्रदर्श्यते । गौतमस्मृतौ—"मुखे मन्त्रो हृदि ध्यानं मस्तके लिङ्गधारणम् । रुद्राक्षं च शिखा भस्म इति ब्राह्मणलक्षणम् ।।" इति । अत्र हृदि ध्यानम् अन्तर्लिङ्गानुसन्धानम्, मस्तके लिङ्गधारणमिति बाह्यलिङ्गधारणं चाभिहितम् ।

शुद्धसत्त्वप्रधाना मायोच्यते । अस्यैवाभ्यासस्य दार्ढ्याय लिङ्गाङ्गयोगोऽन्तर्बहिर्धारणरूपतया द्विविधे लिङ्गे च ब्रह्मरूपत्वदृष्टिः कर्तव्यत्वेनोच्यते । "अविद्यासहकारेण नाभून्नास्ति" इत्युक्तिस्त्वभिमाननिवृत्त्या तत्प्रयुक्तप्रवृत्तीनां सकलदुःखस्य च निवृत्त्यभिप्राया द्रष्टव्या, न तु सर्वथा स्वप्नपदार्थनिवृत्तिवत् प्रपञ्चनिवृत्त्यभिप्राया, जगति तादृशमिथ्यात्वस्यैतन्मतेऽनभ्युपगमादित्यलम् ।

एवं वेदवाक्यैर्लिङ्गधारणस्य कर्तव्यत्वं साधयित्वा स्मृतिरपि तत्कर्तव्यत्वं दर्शयतीत्याह—मुखे मन्त्र इति ।

स्मृतियों में लिंगधारण

इसके बाद वेदों का अनुगमन करने वाली मनु आदि स्मृतियों के द्वारा लिंगधारण शास्त्रसम्मत सिद्ध किया जाता है । गौतम स्मृति में कहा गया है कि "मुंह में भगवान् शिव का ध्यान, शिर में इष्टलिंग, कण्ठ में रुद्राक्ष, भाल (ललाट) भाग में भस्म का त्रिपुण्ड्र और मस्तक पर शिखा को धारण करना ब्राह्मण का लक्षण है ।

इस स्मृति में 'हृदि ध्यानम्' इस वाक्य से अन्तर्लिंगधारण और "मस्तके लिङ्गधारणम्" इस वाक्य से देह में इष्टलिंगधारण बताया गया है । इस प्रकार के दो प्रकार के लिंगधारण के प्रति श्रीरेणुक भगवत्पादाचार्य जी का यह आदेश है—

र्वजितस्तु भुजङ्गमः । मृतो दुष्टाय दत्तो यो निर्वीर्यश्चाधिकाक्षरः ।। अन्तरं नैकबीजेन व्याप्तः कीलित उच्यते । यस्य जप्यं शृणोत्यन्यः स मन्त्रः शून्य उच्यते ।।'' इत्यादिना जननजीवनादिमन्त्रसंस्कारादिनमःस्वाहावषट्कारादिपल्लवहृदया - दिस्थानविशेषन्यसनीयऋषिदेवताछन्दोबीजादिसमर्पकाणां मूकत्वसुप्तत्वादिमन्त्रदोषतन्निवर्तकासनशुद्ध्यादिप्रतिपादकाना - मङ्गावरणादिविधायकानां तत्तदागमान्तर्गतवचनानामप्रामाण्ये गायत्र्यादिमहामन्त्रनित्यानुष्ठानपुनश्चरणादेरसिद्धेः ।

न द्वितीयः, ''शिवसंस्कारिणां चैव ज्ञानधर्मवतां सताम् । अष्टाविंशतिभेदेन प्रोक्तं शैवमिति स्मृतम् ।। कामिकं योगजं चिन्त्यं कारणं त्वजितं तथा । दीप्तं सूक्ष्मं सहस्रं चांशुमत् सुप्रभेदकम् ।। विजयं चैव निश्वासं स्वायम्भुवमथानलम् । वीरं च रौरवं चैव मकुटं विमलं तथा ।। चन्द्रज्ञानं च बिम्बं च प्रोद्गीतं ललितं तथा । सिद्धं सन्तानशर्वोक्तं पारमेश्वरमेव च ।। वातुलं किरणं चैवेत्यष्टाविंशतिसंहिताः ।। इत्यागमेषु वेदेषु वेदान्तोपनिषत्सु च । धर्मस्तु शास्त्रतः प्रोक्तो मुक्तेर्माहेश्वरो महान् ।।'' इति वीरागमोक्तरीत्या मुक्त्युपाय-

---

उपदिष्ट मन्त्र मृत कहे जाते हैं और अधिक अक्षर वाले अथवा बीज, कीलक आदि के बिना जपित मन्त्र निर्वीर्य होते हैं। इस प्रकार अंगविकल शून्य मन्त्रों को नहीं जपना चाहिये, सुनना नही चाहिये, ऐसा आगमों से बताया गया है। यदि इन आगमों को अप्रामाणिक माना जाय तो गायत्री-पुरश्चरण आदि का कोई फल नहीं होना चाहिये।

इसके अतिरिक्त कामिक, योगज, चिन्त्य, कारण, अजित, दीप्त, सूक्ष्म, सहस्र, अंशुमत्, सुप्रभेद, विजय, निश्वास, स्वायंभुव, अनल, वीर, रौरव, मुकुट, विमल, चन्द्रज्ञान, बिम्ब, प्रोद्गीत, ललित, सिद्धसन्तान, शर्वोक्त, पारमेश्वर, किरण और वातुल नामक अट्ठाईस शैवागमों में और वेद, वेदान्तोपनिषत् आदि

त्वेन प्रसिद्धशैवागमानामप्रामाण्ये—"शिवे शिवागमे शैवे धर्मे शिवपरिग्रहे। जङ्गमे प्राणलिङ्गैक्ये शिवलिङ्गार्चने गुह॥ शिवस्थानेषु सर्वेषु वाराणस्यादिकेषु च। विपरीता भवेद् बुद्धिर्यस्य स्यात् स बहिर्नरः॥ शिवनिन्दापरो मूढः शिवशास्त्रविनिन्दकः। तस्य नो निष्कृतिर्दृष्टा क्वापि शास्त्रेऽपि केन च॥" इति स्कान्दशिवधर्मोत्तरादिवचनैर्मरणान्तप्रायश्चित्तसूचकनिष्कृत्यभावबहिष्कार्यत्वादिविधानविरोधापत्तेः। नह्यप्रामाणिकार्थनिन्दायां दोषोद्घाटनं युक्तम्।

किञ्च, स्थावरलिङ्गप्राणलिङ्गप्रतिष्ठाकालकर्तव्यद्वादशसंस्कारविधायक—"कुण्डमण्टपनिर्माणं तत्तत्संस्कारमेव च। वास्तुपूजा च हवनं पालिकासु प्रतिष्ठितम्॥" इत्यादीनाम् अधःपट्टिकाद्याज्यप्रतारिकान्ततत्स्थानविशेषे भुवन-तत्त्व-कला-मन्त्र-पद-वर्णाध्वन्यासविधायकवचनानां स्थावरे कर्षणादिप्रतिष्ठान्तं प्रतिष्ठाद्युत्सवान्तं च कर्तव्यतत्कर्मविधायकवचनानां कामिककारणाद्यागमान्तर्गतत्वेन पुराणादावभावेन च तदप्रामाण्ये तद्विहितसंस्काराद्यभावेन सकलवैदिकजनावश्यकस्थावरलिङ्गप्रतिष्ठाद्यसिद्धेः।

में बताये गये धर्म मुक्ति के साधन हैं, ऐसा वीरागम आदि में बताया गया है। स्कन्दपुराण में भी बताया गया है—"शिव की, शिवागमों की, शिवधर्म की, शिवग्रहण की, प्राणलिंगधारक जंगम की, लिंगार्चक की, शैवालयों की और शिवक्षेत्र की निन्दा करने वाले बहिष्कृत हो जाते हैं। उन लोगों का कोई प्रायश्चित्त ही नहीं है। वे अपरिहार्य कोप के पात्र बन जाते हैं"। इसके अतिरिक्त जमीन पर स्थावर लिंग की प्रतिष्ठा करते समय और शिवदीक्षा संस्कारपूर्वक अंग में लिंग को धारण करते समय उस लिंग के शिलात्व दोष के निवारण के लिये किये जाने वाले जो बारह संस्कार और कुण्ड, मण्डप आदि के निर्माण की क्रियाएँ, वास्तुपूजा, हवन आदि कर्म और लिंग के विभिन्न स्थानों में किये जाने वाले भुवनाध्व, तत्त्वाध्व, कलाध्व, मन्त्राध्व, पदाध्व और वर्णाध्व नामक षडध्व

अपि च, श्रीनीलकण्ठशिवाचार्यचरणकृतभाष्ये—"अङ्गावयवाद्यनन्तमाङ्गल्यगुणगणमणिजलधेः परमशिवस्य" इत्येतद्ग्रन्थेन परमशिवं विशिष्य कानि तान्यङ्गानीत्युक्तेः "सर्वज्ञता तृप्तिरनादिबोधः स्वतन्त्रता नित्यमलुप्तता च। अनन्तशक्तिश्च विभोर्विधिज्ञाः षडाहुरङ्गानि महेश्वरस्य॥" (वा० पु० १२।३१; कू० पु० २।८।१३), "ज्ञानं विरागतैश्वर्यं तपः शक्तिः क्षमा धृतिः। स्रष्टृत्वमात्मसम्बोधो ह्यधिष्ठातृत्वमेव च॥ अव्ययानि दशैतानि नित्यं तिष्ठन्ति शङ्करे॥" (ब्रह्मा० पु० ३।४।२।२१८-२१९; कू० पु० १। १०।३९-४०) इति शैवागमवचनैरङ्गावयवनिरूपणेन शङ्कराचार्यकृतप्रपञ्चसारादिग्रन्थे त्र्यम्बकषडक्षरीप्रभृतिमन्त्रानुष्ठानपुरश्चरणप्रयोगाद्युपयोग्यङ्गावरणादिनिरूपणस्यागमवचनैरेव कृतत्वेन तद्विरोधापत्तेश्च। नहि भाष्यकारैरप्रामाणिकवचनान्युदाह्रियन्ते। एवं व्यासमन्वादिऋषिप्रणीतस्मृतीतिहासपुराणादीनामिव "त्वं देवेषु ब्राह्मणोऽस्यहं मनुष्येषु ब्राह्मणः",

---

शुद्धि संस्कार और प्रतिष्ठा आदि से उत्सव पर्यन्त किये जानेवाले कर्म कामिक, कारण आदि आगमों में ही विशेष रूप से बताये गये हैं। इन आगमों को छोड़कर और किसी ग्रन्थ व पुराणों में भी ये नहीं बताये गये। इसलिये इन सब आगमों को अप्रामाणिक मानने पर सभी वैदिकों के आवश्यक प्रतिष्ठा आदि कर्म ही समाप्त हो जायँगे।

वीरशैव मताचार्य नीलकण्ठ शिवाचार्य आदि द्वारा रचित भाष्य आदि ग्रन्थों में भगवान् परशिव के असाधारण एवं अनन्त कल्याण गुणों का प्रतिपादन करते समय शिवागमों का प्रमाण देते हुये कहा गया है कि परशिव सर्वज्ञ, नित्यतृप्त, अनादिबोध स्वरूप, स्वतन्त्र, अलुप्तशक्तियुत और अनन्त शक्तिवाले हैं"। यह भी बताया गया है—"ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, तपश्शक्ति, क्षमा, धृति, सृष्टिकर्तृत्व, आत्मसम्बन्ध, अधिष्ठातृत्व और अव्ययत्व नामक नाशरहित दस धर्म भगवान् परशिव में ही हैं"। श्रीशंकराचार्य ने इसी प्रकार प्रपञ्चसार में त्र्यम्बक, षडक्षर

"विश्वाधिको रुद्रो महर्षिः" (श्वे० उ० ३।४) इति ब्रह्मर्षित्वेन, "निरवद्यं निरञ्जनम्" (श्वे० उ० ६।१९) इति नित्यत्वेन च प्रसिद्धपरशिवप्रणीतागमप्रामाण्यस्यापरिहार्यत्वाच्चेति ।

न चरमः पक्षः, विष्णोर्जगन्मोहनीवेषधारणसमयेऽशेषजगन्मोहकत्वस्य रामाद्यवतारे सीतालक्ष्मणवियोगादिजनितव्यामोहस्य स्वतोऽपि सत्त्वेन च परप्रतारकबुद्धावतारप्रणीतवेदविरुद्धागमानामप्रामाण्ये त्विष्टापत्तेः ।

ननु कूर्मपुराणे—"एवं संबोदितो रुद्रो माधवेन मुरारिणा । चकार मोहशास्त्राणि केशवोऽपि शिवेरितः ॥ कपालं लाकुलं शाक्तं भैरवं पूर्वपश्चिमम् । पाञ्चरात्रं पाशुपतं तथान्यानि सहस्रशः ॥" (१।१५।११२-११३) इति शिवकेशवयोरुभयोरपि मोहशास्त्रकर्तृत्वप्रतिपादनेन तथान्यानि सहस्रश इत्यन्यशब्देन शैवागमानामपि ग्रहणात् तेषामप्यप्रामाण्यमेवेति चेन्न, तत्रैव—"निर्मितं हि मया पूर्वं व्रतं पाशुपतं

तृतीयः कल्पः—बुद्धजिनादिनास्तिकमण्डलप्रणीतागमानामप्रामाण्यमिति, तत्रेष्टापत्तिरेव भवतामिवास्माकमपि, बौद्धाद्यागमानामप्रामाण्येऽपि शैवागम-

आदि मन्त्रों के अनुष्ठान और पुरश्चरण आदि का विधान शैवागमों को प्रमाण मान कर ही शास्त्रसम्मत सिद्ध किया है । यदि ये सब आगम अप्रामाणिक माने जायँगे, तो इन सभी भाष्यकारों के वचनों का विरोध होगा । तत्त्व के पक्षपाती भाष्यकारों के वचनों को कैसे असत्य कहा जा सकता है ? आगम अप्रामाणिक होते तो ये लोग उन्हें प्रमाण के रूप में कैसे उद्धृत करते ? ऐसे ही व्यास, मनु आदि ने भी इन आगमों को प्रामाणिक मान कर ही दृष्टान्त के रूप में लिया है ।

यदि आप कहें कि बुद्ध आदि से लिखित आगम ही अप्रामाणिक हैं, तो यह बात हमें भी इष्ट ही है, क्योंकि किसी एक समय महाविष्णु ने प्रपंच की रक्षा के निमित्त जगन्मोहिनी का रूप धारण किया था और रामावतार के समय दुनिया को मोहित करने की इच्छा से सीता, लक्ष्मण आदि के वियोग से उत्पन्न मोह को दिखलाया था । ऐसे ही बुद्ध के रूप में अवतरित होकर उन्होंने वेद के विरुद्ध

शुभम् । गुह्याद् गुह्यतरं सूक्ष्मं वेदसारं विमुक्तये ।।…
एष पाशुपताचारः सेवनीयो मुमुक्षुभिः ।।" (२।३७।१४१, १४३) इति रुद्राक्षलिङ्गधारणरूपपाशुपतव्रतप्रतिपादकागमस्य श्रौतत्वं प्रतिपाद्य, "अन्यानि शैवशास्त्राणि लोकेऽस्मिन् मोहनानि वै । वेदवादविरुद्धानि मयैव कथितानि तु ।।"(२।३७।१४५) इत्युक्त्वा "वामं पाशुपतं सौमं लाकुलं चैव भैरवम् । न सेव्यमेतत् कथितं वेदबाह्यं तथेतरत् ।।" (२।३७।१४६) इति, "यानि शास्त्राणि दृश्यन्ते युगेऽस्मिन् विविधानि तु । श्रुतिस्मृतिविरुद्धानि तेषां निष्ठा हि तामसी ।। कापालं पाञ्चरात्रं च यामलं वाममार्हतम् । एवंविधानि शास्त्राणि मोहनार्थानि तानि तु ।।" (१।११।२७२-२७३) इति श्रुतिस्मृतिविरुद्धानामेवाप्रामाण्यस्वीकारात्, किरातवेषधारिपरमेश्वरप्रणीतशाबरतन्त्रबुद्धावतारप्रणीतबौद्धाद्यागमानामेवान्यपदेन ग्रहणात् ।

ननु तर्हि शैवागमानां श्रुतिस्मृतिसारमयत्वं कथमिति चेत्—पूर्वोक्तसर्वलिङ्गंस्थापयतीत्याद्यनेकश्रुतिस्मृतिविहितलिङ्गधारणविधायकत्वेन गौतममन्वाद्याचारविषयस्थावरलिङ्ग-

---

अनेक आगमों की रचना की है। ऐसे आगमों को कोई भी वैदिक मतानुयायी स्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि रुद्र ने विष्णु से प्रेरित होकर जगत् को मोहित करनेवाले शास्त्रों की रचना को है और विष्णु ने रुद्र से प्रेरित होकर भ्रमोत्पादक शास्त्रों को रचा है। वही कापाल, लाकुल, शाक्त और भैरव मत कहे जाते हैं। ऐसे ही वेदसार एवं अतिसूक्ष्म पाशुपत व्रत को ईश्वर ने बताया है। रुद्राक्ष और लिंगधारण रूप इस पाशुपत व्रत का मुमुक्षु जनों को अवश्य अनुष्ठान करना चाहिये, ऐसा ईश्वर का आदेश है। अतः कामिक से लेकर वातुल पर्यन्त जो अट्ठाईस दिव्य आगम हैं, ये सब वैदिकों द्वारा स्वीकृत हैं। इस सन्दर्भ में कहा गया है कि वाम, अवैदिक पाशुपत, सोम, लाकुल और भैरव आदि मत वेदबाह्य होनें

प्रतिष्ठाविधायकत्वेन कालाग्निरुद्ररुद्रोपनिषदादिसिद्धविभूति-रुद्राक्षधारणविधायकत्वेन तत्त्वमसीत्याद्यनेकश्रुतिबोधितजीव-ब्रह्मैक्यस्वरूपलिङ्गाङ्गसम्बन्धबोधकत्वेन छान्दोग्यबृहदारण्य-कादिश्रुतिविहितानेकार्थत्वाच्चेति ।

इति श्रीमद्वेदवेदान्तपुराणागमेतिहाससारभूतश्रीमद्विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्तस्थापनाचार्यपाषण्डाब्जमहागजपाञ्चरात्रप्रालेयचण्ड-चण्डकिरणाद्वैतकुम्भिकुम्भदलनरौद्रपञ्चाननश्रीमन्नन्दी-श्वरविरचितायां लिङ्गधारणचन्द्रिकायां

प्रथमो भागः ॥

प्रामाण्याक्षतेरिति ।

महामहोपाध्यायपण्डितश्रीशिवकुमारमिश्रशास्त्रि-विरचितशरन्नामिकायां लिङ्गधारणचन्द्रिका-व्याख्यायां प्रथमभागः समाप्तः ॥

से अनुष्ठान करने योग्य नहीं है। श्रुतियों और स्मृतियों के विरुद्ध जो भी हों, वे सब तामस आगम कहे जाते हैं, अतः प्रामाणिक नहीं हैं।

इस प्रकार वेदों के अनुवर्ती अनन्त शैवागम, 'सर्वलिङ्गं स्थापयति'' आदि श्रुतियां, ''तत्त्वमसि'' आदि महावाक्य और ईश, केन, कैवल्य, कालाग्निरुद्र, बृहदारण्यक आदि उपनिषदें लिंगधारण, लिंगांगसामरस्य, विभूति और रुद्राक्ष-धारण आदि का विधान करते हैं, अतः मोक्ष को चाहने वाले वीरशैव क्रम से गुरु से दीक्षा लेकर, मस्तक आदि उत्तम अंगों में शरीरपातपर्यन्त शिवलिंग को धारण करते हुए तीनों कालों में, द्विकाल अथवा एक काल में अपने वाम हस्त रूपी सिंहासन पर उस शिवलिंग को रख कर गन्ध, अक्षत आदि से अर्चना करते हुए त्रिविध देह में त्रिविध लिंगों की सिद्धि पाकर—''एकेन जन्मना मुक्ति-र्वीराणां तु महेश्वरि'' इस शिवागम वाक्य के अनुसार दुःखस्वरूप भवपाश से छूट कर शिवसायुज्य को प्राप्त कर लेते हैं।

इस प्रकार वेद, वेदान्त, पुराण, आगम, इतिहास आदि समस्त शास्त्रों के सारभूत विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के स्थापक आचार्य, पाषण्ड रूपी कमल के लिये मदमत्त गज स्वरूप, पांचरात्र रूपी प्रालेय (धुन्ध) के लिये प्रचण्ड सूर्यसदृश, अद्वैत-रूपी हाथी के मस्तक के दलन के लिये रौद्र सिंह के समान, श्रीमान् नन्दीश्वर (शिवाचार्य) विरचित लिंगधारणचन्द्रिका का प्रथम भाग यहाँ समाप्त होता है।

——

उत्तरभागः

नन्वेतावता लिङ्गधारणसिद्धावपि मृतस्य ब्राह्मणस्य दाहक्रिया विधीयते, भवदनुष्ठीयमानखननस्य कुत्राप्यविधानात् कुतस्तत्सिद्धिः ? इति चेदुच्यते—ऋग्वेदे—"कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम" (ऋ० खि० ५।८७।११) इति मन्त्रेण तत्सिद्धिः । कर्दमेन पृथिव्या, प्रजाः तिर्यङ्मनुष्यादिनानाविधजीवकोटयः, भूताः संजाताः । सजलमृत्पिण्डवाचककर्दमशब्दप्रयोगेण प्रधानोपादानभूतायां पृथिव्यां जलादेरुपस-

---

लिङ्गधारणस्य कर्तव्यतामारभ्य लिङ्गधारणमूलभूतश्रुतिस्मृतिकामिकाद्यागमानां प्रामाण्यपर्यन्ता बहवोऽर्थाः पूर्वभागे निरूपिताः। इदानीं लिङ्गधारिणां प्रयाणोत्तरं तन्मतेऽनुष्ठीयमानायां तद्देहस्य भूमिखातनिक्षेपात्मकप्रतिपत्तौ प्रमाणमुपन्यस्यते। तत्र—"कर्दमेन प्रजा भूता" (ऋ० खि०

भूनिक्षेप समाधि की आवश्यकता

शंका—यहाँ तक वेदागम, स्मृति, पुराण, इतिहास आदि के प्रमाणों से, युक्ति और अनुभव से शिवलिंग को कण्ठ आदि उत्तम अंगों में से किसी एक अंग पर धारण करके प्रतिदिन हथेली पर रखकर पूजा करनी चाहिये, इस बात की सिद्धि तो हो गई, लेकिन मृत ब्राह्मण के शरीर के लिये अग्निसंस्कार (जलाने) का विधान किया गया है, भूनिक्षेप (दफनाने) का विधान किसी ग्रन्थ में नहीं बताया गया। ऐसी अवस्था में लिंगांगी वीरशैव के मृत शरीर का कैसे भूनिक्षेप किया जाता है ?

समाधान—ऐसी बात नहीं है। ऋग्वेद का यह वचन इसमें प्रमाण है—"कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम"। अन्वयार्थ—कर्दमेन = पृथिवी से, प्रजाः = पशु, पक्षी, मानव आदि समस्त जीव, भूताः = उत्पन्न हुए हैं। इसलिये हे कर्दम = जलमिश्रित मृत्पिण्ड रूप हे पृथिवी, मयि = काल के परिपाक से मृत मेरे शरीर को समाधि नामक आपके पेट में रखने पर, सम्भव = मृत्तिका से आच्छादित करके मेरे सभी पापों को नष्ट करके उत्तम लोकों की प्राप्ति करा दें।

र्जनविधया सहकारित्वमित्यवगन्तव्यम्, तदभावे घनीभूतपृथिवीमात्रस्य देहनिर्माणोपयोगित्वाभावात्। तादृशीं महीं प्रति मृतपुरुषेण प्रार्थ्यते—मयि सम्भव कर्दम इति। हे सजलमृत्पिण्डात्मकपृथिवि ! मयि कालपरिपाकतो मरणे प्राप्ते द्वात्रिंशत्पर्वयुक्समाध्यपरनामकत्वद्गर्भस्थिते मच्छरीरे सम्भव आच्छाद्य विलीनावस्थां गमयित्वा दुरितनिवृत्तिपूर्वकं मामुत्तमलोकप्राप्तिमन्तं कुर्वित्यर्थः। "महीं देवीं विष्णुपत्नीमजूर्यां

५।८७।११), "महीं देवीं विष्णुपत्नीम्" (तै० ब्रा० ३।१।२।६) इति ऋग्द्वयम्,

इस मन्त्र में 'कर्दम' शब्द का प्रयोग किया गया है। जल मिश्रित मिट्टी का नाम है कर्दम, न कि केवल मिट्टी का। यहाँ कर्दम शब्द से पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश नामक पाँच महाभूतों को उपलक्षणतया बताया गया है। इन सभी भूतों में पृथिवी ही प्रधान होने से उपादान कारण मानी गई है। जल, तेज, वायु और आकाश विशेषणों के रूप में प्रयुक्त होने से सहकारी कारण माने जाते हैं। लोक में जो भी कार्य हैं, उनकी सिद्धि सहकारी कारणों के बिना केवल उपादान कारण से नहीं हो पाती। इसलिये जल आदि के मिश्रण के बिना केवल काठिन्य गुण-युक्त पृथिवी से शरीर का निर्माण नहीं हो सकता। इसीलिये यहाँ जलमिश्रित पृथिवी को निमित्त बनाकर मृत पुरुष के लिये उससे प्रार्थना की गई है।

परायत नामक नक्षत्रेष्टि में यह मन्त्र पढ़ा गया है—

महीं देवीं विष्णुपत्नीमजूर्यां प्रतीचीमेनां हविषा यजामः ॥

यह मन्त्र भी मृत शरीर को जमीन में दफनाना चाहिये, ऐसा विधान करता है। इस निक्षेप क्रिया के जो कर्ता हैं, वे अपने इष्टमित्र तथा बन्धु-बान्धवों के साथ उस मृत व्यक्ति के शरीर को रखने के लिये बनाये गये विमान में बिठाकर गाजे-बाजे के साथ समाधि के पास ले जाकर उस मृत शरीर के निमित्त शास्त्रोक्त सभी संस्कारों को पूरा कर उस शरीर को समाधि में रखते समय इस मन्त्र का पाठ करते हैं।

अजूर्यां विष्णुपत्नीं महीं देवीम् = भगवान् विष्णु की पत्नी के रूप में प्रसिद्ध पूज्य इस भूदेवी की, हविषा = मृत पुरुष के देहरूप हविर्द्रव्य से, यजामः = आराधना

प्रतीचीमेनां हविषा यजामः" इति परायते नक्षत्रेष्टिपठित-मन्त्रेणापि खननसिद्धिर्भवति । अत्र ज्ञातिबन्धुसमेतकर्त्रा मृत-पुरुषशरीरं शिबिकादिना समीपं प्रापय्य तत्र कर्तव्ययावत्संस्कारानन्तरं बिलप्रवेशकरणे विनियुक्तस्यास्यायमर्थः—एनां महीं देवीं प्रति हविषा मृतपुरुषशरीररूपेण यजाम इति । तथा चाग्नौ हूयमानपुरोडाशाज्यादिहविष इव पृथिवीबिलनिक्षिप्तशरीरस्य तत्रैव विलीनताप्रसक्त्या तस्याश्च समाधौ गोपनं विनाऽनुपपन्नत्वात् सिद्धिरिति सङ्केतग्राहकत्वेन श्रुतिस्मृत्यादिनिखिलशब्दप्रमाणापेक्षिततया स्वतःप्रमाणत्वेन च प्रसिद्धनिघण्टुवचनादपि पर्यवसानगत्या तत्सिद्धिः । तथाहि—पाञ्चभौतिकदेहस्य पञ्चता कालधर्म इति पञ्चभूतानां संपुटीकरणेन देहारम्भः, तस्य कालपरिपाकवशात् पञ्चत्वप्रसक्तौ पञ्चावयवानां पञ्चभूतेष्वेकीकरणमावश्यकम् । तत्र वाय्वाकाशयोरप्रत्यक्षत्वेन तत्रानुक्रमणं

करते हैं, इस प्रकार इस मन्त्र का अर्थ है । यज्ञ में अग्नि देवता के निमित्त स्वाहाकार से समर्पित किये जानेवाले आज्य, पुरोडाश आदि हविर्द्रव्य उस वैदिकाग्नि में जैसे विलीन हो जाते हैं, वैसे ही यह मृत शरीर भी एक प्रकार का हविर्द्रव्य होने से इसको समाधि में छिपाये बिना यह छिप नहीं सकता । इससे मृत देह का भू-निक्षेप करना चाहिये, यह अर्थ सिद्ध हो जाता है ।

शंका—शरीर पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश नामक पाँच भूतों से निर्मित पांचभौतिक कहा गया है । ऐसे भौतिक शरीर के पंचत्व (मरण) को प्राप्त हो जाने पर उसके प्रत्येक अंश प्रत्येक भूत में मिलते हैं, न कि सभी भूतों के अंश पृथिवी में । इसलिये इस भूनिक्षेप को शास्त्रसम्मत कैसे माना जाय ?

समाधान—देह में रहने वाले पंचभूतांशों को भिन्न-भिन्न पंचभूतों से मिलाना उचित ही है, किन्तु इन पांच भूतों में आकाश और वायु ये दोनों नहीं दीखते, अतः इनमें से आकाशांश को आकाश में और वायु के अंश को वायु में नहीं मिला सकते । उसके अतिरिक्त अग्नि और जल ये दो भूत प्रत्यक्ष होने पर भी पृथिवी

व्यवहारयोग्यं न भवतीति पृथिव्यप्तेजःस्वेव संयोजनं कार्यम् । तत्राप्यग्निजलयोः पृथिव्याधारकत्वेन सर्वाधारपृथिव्यामेव निक्षेपणं कृत्वा तत्त्वसंयोजनमावश्यकम् । अत एवोक्तं पराशरस्मृतौ—"शरीरं पञ्चतत्त्वाख्यं तत्त्वं तत्त्वेन योजयेत् । तत्रापि पृथिवीतत्त्वे योजनं मोक्षसाधनम् ॥" इति । अपि च, अवसानेऽग्निसंस्कारवतामप्यसृङ्मांसमिलितदेहस्य दहनदह्यमानत्वेऽप्यस्थ्यादिस्वरूपाङ्गशेषस्य पृथिवीं गच्छेति मन्त्रेण महीतले गङ्गाऽम्भसि वा क्षेपणमावश्यकम् । तथा चैकदेशस्याग्निदाह्यत्वमवशिष्टस्य पृथिवीजलादिनिक्षेप इत्यङ्गीकारेऽर्थवैरस्यप्रसङ्गात् सर्वाधारभूतावनिनिक्षेपणमेव कर्तव्यम् । तदुक्तं कूर्मपुराणे—"दग्धेऽपि देहे पुनरङ्गशेषो निक्षिप्यतेऽसौ भुवि वा जले वा । तस्मात् तु निक्षेपविधिर्बलीयान्निःशेषभावादपुनर्विधानात् ॥" इति ।

"शरीरं पञ्चतत्त्वाख्यम्" इति पराशरस्मृत्यादि च प्रमाणत्वेनोपन्यस्तम् । पितृमेधप्रकरणपठितश्रुत्यादीनां विरोधमाशङ्क्य च लिङ्गाङ्गसङ्गिब्राह्मण-

के आधार पर ही रहते हैं । इसलिये सबकी आधारभूत पृथिवी में मृत देह का निक्षेप करने पर सभी भूतों के अंश सबमें मिल जाते हैं । इस तरह से यह भूमि-निक्षेप पक्ष ही उत्तम पक्ष माना जाता है । इस पक्ष को पराशरस्मृति का भी समर्थन प्राप्त है । वहाँ कहा गया है कि शरीर पांच भूतों से निर्मित है, अतः इन अंशों को उन भूतों में मिलाना उचित ही है । इसमें से भी पृथिवी तत्त्व में मिलाना ही मोक्षदायक है । कूर्मपुराण में इस निक्षेप क्रिया का सयुक्तिक समर्थन मिलता है कि मृत शरीर को अग्नि में जलाने पर भी; खून, मांस और मज्जा में कुछ अंश के जल जाने पर भी, अस्थि आदि कुछ अंश बिना जले वैसे ही रह जाते हैं । बाद में उन हड्डियों को ले जाकर—"पृथिवीं गच्छ" इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए भूमि में व गंगा जी में छोड़ना पड़ता है । इस प्रकार कुछ अंश को अग्नि में और शेष कुछ अंश को जल व पृथिवी में मिलाना पड़ता है । इसकी अपेक्षा खनन (गाड़ना) की प्रथा को मानकर उस मृत शरीर का सभी भूतों की आधारस्वरूप पृथिवी में निक्षेप किये जाने पर सभी अंश निश्शेष हो जाते हैं । इसलिये जल आदि में मिलाने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती । अतः भूमि-निक्षेप ही उत्तम एवं बलिष्ठ विधि है ।

न चोदाहृतश्रुतिस्मृत्यादिभिः सर्वत्र पिधानविधाने दहनविधायकपितृमेधादिपठितश्रुत्यादीनां निर्विषयत्वप्रसङ्ग इति वाच्यम्, पूर्वोदाहृतपद्मपुराणशातातपमन्वादिस्मृतिवचनानुरोधेन सामान्यतोऽपि खननविधायकवाक्यानां छागपशुन्यायेन लिङ्गाङ्गिब्राह्मणविषयत्वमङ्गीकृत्य दहनविधायकवाक्यानां तदतिरिक्तविप्रादिविषयत्वेन सङ्कोचे बाधकाभावात् । अन्यथा कर्मद्वयविधायकवाक्यानां परस्परविरोधेनोभयोरप्यवैदिकत्वापत्तेः ।

विषयकत्वेन खननवाक्यानां तदितिरिक्तविषयकत्वेन पितृमेधवाक्यानां व्यवस्थापनं क्रियते, परस्परविरुद्धार्थवाक्यानां विना व्यवस्थां प्रामाण्यायोगेन व्यवस्थाया आवश्यकत्वात् ।

शंका—अच्छी बात है, किन्तु यदि ऐसा मान लिया जाय, तो जब श्रुति, स्मृति पुराण आदि सबके सब मृत शरीर की भूनिक्षेप विधि को ही सर्वश्रेष्ठ मानते हैं, तो मृत शरीर को जलाना चाहिये, ऐसा पितृमेधादि प्रकरण में बताने वाली श्रुतियों का कोई प्रामाण्य ही नहीं रह जायगा ?

समाधान—ऐसी बात नहीं। पितृमेध प्रकरण में दहन (जलाने से सम्बद्ध) विधि का वचन उन लोगों के लिये है, जो लिंगधारी नहीं हैं। निक्षेप-विधायक श्रुतियाँ लिंगधारियों के लिये हैं, ऐसा अर्थ का संकोच कर लेना चाहिये । जहाँ भी इस प्रकार का संदेह हो जाता है, उन स्थानों में पूर्वमीमांसा के ' छागपशुन्याय" से अर्थ का संकोच कर लिया जाता है । यह न्याय पहले भी आ चुका है और इसके पूरे अर्थ का भी विवेचन किया जा चुका है । इस प्रकार का अर्थसंकोच न करने पर दहनवचन और खननवचन में विरोध हो जाता है । ऐसे विरोधयुक्त वाक्य प्रामाणिक नहीं माने जाते और इन दोनों वचनों को अवैदिकत्व दोष लग जाता है । इस प्रकार के सन्दर्भों में पूर्वाचार्य परस्पर विरुद्धार्थक श्रुतियों के अर्थ को संकुचित करके सभी श्रुतियों के अभिप्राय का समन्वय कर लेते हैं । जैसा कि "द्वा सुपर्णा" आदि श्रुतियों के प्रसंग में किया गया है ।

अत एव दर्पणे ब्रह्मविद्याविद्वद्भिरुक्तम्—"जीवब्रह्मणोरभेदाङ्गीकारे "द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते । तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति ॥" (श्वे० उ० ४।६), "द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये परं चापरं च" (मैत्रा० ६।२२) इति भेदप्रतिपादकवाक्यविरोधेन भेदाङ्गीकारे—

अत्रैव प्रसङ्गाद् विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमपि किञ्चिदुपपादयति—अत एव दर्पण इत्यादिना। विरोधाभावादिति। द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया इत्यादि। द्वौ सुपर्णावित्यर्थः। "सुपां सुलुग्"(पा० ७।१।३९) इत्यादिशास्त्रेण द्विचनस्य डादेशः। अत्र—"ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुः"(भ०गी० १५।१) इत्यादिना शरीरस्य वृक्षत्वेन वर्णनाच्छरीरमेव वृक्षशब्देनोच्यते। लौकिकपक्षिणोरिव शरीररूपवृक्षाश्रितत्वाज्जीवात्मपरमात्मनोः पक्षित्वेन वर्णनं क्रियते। समानं वृक्षं परिषस्वजाते इति। जीवात्मपरमात्मानावुभावपि एकमेव शरीररूपं वृक्षमधिष्ठितवन्तौ। तयोर्जीवात्मपरमात्मनोर्मध्येऽन्योऽर्थाज्जीवः पिप्पलं कर्मफलं स्वादु, उपलक्षणमिदं स्वस्वकर्मानुसारेण स्वादु अस्वादु वा, अत्ति भुङ्क्ते। अन्यः परमात्माऽनश्नन् अविद्याया अभावेनालुप्तचैतन्यशक्तितया शरीरधर्मासम्बद्धः। तथा च कर्मबन्धाभावेन कर्मफलं सुखं दुःखं चाभुञ्जान एवाभिचाकशीति देदीप्यते। अस्यां श्रुतौ जीवब्रह्मणोर्भेदः प्रतिपादितो भवति। एवम्—"द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये परं चापरं च" इत्यत्रापि।

द्वा सुपर्णा = जीवात्मा और परमात्मा नामक दो पक्षी, "सुपां सुलुक्" इस शास्त्र से द्विवचन में डादेश हुआ है। सयुजा = निरन्तर साथ रहने वाले, सखाया = एक दूसरे से स्नेह रखने वाले, समानं वृक्षं = एक ही शरीर रूपी वृक्ष का, परिषस्वजाते = आश्रय लिये हुए हैं। तयोः = उन दोनों में से, अन्यः = जीवात्मा रूपी एक पक्षी, पिप्पलं = कर्मजन्य सुख-दुःख रूप फल को, स्वादु = आसक्तिपूर्वक, अत्ति = अनुभव करता है। अन्यः = परमात्मा रूपी दूसरा पक्षी, अनश्नन् = कर्मफल का अनुभव किये बिना, अभिचाकशीति = सभी जगह प्रकाशमान रहता है।

द्वे ब्रह्मणी = दो प्रकार के ब्रह्म हैं। परं चापरं च = उन दोनों में से एक को परमात्मा और दूसरे को जीवात्मा, वेदितव्ये = जानना चाहिये।

"नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ० उ० ४।१४९), "एक एव रुद्रो न द्वितीयोऽवतस्थे" (श्वे० उ० ३।२), "यत्र नान्यत् पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा"(छा० उ० ७।२४।१) इत्याद्यभेदविधायकवाक्यविरोधेन चोभयोरप्रामाण्यप्रसक्त्या

"एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" (छा० उ० ६।२।१), "नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ० उ० ४।४।१९), "नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा नान्योऽतोऽस्ति श्रोता" (बृ० उ० ३।७।२३) इत्यादौ, "यत्र नान्यत् पश्यति नान्यच्छृणोति" (छा० उ० ७।२४।१) इत्यादौ च जीवब्रह्मणोरेकत्वं प्रतिपाद्यत इति परस्परश्रुतिविरोधान्न केवलं द्वैतं नाप्यद्वैतं मन्तुं शक्यते, अपि तु विशिष्टाद्वैतपक्ष एव मन्तव्यः। तदर्थस्तु—विशिष्टं च विशिष्टं च विशिष्टे, विशिष्टयोरद्वैतं विशिष्टाद्वैतमिति। अत्र सूक्ष्मचिदचित्प्रपञ्चशक्तिविशिष्टं ब्रह्म एक-

इन श्रुतियों में शरीर का "ऊर्ध्वमूलमधश्शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्" इस प्रकार ऊपर जड एवं नीचे डालियों वाले एक विलक्षण पीपल वृक्ष के रूप में वर्णन किया गया है। यह जीवात्मा और परमात्मा इस शरीर रूपी पीपल वृक्ष में परस्पर मित्रता से रहते हैं। इन दोनों में से जीवात्मा अज्ञान से आवृत है। इसलिये कर्मों के अनुगुण फलों का अनुभव करता है। परमात्मा तो अविद्यारहित है। इसलिये कर्मफल का अनुभव नहीं करता। इस प्रकार ये श्रुतियाँ जीवात्मा और परमात्मा में भेद को स्वीकारती हैं। इसके विपरीत "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, नेह नानास्ति किञ्चन, नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा, नान्योऽतोऽस्ति श्रोता, यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति", "एक एव रुद्रो न द्वितीयाय तस्थे" ये श्रुतियाँ अद्वैतवाद का समर्थन करती हैं।

इन श्रुतियों का कहना है कि परमात्मा सजातीय, विजातीय, स्वगत नामक तीन प्रकार के भेदों से रहित एक ही वस्तु है। परमात्मा से भिन्न और कोई वस्तु नहीं है। परमात्मा के अतिरिक्त कोई देखने वाला, सुनने वाला, जानने वाला नहीं है। परमात्मा के अतिरिक्त और कोई दूसरी वस्तु नहीं है। इस प्रकार यहाँ जीवात्मा और परमात्मा का अभेद बताया गया है। ये दोनों प्रकार के श्रुतिवाक्य हैं। इन सबका प्रामाण्य अपेक्षित है। इसलिये विशिष्टाद्वैत पक्ष को स्वीकार करते हुए सभी श्रुतियों की प्रामाणिकता को मानना ही उत्तम पक्ष होगा। कहने का

विशिष्टाद्वैतपक्ष एवाङ्गीकरणीयः । तत्पक्षे तु स्थूलसूक्ष्मचित्प्रपञ्चाकारशक्तिविशिष्टयोरभेदमादायाद्वैतवाक्यानां विशेषणविशेष्यभेदमादाय द्वैतवाक्यानामपि प्रामाण्यसिद्ध्या विरोधाभावादिति ।

न च दहनस्य विप्रविषयत्वं खननस्य जात्यन्तरविषयत्वमिति वाच्यम्, तेषां वेदविहितकर्माधिकाराभावात्, खननस्यैव विप्रविषयत्वं दहनस्य जात्यन्तरविषयत्वमिति वैपरीत्यापत्तेश्च, आचारविरोधस्योभत्रापि तुल्यत्वादित्यलम् । ननूदाहृतमन्त्रैः

विशिष्टपदेनोच्यते । इदमेवाव्याकृतचिदचित्प्रपञ्चविशिष्टमप्युच्यते । स्थूलचिदचित्प्रपञ्चशक्तिविशिष्टं ब्रह्मापरविशिष्टपदेनोच्यते । तयोरेकत्वमस्तीति सिद्धान्तस्वरूपम् । अर्थात् स्थूलावस्थापन्नस्य सूक्ष्मावस्थापन्नस्य चान्तर्यामि प्रधानभूतं नियामकं परमेश्वरतत्त्वमेकमेव । तस्य चेतनानां जीवानामन्तर्यामिचेतनरूपत्वात् तदपेक्षया नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टेत्यादि नान्यच्छृणोतीत्यादि च श्रुतिवाक्यमुपपद्यते । शरीरेन्द्रियाद्यनेकवस्तुवैशिष्ट्येऽपि देवदत्त एक एवेदानीं स्वगृहेऽस्तीति व्यवहारस्य प्रवृत्तिवद् एकमेवाद्वितीयं ब्रह्मेत्युपपन्नम् । द्वा सुपर्णा इति तु स्वरसतयैवोपपन्नमिति न कस्यापि श्रुतेर्विरोध इत्याह— विरोधाभावादिति ।

इतः परं संक्षेपेण ग्रन्थकारस्याशयः प्रदर्श्यते । अन्त्यकृत्यविषये पितृमेधसम्बन्धिश्रुतिस्मृतीनां तदितरशैवागमादिवाक्यानां च जातिभेदेन

यही अभिप्राय है कि "विशिष्टं च विशिष्टं च विशिष्टे, तयोरद्वैतं विशिष्टाद्वैतम्" इस समास प्रक्रिया के आधार पर एक विशिष्ट पद से सूक्ष्म चिदचित्प्रपंचविशिष्ट ब्रह्म को और दूसरे विशिष्ट पद से स्थूलचिदचित्प्रपंचविशिष्ट ब्रह्म को स्वीकार करते हुए इन दोनों का अभेद बताने से अभेद श्रुतियों की और विशेषणविशेष्यभेद को स्वीकार करते हुए द्वैत श्रुतियों की प्रामाणिकता को स्वीकार किया गया है ।

शंका—ऐसा क्यों ? दहनविधायक सभी वचन द्विजों को उद्देश्य करके और खननविधायक वचन शूद्रों को निमित्त बनाकर आये हैं । लिंगधारी लोग तो इससे सम्बद्ध नहीं हैं, ऐसा क्यों नहीं कह सकते ?

समाधान—ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि द्विजमात्र के लिये दहनविधि और शूद्रों के लिये खननविधि को स्वीकार करने पर दहनविधि की उपाधि में खननविधि भी वैदिक विधि होने से शूद्रों के भी वेदविहित कर्माधिकार को स्वीकारना

खननस्यापाततः प्रसक्तावपि मृतपुरुषं खनेदिति विधिवाक्याभावेन न वैधत्वमिति चेत् ? मैवम्, प्रेतं दहेदिति विध्यभावेऽपि विधिप्रयोजकरूपसम्पत्त्या पितृमेधादिपठिततत्तन्मन्त्रलिङ्गैः प्रेतं दहेदिति विधिकल्पनवत् पूर्वोदाहृतानेकमन्त्रलिङ्गैर्विधिप्रयोजकरूपसम्पत्त्या च मृतपुरुषं खनेदिति विधिकल्पनौचित्यादिति ।

वस्तुतस्तु सदानन्दोपनिषदि—"शैवं लिङ्गमुरस्थले धार्यं विप्रेण" (७-८) इत्यादिना लिङ्गधारणं विधाय साक्षादेव

व्यवस्था न शक्यते कर्तुम्, विनिगमनाविरहेण वैपरीत्यस्यापि शङ्कनीयत्वात् । खनने लिङ्घटितविधिर्न दृश्यत इति न शङ्कनीयम् ।

होगा, तब तो शूद्रों को वेदोक्त कर्माधिकार नहीं है, ऐसा कहने वाले धर्मशास्त्र ही व्यर्थ हो जाते हैं । तब तो ब्राह्मणों को खननविधि और शूद्रों को दहनविधि का अनुसरण करना है, ऐसा भी कह सकते हैं न ? कहने का अभिप्राय यह है कि आचार-व्यवहारों में विरोध हो जाने से सभी दहन-वाक्य लिंगियों के अतिरिक्त सभी द्विजों को विषय बनाते हैं और सभी खनन-वाक्य लिंगांगियों को, ऐसा निर्णय कर लेना ही न्यायसंगत है ।

शंका—पूर्व में बताये गये 'कर्दमेन' इत्यादि मन्त्रों का जो अर्थ किया गया कि लिंगांगी के मृत शरीर का भूनिक्षेप करना चाहिये, यह बिना विचार किये सामान्य दृष्टि से बताया गया है । ऐसा अर्थ कर लेने पर भी "मृतपुरुषं खनेत्" अर्थात् मृत पुरुष के शरीर का भूनिक्षेप करे, इस तरह लिङ्, लोट्, तव्य प्रत्ययान्त घटित विधिवाक्य के न होने से खनन कर्म की विधिरूपता ही सम्भव नहीं है । तब यह खनन कर्म विधिसम्मत है, यह बात कैसे मानी जाय ?

समाधान—तब तो "प्रेतं दहेत्" मृत देह को जलाना चाहिये, इस प्रकार का लिङ्, लोट्, तव्य प्रत्ययान्त विधिवाक्य भी कहीं नहीं है । विधि की प्रयोजकता मानकर पितृमेधादि प्रकरणों में बताये गये मन्त्रसिद्ध संकेतों से "प्रेतं दहेत्" इस विधि की कल्पना जैसे की गई है, वैसे ही "कर्दमेन प्रजा भूताः" इस प्रकार के मन्त्रों में रहने वाले संकेतों के आधार पर "मृतपुरुषं खनेत्" मृत पुरुष का भूनिक्षेप करना चाहिये, ऐसी विधि की परिकल्पना कर सकते हैं ।

खननमपि विधीयते—"शिवा तनूरचित्ताद्बिले निक्षिपेत्"(१०) इति। शिवा लिङ्गरूपशिवसम्बन्धिन्यो यास्तनवस्तास्तनूरचित्तान्मरणादूर्ध्वं बिले निक्षिपेत् खननक्रियां कुर्यादित्यर्थः। उपनिषदन्तरे—"स यावज्जीवो म्रियते, अथैनमवनये हरन्ति" इत्यनेन खननं विधीयते। शिवभक्तो जीवः, यावन्म्रियते मृतो भवति, अथ मरणानन्तरमेनं भक्तमवनये भूम्यै हरन्ति पृथिवीगर्भे समाधिक्रियां कृत्वा भक्तदेहहरणं कुर्यादित्यर्थ इति। न चावनये हरन्तीत्यत्राऽवन्यामग्निना हरन्तीत्यर्थः किं न स्यादिति वाच्यम्, विप्राय गां दद्याद् अदद्याद् दानं स्वगोत्राय"

स्मृत्यादिनानुमेयत्वात्। सदानन्दोपनिषदादौ विधिरप्यस्ति। शिवधर्म-

इस सन्दर्भ में सदानन्दोपनिषत् का वचन भी द्रष्टव्य है—शैलं = श्रीशैल शिलामय, लिङ्गम् = पंचसूत्रघटित लिंग को, विप्रेण = द्विज, उरःस्थले = वक्षस्थल पर, धार्यम् = धारण करे। शिवा = लिंगरूप शिव से सम्बद्ध, तनूः = शरीर को, अचित्तात् = मर जाने के बाद, बिले = शुद्ध भूमि में शास्त्र के अनुसार बनाये गये समाधि स्थल में, निक्षिपेत् = छिपा देना चाहिये। अन्य उपनिषत् में भी बताया गया है—

जीवः = लिंगधारण रूप शिवदीक्षा से विशिष्ट भक्त, यावत् = जब, म्रियते = शरीर को छोड़ देता है, अथ = मरने के बाद, एवं = उस मृत शरीर को, अवनये = पृथिवी के निमित्त, हरन्ति = भूगर्भ में समाधि क्रिया के लिये उस भक्त के शरीर को ले जाना चाहिये।

शंका—इस मन्त्र में रहने वाले "अवनये हरन्ति" इस वाक्य का भूनिक्षेपपरक अर्थ न करके मृत देह को जमीन पर रख कर अग्नि से जलाना चाहिये, ऐसा भी अर्थ किया जा सकता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि "विप्राय गां दद्याददद्याद् दानं स्वगोत्राय" (ब्राह्मण को गोदान देना चाहिये, अपने गोत्र से सम्बद्ध व्यक्ति को नहीं देना चाहिये) इस वाक्य में गोदान आदि दानों के पात्र विप्र आदि पदों की जैसे सम्प्रदान संज्ञा आई है, वैसे ही 'हरन्ति' इस हरण पद के पूर्व में रहने वाले अवनि पद की भी सम्प्रदान संज्ञा आई है। फिर इस मन्त्र में अग्नि पद नहीं आया है। न आने पर

इत्यादौ विप्रादेर्गोदानादिसंप्रदानत्ववदस्या एव चतुर्थ्याहरणसम्प्रदानत्वबोधनात्, वाक्येऽग्निपदाभावेनाध्याहारदोषापत्तेश्च। "भूमौ विनिक्षिपेद् देहं भक्तानां शिवयोगिनाम्। अज्ञात्वा दहनं कुर्यान्नरकं वाऽधिगच्छति ॥ न शरीरं दहेद्धीमान् शिवभक्तस्य कस्यचित्। प्रेताशौचं परोक्षे च वर्जयेन्मुनिसत्तम ॥ शिवभक्तो मृतो यस्तु दहनादिर्न विद्यते। दग्धस्य दहनं नास्ति पक्वस्य पचनं नहि ॥ ज्ञानाग्निदग्धदेहानां न च दाहो न च क्रिया ॥" इति शिवधर्मशास्त्रवचनैर्भक्तानां दहननिषेधपूर्वकखननविधानेन तद्विरोधापत्तेश्चेति। अपि च, "शरीरं पार्थिवं बाह्यं लिङ्गं यत्तद्धि पार्थिवम्। उभयं पार्थिवं यस्माद् गोप्यं रन्ध्रे तु पार्थिवे ॥" इति वातुलागमवचनानुरोधेन शरीरलिङ्गयोः पृथिवीप्रकृतिकत्वेन तत्रैव विलीनतौचित्याच्च। न च शरीरस्य पाञ्चभौतिकत्वेन तेजस्येव शरीरहरणं किं न स्यादिति वाच्यम्, सर्वा-

---

शास्त्रवचनेषु लिङ्गाङ्गसङ्गियोगिनां खननातिरिक्तकल्पानुष्ठाने महान् दोषोऽप्युक्तोऽस्ति। शरीरारम्भकाणां पञ्चानां भूतानां मध्ये भूमेः

भी अध्याहार कर लेंगे, ऐसा कहने पर यह वाक्य अध्याहार दोष से विशिष्ट होगा। इसलिये "अवनये हरन्ति" इस पद की 'भूम्यै हरन्ति' यह सम्प्रदान संज्ञा ही न्यायसंगत है। इस विषय में—"शिवभक्तों और शिवयोगियों के शरीर को भूमि में निक्षेप करना चाहिये। प्रमाददश दहन करने पर नरक का भागी हो जायगा। कोई भी बुद्धिशाली शिवभक्त के शरीर को न जलावे। परोक्ष में भी प्रेताशौच को स्वीकार नहीं करना चाहिये। शिवभक्त का मर जाने के बाद दहन कर्म नहीं करना चाहिये। जले हुए पदार्थ को जैसे नहीं जलाया जाता, वैसे ही ज्ञानाग्नि से जले हुए देह को फिर से नहीं जलाना चाहिये"। इस प्रकार शिवधर्मशास्त्र में बताया गया है।

वातुलागम का भी कहना कि शरीर पृथिवी से सम्बद्ध है। देह में धारण किया गया शिवलिंग भी पृथिवी से सम्बद्ध है। इन दोनों के पार्थिव होने से मृत देह का पृथिवी-निक्षेप करना ही उत्तम है।

शंका—ओह ! इससे बढ़कर आश्चर्य की बात क्या है ? क्योंकि हम लोगों का शरीर पांच भूतों के द्वारा सृजित है, न कि केवल पृथिवी से। इसलिये

धारपृथिव्या अत्यन्ताभ्यर्हितत्वेन प्रथमातिक्रमकारणाभावेन च पृथिवीमत्त्व एवैकीकरणौचित्यादिति। तथा च सावकाशनिरव-काशयोर्निरवकाशं बलीय इति न्यायेन अग्नीषोमीयवाक्यस्येव खननविधायकवचनानां बलीयस्त्वेन दहनविधायकवाक्यानां "मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि" इति वाक्यस्याग्नीषोमीयपशुव्यति-रिक्तविषयत्ववद् ब्राह्मणविशेषव्यतिरिक्तविषयत्वेन संकोचः

प्राथम्यं प्राधान्यमस्तीति तत्रैव भूतान्तरापेक्षया योजनमुचितम्। "मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि", "अग्नीषोमीयं पशुमालभेत" इति वाक्ययो-रिव सामान्यविशेषभावः प्रकृते एकस्मिन् वाक्ये लिङ्गाङ्गसङ्गिपद-

पृथिवी में ही मृत देह का निक्षेप करना है, ऐसा नियम कैसे हो सकता है ? हम अग्नि, जल आदि में भी उसका निक्षेप कर सकते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि शरीर पांच भूतों से सृजित होने पर भी अन्य चार भूत पृथिवी के आधार पर ही टिके हैं। पृथिवी ही सबसे नजदीक है। इसलिये प्रथम स्थानापन्न पृथिवी को छोड़कर इससे आगे के जल और अग्नि आदि को लेने का कोई औचित्य नहीं है। अर्थात् मृत देह का पृथिवो तत्त्व में एकीकरण करने में जो औचित्य दोखता है, वह दहनादि में नहीं है।

उत्सर्गशास्त्र और अपवादशास्त्र नामक दो शास्त्र हैं। इन दोनों में अपवाद-शास्त्र ही बलशाली है, क्योंकि "अग्नीषोमीयं पशुमालभेत" (अग्नीषोम नामक याग से सम्बद्ध पशु का वध करना चाहिये) यही वाक्य वहाँ पर जैसे बलशाली होकर रहता है, वैसे ही यहाँ पर खनन वाक्य अपवादात्मक वाक्य होने से प्रबल हो जाता है। "मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि" अर्थात् किसी प्राणी को कभी भी मारना नहीं चाहिये, यह सामान्य वाक्य जैसे वहाँ पर दुर्बल हो जाता है, वैसे ही यहाँ पर दहनविधायक वाक्य दुर्बल हो जाता है। इसका अभिप्राय यह है कि सोमयाग में संस्कार किये गये पशु को छोड़कर शेष सभी पशुओं में जैसे "मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि" यह सामान्य शास्त्र प्रवृत्त होता है, वैसे ही लिंगांगी के मृत देह को छोड़ शेष सभी मृत देहों में दहनविधायक सामान्य शास्त्र का अनुसरण कर लेना चाहिये।

कार्यः । न चोदाहृतश्रुत्या बोधितस्य खननस्य यतिविषयत्वमिति वाच्यम्, सर्वत्र शरीरमित्यादौ यतिवाचकपदाभावेनोभयत्र खननाचारानुरोधेनोभयसाधारण्येन खननविधायकश्रुतीनां सङ्कोचासहिष्णुत्वात्, उदाहृतश्रुतिस्मृत्यादौ लिङ्गाङ्गिब्राह्मणबोधकपदसत्त्वाच्चेति ।

किञ्च, भारतेऽनुशासनपर्वणि गौरीं प्रति शिववचनेन दहनखननोभयोरपि विहितत्वेन वेदतुल्यभारतबोधितखननस्य लिङ्गधारिब्राह्मणविषयत्वमावश्यकमेव। तथाहि— 'स्वभावमरणं नाम न तदात्मेच्छया भवेत् । तदा मृतानां यत्कार्यं तन्मे शृणु यथा तथा ।। भूमौ संवेशयेद् देहं नरस्य विनशिष्यतः । निर्जीवं

योगाद् बोद्धव्यः। यतिविषयकत्वमपि न सम्भवति, यतिपदाभावात्।

शंका—ऐसा मानने की अपेक्षा हम इस प्रकार भी मान सकते हैं कि अभी तक उदाहरण के रूप में दिये गये वाक्य केवल संन्यासियों के निमित्त दिये गये वाक्य हैं ? ऐसा मानने में क्या कोई आपत्ति है ?

समाधान— मृतदेह का भूनिक्षेप करना है, ऐसा बताने वाले प्रमाणवचनों में संन्यासियों का निक्षेप करना है, इस अर्थ को बताने वाला कोई पद तो नहीं है, किन्तु लिंगांगियों के मृतदेह का जैसे भूनिक्षेप किया जाता है, वैसे ही संन्यासियों के मृतशरीर का भी भूनिक्षेप करते देखा जाता है। इसलिये यह खननविधान लिंगांगी एवं संन्यासियों में समान रूप से प्रचलित है। अतः यह खननविधि केवल संन्यासियों के निमित्त है और लिंगांगियों के निमित्त नहीं है, ऐसा कैसे कहा जाय ? इसके अतिरिक्त पूर्व में दिये गये श्रुति, स्मृति, आगम आदि के प्रमाणों में लिंगांगी देह के लिये भूखनन अर्थ को बताने वाले पद अनेक हैं।

महाभारत के अनुशासन पर्व में भी बताया गया है कि मरण तो स्वाभाविक है। अपनी इच्छा से आने वाला नहीं है। मरे हुए व्यक्ति का कैसा संस्कार करना चाहिये, पार्वती के इस प्रश्न को निमित्त बना कर भगवान् परमेश्वर कहते हैं कि हे पार्वति ! मृत देह को चन्दनमाला और सोने से अलंकृत करके दक्षिण दिशा के श्मशान में ले जाकर चिन्ताग्नि में दहन करना चाहिये, अथवा उसका भूमि में निक्षेप करना करना चाहिये।

शृणुयात् सद्योवासनात्तु कलेवरम् ।। माल्यगन्धैरलंकृत्य सुवर्णेन च भामिनि । श्मशाने दक्षिणे देशे चिताग्नौ प्रदहेन्मृतम् । अथवा निक्षिपेद् भूमौ शरीरं जीववर्जितम् ।।" इति । न चात्र दहनस्य ब्राह्मणविषयत्वं खननस्य जात्यन्तरविषयत्वमिति वाच्यम्, विनिगमकाभावेन वैपरीत्यापत्तेः । न च दहनस्य श्रौतत्वेन तदेव विनिगमकमिति वाच्यम्, खननस्याप्यनेकश्रुतिस्मृत्यादिबोधितस्य पूर्वमुपपादितत्वात् । "···लिङ्गं संयोग आश्रयः । तस्माल्लिङ्गाङ्गिसंयुक्तो योऽपि सोऽत्याश्रमी भवेत् ।। प्रथमः खननोपायो द्वितीयो दहनात्मकः । तृतीयोऽदर्शनोपायः स्वदेहं त्यक्तुमिच्छताम् ।। अदर्शनमिति श्रेष्ठमवियोगोऽङ्गलिङ्गयोः । तथैव खननं श्रेष्ठं विशुद्धे पृथिवीबिले ।। तयो-

---

शंका—यह समाधान ठीक ही है, क्योंकि यहाँ दहन और निक्षेप दोनों का समर्थन किया गया है । इसका मतलब यह हुआ कि द्विज के मृत देह का दहन करना चाहिये और शूद्र के मृतदेह का निक्षेप करना चाहिये । इस प्रकार की व्यवस्था जब हो गई है, तब तो लिंगधारी के मृत देह का भूनिक्षेप करना है, यह बात आप कैसे कह सकते हैं ?

समाधान—इसलिये कह सकते हैं कि दहन क्रिया ब्राह्मणों के निमित्त है और भूनिक्षेप शूद्रों के निमित्त, ऐसी व्यवस्था करने का मौका ही नहीं है क्योंकि तब तो ऐसा भी हो सकता है कि ब्राह्मणों के निमित्त भूनिक्षेप है और शूद्रों के निमित्त दहन क्रिया । फिर जैसे दहन क्रिया श्रौत कर्म है, वैसे खनन क्रिया भी श्रौत कर्म है । शूद्रों को श्रौत कर्म का अधिकार न होने के कारण ब्राह्मणों के लिये जैसे दहन कर्म विहित है, वैसे ही लिंगधारियों के निमित्त खननकर्म विहित है, यह बात सिद्ध हो जाती है ।

वातुलागम में भी बताया गया है—"लिंग ही शिव है और अंग ही क्षेत्र है । अंग-लिंग का आश्रय ही संयोग है । इस प्रकार लिंगांगों से विशिष्ट व्यक्ति ही अत्याश्रमी है । अंग और लिंग का नित्य संयोग होने से इस लिंगांगी के मृत होने पर उस शरीर का विशुद्ध भूमि में निक्षेप करना ही श्रेष्ठ है" । वातुलागम की इस उक्ति से स्पष्ट हो जाता है कि लिंगांगियों के लिये श्रौत खनन

एभावे दहनं शिखिकर्पूरयोगवत् ।।" इति वातुलोत्तरतन्त्रानुरोधाच्चेति ।

अथैवमुक्तप्रणाल्या लिङ्गाङ्गिब्राह्मणानां सर्वेषामपि दहननिषेधे—"अर्थी समर्थो विद्वान् जातपुत्रः कृष्णकेशोऽग्नीनादधीत"(शा० भा० ६।१।५) इत्यादिवाक्यविहितसाधनसम्पन्नस्य ब्राह्मणमात्रस्य—"तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति

कर्म ही उत्तम माना जाता है, न कि दहन कर्म । इस विषय को स्पष्ट करने के लिये यहाँ वैदिक उदाहरण दिया जा रहा है। वेद में अग्न्याधान प्रकरण में बताया गया है कि जिसको अपेक्षा है, जो समर्थ है, जो विद्वान् है, जो सन्तान वाला है और जिसके बाल अभी काले हैं, वह अग्नि का आधान (ग्रहण) करे ।

अन्य वेद वाक्यों के अनुसार ब्राह्मण वसन्त ऋतु में, क्षत्रिय ग्रीष्म ऋतु में, वैश्य शरद् ऋतु में अग्नि का आधान करता है। आधान कर्म के कर्ता को उद्दिष्ट करके इस वाक्य में "जातपुत्रः कृष्णकेशः" इन विशेषणों का विधान किया गया है। इसलिये यहाँ पर वाक्यभेद नामक दोष प्राप्त होता है। उस दोष का परिहार करने के लिये "जातपुत्रः, कृष्णकेशः" इन दो पदों का लाक्षणिक अर्थ लेना चाहिये, ऐसा पूर्वमीमांसा शास्त्र में निश्चय किया गया है। यहाँ 'जातपुत्रः' का अर्थ है बालबच्चें वाला और 'कृष्णकेशः' का अर्थ है काले बाल वाला। इसका मतलब यह हुआ कि जो सन्तान वाला है और जो काले बाल वाला है, वह आधान कर्म का अधिकारी है। इससे जिसको बच्चे नहीं हैं और जिसके बाल सफेद हो गये हैं, वह आधान कर्म के योग्य नहीं है, ऐसा निश्चय किया जाता है। लेकिन इन दोनों पदों के शब्दार्थ को ग्रहण करने पर वाक्यभेद होना अवश्यम्भावी है। इसलिये एकवाक्यता दिखलाने के लिये इन दोनों पदों को मिलाकर लक्षणा वृत्ति से अवस्था (उम्र) विशेष को दिखाया जाता है कि इस प्रकार की अवस्था से विशिष्ट व्यक्ति ही अग्न्याधान का कर्ता हो सकता है। बाल्यावस्था में पुत्रोत्पत्ति नहीं हो सकती और वृद्धावस्था में बाल काले नहीं रह सकते। इसलिये उक्त पदों के लाक्षणिक अर्थ के आधार पर इन दोनों से विशिष्ट युवा व्यक्ति ही आधान कर्म का कर्ता हो सकता है, ऐसा निर्णय किया गया है। इसी प्रकार दहनविधि और खननविधि सभी के निमित्त होने पर भी प्रकृत में लिंगधारण रहित द्विजों एवं

यज्ञेन दानेन तपसाऽनशनेन" (बृ०उ०४।४।३२) इति श्रुत्यापादितब्राह्मणवेदसाधनीभूतयज्ञस्यावश्यकर्तव्यत्वेन—"कश्यपाऽत्रिभरद्वाजगौतमाद्या महर्षयः" इत्युदाहृतलिङ्गपुराणवचनविहितलिङ्गधारणवतामेव कश्यपादीनां शिवपुराणे वायवीयसंहितायां जटालिङ्गधारणनिरूपणप्रस्तावे आहिताग्नित्वप्रतिपादनादाधुनिकानामपि केषाञ्चित् पूर्वशैवानामुक्तसाधनवतामाहिताग्नित्वदर्शनात्। तेषामपि दहननिषेधप्राप्तौ—"आहिताग्निभिर्दहन्ति यज्ञपात्रैः" इति कल्पसूत्रविरोधः, तेन चाहिताग्निमात्रस्यावसाने वैतानाग्निहोत्रपात्रैः सह दहनविधानादिति चेत्? मैवं मंस्थाः,

---

"कश्यपात्रिभरद्वाजगौतमाद्या महर्षयः" इत्यादिना लिङ्गपुराणे कश्यपादिमहर्षीणां लिङ्गाङ्गसङ्गित्वमुक्तम्। शिवपुराणे वायवीयसंहितायां कश्यपादीनामाहिताग्नित्वमुक्तम्। तत्र का प्रक्रियाऽऽश्रयितव्येति विचारस्तु

स्त्रियों को छोड़कर अन्य सभी लिंगधारी स्त्री-पुरुषों के मृत शरीर के लिये खननविधि ही विहित है, ऐसा निश्चय कर लेना चाहिये। अन्य वेदवाक्य भी इसका समर्थन करते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् में बताया गया है कि ब्रह्मनिष्ठ होने की इच्छा वाले ब्रह्मशब्द वाच्य उस परमात्मा को वेदनिर्दिष्ट यज्ञादि कर्मों से, दान से, कृच्छ्र-चान्द्रायणादि तपस्या से और अनशनव्रत से जानने की चेष्टा करते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि मोक्ष को चाहने वाले को यज्ञादि कर्मों का अवश्य अनुष्ठान करना चाहिये। वैसे ही लिंगधारी सभी वीरशैव स्त्री-पुरुषों के लिये यह आवश्यक है कि उनके मृत शरीर को भूनिक्षेप संस्कार द्वारा अवश्य संस्कृत किया जाय।

लिंगधारी कश्यप, अत्रि, भरद्वाज आदि महर्षियों का उल्लेख लिंगपुराण में मिलता है। शिवपुराण की वायवीय संहिता में जटा पर लिंगधारण करने वाले इन महर्षियों के प्रसंग में आहिताग्नियों के द्वारा विहित धर्मों को बताया गया है। इस प्रकार के आहिताग्नियों के मृत शरीर की दहनक्रिया का निषेध प्रसक्त होने पर—'आहिताग्निमग्निभिर्दहन्ति यज्ञपात्रैः" अर्थात् यज्ञपात्रों के साथ आहिताग्नि को जलाना चाहिये, ऐसा कल्पसूत्र में कहा गया है। मनुस्मृति में यागशील की पत्नी यदि अकस्मात् मर जाती है, तो उस याग से सम्बद्ध सभी बर्तनों के साथ

"एवं मृतां सवर्णां स्त्रीं द्विजातिः पूर्वमारिणीम् । दाहयेदग्निहोत्रेण यज्ञपात्रैश्च धर्मवित् ।। भार्यायै पूर्वमारण्यै दत्वाऽग्नीनन्त्यकर्मणि । पुनर्दारक्रियां कुर्यात् पुनराधानमेव च ।।" (५।१६७-१६८) इति मनुस्मृत्या यज्वपत्न्याः प्रथमं मरणप्रसक्तौ यागीयाग्निहोत्रपात्रैः सह तस्या दहनविधानेन द्वितीयविवाहात् पूर्वमेव यज्वनोऽपि मरणप्रसक्तावग्निहोत्रपात्राणां पूर्वविनियुक्तत्वेन तद्विषये कल्पसूत्रविहितयागीयाग्निहोत्रपात्रकरणकदहनस्यानित्यत्वस्वोकारात् ।

न च कल्पसूत्रे यज्ञपात्रैर्वेति विकल्पविधानादरण्यादिव्यतिरिक्तपात्राग्निहोत्रैर्जायादहनेऽप्यरणिमथनयोः सत्त्वेन यज्वनो मरणप्रसक्तौ पुनरग्निमुत्पाद्यारण्यादिना सह दाहः

न कर्तव्यः, तेषामृषीणां कल्पान्तस्थायित्वेन तद्विचारे फलाभावात् । इतः परमपि संभावितानामाशङ्कानां निराकरणेन खननपक्षः शिवलिङ्गाङ्गिसङ्गिषु स्थापितः ।

उसका दहन करना चाहिये, ऐसा विधान किया गया है । अब दूसरी शादी होने से पहले वह यागशील व्यक्ति यदि मर जाता है, तो उसके पास रहने वाले सभी बर्तनों का तो पहले ही विनियोग हो गया है, तब तो कल्पसूत्र में बताये गये यागसम्बन्धी बर्तन ही नहीं रह जाते । उस अवस्था में साधन स्वरूप बताये गये अग्निहोत्र सम्बन्धी पात्रों के न रहने से उस दहन कर्म को अनित्य मानना होगा, क्योंकि साधन ही जब नहीं रह जाता, तो साध्य की सिद्धि कैसे संभव हो सकती है ?

शंका—कल्पसूत्र में तो "यज्ञपात्रैर्वा" ऐसा विकल्प बताया गया है। इससे यह अर्थ निकलता है कि यज्ञ से सम्बद्ध अरणि आदि को छोड़कर अवशिष्ट अग्निहोत्र पात्रों के साथ यागशील व्यक्ति की पत्नी के मृत शरीर का दहन करने पर भी अरणि आदि जो अवशिष्ट रहे हैं, उनसे यागशील व्यक्ति के मृत शरीर का दहन करना चाहिये । ऐसा अर्थ किये जाने पर जब दहन क्रिया में आसन्न अनित्यत्व नामक दोष का परिहार सम्भव है, तो अनित्यत्व दोष कैसे स्वीकार किया जा सकता है ?

क्रियत इति वाच्यम्, "यज्ञपात्रैश्च धर्मवित्" (५।१६७) इति मनुस्मृत्या किञ्चित्पात्रव्यतिरिक्तपात्रैर्दहनाप्रतीतेः, तथापि यागीयाग्निहोत्रेण यज्वनो दहनाभावेन कल्पसूत्रविहितकर्मानित्यत्वस्यापरिहाराच्च । किञ्च, "प्राजापत्यां निरूप्येष्टिं सर्वस्वेन सदक्षिणाम् । आत्मन्यग्नीन् समारोप्य ब्राह्मणः प्रव्रजेद् गृहात् ॥" (६।३८) इति मनुस्मृत्याऽऽहिताग्नेर्विप्रस्य तुर्याश्रमस्वीकारसमयसमवधाने प्राजापत्येष्टिं निर्वर्त्याग्नीनामात्मारोपणं कृत्वा स्वगृहात् प्रव्रजेदिति विधानेन तस्य च—"सर्वकर्मनिवृत्तस्य ध्यानयोगरतस्य च" इत्यादिपूर्वोदाहृतवचनेन दहननिषेधवत् तद्विषयेऽप्यनित्यत्वाच्च ।

न च संन्यस्तस्य यज्वनो दहनाभावेऽपि तत्पत्नीदेहावसानपर्यन्तं पात्राणि संगृह्यावसानकाले पात्रैः सह दहनं क्रियत

समाधान—ऐसी बात नहीं, क्योंकि "यज्ञपात्रैश्च धर्मवित्" ऐसा मनुस्मृति में कहा गया है। कुछ पात्रविशेषों को छोड़कर शेष सभी पात्रों से दहन करना चाहिये, वहाँ ऐसा वाक्य नहीं दिखता। अतः याग से सम्बद्ध यज्ञीय पात्रों के अभाव में पात्रों के साथ दहनविधान के लागू न होने से कल्पसूत्र में बताये हुए कर्मों के अनित्यत्व दोष का परिहार सम्भव नहीं है।

अपि च, आहिताग्नि ब्राह्मण के लिये जब संन्यास लेने का समय समासन्न हो जाता है, तब प्राजापत्य याग का सम्पादन करके वैदिक अग्नियों का आत्मा में समारोप करके घर अथवा मठ को त्यागकर संन्यास ले लेना चाहिये, ऐसा मनुस्मृतिकार कह रहे हैं। इस प्रकार संन्यास स्वीकार कर लेने पर 'सर्वकर्मनिवृत्तस्य ध्यानयोगरतस्य च" इस वाक्य के अनुसार उस व्यक्ति के लिये दहन कर्म का निषेध किया गया है। इसलिये भी अनित्यत्व दोष का परिहार सम्भव नहीं है।

शंका—यह ठीक है कि यागशील व्यक्ति जब संन्यास ले लेता है, तब उसके निमित्त दहन क्रिया का निषेध लागू हो जाता है, किन्तु उसकी धर्मपत्नी के दहन के निमित्त जब यज्ञपात्र हैं, तब दहन क्रिया का कोई अवरोध न होने से दहन क्रिया नित्यविधि प्रयुक्त ही मानी जायगी।

एवेति वाच्यम्, "आहिताग्निमग्निभिर्दहन्ति" इति श्रुतपुल्लिङ्गतानिर्वाहायाहिताग्निपदस्य यज्वपरत्वेन तस्य दहनाभावेऽनित्यत्वापरिहारात् । न च लिङ्गव्यत्ययेनाहिताग्निपदस्य तत्पत्नीपरत्वमपि स्वीक्रियत इति वाच्यम्, यागीयाग्निहोत्रपात्रोभयकरणकदहनस्य तस्या अप्यभावेन कल्पसूत्रविहितकर्मणोऽनित्यत्वावश्यम्भावात्, देशकालवैपरीत्यादिना यज्ञपात्रविच्छेदे तत्सहभावेनापि दहनाभावात्; संन्यस्यद्यज्वाऽग्निहोत्रात्मारोपणसमकालमेव पात्राणां पृथग्दहनं कृत्वा संन्यस्यतीति पक्षे तत्पत्नीदेहावसानपर्यन्तं यज्ञपात्राभावाच्चेति ।

अपि च—"गृहस्थस्तु यदा पश्येद् वपुः पतितमात्मनः । अपत्यस्यैव चापत्यं तदारण्यं समाश्रयेत् ।। संत्यज्य ग्राम्यमाहारं सर्वं चैव परिच्छदम् । पुत्रेषु भार्यां निक्षिप्य वनं गच्छेत् सहैव वा ।। अग्निहोत्रं समादाय गृह्यं चाग्निपरिच्छदम् ।। ग्रामादरण्यं निःसृत्य निवसेन्नियतेन्द्रियः ।।···वैतानिकं च

समाधान—आपकी यह बात उचित नहीं है । ऐसे अनित्यत्व दोष का परिहार नहीं हो पाता, क्योंकि "आहिताग्निमग्निभिर्दहन्ति" इस श्रुति में पुल्लिग का प्रयोग होने से आहिताग्नि पद उस यागशील व्यक्ति से सम्बद्ध है । इसलिये जब तक उसे न जलाना जाय, तव तक अनित्यत्व दोष का परिहार नहीं हो सकता ।

शंका—ऐसा क्यों ? श्रुति के आहिताग्नि पद के पुल्लिग होने पर भी लिंग का व्यत्यास करके उसका धर्मपत्नीपरक अर्थ कर ही सकने हैं ?

समाधान—ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि यागसम्बन्धी अग्निहोत्र और बर्तन, इन दोनों साधनों से विशिष्ट दहनकर्म पत्नी का न होने से कल्पसूत्र में बताये हुए कर्म में अनित्यत्व दोष अवश्य ही मानना पड़ेगा । देश-काल की परिस्थितियों से यज्ञपात्रों के ध्वस्त होने पर तो उनके साथ उस व्यक्ति का दहन किसी हालत में भी नहीं हो सकता । संन्यास ग्रहण की इच्छा वाला यागशील व्यक्ति अग्निहोत्र को आत्मारोपित करते समय उन बर्तनों को अलग से जला कर संन्यास ग्रहण कर सकता है, ऐसा विकल्प भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसकी पत्नी जब तक रहेगी, तब तक उन यज्ञपात्रों का परित्याग नहीं किया जा सकता ।

जुहुयादग्निहोत्रं यथाविधि ॥" (म० स्मृ० ६।२-४,९) इति स्मृत्या यज्वनस्तदन्यस्य वा गृहस्थस्य—"ब्रह्मचारी गृही भवेद् गृही भूत्वा वनी भवेद् वनी भूत्वा प्रव्रजेत्" इत्याश्रमक्रम-विधायकवाक्यविहितवानप्रस्थाश्रमसमयबन्धे स्वयमाहिताग्नि-श्चेत् प्राजापत्येष्टिं कृत्वात्मन्यग्नीनारोप्य पुत्रादौ भार्यां निवेश्यारण्यप्रवेशं कुर्यात् । यद्वा वानप्रस्थस्याग्निहोत्रादिकर्मा-धिकारस्य विद्यमानत्वेन वैतानाग्निहोत्रपात्रादिकं परिगृह्य भार्यया सहैव वनं गत्वा वन्यवृत्त्यैव जीवन्नग्निहोत्रादिसकल-कर्मानुष्ठानमाचरन्नेव निवसेदित्यभिहितत्वेन वानप्रस्थस्य यज्वनो देहावसानप्रसक्तौ—"वानप्रस्थं योगिनं च लिङ्गैक्यं भिक्षुकं यतिम्" इत्याद्युताहृतशातातपस्मृत्या तस्य खननविधा-नेन कल्पसूत्रविहितयागीयाग्निहोत्रपात्रकरणकदहनस्य नित्य-त्वाभावाच्च ।

न च तस्य दहनाभावेऽपि तत्पत्नीदेहावसानपर्यन्तं पात्रा-दिकं संस्थाप्य तैः सह क्रियत इति वाच्यम्, पत्नीसहभावेनै-

---

पुनश्च, स्मृतिकारों का कहना है कि ब्रह्मचारी गृहस्थाश्रम को, गृहस्थ वान-प्रस्थाश्रम को, वानप्रस्थ संन्यासाश्रम को स्वीकार करे। वानप्रस्थाश्रम को स्वीकार करते समय उस व्यक्ति के आहिताग्नि होने पर उसे प्राजापत्येष्टि का सम्पादन करके अपने में अग्नि को समारोपित कर अपनी पत्नी को पुत्रों के साथ छोड़कर अरण्य में प्रवेश करना चाहिये। अथवा वैकल्पिक व्यवस्था के अनुसार जब तक वानप्रस्थाश्रम में रहता हैं, तब तक अग्निहोत्रादि वैदिक कर्म करने का अधिकार होने से अग्निहोत्र से सम्बद्ध पात्रों को लेकर पत्नी के साथ जंगल में जाकर कन्द-मूल-फलों को खाकर जीवित रहने का विधान है। उस यागशील वानप्रस्थ के शरीर छोड़ने का जब समय आता है, तब पूर्वोक्त शातातप स्मृति के अनुसार उस प्रकार के वानप्रस्थ के लिये खनन (निक्षेप) करने का विधान होने से कल्प-सूत्र के अनुसार याग से सम्बद्ध अग्निहोत्र के पात्रों के साथ दहन कर्म न होने से उक्त विधि में अनित्यत्व दोष रह ही जाता है।

शंका—ऐसे व्यक्ति की दहनक्रिया न होने पर भी उनकी पत्नी जब तक न मरेगी, तब तक उन पात्रों की रक्षा करती रहेगी, तो उन पात्रों के साथ उसकी

वाश्रमस्वीकारेण तस्या अपि वानप्रस्थत्वेन दहनायोगात्। तर्हि वैतानपात्राणां का गतिरिति चेत् ? अग्निहोत्रेण पात्राणां पृथग् दहनम्, वानप्रस्थपत्नीशरीरस्य खननमेव कार्यमिति गृहाण । अस्तु वा वानप्रस्थपत्न्या दहनम्, तथापि यजमानातिक्रमे वैतानाग्नेरभावेन पात्राणां देशकालवैपरीत्येन विच्छेदे लौकिकाग्निना दहनेऽपि सूत्रविहितकर्मानित्यत्वस्य वज्रलेपायितत्वमेव ।

ननु कल्पसूत्रविहिताग्निदहनस्य श्रौतत्वेन बलवत्त्वान्न शातातपादिस्मृत्या तस्यानित्यत्वकथनं युक्तमिति चेन्न, श्रुतावपि तस्यानित्यत्वबोधनात् । तथा च—"येऽग्निदग्धा येऽनग्निदग्धा ये वा जाताः कुले मम । भूमौ दत्तेन पिण्डेन

दहनक्रिया क्यों नहीं हो सकती ? इससे दहनक्रिया के नित्यत्व को कौन रोक सकता है ?

